महाकइपुप्फयंतविरइउ

# महापुराणु

## [ महाकवि पुष्पदन्त विरचित महापुराण ]

### द्वितीय भाग

### [ नाभेयचरिउ उत्तरार्ध ]

आदितीर्थंकर ऋषभदेव का जीवन-चरित
(सन्धि 19 से 37)

*अपभ्रंश मूल – सम्पादन*

डॉ. पी. एल. वैद्य

*हिन्दी - अनुवाद*

डॉ. देवेन्द्रकुमार जैन, इन्दौर

भारतीय ज्ञानपीठ

दूसरा संस्करण : 2001 ☐ मूल्य : 200 रुपये

# पुरोवाक्

महाकवि पुष्पदन्त द्वारा अपभ्रंशमें विरचित महापुराणके नाभेय चरितके डॉ. देवेन्द्रकुमार जैनके हिन्दी अनुवादका यह दूसरा खण्ड है। वैदिक मान्यताके विपरीत जैन पौराणिक मान्यताके अनुसार जिन भरतके नामपर इस देशका नाम भारत पड़ा वे प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथके पुत्र थे। इस खण्डमें दिग्विजय-के बाद प्रथम चक्रवर्ती भरतके द्वारा प्रवर्तित समाज और राज्य-व्यवस्थाओंके वर्णनके साथ प्रमुख पात्रोंके पूर्व और उत्तर भवोंका वर्णन है। काव्यके अन्तमें सभी प्रमुख पात्र तप और वैराग्यके द्वारा मोक्ष प्राप्त करते हैं।

प्रस्तुत नाभेय चरित—महापुराणका महत्त्वपूर्ण अंश होते हुए भी—अपने आपमें सम्पूर्ण चरितकाव्य है, जो तीर्थंकर ऋषभनाथके चरितके द्वारा बताता है कि मानव संस्कृतिका मूल कर्म है। कर्ममूलक भोग उसका एक पक्ष है और दूसरा पक्ष है रागद्वेषसे मुक्त होते हुए अपने पूर्ण आध्यात्मिक व्यक्तित्वका विकास करना। राग-विरागके ताने-बानेसे बुने हुए मानव जीवनमें कर्म और त्याग दोनों संतुलन रखते हैं। ऋषभ-के चरितमें जिस कर्ममूलक वीतरागताका क्रमशः विकास होता है उसकी तुलना गीताके अनासक्त कर्म-योगसे की जा सकती है। ऋषभके निर्वाण प्राप्त होनेपर कहे गये ये शब्द, "मा मोहें तुहुं संचहि दुकम्मु" ( 37. 24. 9. ) "तुम मोहके द्वारा दुष्कर्मका संचय मत करो" अनायास गीताका स्मरण दिला देते हैं, "कुतस्त्वा कश्मलमिदं विषमे समुपस्थितम् (2. 2)।" दोनोंमें जो असमानता है वह दो कालोंकी असमानता है। कर्ममूलक मानव संस्कृतिके प्रवर्तक तीर्थंकर ऋषभनाथ त्यागमूलक आध्यात्मिक मूल्योंके प्रतिष्ठाता भी थे। वे श्रीकृष्णसे पहले हुए बताये जाते हैं। प्रवृत्ति और निवृत्तिके द्वन्द्व तथा संन्यासमें पाखण्डके प्रवेशके कारण समाज व्यवस्थामें आयी विषमताको देखते हुए गीताकारने अनासक्तिकर्मयोगके द्वारा समाजको सन्तुलित किया और कहा कि फलकी आसक्तिसे शून्य कर्म, फलकी आसक्तिपूर्ण संन्याससे लाख गुना अच्छा।

महाकवियोंकी रचनाओंमें हमारे इतिहासके विभिन्न युगोंकी प्रवृत्तियोंका संवेदनशील विश्लेषण है। ऊपरसे भिन्न नामों और रूपोंवाली इन रचनाओंकी मूल प्रवृत्ति और चेतना एक है। मैं आशा करता हूँ कि वर्तमान पीढ़ी तुलनात्मक अध्ययन द्वारा एकताके उस मूल स्वरको खोजेगी जिसमें दर्शन और संस्कृतिकी आत्मा है तथा उसे अपने जीवनमें आकार देकर काव्यके महत्त्वपूर्ण प्रयोजनको सफल बनायेगी।

इन्दौर,
12 मई 1979.

देवेन्द्र शर्मा
भूतपूर्व कुलपति, गोरखपुर विश्वविद्यालय
एवं कुलपति, इन्दौर विश्वविद्यालय
इन्दौर

# भूमिका

## वर्ण व्यवस्था

प्रस्तुत खण्ड कविके 'नाभेय चरित' का उत्तरार्ध है जिसमें दिग्विजयके बाद, एक चक्रवर्ती सम्राट्के रूपमें भरतके शासनसे लेकर तीर्थंकर ऋषभ आदिके निर्वाण तकका कथानक सम्मिलित है। चूँकि ऋषभ तीर्थंकर, कर्ममूलक संस्कृति के आदि संस्थापक हैं। उनके द्वारा स्थापित समाज-व्यवस्था और प्रशासन तन्त्रको भरत विस्तार करता है। महापुराणके अनुसार ऋषभने क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र—तीन वर्णोंकी स्थापना की थी। 'ब्राह्मण' वर्ण की स्थापना बादमें उनके पुत्र चक्रवर्ती भरतने की। वैदिक मतके अनुसार ब्राह्मणोंका जन्म सबसे पहले ब्रह्माके मुखसे हुआ। यह बात दिलचस्प है। एक दिन भरत सोचता है कि दानके बिना धन शोभा नहीं पाता, उसी प्रकार जिस प्रकार हिमसे आहत कमलवन। प्रशासन तन्त्रके द्वारा संचित धनकी शोभा बढ़ानेके लिए भरत बुद्धिमान् सुपात्रोंकी खोजकर उन्हें दान देता है। उसका कहना है कि धन मरनेपर एक भी कदम साथ नहीं जाता।

"धणु मुयहो पउ वि ण गच्छइ"। 19/1

## ब्राह्मण कौन ?

वह दीनोंके उद्धारमें धनकी सार्थकता मानता है। भरत क्षत्रियोंको बुलवाता है और उनमें जैनधर्मके नियमोंका पालन करनेवाले धार्मिक क्षत्रियको ब्राह्मण घोषित करता है। ब्राह्मणकी परिभाषा करते हुए भरत दूसरी बहुत-सी बातोंके अलावा कहता है: जो तिल कपास और द्रव्य विशेषोंकी होम कर यज्ञोंको प्रसन्न करता है, पशु और जीवको नहीं मारता, मारनेवालोंको मना करता है, जो स्व और परको समान समझता है। (वस्तुत: यह कविके समयके विचारोंकी झलक है जब सामन्तवाद अपनी चरम सीमा पर था)। कविके समय ऐसे लोगोंको जैनदीक्षा देनेकी प्रथा थी जो हिंसासे विरत थे और जैन तीर्थंकरोंमें श्रद्धा रखते थे। उन्हें न केवल वर्णाश्रममें सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया अपितु उन्हें सुन्दर चरित्रसम्पन्न कन्याएँ अलंकृत करके दी गयीं, उन्हें श्री-सुखसे भरपूर घरतीर दिये गये, पानीसे सिंचित जमीनें दी गयीं, उन्हें मणि, रत्न, मुकुट, कटिसूत्र, कड़े, घड़े-भर दूध देनेवाली गायें, देशान्तर करसहित धरती अग्रहार नगर आराम ग्राम सीमाएँ और सरोवर प्रदान किये गये। 19/7.

## ऋषभकी आलोचना

लेकिन राजा भरत खोटा सपना देखता है और उसका फल पूछनेके लिए तीर्थंकर ऋषभके पास जाता है। और दुःस्वप्नके साथ 'ब्राह्मण वर्ण'के निर्माणपर उनकी राय जानना चाहता है। ऋषभ भरतके कार्यका समर्थन नहीं करते। वह कहते हैं—"हे पुत्र, तुमने यह पापकार्य क्यों किया, क्योंकि द्विजवंश कुत्सित न्याय और नाशका कारण होगा? वे पापोंका समर्थन करेंगे" 19/9. भविष्य कथनमें वह भावी आदि महापुरुषोंके होनेकी घोषणा करते हैं। उनके अनुसार दुषमाकालमें उन्हीं सब बुराइयों, उत्पात, नैतिक पतन और अशान्तिका बोलबाला होगा, जिनका उल्लेख हिन्दू पुराणोंमें कलियुगके नामसे मिलता है।

ब्राह्मणोंके विषयमें ऋषभ जिन कहते हैं :

ये लोग ( ब्राह्मण ) पशु मारकर उसका मांस खायेंगे । यज्ञमें रमण करेंगे, स्वच्छन्द क्रीड़ा करेंगे, मधुर सोमपान करेंगे । पुत्रकी कामना करनेवाली परस्त्रीको ग्रहण करेंगे । दूसरों को अपनी पत्नी देंगे ? मद्यपान करते हुए भी दूषित नहीं होंगे । प्राणिवधसे भी दूषित नहीं होंगे । वे जो करेंगे उसीको धर्म कहेंगे । वे शून्यागारों, वेश्याकुलों और पापोंसे अन्धे राजकुलोंके कर्मको धर्म कहेंगे । हे पुत्र, वहाँ मैं पापका क्या वर्णन करूँ ? वे गाय और आगको देवता कहेंगे । पृथ्वी और पवनको देवता कहेंगे । मांसके नित्य भोजनको व्रत कहेंगे । वे दूसरे-दूसरे पुराण लिखेंगे—देवोंके द्वारा यह किया गया । स्वयं अपने कुलोंको चाहकर धीवरीपुत्र ( व्यास ) और गर्दभी पुत्र ( दुर्वासा ) जैसे कपट-आगमोंको करनेवालोंको परम ऋषित्वकी संज्ञा प्रदान की जायेगी । 19/10.

ऋषभ जिन यह भी घोषित करते हैं कि कलिकालमें जैन मुनियोंको मनःपर्यय और अवधिज्ञान होगा । 19/12. और यह कि जैन मुनि भी कषाय बाँधनेवाले होंगे । 19/13.

## भावलिंगी भरत

अपने पिता तीर्थंकर ऋषभसे कर्मफल और उपदेश सुनकर भरत अयोध्या लौटकर जिन-प्रतिमाका अभिषेक करता है । उसका विश्वास है कि जनपद राजाका अनुकरण करते हैं :

'रायाणुवट्टि जगि संचरइ
जिह परवइ तिह जणवउ' 28/.

भरत भावलिंगी है, और भारतेश्वर होकर भी जिनवरके धर्मका आचरण करता है । वह रोज यह अनुभूति करता है :

"होउ होउ रायत्तें गंथें　　हउं मुणिवरु परिवेढिउ वत्थें ।
अणु दिणु इय झायंतहु कयंउ　　व उड्डिवि जंति रायपरमाणु ॥ 28/2.

हो हो, राज्यत्व और परिग्रह । मैं मुनिवर हूँ, पर वस्त्रोंसे घिरा हुआ । प्रतिदिन यह ध्यान करते हुए उसके ( भरत के ) रागपरमाणु धूलके समान जाने लगते हैं ।

## राजनीतिशास्त्र

भरतका राजनीति विज्ञान यह है कि जिसमें शत्रु के द्वारा मन्त्रभेदन न हो, तलवारसे जिसका प्रताप दूर तक फैलता है : जो प्रातः परमात्माकी उपासना कर न्यायशासनमें मन लगाता है, प्रजाके आचरणकी चिन्ता करता है; अधिकारियोंको नियोगमें लाता है, विभिन्न क्रियाओंसे लोगोंका आदर करता है, शत्रुमण्डल-में चर भेजता है, राज्यकार्य से निवृत्त होकर घरमें स्वच्छन्द विहार करता है, भोजनके उपरान्त नृपगोष्ठीमें रहता है, घड़ीके आघातसे तीसरे प्रहरका ज्ञान होनेपर, विनोदसे वेश्याओंके साथ क्रीड़ाविलास करता है ।

पहु अच्छइ वारविलासिणिहि सहु कीलाइ विणोएँ । 28/3.

कविके इस कथनमें भरतका चरित्र एक प्रतीक है, जिसके माध्यमसे कवि अपने समयके सामन्त राजाओंके चरित्र की गिरावटका सांकेतिक वर्णन करता है, उक्त कथनकी यही व्याख्या की जा सकती है । नहीं तो, जो चक्रवर्ती सवेरे यह ध्यान करे कि मैं मुनिवर हूँ, वस्त्रोंसे लिपटा, उसी दिन शामके तीसरे पहर वारविलासिनियोंके साथ क्रीड़ा करे, इन दो बातोंमें संगति बैठाना असम्भव है, एक समाधान यह भी दिया जा सकता है कि वस्तुतः यह दसवीं सदीके भारतीय सामन्तवादी सत्ता पुरुषोंकी यथार्थ स्थितिका अंकन है जिसमें वीर लोग कभी एक कानसे युद्धकी ललकार और दूसरे कानसे नूपुरकी झंकार सुननेके आदी थे । पुष्पदन्तके समय सवेरे परम वीतरागताकी अनुभूति और शामको वारवनिताओंके साथ विलास ।

पुष्पदन्तका कहना है भरत सभी शास्त्रोंका जानकार था। कवि भरतको मन्त्र-तन्त्र और संगीत का आविष्कारक मानता है। उस भरतके समान राजा न हुआ है—और न होगा—

"तहु भरहहु सरिसु महाणिवइ
जगि ण हुयउ ण होसइ।" 28/4.

भरत राजाओंके पाँच प्रकारके चारित्र्यका उल्लेख करता है। और कहता है कि जिनवर ऋषभ क्षत्रिय कुलके विधाता हैं। 28/4-5/ वह दस लक्षण धर्मका कथन करता है। वह राजाके धर्मका आचरण अनिवार्य मानता है।

पुष्पदन्त भरतके मुखसे यह महत्त्वपूर्ण कथन करवाते हैं—

"णिक्कारणु मारणु जो राणउ
मिसु मंडिवि हल्लहर संघायहं
णिद्दोसहं दिय-वणिहिं वरायहं।
वुड्ढणारि डिंभय संतावणु
जो धण हरण करइ भीसावणु।
जणणीसास सिहिहिं सो डज्झइ
अण्णु वि दुक्किय कम्में वज्झइ।
लग्गइ ण जियइ दुक्खहुयासइ
ण वसइ देसु विसइ परदेसइ।" 28।8.

जो राजा अकारण बहाना बनाकर कृषक समूहों, बेचारे ब्राह्मण, बनियोंको मारनेवाला, वृद्ध स्त्रियों और बच्चों को सतानेवाला है और भीषण धनका अपहरण करनेवाला है वह लोगों की आहोंकी ज्वालामें जल जाता है, तथा पापकर्मसे लिप्त होता है। लगी हुई दुःखकी ज्वालासे जीवित नहीं रहता। वह देशमें नहीं रह सकता, उसे परदेश जाना पड़ता है। पुष्पदन्तसे छह सौ वर्ष बाद होनेवाले महाकवि तुलसीदास कहते हैं—

"तुलसी आह गरीब की कबहुँ न खाली जाय।
मुए चाम के योग तें लोह भस्म हुई जाय॥"

पुष्पदन्तने राजाके पाँच चारित्र्य (करने योग्य काम) का उल्लेख किया है। उसका पहला काम है अपने कुलकी रक्षा करना। दूसरा काम है, इसके लिए शुद्ध आचरण होना जरूरी है। राजाको अपना विवेक शुद्ध रखना चाहिए। मिथ्या क्रीड़ाओंसे राजाका विवेक चला जाता है अतः उसे अरहन्तोंकी शिक्षाएँ ग्रहण करनी चाहिए।

'णासइ णिवमइ मिच्छारंगें कुगुरु कुदेव कुलिंगि पसंगें' 28।6.

तीसरे, राजाको धर्माचरण करना चाहिए, प्रजाका निरीक्षण करना चाहिए; उसे न्यायका पक्ष लेना चाहिए। 28।8.

## राजकुलका अस्तित्व

राजकुलकी सत्ताके विषयमें कविका कहना है कि भारतमें राजाओंके द्वारा राजकुल नष्ट किये जाते रहे हैं और समय-समयपर जिनवर उसकी स्थापना करते रहे हैं। इसलिए वह सादि-अनादि होकर भी, उत्पन्न हुआ दिखाई देता है। इस प्रकार बीजांकुर न्यायसे कुल चला आ रहा है।

"साह अणाइ वि दीसइ आयउ      तीर्थंकरकमेण कुलु आयउ
भरहेरावएहिं कुलु सिज्जइ      कालि कालि जिणणाहहिं किज्जइ।" 28.5.

भरहेरावएहिं पदके दो अर्थ सम्भव हैं—भरत और ऐरावत क्षेत्रोंमें अथवा भरत क्षेत्रके राजाओंके द्वारा।

अन्तमें भरत चक्रवर्ती कहता है :

"जिह गोवउ पालइ गोमंडलु      तिह पालइ गोवइ गोमंडलु।" 28.8.

जिस तरह ग्वाला गायोंके मण्डलका पालन करता है उसी तरह राजा भूमिमण्डलका पालन करता है।

## कृपणका चित्रण

जिसके पास धन नहीं है, उसके कंजूस होने न होनेका प्रश्न नहीं उठता, लेकिन जो धन होते भी खर्च नहीं करता उसकी भरत आलोचना करता हुआ कहता है।

कंजूस व्यक्ति न नहाता है, न लेपन करता है, न वस्त्र पहनता है, वह सघन-स्तन स्त्रियोंको भी नहीं मानता। सिरपर रखे हुए जौ के डंठलोंके गुच्छोंवाले धान्यकण तथा द्रोणीभर अलसीका तेल रखता हुआ वह स्वजनोंको निकाल बाहर करता है। उसके मनमें निरन्तर इतना लोभधन होता है कि बड़े त्योहारके दिन भी दीनकी तरह खाता है। लोगोंका मनोरंजन करनेवाले पात्रको हाथमें लेकर नगरमें घूम-घूमकर ऋण माँगता है। एक सड़ी सुपारी इस तरह खाता है कि एक ही सुपारीमें पूरा दिन बीत जाये।

'णिम्भरयव पूयफलु खंति किह एक्केण जि रवि अत्थमइ जिह' 19-1

वह अन्धेरे एकान्तमें धन टटोलता रहता है।

"खंचइ मेल्लइ पुणु पुणु भवइ।      वसु गुज्झ पएसहिं पुणु ठवइ॥
सा सट्ठि ण पूरइ किह भरमि।      मणि जूरइ काइं दइव करमि॥
लोहिट्ठु दुट्ठु पाविट्ठु चलु।      पाहुणयहु उत्तउ देइ खलु॥
घत्ता—गेहिणि गय गामहो इच्छिय कामहो मणु णं भल्लिइ भिज्जइ।
मज्झ वि दुक्खइ सिरु तुहुं आयउ घरु भणु एवहिं किं किज्जइ॥"

धन खोदता है, बार-बार मापता है। धनको गुप्त स्थानमें फिर रखता है। वह साठकी संख्या पूरी नहीं होती किस प्रकार उसे भरा जाए? मनमें अफसोस करता है कि हे दैव, क्या करूँ? दुष्ट-पापी-लोभी व्यक्ति बहुत चंचल होता है। वह दुष्ट अपने अतिथिसे कहता है—"पत्नी अपने प्रिय गाँवको गयी है और मेरा मन जैसे भालोंसे छिदा जा रहा है, मेरा सिर भी फटा जा रहा है। तुम घर आये हुए हो? मेरी समझमें नहीं आ रहा है।" 19-3.

## जिनभक्ति—

खराब सपने देखनेके बाद भरत ऋषभ जिनके दर्शन करनेके लिए कैलास पर्वतपर जाता है, उनकी स्तुति करते हुए कहता है—

तुम चिन्तामणि कल्पवृक्ष हो, तुम अमृतमय सरस रसायन हो, कामधेनु और अक्षयनिधि हो, तुम पुरुषोत्तम और लोगोंकी परमनिधि हो; तुम सिद्धमन्त्र और सिद्ध औषधि हो। इसके बाद नामका महत्त्व बताया गया है।

"तुह णामें णउ भक्खइ अहि वि।
तुह णामें णासइ मत्तकरि
कउं दंतु वि मक्कइ णरहु हरि।
तुह णामें हुयवहु णउ डहइ
परबलु गय पहरणु भउ वहइ,
तुह णामें संतोसिय खलउ
तुद्दंवि जंति पयसंखलउ।
तुह णामें सायरि तरइ णव,
ओसरइ कोहु कंदप्प-जरु।
तुह णामें केवल किरणरवि
णीरोय होंति रोयाउर वि 19/8

भरतके इन उद्गारोंमें भक्तामरस्तोत्रकी छाया स्पष्ट रूपसे है कहीं-कहीं अक्षरशः अनुवाद है। एक उदाहरण देखिये :—

"मत्तद्विपेन्द्र-मृगराज-दवानलाहि-
संग्राम-वारिधि-महोदर बंधनोत्थम्।
तस्याशु नाशमुपयाति भयं भियेव
यस्तावकं स्तवमिमं मतिमानधीते॥" भक्ता० 46

रक्तेक्षणं समदकोकिलकंठनीलं
क्रोधोद्धतं फणिनमुत्फणमापतन्तम्।
आक्रामति क्रमयुगेन निरस्तशङ्क-
स्त्वन्नामनागदमनी हृदि यस्य पुंसः॥" भक्ता० 41

श्रीपालको आगमें-से निकलनेपर कविकी प्रतिक्रिया इस प्रकार है—

जिनवरको स्मरण करनेवालोंको नाग नहीं खाता। विषसे दुर्मद नाग सामने नहीं आता। तलवारों के संघर्षसे उत्पन्न अग्निवाले युद्धमें जिनका नाम स्मरण करनेवालोंको अच्छेसे अच्छे योद्धा देखकर भाग जाते हैं? 33-11

यह भाव भक्तामरस्तोत्रके श्लोक 39-40 में देखा जा सकता है।

ऋषभदेवके महानिर्वाणपर भरतके उद्गारोंमें उसकी मनोदिशा देखी जा सकती है—

'हे जिन, आपके बिना नेत्र अन्धे हैं। अशेष दिशाएँ सूनी हैं। प्रजा हाथ उठाये रो रही है। हे विश्वरूपी बालकके पिता, तुम मेरे पिता हो, तुम्हारे बिना कलाविकल्प कौन बतायेगा? तुम्हारे बिना इस प्रजाका पालन कौन करेगा? महान् तपश्चरण निष्ठा कौन सहन करेगा? तुम्हारे बिना तत्त्वभेद कौन जानेगा? हे देव, तुम्हारे बिना देवाधिदेव कौन होगा? हे स्वामी, तुम्हारे बिना यह त्रिलोक अनाथ है।'

"पइं विणु जिण अंधइं लोयणइं
दिसउ असेसउ सुण्णियउ।
उब्भियवि हत्थ ओम्माहियउ
पयउ वरायउ रुण्णियउ॥" 37-23

तुहुं महु बप्पु जगत्तियवप्पु
पइं विणु को कहइ कलावियप्पु ।
पइं विणु को पालइ एहु सिट्ठु
को खिसहइ गुरु तवचरण-णिट्ठु
पइं विणु को जाणइ तच्चभेउ
को होइ देव देवहिं वि देव ।
पइं विणु अण्णाहु सामिय तिलोइ 37-24

मेघस्वर ( जयकुमार ) सुन्दर वाणीमें जिनवरकी स्तुति करता है। स्तुतिमें संसारको वृक्षका रूप देते हुए जयकुमार कहता है कि यह संसाररूपी वृक्ष मिथ्यात्वके बीजसे उत्पन्न है, जो मोहकी जड़ोंसे फैला हुआ है, चार गतियाँ जिसके स्कन्ध हैं, और सुखकी आशाएँ ही शाखाएँ हैं, पुत्र-कलत्र इसके प्ररोह हैं। ( तना हैं ), शरीररूपी पत्तोंका यह त्याग-ग्रहण करता रहता है। पुण्य-पाप इसके फूल हैं। इस प्रकार सुख-दुःखरूपी फलोंकी श्रीसे परिपूर्ण इस संसारवृक्षपर इन्द्रियरूपी पक्षी बैठे हुए हैं, ऐसे संसारवृक्षको अपनी ध्यान-अग्निसे भस्म कर देनेवाले हे जिन, आपकी, जय हो।

"बहुमिच्छत्त-बीय उप्पण्णउ। मोह विसाल मूलु वित्थिण्णउ॥
चउगइ खंधु सुहासासाहउ। पुत्तकलत्तहुंति पारोहउ॥
गहिय मुक्क बहुविह तणु पत्तउ। पुण्णपाव कुसुमेहिं णिउत्तउ॥
सोक्ख दुक्ख फल सिरि-संपण्णउ। इंदिय पक्खि उलहिं पडिवण्णउ॥"

घत्ता—इय भवतरु झाण-हुयासणेण पइं दड्ढउ परमेसर।
जिण जम्मि-जम्मि महु तुहुं सरणु जय-जय जिय वम्मीसर॥ 28-37

प्रकृति या संसारका स्वरूप समझानेके लिए वृक्षका रूपक बहुत पहलेसे प्रयुक्त है। श्वेताश्वतर उपनिषद्में उल्लेख है।

"द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते,
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्ति अनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति।"

दो सुन्दर पंखोंवाले साथ-साथ रहनेवाले मित्र पक्षी समान वृक्ष ( प्रकृति ) पर बैठे हुए हैं। उनमें-से एक पीपलको स्वादसे खाता है और दूसरा उसे नहीं खाता हुआ ही प्रकाशमान है॥

भगवद्गीतामें संसाररूपी वृक्षकी कल्पना इस प्रकार है—

ऊर्ध्वमूलमधःशाखमश्वत्थं प्राहुरव्ययम्।
छन्दांसि यस्य पर्णानि यस्तं वेद स वेदवित्॥
अधश्चोर्ध्वं प्रसृतास्तस्य शाखा गुणप्रवृद्धा विषयप्रवालाः।
अधश्च मूलान्यनुसंततानि कर्मानुबन्धीनि मनुष्यलोके॥ 15-1,2

न रूपमस्येह तथोपलभ्यते नान्तो न चादिर्न च संप्रतिष्ठा।
अश्वत्थमेनं सुविरूढमूलमसङ्गशस्त्रेण दृढेन छित्त्वा।
ततः पदं तत्परिमार्गितव्यं यस्मिन्गता न निवर्तन्ति भूयः।
तमेव चाद्यं पुरुषं प्रपद्ये यतः प्रवृत्तिः प्रसृता पुराणी॥ 15-3,4

श्रीकृष्ण भगवान् कहते हैं—हे अर्जुन, जो मनुष्य उस संसाररूपी वृक्षको ( मूल सहित ) जानता है, वह वेदके तात्पर्यको जानता है। जिस वृक्षकी जड़ ऊपर है ( मायापति वासुदेव, सगुण रूपसे इस वृक्षके

कारण हैं ) और शाखाएँ नीचे हैं ( ब्रह्मा इस संसारका विस्तार करता है जो परमात्मासे उत्पन्न है और उनके नीचे ब्रह्मलोकमें वास करनेके कारण नीचे है ) जिसे अविनाशी कहते हैं, और वेद जिसके पत्ते हैं। उस वृक्षकी जड़ें बढ़ी हुई हैं, और विषयरूपी कोंपलोंवाली शाखाएँ ऊपर-नीचे फैली हुई हैं। तथा मनुष्ययोनिमें कर्मोंके अनुसार बाँधनेवाली ममता और वासनारूप जड़ें नीचे ऊपर-फैली हुई हैं।

इस संसाररूपी वृक्षका जैसा स्वरूप कहा गया है, वैसा वह विचारकालमें नहीं पाया जाता। इसका न तो अन्त है और न आदि और न इसकी अच्छी प्रकारसे स्थिति है, अतः दृढ़ मूलोंवाले इस वृक्षको असंग ( वैराग्य ) रूपी शस्त्रसे काटकर उसके बाद उस परम पदकी खोज करनी चाहिए कि जिसमें गये हुए पुरुष वापस संसारमें नहीं आते। मैं उसी आदि पुरुषकी शरणमें हूँ कि जिससे संसारवृक्षकी प्रवृत्ति विस्तार पा सकी।

श्रीमद्भागवतमें संसारको सनातन वृक्ष कहा गया है जो प्रकृतिस्वरूप है—

एकायनोऽसौ द्विफलस्त्रिमूलश्चतूरसः पञ्चविधः षडात्मा।
सप्तत्वगष्टविटपो नवाक्षो दशच्छदी द्विखगो ह्यादिवृक्षः ॥ 10-3-27

त्वमेक एवास्य सतः प्रसूतिस्त्वं सन्निधानं त्वमनुग्रहश्च।
त्वन्मायया संवृतचेतसस्त्वां पश्यन्ति नाना न विपश्चितो ये ॥ 10-3-28.

वह संसार एक सनातन वृक्ष है, इसका आश्रय है—एक प्रकृति। इसके दो फल हैं—सुख और दुःख। तीन जड़ें हैं—सत्त्व, रज और तम। चार रस हैं—धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष। इसे जाननेके पाँच प्रकार हैं—श्रोत्र, त्वचा, नेत्र, रसना और नासिका। इसके छह स्वभाव हैं—पैदा होना, रहना, बढ़ना, बदलना, घटना और नष्ट हो जाना। इसकी सात छालें हैं—रस, रुधिर, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र। इसकी आठ शाखाएँ हैं—पंच महाभूत, मन, बुद्धि, अहंकार। इसमें नौ द्वार हैं ( शरीरके नौ छिद्र )। प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान, नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त और धनंजय ये दस प्राण दस पत्ते हैं। इस संसार-रूपी वृक्षपर दो पक्षी बैठे हैं—जीव और ईश्वर। इस संसाररूपी वृक्षकी उत्पत्तिके एकमात्र आधार आप ही हैं। आपमें ही इसका प्रलय होता है और आपके ही अनुग्रहसे इसकी रक्षा होती है। आपकी मायासे आवृत चित्तवाले जो तत्त्वज्ञानी पुरुष नहीं हैं, वे आपको नाना रूपोंमें देखते हैं। श्रीमद्भागवत 10।2।27-28

तुलनात्मक दृष्टिसे देखनेपर स्पष्ट है कि वृक्षका रूपक ईश्वर जीव और संसारकी पारस्परिक स्थिति को समझानेके लिए है। उपनिषद् यह कहती है कि संसार ( प्रकृति ) के वृक्षपर दो पक्षी बैठे हैं—सुन्दर पंखोंवाले, जो साथी हैं, मित्र हैं, एक वृक्षपर आसीन है। एक वृक्षके फलको खा रहा है, जबकि दूसरा नहीं खाता। गीताकारका कहना है कि इस संसाररूपी वृक्षके जनक वासुदेव हैं, ब्रह्मा जिसे विस्तार देते हैं, वेद उसके पत्ते हैं, इसी प्रकार वह बढ़ता जाता है, उसका न तो आदि है और न अन्त है। गीताकारके अनुसार वृक्षकी परम्पराको वैराग्यसे काटकर ही व्यक्ति परमपदको पा सकता है, यह तभी सम्भव है कि जब आदि-पुरुषकी शरणमें जाया जाये। श्रीमद्भागवत संसारको सनातन वृक्ष कहती है। वह अपने रूपकमें कुछ नयी बातें जोड़ देती है, इस वृक्षका सृजन-संहार-संरक्षण ईश्वरके हाथमें है। 'पुष्पदन्त' अपने वृक्षरूपक में कुछ नयी बातें जोड़ देते हैं। एक तो वह जैनतत्त्वोंको इसमें घटित करते हैं। दूसरे जीव और ईश्वरके स्थानपर इन्द्रियोंको पक्षी माननेके पक्षमें हैं। तीसरे, ईश्वरको जगह मिथ्यात्वको संसारका कारण मानते हैं जिसे ध्यानकी अग्निमें भस्म किया जा सकता है। गीताकार भी कहते हैं कि दृढ़ मूलवाले इस संसाररूपी वृक्षको वैराग्यसे काटकर आदिपुरुषमें मिलाया जा सकता है। प्रश्न यह है कि जब जीव संसारवृक्षसे स्वतः नहीं बँधा, तो उस बन्धनको वह वैराग्यसे कैसे काट सकता है, यह भी एक प्रश्न है कि पहले-पहल जीवको मिथ्यात्वसे किसने बाँधा ? संसारको वृक्ष कहनेका अभिप्राय यही है कि वह एक अन्तहीन अनादि प्रवाह है।

## दार्शनिक विचार

भरतकी जिज्ञासाके समाधानमें ऋषभदेव कहते हैं कि जिसमें द्रव्य स्थित रहते हैं और दिखाई देते हैं वह लोक है, उसे किसीने नहीं बनाया, और न कोई उसे धारण किये हुए है। जड़-चेतनसे भरा हुआ यह स्वभावसे रचित है। किसी चीजकी रचनाके लिए उपादान और निमित्त कारणोंका होना जरूरी है। शिव, पृथ्वी आदि उपादान कारण कहाँ पाता है? किसी रचनाके मूलमें इच्छा होती है, व्याधिहीन शिवमें इच्छा कैसे? कुम्भकार अपनेसे भिन्न घड़ेकी रचना करता है—यानी रचनासे रचयिता भिन्न है। कर्ता-कर्म एक नहीं हो सकते, और कर्ताके बिना कर्म नहीं हो सकता। कुम्भकारके बिना यदि घड़ा बन सकता है तो मिट्टीका पिण्ड स्वयं कलश बन सकता है। जो सम्भव नहीं है। शिव यदि इस सृष्टिका परित्राण करता है तो उसने दानवोंकी रचना ही क्यों की? यदि वत्सलताके कारण सृष्टिकी रचना की जाती है तो सभीके लिए भोगोंकी रचना क्यों नहीं की गयी?

जइ वच्छलेण जि कियउ लोउ।
तो किं ण कियउ सव्वहु विहोउ॥

ऋषभ तीर्थंकरके कथनका निष्कर्ष यह है कि लोक ( Space ) में जो कुछ स्थित और दृश्य है, वह स्वतः है, वह अनादि-अनन्त है। किसीको ( चाहे वह कोई हो ) उसका कर्ता मानना मानवी तर्ककी अवहेलना करना है।

राजा महाबलका मन्त्री स्वयंबुद्धि अपने साथी मन्त्रियोंके दार्शनिक मतों का खण्डन करता हुआ चार्वाक मतको भूतयोगवादी कहता है। उसका मुख्य तर्क है कि पृथ्वी आदि चार महाभूतोंके मेलसे जीवकी उत्पत्ति मानना ठीक नहीं। क्योंकि एक तो इनमें परस्पर विरोध है, आग पानीको सोख लेती है, और पानी आगको बुझा देता है। दोनोंका मिश्रण असम्भव है। जड़ और चेतन, दोनों भिन्न स्वरूपवाले हैं; अतः उनमें मिलाप सम्भव नहीं। क्षणिकवादका खण्डन करते हुए स्वयंबुद्धि कहता है कि संसारमें अन्वयके बिना कोई वस्तु नहीं। जो बोध है ही नहीं उसका अस्तित्व क्षणमें कैसे हो सकता है। यदि प्रत्येक वस्तु क्षणभंगुर है, तो वासना क्षणमें नाशको प्राप्त क्यों नहीं होती? अतः वस्तु क्षणजीवी नहीं है, प्रत्युत क्षणान्तर-गामी है। वस्तुतः जिसके रहनेसे काल परिणमन करता है, वह काल है। जहाँ वह काल है वह आकाश-तल है, गतिमें सहायक धर्म द्रव्य है और स्थिरतामें सहायक अधर्म द्रव्य है। पुद्गल अचेतन है। सचेतनमें ज्ञानका कारण जीव है। बिना जीवके पुद्गल न देख सकता है, न चिल्ला सकता है। अतः जड़में क्रिया चेतनाके बिना सम्भव नहीं हो सकती।

## प्रकृति-चित्रण

नाभेयचरितके इस उत्तरार्ध भागमें प्रकृति-चित्रणका विस्तार नहीं है। काशीराज-पुत्री सुलोचनाके स्वयंवरके प्रसंगके पूर्व वसन्तका वर्णन है। सुलोचनाका रूप-चित्रण करते-करते मन्त्री कहता है—

लीलान्दोलनकी युक्तियाँ वसन्तके आगमनपर शीघ्र आ गयीं। वसन्तके आगमनका समय अंकुरित, कुसुमित और पल्लवित होकर खिल उठा। जिस ऋतुमें चेतनाशून्य वृक्ष खिल उठते हैं वहाँ मनुष्यका मन क्यों नहीं खिलेगा?

'वियसंति अचेयण तरु वि जहिं।
तहिं णरु किं णउ वियसइ॥' 28-13.

कवि प्रकृतिके एक-एक वृक्षकी हलचलका अंकन मानवी चेतनाके प्रतिक्रियाके द्वारा करता है : "यदि आम्रवृक्ष कंटकित होता है तो वसन्तकी शोभा उसे आलिंगनमें बाँध लेती है। यदि चम्पकवृक्ष अंकुरोंसे

अंचित होता है तो ऐसा लगता है कामदेव रोमांचित हो उठा हो। थोड़ा-थोड़ा पल्लवित अशोक ऐसा लगता है जैसे विधाताकी चित्रकारी हो। मन्दारकी डालमें यदि कोंपल फूटे हैं तो लगता है कि वसन्तने चलदलको नचा दिया हो। यदि पुन्नागवृक्षमें कलियाँ आती हैं तो लगता है कि वह धीमे मदवाले चकोरों और शुकोंके शब्दोंसे भर उठा हो। वनमें खिला हुआ पलाश ( टेसू ) ऐसा मालूम होता है जैसे राहगीरोंके लिए विरहकी आग जला दी गयी हो। मालती फूलोंके [illegible] लालच फैल गया। कुन्दवृक्ष अपने कुसुमरूपी दाँतोंसे हँसने लगे। और कोयलने कामका नगाड़ा बजाना शुरू कर दिया।" 28-14.

उस अवसरपर जो केलिगृह बनाये गये उनका निराला ठाठ-बाट था—

"सघन मधुके छिड़कावोंसे और परागोंकी रंगोलीसे धरती व्याप्त हो उठी। वसन्त राजा उपवन-रूपी भवनमें, नवपुष्पोंकी कलियों-रूपी दीपों, मयूरोंकी नृत्यमुद्राओं, धवल कुसुम मंजरियोंकी पुष्पमालाओंपर गूंजते हुए भ्रमरोंकी गीतावलियों तथा राज-हंसिनियोंकी रमणशील क्रीड़ाओंके साथ आसन ग्रहण करते हैं।" 28-15.

## नारीरूप चित्रण

बहुपत्नी प्रथा सामन्तवादकी सबसे बड़ी विशेषता रही है। नारियोंकी भरमार होनेसे उनके रूपके चित्रणकी बहुलता होनी स्वाभाविक है। स्त्रीको लेकर होनेवाले द्वन्द्वके मूल, उसके प्रति दो पुरुषोंका आकर्षण है, और जहाँ ऐसा है—वहाँ युद्ध होना अनिवार्य है। कविके शब्दों में—

"एक्कहि भिसिणिहि दो हंसवर।
एक्कहि किसकलियहि दो भमर॥
जइ होंति होंतु ण घडइ अवस।
सर संधइ विंधइ कुसुमसरु॥"

एक कमलिनी और दो श्रेष्ठ हंस हों, एक दुबली-पतली कली और दो भ्रमर हों, तो यह होना नहीं घट सकता, केवल कामदेव सर-सन्धान करता है और बेधता है। एक तरुणीके उरोजोंका क्या दो आदमी अपने कोमल हाथोंसे आनन्द ले सकते हैं?—यह सोचकर दोनों विद्याधर कुमारोंमें लड़ाई ठन गयी। यह दुहरानेकी आवश्यकता नहीं कि अपभ्रंश काव्योंमें वर्णित अधिकांश युद्धोंका कारण 'नारीरूप' है। और यह सामन्तवादी समाजकी या पुरुष प्रधान समाज व्यवस्थाकी विशेषता नहीं—प्रत्युत मनुष्य प्रकृतिकी विशेषता है। यह मनुष्यकी ही प्रकृति नहीं, समूचे चेतन जगत्‌की प्रकृति है, चेतनाके विकासस्तरके साथ रागचेतनाका विकास होता जाता है। सारी आध्यात्मिक साधनाएँ इसी रागचेतनाकी प्रतिक्रियासे जन्मी साधनाएँ हैं। आस्तिक दर्शन इस चेतनाको ईश्वरकी आत्मरतिका बाह्य विस्तार मानते हैं, अनीश्वरवादी दर्शन उसे क्षणिक दुःखमूलक या परभाव मानते हैं। नारीरूप चित्रण या शृंगारकी अभिव्यक्ति पुष्पदन्तका अन्तिम उद्देश्य नहीं है? परन्तु वैराग्यकी अनुभूतिके लिए रागकी मांसल अनुभूतिका वर्णन जरूरी है। सभी देशों और समयोंके मनुष्य प्रेमके मामलेमें जो एकाधिकारवादी रहे हैं, वह इसलिए कि अपनी प्रिय वस्तुपर एकाधिकारकी भावना प्रेमकी विशेषता है।

श्रीमतीका नख-शिख वर्णन करता हुआ पुष्पदन्तका कवि स्वीकार करता है: कुंकुमसे आरक्त उसके पैरोंको मैं कामदेवकी मुद्राएँ मानता हूँ। पद्मराग मणियोंकी तरह लाल-लाल पैर क्या नक्षत्रोंकी तरह नहीं जान पड़ते? उस युवतीके घुटनोंके जोड़ोंको देखकर मुनि कामदेवका सन्धान करने लगते हैं। ऐसा कौन है कि जिसकी बेचारी मनरूपी गेंद-अश्वक्रीड़ा मैदानमें ( चौगानके खेलके मैदानमें ) चंचल नहीं हो उठती?

"तंबइं पोमराय रुइ पोमरइं
रसउ कि रावंति ण पक्कइं
पेच्छिवि तरुणि जाणु संघाणइं
मुणिवि करंति मयणसंधाणइं
ऊरुवाहुयालि अंतरि हुउ
कासु ण चलइ बप्प मणर्सेंदुउ" 22-7.

श्रीमतीके विवाहके अवसरपर वरवधूको आशीर्वाद देते हुए लोग कहते हैं—

जाव गंगाणई जाव मेरुगिरी
ताम्व भुंजेहु तुम्हे वि णिच्चं सिरी।
होंतु पुत्ता महंता पहाभासुरा
जंतु अच्छिण्णणेहेण वो वासरा॥ 24-13.

जबतक गंगानदी और सुमेरुपर्वत हैं तबतक तुम भी नित्य श्रीका उपभोग करो। तुम्हारे महाप्रभाव वाली पुत्र हों, तुम्हारे दिन अविच्छिन्न स्नेहसे बीतें।

इसके बाद कवि दोनोंके सम्भोगसमारोहका वर्णन करता है वह यथार्थवादको भी मात देनेवाला है। लेकिन उसे श्रीमती और वज्रबाहुके समूचे जीवन (जो जन्म-जन्मान्तरोंमें भी व्याप्त है) के सन्दर्भमें देखना चाहिए। शृंगारके इस प्रकार खुले वर्णनके कई कारण हैं। उनमें एक कारण यह है कि कवि बताना चाहता है, रागानुभूति जितनी तीव्र होगी, उसकी प्रतिक्रिया भी उतनी ही तीव्र होगी।

देवी सुलोचनाके रूपचित्रणमें कवि प्रश्नवाचक चिह्न लगा देता है। जिसका अर्थ है कि उसका रूप सीमातीत है।

किं तरुणीवयणहु उवमिज्जइ।
तासु सरिच्छउ तं जि भणिज्जइ॥ 28-13.

पुष्पदन्तकी सबसे प्रिय प्रवृत्ति है नर-नारी रूपकी तुलना प्रकृतिसे करना। जयकुमार अपनी पत्नी सुलोचनाके साथ गंगा पार करते हुए उसके बीचमें पहुँचता है। वह गंगामें अपनी नववधू सुलोचनाका प्रतिबिम्ब देखता है।

उसमें तैरता हुआ सारस-जोड़ा देखकर देखता है प्रियाके स्तनकलश युगल। गंगाकी सुन्दर तरंगोंको देखकर प्रियाकी त्रिवलितरंगको देखता है। गंगाके आवर्त भ्रमणको देखकर प्रियाके श्रेष्ठ नाभिरमण को देखता है, गंगाके खिले कमलको देखकर प्रियाके मुखकमलको देखता है, गंगाके फैले हुए मत्स्योंको देखकर प्रिया के चंचल और दीर्घतर नेत्रोंको देखता है। गंगामें मोतियोंकी पंक्तियोंको देखकर प्रियाकी दन्तपंक्तिको देखता है। गंगामें मतवाली भ्रमरमाला देखकर कान्ताकी नीली चोटी देखता है? 29-7.

इस तुलनाका उद्देश्य यह बताना है कि सुलोचना कामकी नदी है।

"णिय गेहिणि वम्महवाहिणि देवि सुलोयण जेही
मंदाइणि जणसुहदाइणि दीसइ राएं तेही।" 29-7.

अपनी गृहिणी कामकी नदी देवी सुलोचना जैसी है जनोंको सुखदेनेवाली गंगानदी भी उसे वैसी दिखाई देती है।

### युद्धवर्णन

नाभेयचरिउके इस उत्तरार्ध भागमें युद्धके प्रसंग भी कम हैं। प्रमुख उल्लेखनीय युद्ध भरतके पुत्र अर्ककीर्ति और जयकुमारके बीच हुआ, वह भी सुलोचनाके स्वयंवरको लेकर। सुलोचना जयकुमारको

वरमाला डालती है। अर्ककीर्ति आक्रमणसे उसे छीनना चाहता है। मन्त्रीका समझाना आगमें घीका काम करता है। ( णं घएण सित्तउ धूमद्धउ ) अर्ककीर्ति जयकुमारसे पहलेसे ही चिढ़ा हुआ था—वरण तो एक बहाना था। अर्ककीर्ति कहता है :

वारिउ छण्ण पउत्तिहिं बप्पें
अज्जु सयंवर-माला-सुप्पें
सो हुयवहु पज्जलियउ वट्टइ
रिउ लोहियसित्तउ ओहट्टइ 28-25

"जिस आगका पिताने प्रच्छन्न उक्तियोंसे निवारण किया था आज वह स्वयंवरकी मालारूपी घीसे बढ़ाए रूपसे प्रज्वलित हो उठी है अब वह शत्रुके रक्तसे सींची जानेपर ही शान्त होगी"।

फिर क्या था? समरभेरि बज उठी, कलकल होने लगा। एक पलमें चतुरंग सेना दौड़ी। प्रशिक्षित और सुरक्षित वीर योद्धा महागजोंपर बैठ गये। महावतोंसे प्रेरित वे गरजते हुए महामेघकी तरह दौड़े। तीखे खुरोंसे धरतीको खोदते हुए, उत्तम कामिनियोंके मनके समान चंचल घोड़े चला दिये गये।

रथोंके हिलते हुए ध्वजाडम्बरवाले दीप्ति और विचित्र छत्रोंसे आकाशको आच्छन्न करनेवाले, चक्कोंकी चपेटसे विषधरोंके सिरोंको चूर-चूर करनेवाले, तलवार, झस, मूसल, लकुटि और हल हाथोंमें लिये हुए—बड़े-बड़े योद्धा युद्धके मैदानमें पहुँचे। 28-24,

लड़ते हुए प्रगलित व्रण रुधिरवाले सैन्य ऐसे मालूम पड़ते हैं; मानो युद्धकी लक्ष्मीने दोनोंको टेसूके फूल बाँध दिये हों।

जुज्झंतइं विहुइं विसरिसइं पयलियवणरुहिरुल्लइं
बेण्णि वि सेण्णइं णं रणसिरिए बद्धइं केसुअ फुल्लइं॥ 28-26,

हारते हुए अर्ककीर्तिकी ओरसे सुनमि जयकुमारको ललकारता है तो वह उसका मुँह-तोड़ उत्तर देता है—

"परस्त्रीके ( अपहरणके ) तुम प्रमुख कारक हो, अर्ककीर्ति स्वयं कर्ता है। मैं न्यायनियुक्त हूँ और इस धरतीपर अपने स्वामीका भक्त हूँ"। 28-3.

तुहुं कारउ परयारउ पमुहु अक्ककित्ति सइं कत्तउ।
हउं णायणिउंजउ धरणियले णिय पहुपायहं भत्तउ॥ 28-35.

अन्तमें सोमप्रभके पुत्र जयकुमारने दुष्ट शत्रुओंको पीड़ा देनेवाले दृढ़ नागपाशसे चक्रवर्ती भरतके प्रिय पुत्रको पकड़ लिया।

"कूरारितासेण दढणायवासेण
धरिओ रुसावणउ चक्कवइपिउ तणउ" 28-36.

## निर्नामिकाकी गरीबी

अपनी गरीबीका वर्णन करती हुई निर्नामिका कहती है—

आठ भाई-बहन। पीतलके दो हण्डे। खल और चनोंका मुट्ठीभर आहार करनेवाले। कमरपर छालके वसन लपेटे हुए, स्फुट हाड़, रूखे बाल, इस प्रकार हम दस स्वजन, आपसमें लड़ते हुए और एक दूसरेको गाली-गलौज देते हुए। सफेद विरल लम्बे दाँत, दूसरोंका काम करनेवाले॥ 22-15

अट्ठभाउ डंडइं दो पियरइं।
कय खल चणय मुट्ठि आहारइं॥
कडियल वेढिय वक्कल वासइं।
हड हव फुट्ट फरस सिर केसइं॥

अम्हइं दहु अणाइं तहि सयणइं ।
कलहंतइं भासिय दुव्वयणइं ॥
पहुर पंचिरिकं ढोहुर दंडइं
आवच्छहुं परकम्मु करंतइं ॥ 22-16.

निर्नामिकाका यह कथन वस्तुतः कवि पुष्पदन्तका कथन है, जो इस बातका प्रमाण है कि गरीबी—भारतीय इतिहासको जन्मघुटीसे मिली । आध्यात्मिकताकी सामन्तवादी व्याख्याओंने उसमें चार चाँद लगा दिये । जिस घर में दस-दस खानेवाले हों, कमानेका साधन मजदूरी हो वहाँ मुट्ठीभर चना और जल ही भूखकी ज्वाला शान्त करनेका एकमात्र साधन है । गरीबोंका यह चित्र दसवीं सदीका है । यह काल्पनिक नहीं, बल्कि वास्तविकताका प्रतीक कथन है । ऋषभ तीर्थंकर जैन मान्यताके अनुसार करोड़ों वर्ष पहले हुए, निर्नामिकाका परिवार, उनके तीर्थंकर बननेसे बहुत पहले हुआ ! इसका अर्थ है कि इस देशमें घी-दूधकी नदियाँ कभी नहीं बहीं, यह सफेद झूठ है कि यह देश कभी सोनेकी चिड़िया था । वह जितना सोनेकी चिड़िया था उतना अमीरोंका भारत था । इसमें कोई शक नहीं कि निर्नामिकाकी गरीबी दूर हुई, पिहितास्रव मुनिके सदुपदेशसे वह जैनधर्म ग्रहण करती है, और कई उत्तम पर्यायोंके बाद—श्रेयांस राजा बनती है । ऐसे उदाहरण दूसरे मतोंके पुराणोंमें भी मिलते हैं । भगवान् रामको शबरीके जूठे बेर जितने पसन्द हैं, उतने सेठका ऐश्वर्य नहीं । परन्तु भगवान्‌की पूजा-उपासनाका काम तो धनसे ही चलता है, गरीबोंसे नहीं । मुझे इसमें सन्देह नहीं कि निर्नामिकाकी गरीबी मिट गयी, परन्तु क्या इसे देशकी गरीबी मिटानेका नुसखा बताया जा सकता है ? भारतीय आध्यात्मिक विचार समाजमें सन्तुलन बनाये रखनेके लिए त्याग, सादगी और सीमित भोग पर जोर देते हैं, जिससे विषमताकी खाई कम हो, व्यक्ति तनावोंसे मुक्त हो ।

समयचक्र : काल-रहट्ट

अच्युतेन्द्र देव पुष्पमाला मुरझानेपर मृत्युकी कल्पनासे काँप उठता है । वह कहता है :

अह सोमसहाव महारउद्द ।
संचल्लिय चल ससि रवि बलद्द ॥
किह् वंचवि काल रहट्ट घोरु ।
घडिमालइ लंचिउ आउणीरु ॥

इस महाकालरूपी रहटके संचारसे मैं कैसे बच सकता हूँ । उसके चंचल चन्द्र और सूर्यरूपी बैल चल रहे हैं, उनमें एक सौम्यभावका है और दूसरा महारौद्र है । घड़ियों ( घटिका ) की मालाओंसे आयुरूपी जल खींचा जा रहा है ।

## भाग्य ही सब कुछ है

प्रथम भवमें जयवर्मा ( ऋषभ ) के पिता श्रीषेणने दीक्षा लेते समय छोटे पुत्र श्रीवर्माको राज्य दे दिया । जयवर्माको बुरा लगा । वह सोचता है :

सुहडत्तणु बुद्धिवुड्ढत्तणु ।
घिवहिं असेसु वि जलहि जले ॥
किं गुणगणु मण्णइ सज्जणु वण्णइ
पुण्णु जि भल्लउ भुवणयले ॥ 12-4.

सुभटपन बुद्धिका बूढ़पन सब समुद्रके जलमें फेंक दो । गुणगणको क्यों माना जाता है, सज्जनका वर्णन क्यों किया जाता है, संसारमें पुण्य ही भला है ।

स्वर्गसे च्युत होनेके पूर्व ऋषभ जिनके पूर्वभवका जीव ललितांग देव कहता है :—

जायइं पुणु वि पणट्ठाइं रंगगया इव भावविचित्तइं।
मेल्लिवि सासय सिद्धि सिरि दुल्लहाइं णउ होंति सुरत्तइं ॥

रंगनटकी तरह भावकी विचित्रताएँ उत्पन्न होती हैं और फिर नाशको प्राप्त होती हैं, शाश्वत सिद्धिश्रीको छोड़कर सुरतिचेतनाएँ ( कामचेतनाएँ ) दुर्लभ नहीं होतीं।

जयवर्मा जिस वनमें वर्णन करने आता है उसमें सुअरों द्वारा अंकुर खाये जा रहे थे, दूसरी ओर मेघ आसमानको छू रहे थे, वह वन स्वरोंसे आवाज कर रहा था, बड़े-बड़े बाँसोंसे युक्त था, जो लताओं और प्रिया लताओंसे सहित था, जो शबरियोंके लिए प्रिय था, जिसमें अंकुर निकल रहे थे, जिसमें विचित्र अंकुरोंका समूह था, जिसमें भ्रमर गन्धका पान कर रहे थे, जिसमें नागराजोंका वास है, जो मधुसे आर्द्र है, और जो दावानलसे प्रज्वलित है, जहाँ पीलू वृक्ष बढ़ रहे हैं और पीलू ( गज ) गर्जना कर रहे हैं।

"कोडी खद्धकंदं णयासीण कंदं
सरेणं सवंसं महावंससंसं
सवेल्ली पियालं पुलिंदी पियालं
विणिस्सं कुरोहं विचित्तंकुरोहं
अलीपीयवासं फणिंदाहिवासं
महूहिं पलित्तं दवग्गी पलित्तं
पवड्ढंतपीलुं पगज्जंतपीलुं" 21-6.

कुछ उक्तियाँ

'महापुराण'में कुछ उक्तियाँ ऐसी हैं जिनके उद्धरणका लोभ संवरण कर पाना कठिन है। कुमार वज्रजंघ श्रीमतीकी धाय द्वारा प्रदर्शित चित्रपटमें अपने पूर्वभवकी लीलाओंका अंकन देखकर कहता है :

"पट्टइ लिहियउ हियवइ लिहियउ
को तं पुसइ णिडालइ लिहियउ" 24-9.

जो चीज चित्रपटपर अंकित है, हृदयमें अंकित है और ललाटमें लिखी है—उसे कौन मेट सकता है।

तं णरणाहें वयणु समत्थिउ।
खिच्चइ उप्परि घिउ ओमत्थिउ ॥ 24-11.

राजाने उस वचनका समर्थन किया मानो खिचड़ीमें घी उड़ेल दिया।

"कम्मयरहु दिण्णउ सरसु भोज्जु
लुद्धुवि दाणेण करेइ कज्जु। 25-20.

लोभी आदमी भी दान ( घूस ) देकर अपना काम बना लेता है। उसने कर्मकर ( मजदूर ) को सरस भोजन दिया।

रंगगउ णडु बहुरूवधारि अणवरय दुविह कम्माणुधारि।
सा णत्थि थत्ति जहिं जिउ ण जाउ ॥ 27-11.

रंगमंचपर गये हुए नटकी तरह बहुरूप धारण करनेवाला, अनवरत द्विविध कर्मोंका धारण करनेवाला यह जीव, ऐसी स्थिति नहीं है कि जिसमें न जन्मा हो।

संसारमें इतनी चीजें कठिन हैं—

'णिग्गव्वसीलु को संपयाइ' 33-13.
( गर्वरहित शीलका सम्पादन कौन कर सकता है ? )

'पारद्धिउ को सेविउ दयाइ' 33-13.
( ऐसा कौन अहेरी है जो दयासे सेवित है ? )

मणु साहिउ रायपसाउ कासु 33-13.
( बताओ किसे शाश्वत रूपसे राजप्रासाद मिलता है ? )

'सघरत्थु विनं ण डहइ हुयासु' 33-13.
( अपने घरमें भी रहनेवाली आग किसे नहीं जलाती ? )

ऋषभनाथके पूर्वभव :

कथानककी दृष्टिसे नाभेयचरितके पूर्वार्द्धमें ऋषभ तीर्थंकरका उत्तरचरित ( इस जीवनका चरित है ) है, जब कि उत्तरार्द्धमें पूर्व चरित, क्योंकि इसमें उनके पूर्वभवोंका कथन है। भरतके अनुरोधपर ऋषभ तीर्थंकर अलकापुरीके राजा अतिबलसे अपनी पूर्वभव कथा शुरू करते हैं। अतिबलकी पत्नी मनोहरा है। पुत्र महाबलको राजपाट देकर वह दीक्षा ग्रहण कर लेता है। महाबलके मन्त्री महामति सम्भिन्नमति और स्वयंमति उसे गलत परामर्श देते हैं परन्तु स्वयंबुद्ध उसे सही मार्ग बताता है। स्वयंबुद्ध जैन श्रावक है। नाना दृष्टान्त और पूर्वजन्म-कथनके द्वारा वह राजाकी जैनधर्ममें आस्था दृढ़ करता है। राजा अरविन्दके आख्यानके बाद महाबलको उसके पितामह सहस्रबल और शतबलका पूर्वजन्म बताता है। स्वयंबुद्धि और महाबल सुमेरुपर्वतकी वन्दनाभक्ति करने जाते हैं; स्वयंबुद्ध चारण युगल मुनि ( आदित्यगति और अरिंजय ) से अपना और राजाका पूर्वभव पूछता है। बड़े मुनि बताते हैं कि यह विद्याधर राजा दसवें भवमें तीर्थंकर होगा। पश्चिम विदेहके गन्धिल्ल देशके सिंहपुरमें राजा श्रीषेण है, उसकी रानी सुन्दरी देवी। उनके दो पुत्र जयवर्मा और श्रीवर्मा। दीक्षा लेते समय श्रीषेणने छोटे पुत्रको राज्य दे दिया। बड़ा भाई जयवर्माको इससे बुरा लगा। दैवको बलवान् मानकर वह वैराग्य धारण कर लेता है। नवप्रव्रजित संन्यासी ( जयवर्मा ) महीधर विद्याधरका वैभव देखकर निदान करता है कि मैं भी वैसा ही बनूँ। साँपके काटनेसे उसकी मृत्यु होती है, वही जयवर्मा यह महाबल है। महाबल मन्त्री स्वयंबुद्धका उपकार मानता है। अतिबलको राजपाट देकर उसने दीक्षा ग्रहण कर ली। संलेखना मरणसे वह ईशान स्वर्गमें देव हुआ। उसका नाम ललितांग था। स्वयंप्रभा और कनकप्रभा उसकी महादेवियाँ थीं। वहाँसे वह उत्पलखेट नगरके राजा वज्रबाहुकी वसुन्धरा रानीसे वज्रजंघके नामका पुत्र उत्पन्न हुआ। ईशान स्वर्गमें देवी स्वयंप्रभा विलाप करती है। वह पुण्डरीकिणी नगरीमें राजा वज्रदन्तकी श्रीमती नामकी कन्या हुई। एक रात यशोधर मुनिके उद्यानमें आनेपर उसकी नींद खुलती है और उसे पूर्वभवका स्मरण हो आता है, वह पूर्वजन्मके प्रिय ललितांगके लिए व्याकुल हो उठती है। पिता उसे सान्त्वना देते हैं। श्रीमती धायको पूर्वजन्म बताती है कि वह गन्धिल्ल देशके पाटली गाँवमें नागदत्त बनिया था। उसके पाँच पुत्र और तीन पुत्रियाँ थीं, सबसे छोटी निर्नामिका ( श्रीमती ) थी। सिरपर लकड़ियोंका गट्ठा और झोलीमें माहुर भरकर जब वह जंगलसे लौटती है तो पिहितास्रव मुनिकी धर्मसभामें पहुँचती है। मुनिसे अपने पूर्व जन्मके निन्द्य कर्मको जानकर ( मुनिके शरीरपर सड़ा कुत्ता फेंका था ) वह जैनधर्म ग्रहण करती है, और १५० उपवास करनेका निश्चय करती है। मरकर वह स्वयंप्रभा देवी हुई। दोनोंका ( वज्रजंघ और श्रीमतीका ) विवाह। वज्रबाहुकी कन्या अनुन्धराका विवाह वज्रदन्तके पुत्र अमिततेजसे। दोनों संन्यास ग्रहण करते हैं। लक्ष्मीवती वज्रजंघकी सहायता माँगती है। रास्तेमें वह चारणयुगल मुनिकी वन्दना करता है। मुनि अपना परिचय देते हैं, वे पूर्वभवके

धमधर और मतिषेन थे। दैवयोगसे धूपके धुएँसे वज्रजंघ दम्पति मर जाते हैं और उत्तर कुरुभूमिमें जन्म लेते हैं। स्वयं ऋषभ तीर्थंकर कहते हैं—

मूलतः 1. मैं जयवर्मा था। 2. फिर धर्मका आचरण कर विद्याधरेन्द्र हुआ। 3. फिर महाबल हुआ। स्वयंबुद्धिसे धर्म संचित किया। 4. ईशान स्वर्गमें ललितांग। 5. च्युत होकर वज्रजंघ। 6. कुरुभूमिका मनुष्य। 7. श्रीधर देव। 8. सुविधि। 9. अहमेन्द्र। 10. वज्रनाभि। 11. सर्वार्थसिद्धिमें अहमेन्द्र। और अब तीर्थंकर। इसी प्रकार 1. निर्नामिका 2. ललितांगकी पत्नी 3. वज्रजंघकी श्रीमती। 4. स्वयंप्रभ देव 5. केशव 6. प्रतीन्द्र 7. धनदेव 8. सर्वार्थसिद्धिमें अहमेन्द्र 10. राजा श्रेयांस जो कुरुवंशके सरोवरका हंस है। 27-9.

वस्तुतः 'नाभेयचरित' का उत्तरार्द्ध ऋषभ तीर्थंकर और उनसे सम्बद्ध प्रमुख व्यक्तियोंके पूर्वजन्म कथनोंसे भरा पड़ा है। प्रारम्भमें वर्णाश्रम, राजनीति और समाजव्यवस्था, विभिन्न दर्शन और संसारके स्वरूपका कथन है।

## जयकुमारका आख्यान

जयकुमार, कुरुवंशी राजा सोमप्रभका सबसे बड़ा पुत्र है जो अपने चौदह भाइयोंमें जेठा है। राजा श्रेयांस उसके चाचा थे। एक बार वह नन्दनवनमें नागके जोड़ेको मुनिसे धर्म सुनते हुए देखता है। सालभर बाद, जब वह नन्दनवनमें जाता है तो देखता है कि नाग नहीं है, और नागिन किसी दूसरी जातिके नागसे क्रीड़ारत है। जय उसे लीलाकमलसे आहत करता है। नागिन वहाँसे भाग जाती है। राजा राजभवन वापस आता है। रातमें वह नागिनका किस्सा अपनी पत्नीको बताने जा रहा था कि एक देव अवतरित होकर उसे नागिनको चोट पहुँचानेकी बात कहता है। वह बताता है कि मैं ( मार नाग ) भवनवासी नाग हुआ हूँ तथा नागिन गंगामें काली हुई है। नागदेव जयकुमारको उपहार देता है। एक मन्त्री जयको काशी-राजकी कन्या सुलोचनाके स्वयंवरकी बात करता है। जयकुमार स्वयंवरमें सम्मिलित होता है। सुलोचना जयकुमारका वरण करती है। भरतपुत्र अर्ककीर्ति क्रुद्ध होकर अकम्पन राजा और जयकुमारसे भिड़ता है यह जानते हुए भी कि जब कन्या किसीका वरण कर ले तो उसका अपहरण करना नीतिविरुद्ध है। अर्ककीर्तिको युद्धमें मुँहकी खानी पड़ती है। जयकुमार उसे बन्दी बनाकर छोड़ देता है। अकम्पन अर्ककीर्तिको मनाता है और सुलोचनाकी बहन लक्ष्मीवतीसे उसका विवाह कर देता है। अर्ककीर्ति जब भरतके सम्मुख पहुँचता है तो वह उसकी आलोचना करता है। राजा अकम्पन अपने मन्त्री सुमतिके द्वारा राजा भरतके सम्मुख अपने तीन दोष स्वीकार करता है—यह कि उसने अर्ककीर्तिको कन्या नहीं दी, यह कि उसने स्वयंवर किया, यह कि सुलोचनाने जयकुमारका वरण किया। यह कि परस्त्रीका अपहरण करनेवाले तुम्हारे पुत्रसे मेरे बेटेने युद्ध किया। भरतकी न्यायप्रियता और उदारता यह है कि वह मन्त्रीके सम्मुख स्वीकार करता है कि वह पिता ऋषभकी जगह राजा सोमप्रभको मानता है। भरतके उत्तरसे कुरुवंशी सोमप्रभ और नागवंशी अकम्पन राजा सन्तुष्ट हुए। रास्तेमें लौटते समय राजा गंगाके तटपर डेरा डालता है। सुलोचनाको वहीं छोड़कर जयकुमार साकेत जाकर भरतसे भेंट करता है। सुलोचनाके हाथीको मगर पकड़ लेता है। वनदेवी उसका उद्धार करती हुई अपने पूर्वभवका परिचय देती है कि वह विन्ध्याचलके राजा विन्ध्यकेतुकी पत्नी प्रियंगुश्री-की पुत्री विन्ध्यश्री है, जिसे पिताने कलाएँ सिखानेके लिए तुम्हारे पास सौंप दिया था और एक दिन वनमें साँपके काटनेपर तुमने णमोकार मन्त्र सुनाया था। वह कालीका भी पूर्वभव ( नागिन ) सुनाती है। घर आकर विद्याधरकी जोड़ी देखकर दोनों मूच्छित हो जाते हैं। होश आनेपर सुलोचना पूर्वभवका कथन करती है जो इस प्रकार है :

शोभापुरके राजा प्रजापालका सामन्त शक्तिषेण था। उसकी पत्नी अटवीश्री थी। दोनों एक बालकको पालते हैं ( जिसे सौतेली माँके व्यवहारके कारण घरसे निकाल दिया गया था ) शक्तिषेण अनागार वेलावती

था। शक्तिषेण दम्पति पालितपुत्र सत्यदेवके साथ ससुराल जाते हुए सर्पसरोवरके तटपर ठहरते हैं। मृणालवती नगरीके सेठ सुकेतुका पुत्र भवदेव दुष्ट था। वह अवधि देकर बाहर जाता है। श्रीदत्त और विमलश्री अपनी कन्या रतिवेगाका विवाह अशोकदत्त और जिनदत्ताके पुत्र सुकान्तसे कर देते हैं। भवदेव इतनेमें लौट आता है और वह नवदम्पतिका पीछा करता है। सुकान्त और रतिवेगा भागकर जंगलमें शक्तिषेणकी शरण लेते हैं। वह उनकी रक्षा करता है। इस बीच सार्थवाह मेरुदत्त वहाँ ठहरता है। शक्तिषेण वहाँ दो चारणयुगल मुनियोंको आहार देता है। मेरुदत्त निदान करता है—शक्तिषेण अगले जन्ममें मेरा पुत्र हो। भूतार्थ अपने पुत्र सत्यदेवको लेने आता है परन्तु वह नहीं जाता। पिता संन्यास ग्रहण कर लेता है। शक्तिषेणने नवदम्पतिको सेठ सुदत्तको सौंपा कि वह इसे राजाके पास रख दे। परन्तु शक्तिषेण शीघ्र ससुरालसे लौट आया। शक्तिषेणने सुकान्त दम्पतिको बसा दिया। भवदेव दोनोंको जला देता है। वे नगरसेठके घरमें कबूतर होते हैं और पूर्वजन्मकी कथा कहते हैं। मेरुदत्त मरकर कुबेरमित्र नामका वणिक् हुआ। धारिणी सेठानी हुई। सुकान्त दम्पतिने इन्हींके घर जन्म लिया। कबूतरी सुलोचना थी और जयकुमार कबूतर (क्रमशः रतिसेना और रतिवेग)। शक्तिषेण कुबेरमित्रका पुत्र हुआ कुबेरकान्तके नामसे। पूर्वजन्मकी अटवीश्री सेठ सागरदत्तकी कन्या हुई प्रियदत्ताके नामसे। कुबेरकान्त और प्रियदत्ताका विवाह। वे दोनों चारणयुगल मुनिको आहार देते हैं, कबूतर-कबूतरी अपना पूर्वपरिचय देते हैं। प्रियदत्ता तपस्या ग्रहण करती है, कबूतर-कबूतरीको बिलाव खा लेता है। कबूतर (रतिवेग) विद्याधर पुत्र हिरण्यवर्माके नामसे उत्पन्न हुआ, और दूसरी, रतिसेना कबूतरी प्रभावतीके नामसे उत्पन्न हुई। हिरण्यवर्मा नन्दनवनमें कबूतरका जोड़ा देखकर अपनी पूर्वजन्म-कथा लिख देता है। प्रभावती विरहसे पीड़ित हो उठी। स्वयंवरके बजाय दोनोंका विवाह। धान्यमालक वनमें भ्रमण करते हुए सर्पसरोवरके चिह्न देखकर हिरण्यवर्मा विरक्त हो गया। प्रभावतीने भी दीक्षा ले ली। आगे चलकर ये जयकुमार और सुलोचनाके रूपमें उत्पन्न हुए।

जयकुमारके दीक्षा ग्रहण करने पर सुलोचना भी उसी मार्गपर जानेका आग्रह पूर्वजन्म परम्पराके उल्लेखके साथ करती है :

जइयहुं वणिवरकुलि वणि वराइं। रिउ भइयइं छड्डिय मंदिराइं॥
कय कम्म-पहावें विणडियाइं। णासंतइं काणणि णिवडियाइं॥
पिय कंतइ सहुं सुहि हिययवेणु। जइयहुं सरि मिलियउ सत्तिसेणु॥
जइयहुं मुणिवेज्जावच्चु कियउ। हिय उल्लउं काइं वि धम्मि थियउ॥
जइयहुं जायइं पारावयाइं। लइयइं दोहिं वि सावय वयाइं॥
जइयइं उप्पण्णइं खेयराइं। लीलालंबिय विउलंबराइं॥
रिसि दंसणेण विभिय म णाइं। जइयहुं सुराइं बिण्णि वि जणाइं॥
तइयहुं लग्गिवि बहु पइ णिकलु। भो तुज्झु चरित्तु वि सहु चरित्तु॥

इन पंक्तियोंमें वणिककुल (सुकान्त-रतिवेगा) से लेकर जय-सुलोचनाके जन्मोंके कथनके बाद सुलोचना इस निष्कर्षपर पहुँचती है कि हम दोनों वर-वधूकी भूमिकाका निर्वाह करते रहे हैं। तुम्हारा-मेरा चरित्र एक है। और इसलिए प्रिय यदि विरक्तिके मार्गपर जाता है तो वह भी जायेगी। विकारके अवलोकन छोड़ती हुई सुलोचना तपश्चरण अंगीकार कर लेती है। जन्म-जन्मान्तरोंमें फैली हुई, आत्माको कसनेवाली रागचेतनासे कटकर 'आत्मसत्य' की अनुभूतिके पथपर चल देती है।

महावीर जयन्ती
६–४–७१

—देवेन्द्रकुमार जैन

कारणं मच्चुणो किं जणो कंखए
होइ सत्थं सिरीसं पि आउक्खए ।

26/1

क्या मनुष्य मृत्युका कारण चाहता है ? आयुके क्षय होनेपर शिरीष भी हथियार हो जाता है ।

अरहंतु सरंतहं होइ धम्मु
मा मोहें तुहुं संचहि दुकम्मु ।

37/24

अरहन्तका स्मरण करनेवालोंको धर्म होता है। मोहसे तुम पाप कर्मका संचय मत करो ।

# विषय-सूची


सन्धि १९ .... १–१५

( १ ) भरत दानके बारेमें सोचता है। ( २ ) कंजूस व्यक्तिकी निन्दा। ( ३ ) गुणी व्यक्ति कौन। ( ४ ) राजाओंको बुलाया गया। ब्राह्मण वर्णकी स्थापना। ( ५) ब्राह्मणोंके बाद क्षत्रिय वर्णकी स्थापना। ( ६–७ ) ब्राह्मणकी परिभाषा। ब्राह्मणोंको दान। ( ८ ) अशुभ स्वप्नावलीका दर्शन। ( ९ )। भरत द्वारा ऋषभ जिनके दर्शन और अशुभ स्वप्नका फल पूछना। ( १० ) ऋषभ जिन द्वारा ब्राह्मणोंकी आलोचना। ( ११ ) भविष्य कथन। ( १२ ) अशुभ स्वप्न फल कथन। ( १३ ) भविष्य कथन।

सन्धि २० ... १६–४१

( १ ) पुराणकी परिभाषा। ( २ ) शिवके कर्तृत्वका खण्डन। ( ३–४ ) लोकका वर्णन। ( ५ ) विजयार्ध पर्वतका वर्णन। ( ६–७ ) अलकापुरीका वर्णन। ( ८ ) राजा अतिबलका वर्णन। ( ९ ) रानी मनोहराका वर्णन। ( १० ) राजा अतिबलकी दीक्षा। ( ११ ) पुत्र महाबलको गद्दी और उपदेश। ( १२ ) राजा महाबल और उसके मन्त्री। ( १३ ) स्वयंबुद्धका उपदेश। ( १४ ) इन्द्रियसुखकी निन्दा। ( १५ ) विषय-सुखकी निन्दा। ( १६ ) स्वयंबुद्धका उपदेश जारी रहता है। ( १७ ) मन्त्री महाभूत द्वारा चार्वाक मतका समर्थन। ( १८ ) स्वयंबुद्धि द्वारा खण्डन। ( १९ ) क्षणिकवादीका खण्डन। ( २० ) सियार और मछलीका उदाहरण। ( २१ ) जिनकथनका समर्थन। पूर्वज अरविन्द और उसके पुत्र हरिचन्द्र और कुरुविन्दका उल्लेख। ( २२ ) पिता अरविन्दको दाहज्वर। ( २३ ) अरविन्द रक्तसरोवर बनवानेके लिए कहता है। ( २४ ) कृत्रिम रक्तसरोवरमें राजाका स्नान। राजाका क्रोध। उसने छुरीसे पुत्रको मारना चाहा, परन्तु उसपर गिरकर स्वयं मर गया।

सन्धि २१ ... ४२–५७

( १ ) स्वयंबुद्धि महाबलको सहारा देता है। मन्त्री द्वारा पूर्वजोंका कथन। ( २ ) राजाके चित्तकी शान्ति। सुमेरु पर्वतका वर्णन। ( ३ ) चारण मुनियोंका आगमन। उनका वर्णन। ( ४ ) मुनियोंका उपदेश। राजाके दसवें भवमें तीर्थंकर होनेका उपदेश। ( ५ ) राजा जयवर्माने ( जो महाबलका बड़ा पुत्र था ) भी छोटे भाईको राज्य देनेके कारण संन्यास ले लिया। ( ६ ) वनमें जाकर तपस्या करना। वनका वर्णन। ( ७ ) मुनि जयवर्माका निदान। ( ८ ) साँपके काटनेसे मृत्यु। अलकापुरीमें मनोहराका पुत्र। ( ९ ) स्वयंबुद्धका राजाको समझाना। ( १० ) स्वयंबुद्ध महाबलसे कहता है कि मुनिका कहा झूठ नहीं हो सकता। ( ११ ) महाबल द्वारा स्वयंबुद्धकी प्रशंसा। ( १२ ) जिनवरको

पूजा-वन्दना। संल्लेखनासे मरण। (१३) महाबलका देवकुलमें उत्पन्न होना। अवधि-ज्ञानसे वह सारी बात जान लेता है।

सन्धि २२ ... ५८–८१

(१) ललितांग देवकी मालाका मुरझाना। उसकी चिन्ता। (२) धर्माचरण। (३) पुष्कलावतीके उत्पलखेड़ नगरमें, राजा वज्रबाहुके यहाँ, ललितांग, वज्रजंघ नामका पुत्र हुआ। (४) पुत्र दिन दूना रात चौगुना बढ़ता है। देवी स्वयंप्रभाका विलाप। वह पुण्डरी-किणीमें। (५) नगरीका वर्णन। (६) श्रीमती नामकी कन्या हुई। (७) ललितांगका स्मरण। वियोग। (८) उसने सब कुछ छोड़ दिया। पिताका समझाना। (९) पूर्वजन्मके वर ललितांगकी याद। पिताका यशोधरके केवलज्ञान-समारोहमें जाना। (१०) यशोधरका वर्णन। राजाको पूर्वभवकी याद आती है। (११) घर आकर अपनी कन्या-को समझाता है और पूर्वभवका कथन करता है। (१२) धाय पुत्रीका मर्म पूछती है। (१३) गन्धिलल देशके मुलग्रामका वर्णन। नागदत्त वणिक्। उसके कई पुत्र पुत्रियाँ थीं। अन्तिम कन्या निर्नामिका। (१४) सिरपर लकड़ियोंका गट्ठा रखे हुए वह जैन मुनिके दर्शनका योग पाती है। (१५) मुनिको नमस्कार किया। (१६) मुनि पिहितास्रव द्वारा पूर्वभव कथन। (१७) जैनधर्मका उपदेश। (१८) उपवासका विधान। (१९) मुनिनिन्दाका फल। (२०) निर्नामिका घर आती है। मरकर स्वर्गमें स्वयंप्रभा नामकी देवी उत्पन्न हुई।

सन्धि २३ .... ८२–१०९

(१) धायका श्रीमतीका चित्रपट लेकर जाना। (२) चित्रपट देखकर विभिन्न राजकुमारोंकी प्रतिक्रिया। (३–१५) पिताका विजययात्रासे लौटकर अपनी पुत्रीको आश्वासन देना और अपना पूर्वभव कथन। (१६) दार्शनिक विवेचन। (१७–२१) पूर्वभव कथन।

सन्धि २४ .... ११०–१२५

(१) पिता श्रीमतीसे कहता है कि आज उसका भावी ससुर आनेवाला है। धायका आगमन। (२–३) भावी वरका वर्णन। (४–५) वरका चित्रपटको देखकर पूर्वभवका स्मरण। (६) धाय और वरको बातचीतका विवरण। (७) वरकी कामपीड़ाका वर्णन। (८) पिता वज्रबाहुका पुत्रको समझाना। (९) वज्रबाहुका पुण्डरीकिणी नगर जाना। पुत्रको देखकर नगर-वनिताओंकी प्रतिक्रिया। (१०) प्रतिक्रिया। (११) राजा द्वारा वज्रबाहुका स्वागत। वज्रबाहु अपने पुत्र वज्रजंघके लिए श्रीमती माँगता है। (१२) विवाह मण्डप। (१३) विवाह। (१४) दहेजका वर्णन।

सन्धि २५ ... १२६–१५१

(१) रतिक्रीड़ाका वर्णन। (२) वज्रबाहु और वज्रजंघका प्रस्थान। (३) वरवधूका निवास। वज्रबाहुका दीक्षा ग्रहण करना। (४) वज्रजंघकी विरक्ति होना। वह कमलमें मृत भ्रमर देखता है। (५) राजाका विरक्ति चिन्तन। (६) पुत्र अमिततेजको राजपाट सौंपनेका प्रस्ताव। (७) पुत्रकी अस्वीकृति। (८) रानीका परिताप। (९) रानी

लक्ष्मीवतीका चिन्तन। उसका वज्रजंघको लेख भेजना। ( १० ) वज्रजंघका पत्र पढ़ना। ( ११ ) वज्रजंघका प्रस्थान। ( १२ ) वनमें मुनियोंको आहारदान। ( १३ ) पूर्वभवका स्मरण। ( १४–२० ) पूर्वभव कथन। ( २१ ) हलवाईका आख्यान। ( २२ ) वज्रजंघका पुण्डरीकिणी पहुँचना। बहनका राज्य संभालना।

सन्धि २६ ... १५२–१७३

( १ ) श्रीमती और उसके पतिका निधन। ( २ ) उत्तर कुरुभूमिमें जन्म। ( ३ ) कुरुभूमिका वर्णन। ( ४ ) दोनोंका सुखमय जीवन। ( ५ ) शार्दूल आदिका कुरुभूमिमें जन्म लेना। ( ६ ) पूर्वभव कथन। ( ७ ) वेदका अर्थ। ( ८ ) सच्चे गुरुकी पहचान। ( ९ ) तत्त्वोंका कथन। शार्दूल आदिके जीवोंको सम्बोधन। ( १० ) मुनियोंका आकाश मार्गसे जाना। व्याघ्र आदिका स्वर्गमें जाना। ( ११ ) पूर्वभव कथन। ( १२–१८ ) सम्भिन्नमति आदिके पूर्वभवका कथन।

सन्धि २७ ... १७४–१८९

( १ ) आयुके क्षीण होनेका वर्णन। ( २ ) पूर्वभवका कथन। ( ३ ) लौकान्तिक देवोंका वज्रसेनको प्रबोध देना। ( ४ ) पूर्वभव वर्णन। ( ५ ) वज्रनाभिके तपका वर्णन। ( ६ ) ऋद्धियोंकी प्राप्ति। वज्रनाभिका अहमिन्द्र होना। ( ७ ) अवधिज्ञानसे पूर्वभवका ज्ञान। ( ८–१० ) पूर्वभव कथन। ( ११ ) पूर्वभव कथन और भरतका प्रश्न। ( १२ ) ऋषभ द्वारा भावी तीर्थंकरों और चक्रवर्ती आदि की पूर्व घोषणा। ( १३ ) भविष्य कथन। ( १४ ) भरत द्वारा ऋषभ जिनकी स्तुति।

सन्धि २८ ... १९०–२३१

( १ ) भरत द्वारा शान्तिकर्मका विधान। राजाके आचरणका कथन। ( २ ) भरतका आत्मचिन्तन। ( ३ ) राजनीतिविज्ञानका कथन। ( ४ ) भरतकी दिनचर्या। ( ५ ) राजाका कथन। ( ६ ) कुमुनिकी संगतिका परिणाम। ( ७ ) धर्म कथन। ( ८ ) प्रजाके धर्म और न्यायकी रक्षा। ( ९ ) सोमवंशीय राजा श्रेयांसके पूर्वभवका कथन। ( १० ) दीवड़ जातिके नाग और नागिनकी कथा। ( ११ ) जयकुमारसे द्वारपालकी भेंट। राजा अकम्पनकी रानी सुप्रभाका वर्णन। ( १२ ) सुप्रभाके सौन्दर्यका वर्णन। उसकी कन्या सुलोचना। ( १३ ) उसके सौन्दर्यका चित्रण। वसन्तका आगमन। ( १४ ) वसन्तका चित्रण। ( १५ ) कन्याका ऋतुमती होना। राजाकी चिन्ता। स्वयंवरकी रचना। ( १६ ) सुलोचनाका स्वयंवरमें प्रवेश। ( १७–१८ ) राजाओंकी प्रतिक्रिया। ( १९ ) सारथिका जयकुमारकी ओर रथ हाँकना। ( २० ) जयकुमारके गलेमें वरमाला डालना। ( २१ ) भरतपुत्र अर्ककीर्तिका आक्रोश। ( २२ ) नीति कथन। ( २३ ) युद्धके नगाड़ोंका बजना। ( २४ ) योद्धाओंका झपट। ( २५–२६ ) युद्धका वर्णन। ( २७ ) घमासान युद्ध। ( २८ ) धनुषका आस्फालन। ( २९ ) हाथियों और घोड़ोंमें भगदड़। ( ३० ) तीरोंका तुमुल युद्ध। ( ३१ ) अर्ककीर्तिकी गर्वोक्ति। ( ३२ ) जयकुमारको चुनौती। गजोंका आहत होना। ( ३३ ) युद्धभूमिका वर्णन। रात्रिमें युद्ध करनेसे मना करना। ( ३४ ) स्त्रियोंकी प्रतिक्रिया। ( ३५ ) प्रातःकाल युद्धका वर्णन। ( ३६ ) जयकुमारके युद्ध कौशलकी प्रशंसा। ( ३७ ) सुलोचनाकी प्रतिज्ञा। अर्ककीर्तिका पकड़ा जाना।

सन्धि २९ ... २३२-२५९

(१) अर्ककीर्तिका आत्मचिन्तन। (२) भरतको प्रताड़ना। (३) अकम्पन भरतसे क्षमा याचना करता है, भरतका नीति कथन। (४) जयकुमार द्वारा ससुरकी प्रशंसा। (५) पुत्रीकी विदाई। (६) गंगातटपर पड़ाव और जयकुमारका भरतसे आकर मिलना। (७) जयकुमारकी भरत द्वारा विदाई। (८) मगरका हाथीको पकड़ना। देवी द्वारा सुलोचनाकी रक्षा। (९) देवी द्वारा पूर्वभव कथन। (१०) नागिनकी कथा। (११) गंगा देवी द्वारा सुलोचनाकी स्तुति। विद्याधर जोड़ी देखकर जयकुमारको पूर्वभव स्मरणसे मूर्च्छा। (१२) सुलोचना द्वारा पूर्वभव कथन। (१३) पूर्वभव कथन। शक्तिषेण और सत्यदेवकी कथा। (१४-१५) पूर्वभव कथन। (१६) धनेश्वरका डेरा डालना। दो चारण मुनियोंको आहारदान। (१७) मेरुदत्तका निदान। (१८) मुनि द्वारा पूर्वभव कथन। (१९) भूतार्थ और सत्यदेवका परिचय। सत्यदेव घर वापस नहीं आता। (२०) शक्तिषेण, नवदम्पतिको सेठको सौंपता है, परन्तु शक्तिषेण शोभापुरमें आकर उसे आश्रय देता है। (२१) भवदेव सत्यदेव दम्पतिको आगमें जला देता है। वे सेठके घरमें कबूतर-कबूतरी हुए। वे पूर्वभवका कथन करते हैं। (२२-२५) पूर्वभव कथन। (२६) बूढ़े मन्त्री कुबेरमित्रका उपहास। (२७) वापिकाके पानीका लाल रंग होनेका कारण। (२८) सुलोचना कथा कहना जारी रखती है।

सन्धि ३० ... २६०-२८३

वह महाबल मरकर अत्यन्त महान् और अन्धकारको नष्ट करनेवाले मणिमय संपुट निलयमें मेघकुलमें उत्पन्न हुआ मानो मेघसमूहमें विद्युत्समूह उत्पन्न हुआ हो। वह दिव्य ललितांग देव हुआ, ललित अंग धारण करनेवाला मानो कामदेव हो। वैक्रियक नेत्रोंसे सुहावना, स्वर्णकी दीप्तिका तिरस्कार करनेवाला। दो घड़ीमें ही उसने सुरवनिताओंको रंजित कर दिया, जैसा उसका शरीर था वैसी ही उसकी यौवनश्री उत्पन्न हुई थी। और पुण्यके कारण यह भी हुआ, पैरोंके साथ उसके नूपुर भी गढ़ दिये गये, हाथके साथ मणि विजड़ित कंगन और सिरके साथ मुकुट भी प्रगट हो गया। मुकुटके साथ कुसुममाला भी चढ़ गयी और कण्ठके साथ श्वेत हारावली। वक्षके साथ पवित्र ब्रह्मसूत्र। और कटितलके साथ चंचल कटिसूत्र। इस प्रकार उसके जन्मविलासको प्रकाशित करनेवाले वस्त्र और भूषण साथ-साथ उत्पन्न हुए। उसके नेत्रोंके साथ अपलक दर्शन था, मैं उसके लावण्यका क्या वर्णन करूँ?

घत्ता—उसके न रोम थे न हड्डियाँ और चमड़ा, न तिल? और न मुँहमें मूँछें। घनोंसे निर्मित कंचनप्रतिमाके समान उसकी देह प्रकाशित थी ॥१३॥

१४

शीघ्र ही वह देव, अपने बाहुओं और सिरपर दृष्टि डालता हुआ गर्भगृहमें बैठ गया। तब गम्भीर स्वरमें दुन्दुभि बज उठी। और देवता 'जय-जय' शब्दके साथ दौड़े। कल्पवृक्षोंने कुसुम-वृष्टि की, देवांगनासमूहने सरस नृत्य किया। ये कौन हैं, मैं कौन हूँ, यह कौन-सा घर है? वह अपने पैर हाथ और उर देखता है? सन्तुष्ट होकर वह जैसे ही याद करता है कि उसके मनमें अवधिज्ञान फैलने लगता है। उसने जान लिया कि उसने स्वयंबुद्धिके द्वारा प्रेरित संन्यास मनुष्य जन्ममें किया था। उसे उठाकर सिंहासनपर स्थापित कर दिया गया, और देवोंने उसका अभिषेक किया। उसने भी काम और कषायोंसे रहित परमेश्वर जिनकी पूजा की। उरसे अपने पीन स्तनों-को प्रेरित करनेवाली चालीस सौ अप्सराएँ उसके पास थीं। नक्षत्रोंकी कान्तिके समान नखोंवाली

चिरभवपरिपालियसुद्धवय कणयलय सुहासिणि विज्जुंलय[९] ।
सो एयहिं सहुं[१०] सुंहुं तहिं वसइ पॅक्कें पक्खेण समूससइ ।
घत्ता—सुहसाउ परु[११] परमाउ जलहिमाणविरथरियए[१२] ॥
सो जीवइ पॅकंसु[१३] जेमइ वरिससहासें भरियएण ॥१४॥

१५

सो रयणिउ सत्त समुच्छियउ सुहकारि ण केण णियच्छियउ[१] ।
तहु पञ्मपुंहुसाउसि[२] वणिय मालूरपीणपीवरथणिय ।
कालेण चिरंतण अवहरिय अण्णेक्क सयंपह अवयरिय ।
तहिं अहरुल्लइ कामेण रसु तहिं दिट्ठिसियत्तणि णिययजसु ।
तहिं णाहिदेसि गहिरत्तणउं तहिं भउंहाजुइ कुडिलत्तणउं ।
तहिं थणजुयलइ कढिणत्तणउं सेण जि संणिहियउं अप्पणउं ।
मंदरकंदरि कीलियखयरे कुंडलरुजगहिगुहाविवरे ।
तहिं तणुपवियारें गय दिवस तहु ललियंगहु रइरमणवस ।
घत्ता—भरहाहिव णिसुणि महाणिव रिसिहिं[३] पुराणहिं[४] वज्जरिए[५] ॥
गयकालइ अइअसरालइ पुप्फयंतगइसंभरिएं[६] ॥१५॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे महाबलसंणासमरणं[७] ललियंगुप्पत्ती णाम एक्कवीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥२१॥
संधि ॥२१॥

९. M विज्जुलिय । १०. MBP सहुं तहिं । ११. MB थिए; P थियउ । १२. MBP °वित्थरियएण ।
१३. M एवंकुसु ।
१५. १. B नमिच्छियउ । २. MBP °पहुत्ताउस घणिय । ३. T*p* रिसहु । ४. MB पुराणइं; P पुराणिहिं ।
५. MBP वज्जरिय; T वज्जरइ । ६. MBP °संभरिय; T संभरइ । ७. MBPK संणासणं ।

महादेवी स्वयंप्रभा और कनकप्रभा थीं। पूर्वभवमें शुद्धव्रतोंका पालन करनेवाली कनकलता, सुभाषिणी और विद्युल्लता। वह इनके साथ सुखसे वहाँ रहता है, और एक पक्षमें साँस लेता है।

घत्ता—शुभरवाहवाला श्रेष्ठ एक सागरकी श्रेष्ठ आयुवाला। एक हजार वर्ष बीतनेपर एक बार खाता है और जीवित रहता है ॥१४॥

१५

वह सात हाथ ऊँचा। शुभ करनेवाला वह किसके द्वारा नहीं चाहा गया? उसकी एक पल्य आयुवाली पत्नी है जो बेलके समान पीन स्तनोंवाली है, जो बहुत समयके बाद उसे मिली, एक और स्वयंप्रभा अवतरित हुई। कामदेवने उसके ओठोंमें रस, दृष्टिकी श्वेततामें अपना यश, उसके नाभिदेशमें अपनी गम्भीरता, उसकी दोनों भौंहोंमें कुटिलता, स्तनयुगलोंमें कठिनता, इस प्रकार अपनेको स्थापित कर लिया। जिसमें विद्याधर क्रीड़ा करते हैं, ऐसी मन्दिरकी गुफाओं, कुण्डलगिरिके विवरमें, उस ललितांग देवके रतिक्रीड़ा और शारीरिकभोगमें दिन बीत गये।

घत्ता—गौतम गणधर कहते हैं कि हे श्रेणिक महानृप, सुनो पुराने ऋषियों द्वारा कहे गये पुराणको बहुत समय बीत जाने पर, पुष्पदन्त तीर्थंकरको गति याद आती है ॥१५॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुण अलंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त
द्वारा विरचित और महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका
महासंन्यास मरण और ललितांग-उत्पत्ति नामका
इक्कीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥२१॥

# संधि २२

सज्जणमणसंताविरइं रइसुहवारणाइं दुप्पेच्छइं ॥
दिट्ठइं दुक्कियदुमहलइं ललियंगेण मरणचिण्हइं ॥ ध्रुवकं ॥

१

दुद्धरखयकालें पडिपेल्लिउ दिट्ठउ कुसुमदामु ओहल्लिउ ।
भउ देवंगवत्थु दरमइलिउ दिट्ठउ अंगु किं पि मलकलिउ ।
परिवड्ढिउ भोएसु विरायउ आहरणोहु दिट्ठु णित्तेयउ ।
परियणु सोयविरसु जंपंतउ दिट्ठउ सुरतरुवणु कंपंतउ ।
मोहियमणु माणिणिउ णिरिक्खइ जा सो माणसदुक्खें सुक्खइ ।
ता तियसगुरु को वि तहिं भासइ णियइणिओएं सव्वु वि णासइ ।
भो ललियंग पमेल्लहिं भयजरु तिहुयणि णत्थि को वि अजरामरु ।
सुयरहिं जं सइंबुद्धें सिट्ठउ जसु सेवाहलु एत्थु जि दिट्ठउ ।
तं जिणपायपोमु सब्भावें जेण विमुच्चहि भवकयपावें ।
दुल्लेसाइं णरत्तणहाणिहिं मा पडिहीसि वप्प मिगजोणिहिं ।
संसारंघिवमूलुम्मूलइं मो होहिंति दूरि पसीलइं ।

घत्ता—जायइं पुणु वि पणट्ठाइं रंगणडा इव भावविचित्तइं ॥
मेल्लिवि सासयसिद्धिसिरि दुल्लहाइं णउ होंति सुरत्तइं ॥१॥

२

ता ललियंगें तं आयण्णिवि वारवार णियहियवइ मण्णिवि ।
तित्थइं जाइवि सुहतित्थंकरु चंपएहिं पयं परमसुहंकरु ।
कुवलएहिं कुवलयउद्धारणु कुंदहिं कुंददसणु सुहकारणु ।

---

MBP give, at the commencement of this Samdhi, the following stanza:—

मदकरिदलितकुम्भमुक्ताफलकरभरभासुरानना
मृगपतिनादरेण यस्या धृतमनघमनर्घमासनम् ।
निर्मलतरपवित्रभूषणगणभूषितवपुरदारुणा
भारतमल्ल सास्तु देवी तव बहुविधमम्बिका मुदे ॥

GK do not give it.

१. १. MB °दाम । २. MB °वत्थ । ३. MBP दरमलियउ । ४. MBP °कलियउ । ५. M परियड्ढिय; B परिवड्ढिय । ६. P दुक्खइ । ७. MBP को वि णत्थि । ८. M सुम्वरहिं; BP सुमरहिं । ९. MBP जेण जि मुच्चहि भवभयपावें । १०. MBPT मिग । ११. MBP मा हो होंति । १२. MBP पयसीलइं; K द्रयसीलइं । १३. MB सासयरिद्धि ।

२. १. MBP °तित्थंकर । २. M पव; B पर । ३. BP °सुहंकर ।

# सन्धि २२

सज्जनोंके मनको सन्ताप देनेवाले रतिसुखका निवारण करनेवाले दुर्दर्शनीय, पापरूपी वृक्षके फलों, मरणरूपी चिह्नोंको ललितांगने देखा।

१

दुर्धर क्षयकालसे आहत, मुरझायी हुई माला उसने देखी। कोमल देवांग वस्त्र कुछ मैले हो गये, उसका शरीर मलसे काला हो गया। उसका भोगोंमें वैराग्य बढ़ गया। आभरणोंका समूह निस्तेज हो गया। शोकसे खिन्न रोता हुआ परिजन और काँपते हुए कल्पवृक्ष उसे दिखाई दिये। मोहित मन वह जैसे ही मानिनीको देखता है वह मानसिक दुःखसे सूखने लगता है। उस अवसर-पर कोई देवगुरु उससे कहता है—"नियतिके वियोगसे इन्द्र भी नाशको प्राप्त होता है। हे ललितांग देव, भयज्वर छोड़ दो। त्रिभुवनमें अजर और अमर कोई नहीं है। जैसा कि स्वयंबुद्धने कहा था, यहाँ भी जिसका सेवाफल दिखाई देता है, उन जिनचरणोंकी सद्भावसे याद करो जिससे संसारमें किये गये पापसे मुक्त हो सको। हे सुभट, खोटी लेश्यासे मनुष्यत्वकी हानि करनेवाली पशुयोनिमें मत पड़ो। संसाररूपी वृक्षकी जड़ोंको नष्ट करनेवाले व्रत और शील तुमसे दूर न हों।

घत्ता—भावकी विचित्रताएँ रंगनटकी तरह उत्पन्न होती हैं और फिर नष्ट हो जाती हैं, शाश्वत मोक्षलक्ष्मीको छोड़कर सुरति चेतनाएँ ( कृतिभावनाएँ ) दुर्लभ नहीं होतीं ( अर्थात् उन्हें पाना आसन है ) ॥१॥

२

ललितांग उन शब्दोंको सुनकर और बार-बार अपने मनमें मानकर तथा तीर्थोंमें जाकर शुभ तीर्थंकर और परमशुभ करनेवाले चरणोंके चम्पकपुष्पोंसे, कुवलय ( पृथ्वीमण्डल ) का

सेंदूरेंहिं दूरुज्झियवम्महु　　मंदारहिं दारासाणिम्मोहु ।
वासंतहिं वसिल्लु जियविग्गहु　　जूहियाहिं रिसिजूहपरिग्गहु ।
तिलयहिं तिजगतिलउ जो जाणिउ　　सुरहिं ण मेरुहु मेरुहु पहाणिउ ।
बंधूएहिं बंधविद्धंसणु　　बउलहिं अंबउलकेवलदंसणु ।
घणसालहिं सीलसुसलिलघणु　　चंदणेहिं पसमियणिंदणु ।
धूवंहडेहिं णिद्दीहदावउ　　दीवएहिं तेल्लोक्कहु दीवउ ।
मालईहिं मालइयामहिरुहु　　जिणु पुज्जियउ तेण पूयारुहु ।
अच्चुयकप्पजिणालउ जाइवि　　चेईयरुतलि अइयइ झाइवि ।
जीविउ मुक्कउ खणि ललियंगें　　अंगु विलीणउं पुण्णविहंगें ।

घत्ता—जंबूदीवहु मंडणिय मणुयजणाणि चिंतियसुहदाइणि ॥
मेरुहि पुव्वविदेहि थिय णाम पुक्खलावइ जणमेइणि ॥२॥

३

सूरारविंदविंददलवट्टणु　　उप्पलखेयु णाम तहिं पट्टणु ।
साहुद्धरणु जेत्थु णंदणवणि　　णउ णंदंति कहिं मि दीसइ जणि ।
जेत्थु लोउ विणयणोणल्लउ　　उद्धाणणु एक्कु जि करहुल्लउ ।
करि कंकणु बंधणु पइ णेउरु　　अण्णु ण जेत्थु अत्थि दुक्खाउरु ।
खलु तेल्लियघरि णिरु णिण्णेहउ　　अण्णु सव्वु जहिं सुयणु सणेहउ ।
वाहि लिहिय भित्तिहि चित्तयरें　　दीसइ तणुहि ण णरवइरणियरें ।
सरसंधाणु जेत्थु वायरणइ　　णउ परचक्कभीमि रायरणइ ।
जहिं हयवरु हरि णउ णारीयणु　　वंसु जि छिद्दसहिउ णउ पुरयणु ।
कुणहि रसक्खउ णउ विवणीवहि　　अंसिहि अपेउ वारि णउ सरिदहि ।
अंजणु णयणि जेत्थु ण तवोहणि　　णायभंगु गारुडि ण धणंजणि ।
संकरु पहु ण वण्णविहिसंकरु　　दोहउ गोवालु जि णउ किंकरु ।
जहिं कुंजरु भण्णइ मायंगउ　　णउ माणवु कइ वि मायं गउ ।

घत्ता—जणु कलहं सहुं सज्जणेण ण करइ को वि ण विप्पिउ भासइ ॥
जहिं कलहंसहं गइपसरु पंगणि पंगणि वाविहिं दीसइ ॥३॥

४. MBP सिंदूरहिं । ५. P °णिम्मुहु । ६. PT वासंतिहिं । ७. P मेरुहि मेरुहिं । ८. MPK बंधणविद्धंसणु । ९. MB अवियल°; P अविउल°; T अवउल° । १०. P °सुललिय° । ११. धूवडहेहिं । १२. P पुज्जिउ । १३. MBP पुज्जारुहु । १४ MBPK °विहंगें; T °विहगे ।

३. १. M उप्पलु खेडु । २. MB णामें; णामु । ३. T साहुलाभओणल्लउ । ४. M पउ; B पए । ५ P अत्थि जेत्थु । ६. MBP तेल्लियगिहि । ७. B णरवइणियरें । ८. MB परचक्कभीमरायरणइ; P परयक्कें भीम° । ९. MB अंसि अप्पेउ । १०. MBP माणउ कया वि । ११. MBP मंदिरपंगणवाविहि ।

उद्धार करनेवालेकी कुवलय पुष्पोंसे, शुभके कारण और कुन्दके समान दाँतवालेकी कुन्दपुष्पोंसे, कामदेवसे दूर रहनेवाले की सिन्दूरसे, कलत्रकी आशाका नाश करनेवालेकी मन्दार पुष्पोंसे, स्वाधीन और शरीरको जीतनेवालेकी वासन्ती पुष्पों ( अतिमुक्तक ) से, मुनिसमूहका परिग्रह करनेवालेकी जुही पुष्पोंसे; जो तीनों लोकोंमें तिलक ( श्रेष्ठ ) समझे जाते हैं, और जिनका मेरुपर अभिषेक किया जाता है, उनका तिलक पुष्पोंसे, बन्धका नाश करनेवालेका बन्धूक पुष्पोंसे, अशरीरग्राही केवलज्ञानवालेका बकुल पुष्पोंसे, शीलरूपी सुसलिलवालेका कपूरोंसे, आक्रन्दनको शाश्वतरूपसे शान्त करनेवालेका चन्दनोंसे, निधिघटोंको दिखानेवालेका धूपघटोंसे, त्रैलोक्यदीपकका दीपकोंसे, लक्ष्मीरूपी लताके वृक्षका मालती पुष्पोंसे, उसने पवित्र अर्हंत जिनकी पूजा की। और अच्युत कल्प जिनालयमें जाकर चैत्यवृक्षके नीचे यतिवरका ध्यान कर, ललितांगने एक क्षणमें अपने प्राण छोड़ दिये। पुण्यके नष्ट होनेसे उसका शरीर विलीन हो गया।

घत्ता—जम्बूद्वीपका अलंकार मनुष्यकी जननी, चिन्तित शुभको प्रदान करनेवाली, जनभूमि पुष्कलावती नामकी नगरी सुमेरुपर्वतके पूर्व विदेहमें है ॥२॥

३

उसमें क्रूर शत्रुसमूहको नष्ट करनेवाला उत्पलखेट नामका नगर है। जहाँ शाखाओंका उद्धरण केवल नन्दनवनमें है, आनन्दसे रहनेवाले वहाँके लोगोंमें उद्धारकी आवश्यकता नहीं है। जहाँ लोग विनयसे नम्रमुख रहते हैं, वहाँ केवल ऊँट ही अपना मुख ऊँचा रखनेवाला है। जहाँ हाथमें कंगन और पैरोंमें नूपुर बाँधा जाता है, वहाँ और कोई दुःखसे व्याकुल नहीं है। जहाँ तेली-के घरमें बिना स्नेहके खल देखे जाते हैं, और सब लोग सुजन सस्नेही हैं। जहाँ व्याधि चित्रकारों द्वारा दीवालोंपर लिखी जाती है, नरसमूहके द्वारा शरीरमें कोई बीमारी नहीं देखी जाती। जहाँ व्याकरणमें ही सर सन्धान (स्वर सन्धि) देखा जाता है शत्रुके लिए भयंकर राजयुद्धमें सरसन्धान नहीं देखा जाता। जहाँ हरि ( अश्व ) हयवर है, वहाँ नारीगण हतवर नहीं हैं। जहाँ बाँस छिद्रसहित है, वहाँके लोग छिद्र सहित नहीं हैं। जहाँ कुनटमें रसका क्षय है, बाजारमार्गोंमें रस-क्षय नहीं है। जहाँ तलवारोंका ही पानी अपेय है, वहाँके सरोवरों और नदियोंका पानी अपेय नहीं है। जहाँ अंजन नेत्रोंमें है, वहाँके तपस्वियोंमें अंजन ( पाप ) नहीं है। जहाँ णायभंग (नागभंग—न्यायभंग) गारुड़ मन्त्रमें हैं, धनके उपार्जनमें जहाँ न्यायका भंग नहीं है। जहाँ संकर शिव है, वहाँ वर्णव्यवस्थामें संकर नहीं है। जहाँ ग्वाल दोहक ( दूध दुहनेवाले ) हैं, वहाँके अनुचर द्रोही नहीं हैं। जहाँ हाथीको ही मातंग कहा जाता है, वहाँ लोग मायाको प्राप्त नहीं होते।

घत्ता—लोग सज्जनके साथ कलह नहीं करते, कोई भी अप्रिय नहीं बोलता। जहाँ प्रांगण-प्रांगण और वापिकाओंमें कल-हंसोंकी गतिका प्रसार देखा जाता है ॥३॥

४

वज्जबाहु णामें तहिं णरवइ रिद्धिइ जेण परिज्जिउ सुरवइ ।
जासु कित्ति गय दसहिं दियंतहिं आरूढी वरदिक्करिदंतहिं ।
जासु खग्गु वेरंतु वियंभिउ जासु रज्जु ण परेहिं णिसुंभिउ ।
जासु कोसु चाएण पवित्तिउ जेण तिजगु सकुडुंबु वि चिंतिउ ।
जेण गोत्तु धम्मेणुज्जोइउ जेण चित्तु जिणपयजुइ ढोइउ ।
पेम्मसासवासालवसुंधरि तासु देवि णामेण वसुंधरि ।
सग्गहु गब्भवासि अवयरियउ णवमासहिं उयरहु णीसरियउ ।
ताहि तेण जणियउ ललियंगउ णंदणु णं णरवेसु अणंगउ ।
कुडिलहिं केसहिं उज्जुयगत्तउ रहसहिं जंघहिं दीहरणेत्तउ ।
किसमज्झेण थोरभुयजुयलें वियडें कडियलेण वच्छयलें ।
सेसें णाहि सरें गंभीरें छज्जइ सीसें छत्तायारें ।
कोमलपयहिं अकोमलहत्थहिं अवरेहिं मि [10]लक्खणहिं पसत्थहिं ।

घत्ता—लक्खणपुंजु व पुंजियउ एक्कहि विहिणा अकयविहायउ ।।
वज्जंकियकरचरणयलु वज्जजंघु वज्जोवमकायउ ।।४।।

५

सो कुमारु तहिं वड्ढइ जइयहुं णवरीसाणकप्पि ता तइयहुं ।
रुयइ सयंपह पियविरहालस हा ण सुहासि मज्झु सर माणस ।
हा हे सग्गलोय विच्छायउ विणु णाहेण णिरुव्वसु जायउ ।
हा कप्पद्दुम किं फिर फुल्लहि पइमरणे वि कहु णो हुल्लहि ।
हा तुंबरु गाइयउं पहुच्चइ रमणें विणु महु किं पि ण रुच्चइ ।
हा ललियंगदेवु कहिं पेच्छमि हा हे सामि केव कहिं अच्छमि ।
को वारइ भवियव्वु हवंतउ इह देवहु वि कम्मु बलवंतउ ।
एम्व चवंति विमुक्कुच्छाहिय दढधम्में सुरेण संबोहिय ।
तावसघरिणि व मंदरवण्णी मंदरसेलहु मंदरवण्णी ।
गय सउमणससुरासाजिणहरि मुइय सरारिविंबु धारिवि सिरि ।
पुव्वविदेहि तहिं जि सकमलसर णयरि पुंडरिंगिणि पंडुरघर ।

घत्ता—जहिं घरसिहरि णडंतएण घरसिहरोवरि णियडि विलंबिउ ।।
णयजलकणचक्खंतएण सूसिवि मेहु मऊरें चुंबिउ ।।५।।

४. १. MBP परज्जिउ । २. MBP दिसहिं । ३. MB खग्गि वीरत्तु । ४. MB पवत्तिउ । ५. MBP सकुडुंबु व । ६. MBP तहु वल्लह महएवि वसुंधरि । ७. MB उज्जुयगत्तहिं; Pउज्जयगत्तहिं । ८. MBP दीहरणेत्तहिं; ९. MBP थुत्तें । १०. MBP लक्खणेहिं ।

५. १. P तुंबरु । २. MBP ललियंगु देउ । ३. MBT मामि and gloss in T सखि । ४. MBP भवंतउ । ५. P उरि । ६. MB °सरि । ७. M णयर । ८. MB °घरि । ९. P णिवडि ।

४

उसमें वज्रबाहु नामका राजा है, जिसने वैभवमें इन्द्रको मात दे दी है। जिसकी कीर्ति दसों दिगन्तोंमें फैल गयी है और श्रेष्ठ दिग्गजोंपर आरूढ़ है, जिसकी तलवारसे शत्रुका अन्त हो चुका है, जिसका राज्य शत्रुके द्वारा नष्ट नहीं किया जा सकता, जिसका कोश त्यागसे पवित्र है। जिसने त्रिजगकी अपने कुटुम्बके समान चिन्ता की है, जिसने अपने कुलको धर्मसे उद्द्योतित किया है, जिसने अपना चित्त जिन-चरणयुगलमें लगाया है, जो उसकी वसुन्धरा नामकी देवी है, जो प्रेमरूपी धान्यके लिए वर्षायुक्त भूमि है। ( वह ललितांग ) स्वर्गसे उसके गर्भवासमें अवतरित हुआ और नौ माहमें उसके उदरसे बाहर आया। उससे वज्रजंघने ललितांगको पुत्ररूपमें जन्म दिया जो मानो मनुष्यरूपमें कामदेव था। घुँघराले बालोंसे ऋजुक ( सीधा—सरल ) शरीर था। वेगशील जाँघोंसे दीर्घ नेत्रवाला था। क्षीण मध्यभाग, स्थूल भुजयुगल, विशाल कटितल और वक्षःस्थलसे नाभि शोभित है। गम्भीर स्वर, छत्रके आधारस्वरूप शिर, कोमल चरणों और प्रशस्त हाथों तथा दूसरे-दूसरे प्रशस्त लक्षणोंसे जो—

घत्ता—लक्षणोंके समूहको बिना कोई विचार किये विधाताने एक जगह पुंजीभूत कर दिया था। वज्रसे अंकित चरणकमलवाला वज्र समान शरीर वह वज्रजंघ था ॥४॥

५

जब वह कुमार वहाँ बढ़ने लगा, तभी उस केवल ईशान स्वर्गमें, प्रियके विरहसे पीड़ित स्वयंप्रभा विलाप करती है, मुझे मानसरोवर अच्छा नहीं लगता, हा ! हे ! स्वर्गलोक फीका पड़ गया है, स्वामीके बिना मैं परवश हो गयी हूँ। हा कल्पवृक्ष ! तुम क्यों फूलते हो, पतिके मरनेपर कष्ट मुझे छेदे डालता है। हा तुम्बरु ! तुम्हारा गायन पर्याप्त हो चुका है, प्रियके बिना मुझे कुछ भी अच्छा नहीं लगता है। ललितांगको मैं कहाँ देखूँ ? हा, हे स्वामी ! किस प्रकार कहाँ रहूँ। होनेवाली भवितव्यताको कौन टाल सकता है; यह कर्म देवसे भी बलवान् है। मेरुके समान वर्णवाली, तपस्विनी-गृहिणीके समान कुछ-कुछ सुन्दरी मन्दराचल गयी। सौमनस वनकी पूर्वदिशाके जिनमन्दिरमें जिनप्रतिमाको सिरपर धारण कर मर गयी। वहीं पूर्व-विदेहमें कमलों और सरोवरों से युक्त सफेद घरोंवाली पुण्डरीकिणी नगरी है।

घत्ता—जहाँ गृहशिखर पर नृत्य करते हुए तथा नवजलकणोंका आस्वाद करनेवाले मयूरने गृहशिखरोंके ऊपर लटकते हुए मेघोंको चूम लिया ॥५॥

६

णिवेसेण रम्मा णहालग्गहम्मा ।
मुणिदेहिं सोम्मा जिणिंदिट्ठधम्मा ।
धणेणं समिद्धा जसेणं पसिद्धा ।
सुएणं पबुद्धा वएणं विसुद्धा[3] ।
घणारामवंती विसाला वसंती[5] ।
सुपायारदुग्गा कयाणेयमग्गा ।
अणेयाँदुवारा अणेयप्पयारा ।
जणेणं महत्था कएणं कयत्था ।
भएणं विमुक्का सया जा णिरिक्का ।
इमीए पुरीए अमेओ सिरीए ।
महेणं महंतो गुणी वज्जदंतो ।
पहू चक्कवट्टी सुमग्गाणुवट्टी ।
कयंतो व्व दंडी सई तस्स चंडी ।

घत्ता—लच्छि व सोहइ लच्छिमइ तासु विवलि वच्छयलि विलग्गी ॥
अत्ति असंकें कुद्धएण मुक्की भल्लि व हियवइ लग्गी ॥६॥

७

अरिहरिणोहवियारणवाहहु तहि सुंदरिहि तासु णरणाहहु ।
सिरि व सिरिप्पहसुरहरवासिणि चविवि सयंपहतियसविलासिणि ।
सिरिमइ णामें तणुरुह हूई णाइ कुमारहं कामविसूइ ।
पाय सकुंकुम किं तहि वण्णमि वम्महमुद्दावेसु व मण्णमि ।
तंबइं पोमरायकइचोक्खइं रत्तउ किं रावंति ण णक्खइं ।
पेच्छिवि तरुणिजाणुसंधाणइं मुणि वि करंति मयणसंधाणइं ।
ऊरुवाहियालिअंतरि थुउ कासु ण चलइ वप्प मणअंदुउ ।
कासु ण णिप्पासिउ कयकित्तणु सोणीगरुयत्तणि ण गुरुत्तणु ।
मयरद्धयहुयवहधूमावलि रोमावलि तरुणहं हियवावलि ।
णाहिकूउ रइवइरससासणु तिवलिभंगु वयभंगपयासणु ।
थणथड्ढत्तें विउधड्ढत्तणु अयसें णासइ विसेण विसत्तणु ।
वम्महभूमि जासु देही कउ तासु जि कामकुउ थिउ सुहयरु ।

घत्ता—पोप्फलिकंठसमाणहो कंठहु को ण होइ उक्कंठिउ ॥
महुरसु मुद्धहि सिद्धरसु सुइसुवण्णसिद्धियरु परिट्ठिउ ॥७॥

---

६. १. P जिणोदिट्ठ° । २. B omits this foot । ३. MP विबुद्धा । ४. MBP add after this : गुणाणं पवित्ती । ५. MBP add after this : महालेयवंती । ६. MBP सपायार° । ७. MBP अणेयद्दुवारा । ८. B रएणं । ९. P इमेया सिरीए ।

७. १. B °वाहहु । २. MK कियकित्तणु । ३. MBPK सोणीगरुयसे ण । ४. MK गुरुयत्तणु । ५. M reads this line as : अयसें णासइ विसेण विसत्तणु, थणथड्ढत्तें विघड्ढत्तणु । ६. P थिउ । ७. MB कोकिलकंठ°; P कोकिल्लिकंठ° ।

६

जो रचनामें सुन्दर है, जिसके प्रासाद आकाशतलको छूते हैं, जो मुनीन्द्रोंके द्वारा सौम्य है, जिसमें जिनके द्वारा उपदेशित धर्म है, जो धनसे समृद्ध और यशसे प्रसिद्ध है, जो शास्त्रोंसे प्रबुद्ध और व्रतोंसे विशुद्ध है, जो सघन उद्यानोंसे युक्त है और विशाल बस्तीवाला है, जिसमें प्राकार ( परकोटे ) और दुर्ग हैं। जिसमें अनेक मार्ग हैं। जिसमें अनेक प्रकारके कई द्वार हैं। जो जनोंसे महार्थवती है और कृत्योंसे कृतार्थ है, जो भयसे विमुक्त और सदैव चोरोंसे रहित है उस नगरीमें लक्ष्मीसे अप्रमेय महान्‌से महान् गुणी वज्रदन्त नामका चक्रवर्ती राजा है जो सन्मार्गका अनुकरण करनेवाला है। कृतान्तके समान वह दण्ड धारण करता है और उसकी प्रिय पत्नी सती है।

घत्ता—लक्ष्मीवती वह लक्ष्मीके समान उसके विशाल वक्षस्थलपर लगी हुई शोभित है, मानो जैसे क्रुद्ध कामदेवके द्वारा मुक्त भल्लीके समान हृदयमें जा लगी हो ॥६॥

७

शत्रुरूपी हरिणसमूहको विदारणके लिए व्याधाके समान उस राजाका उस सुन्दरीसे श्रीके समान, श्रीप्रभ सुरविमानमें निवास करनेवाली स्वयंप्रभदेवसे विलास करनेवाली ( स्वयंप्रभा ) श्रीमती नामकी कन्या हुई, जो कुमारोंके लिए कामसूचीके समान थी। कुंकुम सहित उसके पैरोंका क्या वर्णन करूँ, मैं उसे कामदेवकी मुद्राका अवतार मानता हूँ। पद्मराग मणियोंकी कान्तिकी तरह चोखे और लाल उसके चरण क्या नक्षत्रोंकी तरह शोभित नहीं होते। उस तरुणीके घुटनोंके जोड़ोंको देखकर मुनि लोग भी कामदेवका सन्धान कर रहे हैं, उसके उररूपी अश्व क्रीड़ास्थलके भीतर गिरी हुई, किसकी बेचारी मनरूपी गेंद नहीं चलने लगती। उसकी करधनीकी गुरुताको देखकर किसका गुरुत्व और यश नष्ट नहीं हुआ। उसकी हृदयावली और रोमावली युवकोंके लिए कामदेवकी अग्निकी धूम्रावली थी। उसका नाभिरूपी कूप रतिरसका शासन था। और त्रिवलिभंग उसकी उम्रके भंगका प्रकाशन था। उसके स्तनोंकी सघनतासे विटोंकी सघनता ( दुष्टता ) अवश्य नष्ट होगी, विषसे विष अवश्य नष्ट होता है। जिसका शरीर कामदेवकी भूमि था, और उसका हाथ शुभ कामकुण्डके रूपमें स्थित था।

घत्ता—पूगफलके कण्ठके समान उसके कण्ठको देखकर कौन उत्कण्ठित नहीं हुआ। उस मुग्धाका मुखरस शुभ सुवर्णकी सिद्धि करनेवाला सिद्धरसके रूपमें प्रतिष्ठित था ॥७॥

८

विहुवण्णहिं णयणहिं कयरायउ रत्तउ एक्कवण्णु जगु जायउ।
कासु ण हित्तउं फिर धुत्तत्तणु भउंहावंकत्तें वंकत्तणु।
अंगोवंगपएसघुलंतहं केसपासु पासु व परचित्तहं।
जाहि रूउ सुरगुरु ण वियक्कइ जा वण्णहुं फणिवइ वि ण सक्कइ।
सा जामच्छइ मउलियणेत्ती सिरिहरि सत्तमभूमिहि सुत्ती।
णिसि ससहरकरहिमलव लेंती सालसु अंगविलासु वहंती।
मणहरवणु जसहरु जिणु आयउ कहिं मि ण मायउ देवणिकायउ।
वीणावंसमउंदणिणद्दहिं णाणाथोत्तविचित्तहुइसद्दहिं।
ता उट्ठिउ कलयलु गहआरउ थियलिउ कण्णहिं णिद्दाभारउ।

घत्ता—सुर जोयंतिहि ताहि तहिं जम्मावरणइं खणि ओसरियइं॥
सग्गभवंतरु संभरिवि थक्कइं मणि ललियंगहु चरियइं॥८॥

९

हा ललियंग देव पभणंती पडिय स महियलि तणु विहुणंती।
मुच्छिय सिंचिय सलिलणिवाएं आसासिय चलचामरवाएं।
उट्ठिय णीससंति अइदीणी दइयविओगवेयविद्दाणी।
वम्महु अट्ठ वि अंगइं तावइ घित्त जलद्द जलइ जणियावइ।
मलयाणिलु पलयाणलु भावइ भूसणु सणु करि बद्धउ णावइ।
जहिं संजायउ चित्तु जि सयदलु तहिं किं किज्जइ सीयलु सयदलु।
ण्हाणु सोयण्हाणु व णउ रुच्चइ वसणु वसणसंणिहु सा सुच्चइ।
असुहाउ व आहारु ण गेण्हइ णंदणवणु पिउवणसमु मण्णइ।
फुल्लु णयणफुल्लु व असुहावउ तंबोलु वि बोलु व कयतावउ।
पुरु जमपुरु व घरु वि अरइयरउ परहुयलविउ महुरु णं महुरउ।
गेयसरु वि णं रिउमुक्कउ सरु सवलहणउं सवलहणु व दिहिहरु।
चंदणु इंधणु विरहहुयासहु ता सेहोहिं थिगणविउ महीसहु।

घत्ता—आवेप्पिणु लच्छीमइइ सह सपियाइ पईहरवाहें॥
पियसुमरणदुहदुम्मणिय दुहिय णिहालिय णरवरणाहें॥९॥

८. १. MP विहुवण्णहि रयणहि; B विहुवण्णहि रयणहि। २. M हित्तइं। ३. MBK केसपास। ४. MBP सुरगुरु वि ण अक्खइ। ५. B समाउच। ६. P °णिणाएहि। ७. B °सुइभद्दहि। ८. M पुव्वभवंतरु।

९. १. MBP पडिय महीयलि। २. MBP °णिहाएं। ३. MBP उट्ठी। ४. MBPK °विओग°। ५. MBP अट्ठइं अंगइं। ६. BP पलयाणिलु। ७. MBP परहुय°। ८. MBP विरह। ९. M महीइ।

८

अनेक रंगोंवाले नेत्रोंसे राग करनेवाला अनुरक्त विश्व उस समय एकरंगका हो गया। भौंहोंकी वक्रतासे उसने किसकी धूर्तता और वक्रताका अपहरण नहीं किया। उसका केशपाश अंगोपांग-प्रदेशोंके निकट आते हुए दूसरोंके चित्तोंके लिए पाशके समान था। जिसके रूपका बृहस्पति भी वर्णन नहीं कर सकता। नागराज भी जिसका वर्णन नहीं कर सकता। वह जब आँखें बन्द किये हुए, श्रीगृहमें सातवीं भूमिपर, चन्द्रकिरणोंसे हिमकणोंको ग्रहण करती हुई अलसाये अंगविलासको धारण करती हुई रात्रिमें सोयी हुई थी कि मनहर उद्यानमें यशोधर नामक जिनवर आये। देवसमूह कहीं भी नहीं समा सका। वीणा-वंश और मृदंगोंके निनादों, नाना स्तोत्रवृत्तोंकी स्तुतिशब्दोंसे भारी कोलाहल उठा। उससे कन्याका निद्राभार खुल गया।

घत्ता—वहाँ देवोंको देखते हुए उसके जन्मावरण एक क्षणके लिए हट गये। स्वर्गके जन्मान्तरोंको याद कर उसके मनमें ललितांगकी लीलाएँ बैठ गयीं ॥८॥

९

हे ललितांग देव! यह कहती हुई, अपना सिर पीटती हुई धरतीपर गिर पड़ी। मूच्छित उसे पानीकी धारासे सींचा गया। चंचल चमरोंकी हवासे आश्वस्त हुई। अत्यन्त दुबली वह निश्वास लेती हुई उठी, प्रियके वियोगकी अनुभूतिसे खिन्न। कामदेव उसके आठों अंगोंको जलाता है। डाला हुआ कष्टकर गीला वस्त्र जलता है, मलयपवन प्रलयानल जान पड़ता है, भूषण हाथमें ऐसा लगता है जैसे सन बँधा हुआ हो। जहाँ चित्तके सौ टुकड़े हो गये हों वहाँ शीतल शतदलसे क्या किया जाये? स्नान शोकस्नानके समान उसे अच्छा नहीं लगता, वस्त्रको वह व्यसनके समान समझती है, प्राणोंके आहारकी तरह वह आहार ग्रहण नहीं करती। नन्दन-वनको वह प्रेतवन समझती है। फूल नेत्रकी फुलीके समान असुहावना लगता है, ताम्बूल भी बोलकी तरह सन्तापदायक है। पुर यमपुरके समान और घर भी अरतिकर है। कोकिलका मधुर आलाप मानो विष है। गीतका स्वर ऐसा लगता है जैसे शत्रुके द्वारा मुक्त तीर हो। चन्दनादिका लेप स्वबल-घातकके समान धैर्य हरण करनेवाला था। चन्दन विरहकी ज्वालाके लिए ईंधन था। सहेलियोंने आकर राजासे निवेदन किया।

घत्ता—(अपनी पत्नी) लक्ष्मीवतीके साथ आकर लम्बी बाँहोंवाले नरवरनाथने प्रियस्मरणसे दुःखित मन कन्याको देखा ॥९॥

१०

सुयरिउ मुद्धइ पुव्विल्लउ वरु किं जाणहुं सुरु किणरु किं णरु ।
इय परिणामपवित्ति णियप्पिवि पंडियधाइहि पुत्ति समप्पिवि ।
गउ धरणीसु णिहेलणु जावहिं पहरणवरवणवालय तावहिं ।
आइय दोहिं मि दाहिण णवेप्पिणु देव देव णिसुणहि मणु देप्पिणु ।
जसहरासु उप्पण्णउ केवलु आउहसालहि चक्कु णिरग्गलु ।
ता राएं सीहासणु मेल्लिवि सिरमउडेण महीयलु पेल्लिवि ।
भणिउ जयहि अरहंतभडारा जय संसारमहण्णवतारा ।
जयहि तिसल्लवेल्लिणिल्लूरण सविणयसुयणमणोरहपूरण ।

घत्ता—तिमिरु हणंतु करंतु दिहि उवसमवंतहु विमलिंदावंदहो ॥
तो वुग्गमियउ दिवसयरु णाणविसेसु व सोहइ भव्वहो ॥१०॥

११

दंतघायगिरिभित्तिवियारणि कण्णतालअलिवारणि वारणि ।
कुलिसदसणु कयमणतमणिरसणु आरुहेवि ससिसियसुइणिवसणु ।
समवसरणु गउ सेण्णें सहियउ अण्णु वि जो पहउ सो सहियउ ।
दिट्ठु असोयहु मूलि असोयउ कुसुमंचिउ हयकोसुमसायउ ।
दिव्ववाणि मुणि णिव्वाणेसरु अमउ मयारिवीढि संठिउ परु ।
चलचामरु णिव्वामरसेविउ भामंडलरइमंडलदीविउ ।
दुंदुहिरउ दुहिरवैणिव्वारणु लोयसारु संसारुत्तारणु ।
छत्तसमासिउ छत्तियालउ अतियालउ संबुद्धतियालउ ।
कमलासणु केसउ जगि सो हरु विस्सणाहु णामेण जसोहरु ।
देउ अणिंदिउ वंदिउ भावें वड्ढंतेण विसुद्धें भावें ।
अवहिणाणु राएं उप्पाइउ रूवि दव्वु णीसेसु वि वेइउ ।

घत्ता—विद्धउ कणयरसेण जिह लोहु वि हेमत्तणु पडिवज्जइ ॥
तिह जिणभावें भावियहो भवियहु णाणभाउ संपज्जइ ॥११॥

१२

पहु गुरु वंदिवि आयउ गेहहु तित्ति ण पुण्णी पुत्ति सणेहहु ।
आलिंगिवि अंके वइसारिय सा तप्पंति तेण विणिवारिय ।
चवइ णिवइ चिरु पइं जाणंतउ अच्छइ सुरवरिंदु हउं होंतउ ।

---

१०. १. MBP सुमरिउ । २. MBP णिहेलणि । ३. MBP °वालहिं । ४. MBP आविवि । ५. MBP सुणिम्मलु । ६. MBP ता उग्गमियउ ।

११. १. P णिच्चामरु । २. P दुंदहि° । ३. MBP दुहरव°; T दुहिरव° । ४. MBP उप्पायउ । ५. MB दिव्वु ।

१०

मुग्धा पूर्वजन्मके वरको याद करती है—क्या जानें कि वह सुर, नर या किन्नर है ? इस प्रकार परिणामोंकी प्रवृत्तिका विचार कर पण्डिता धायके लिए पुत्री समर्पित कर जब राजा अपने घर गया तो प्रहरण और उपवनके पालक वहाँ आये। दोनोंने प्रणाम कर राजासे निवेदन किया, "हे देव, ध्यान देकर सुनिए, यशोधरको केवलज्ञान उत्पन्न हुआ, और आयुधशालामें निर्ग्रंथ चक्ररत्नकी प्राप्ति हुई है।" तब राजा सिंहासन छोड़कर सिरमुकुटसे धरती छूकर बोला, "हे अरहन्त भट्टारक ! आपकी जय हो, संसार समुद्रसे पार लगानेवाले आपकी जय हो, त्रिशल्यों-की लताओंको नष्ट करनेवाले आपकी जय हो, विनीत और सुजनोंके मनोरथ पूरे करनेवाले।

घत्ता—तब इतनेमें अन्धकारका नाश करता हुआ, उपशान्त और गर्वको विगलित करने-वालोंके लिए भाग्यका विधान करता हुआ दिवसकर ( सूर्य ) उग आया जो भव्योंके लिए ज्ञान विशेषके समान शोभित है ॥१०॥

११

जिसने अपने दाँतोंके आघातसे गिरिभित्तियोंको विदारण कर दिया है, और जो कानोंके ताड़पत्रोंसे भ्रमरोंको उड़ा रहा है ऐसे हाथीपर बैठकर वज्रके समान दाँतवाला, अपने मनके अन्धकारका निवारण करनेवाला, चन्द्रमाके समान श्वेत और निर्मल वस्त्र पहने हुए वह सेनाके समवसरणके लिए गया। दूसरा भी यदि ऐसा है, तो वह आत्माका हित करनेवाला है। अशोक उनको उसने अशोकवृक्षके नीचे बैठे हुए देखा, कुसुमशायक ( कामदेव ) को नष्ट करनेवाले वह कुसुमोंसे अंचित, दिव्यवाणीवाले मुनि निर्वाणके ईश्वर विकाररहित सिंहासनपर आसीन श्रेष्ठ। चलचामरोंसे युक्त, नित्य देवोंसे सेवनीय, भामण्डलके दीप्तिमण्डलसे आलोकित, उनका दुन्दुभिका शब्द दुःखित शब्दका निवारण करनेवाला था। लोकमें श्रेष्ठ और संसारका उद्धार करनेवाले। क्षतोंको आश्रय देनेवाले तीन छत्रोंसे युक्त स्त्री रहित और त्रिकालको स्वयं जाननेवाले। विश्वमें वही ब्रह्मा-केशव और शिव है, जो नामसे तीर्थनाथ यशोधर है। उन अनिन्द्यदेवकी उसने भावसे वन्दना की। बढ़ते हुए विशुद्ध भावसे राजाको अवधिज्ञान उत्पन्न हो गया। उसको समस्त रूपी द्रव्योंका ज्ञान हो गया।

घत्ता—कनकरससे विद्ध होकर जिस प्रकार लोहा स्वर्णरूपमें बदल जाता है, उसी प्रकार जिनेन्द्रभावसे ध्यान करनेवाले भव्य जीवको ज्ञानभाव प्राप्त हो जाता है ॥११॥

१२

राजा, अपने प्रभुकी वन्दना कर घर आया और अपनी कन्याको गोदमें बैठाया। सन्तप्त हो रही उसे उसने मना किया कि हे पुत्री ! स्नेह करनेसे कभी तृप्ति नहीं होती। राजा कहता है, मैं तुम्हें बहुत समयसे जानता हूँ कि जब अच्युत स्वर्गमें मैं सुरवर था। तुम दूसरे स्वर्गके विमानमें

कीसइ कप्पि विमाणि णिलोणिणि  तुहुं ललियंगहु तणिय विलासिणि।
महुरालाविणि पाणपियारी  एवहिं हूई भूव मझारी।
मा झिज्जहि सो तुज्झु मिलेसइ  हार व उरुहइजुयलि घुलेसइ।
बालहि मइ वोलइ पच्छाइय  पुणु वि धाइ पहुणा संकेइय।
दुत्थिउ जउयंगु कूरसरावहु  गोणाइहिं खरु खरहु सरावहु।
वल्लहाविय विओयसंतावहु  णवजोव्वणु जणु कामालावहु।
विलुहहु बुहु गोवालु वि गोवहु  महिलहि महिल जाइ सब्भावहु।
णिवेण कहिवि विट्टलकइाणउं  पुणु दिव्विजयहु वियणु पयाणउं।

घत्ता—आवंचियतणु थरहरिउ फणिवइ भीयउ किं पि ण जंपइ॥
हयगयरहणरपयदलिय अंतें राएं मेइणि कंपइ॥१२॥

## १३

तरलतमालतालतालीघणि  गइ णरिंदि णवकंकेल्लीवणि।
फलिहसिलायलम्मि आसीणी  परभवपियसंभरणें झीणी।
सुहरु महारुहाउ संचालिवि  कोमलकरकमलें तणु लालिवि।
एक्कहिं दिणि करणिहियकवोली  पंडुगंडविलुलियचिहुराली।
णवकयलीकंदलसोमाली  कंचुइइ ओउच्छिय बाली।
पुत्ति पुत्ति मोणव्वउ छंडहि  पुत्ति पुत्ति तणु तणुलय मंडहि।
पुत्ति पुत्ति किं अप्पउ दंडहि  पण्णवीडि दंतग्गहिं खंडहि।
मायहि गुज्झु काइं किर रक्खहि  मज्झु वि किं णियमणु ण समक्खहि।

घत्ता—तं आयण्णिवि रायसुय णीससंति णियजम्मु पयासइ॥
धरणि व वेल्लिहि मज्झु तुहुं जणणि माइ तुह काइं ण सीसइ॥१३॥

## १४

धादइसंडि मेरुपुव्विल्लइ  पुव्वविदेहि देसि गंधिल्लइ।
भूयगाउं जिह लोयपसिद्धउ  पाडलिगाउं अत्थि धणरिद्धउ।
णारसइल्लु जो तवसि वसिल्लु व  करिसणजाणउ जो सुंकरिल्लु व।
पवियलखलु वि ण जो खलसंकुलु  जो हलहरु वि मुसणि ण भणिउ बलु।
जो करि व्व णरवइहोइयकरु  बहुकंकणु णं वरकामिणिकरु।
कच्छुजलु णं गिहिवयधारउ  णियवइरक्खिउ णं सेवारउ।
णागयत्तु णामें तहिं वणिवरु  सुरइवहुल्लियाहि वल्लहु वरु।

---

१२. १. MBP विलासिणि। २. MBP °लावणि। ३. MB बाल एम बोलइ। ४. MP जउयण।
५. B उण्हाविय°।

१३. १. MP तहिं कंकेल्लीवणि; B तहिं किंकेल्लीवणि। २. MBP °कयलीसुकंद°। ३. MBP आउच्छी।
४. MBP छड्डहि।

१४. १. MB धायइ°; P धाइय°। २. T भूयगामु। ३. MB सकरिल्लु।

निवास करनेवाली थीं। तुम ललितांग देवकी स्त्री थीं। और इस समय तुम अत्यन्त मधुर बोलनेवाली और प्राणप्यारी हमारी कन्या हुई हो। तुम दुबली मत होओ, वह तुम्हें मिलेगा और हारकी तरह दोनों स्तनोंके बीच व्याप्त होगा। बालाकी बुद्धि लज्जासे आच्छादित हो गयी। फिर उसने ( पिताने ) धायको इशारा कर दिया। इस प्रकार दृष्टान्त और कहानियाँ कहकर उस राजाने दिग्विजयके लिए कूच किया।

घत्ता—नागराज अपना शरीर संकुचित कर थर्रा उठा, डरकर वह कुछ भी नहीं बोला। राजाके चलनेपर अश्व-गज-रथ और मनुष्योंके पैरोंसे पददलित होकर धरती काँप उठती है ॥१२॥

१३

राजाके चले जानेपर, चंचल तमाल ताल और ताली वृक्षोंसे सघन, नव अशोक वनमें, महावृक्षोंको बहुत समय तक संचालित कर और कोमल हाथरूपी कमलसे शरीरको सहलाकर वह स्फटिक शिलातल पर बैठी हुई थी। एक दिन, जिसने अपना हाथ गालोंपर रख छोड़ा है और जिसके सुफेद गण्डतलपर बालोंकी लटें चंचल हैं, ऐसी नवकदलीके पिण्डके समान कोमल उस बालासे धायने पूछा, "हे पुत्री ! हे पुत्री, तुम मौन छोड़ो। हे पुत्री, पुत्री ! कृश शरीरलताको अलंकृत करो। हे पुत्री, पुत्री ! अपनेको क्यों दण्डित करती हो। पानके बीड़ेको अपने दाँतोंके अग्रभागसे खण्डित करो। हे आदरणीये, तुम रहस्य छिपाकर क्यों रखती हो ? क्या तुम अपना मर्म मुझसे भी नहीं कहतीं।

घत्ता—यह सुनकर राजपुत्री निःश्वास लेती हुई अपना जन्म प्रकाशित करती है, ( और कहती है ) लताके लिए धरतीके समान तू मेरे लिए जननी है। हे माँ, तुमसे क्या नहीं कहा जा सकता ॥१३॥

१४

मेरुके पूर्वमें धातकी खण्डमें पूर्व विदेहके गन्धिलल देशमें, भूतग्राम ( शरीर ) की तरह प्रसिद्ध धनसे समृद्ध पाटली गाँव है, जो वशी तपस्वीके समान गोरसाढ्य ( गोरस और वाणीरससे युक्त ) है, जो हस्तिपालकके समान, करिसन-जाणउ ( कर्षण और हाथीके शब्दके जानकर ) है, विशाल खलियानोंसे भरपूर होते हुए भी खलजनोंसे दूर है, हलधर होते हुए भी जिसे बलराम नहीं कहा जाता, जो हाथीके समान राजाके लिए ढोइयकर (कर देनेवाला, सूँड़पर ढोनेवाला) है, जो मानो उत्तम कामिनीका हाथ था, जरकंकणु ( बहुजल-धान्यसे युक्त और स्वर्णवलयसे युक्त ) कच्छसे उज्ज्वल जो मानो गिरिपथकी धाराके समान था, जो सेवकमें रतके समान, निजवइ ( अपने स्वामी, अपनी मेंढ़ ) की रक्षा करनेवाला था। उसमें नागदत्त नामका वणिक् था, जो

णंदुँ णंदिमित्तु वि सुउ जायउ णंदिसेणु तहि गब्भि समायउ ।
पुणु मायइ मणमोहणु लद्धउ धँरसेणु विजयसेणु थणद्धउ ।
घत्ता—सिरिवह सिरिहर वणितणय अवर वि हउं तिज्जी लहुयारी ॥
पासें णिद्धणदिणि विसम दालिद्दिणि जणँविप्पियगारी ॥१४॥

१५

अम्हारउ घरु मोक्खु विसेसइ णिक्कलसउ णीरंजणु दीसइ ।
णिद्धणु णं घणणासि णइंगणु णिक्कणु तोणीरुँ व सारियरणु ।
णीरसु कव्वु व कुकइहि केरउ [2]तं जिह तिह पुणु णिरलंकारउ ।
अट्टभाउ हंडइं दो पियरइं कयखलचणयमुट्ठिआहारइं ।
कडियलवेढियवक्कलवासइं हडहडफुट्टफरुसमिरकेसइं ।
अम्हइं दहजणाइं तहि सयणइं कलहंतइं भासियदुव्वयणइं ।
पंडुरपविरलदीहरदंतइं जावच्छहुं परकम्मु करंतइं ।
वारणचरियहु तरुसंछण्णहु तावेक्कहिँ दिणि हउं गयउँ रण्णहु ।
तेहिं अंबरतिलयम्मि महीहरि विहरंतियइ गहीरदरीहरि ।
सरलेंइरियपत्तहु तंबिरयहु मइं वबोलि भरियें माहुरयहु ।
अण्णु वि दारुभारु गरुयारउ सीसि णिहिउ णं दुक्खहं भारउ ।
घत्ता—जा पल्लट्टमि णियघरहो ताम लोउ मइं दिट्टु पलोइउ ॥
रयणालंकारहिं विप्फुरिउ जिणु वंदहुं णं सुरयणु आइउ ॥१५॥

१६

ता कट्ठभारु णं दुक्खभारु ।
मिल्लियलि धिवेवि णरु मइं णवेवि ।
पुच्छियउ हेउ कहिं चलिउ लोउ ।
ता तेण वुत्तु सुतिगुत्तिगुत्तु ।
सिद्धत्थकामु जो जित्तकामु ।
जो मुक्कसत्थु मणधरियसत्थु ।
जो बुहणिहाणु गुणमणि णिहाणु ।

४. M णंदि णंदिमित्तु वि सुउ जायउ; B णंदिमित्तु णंदि वि सुउ जायउ; P णंदि णंदिमित्तु वि संजायउ । ५. MBPK धरसेणु । ६. P जणविप्पिय° but adds °मण° in the margin between जण and विप्पिय ।

१५. १. MBPK तोणीरु । २. M जं जिह । ३. MK गउ । ४. MBP तहि पुणु अंबरतिलयमहीहरि । ५. MB सरलु । ६. M भरय । ७. MBPK दुक्किय° । ८. MBP फुरिउ । ९. M सुरयणु आइउ; P सुरयणु चल्लिउ ।

१६. १. P पुंछियउ । २. G omits this foot; K however adds the margin । ३. M मणि धरिय° ।

सुरतिके समान अपनी वधूका प्रियवर था। उसके नन्दी और नन्दीमित्र पुत्र हुए। नन्दीसेन भी उसके गर्भमें आया, फिर माताके मनमोहन, धरसेन ( धर्मसेन ) और विजयसेन पुत्र हुए।

घत्ता—और भी उसकी पत्नीसे श्रीप्रभा ( श्रीकान्ता ), श्रीधर ( मदनकान्ता ) पुत्रियाँ हुईं, तीसरी मैं सबसे छोटी नामसे निर्नामिका विषम दरिद्रा और लोगोंका बुरा करनेवाली ॥१४॥

१५

हमारा घर मोक्षसे विशेषता रखता था। वह निष्कलश ( कालुष्य और कलशोंसे रहित ), नीरंजन ( शोभा और कलंकसे रहित ) दिखाई देता है। मेघके नष्ट होनेपर, नभके आँगनके समान विद्धणु ( घन और धनसे रहित ) तूणीरके समान जो निष्कण ( अन्नकण ) सारियरणु ( युद्धका निर्वाह करनेवाला, ऋणसे निर्वाह करनेवाला ) था। जो कुकविके काव्यकी तरह नीरस था, और जिस प्रकार वह, उसी प्रकार वह भी अलंकारोंसे रहित था। आठ भाई-बहन। पीतलके दो हण्डे। खल और चनोंकी मुट्ठीका आहार करनेवाले। कमर तक वल्कलोंके वस्त्र पहने हुए, निकले हुए स्फुट होठ, सफेद केशराशि। उस घरमें हम दस लोग थे, आपसमें लड़ते हुए और कठोर शब्द करते हुए। सफेद बड़े विरल लम्बे दाँतोंवाले हम दूसरोंका काम करते हुए रह रहे थे। जिसमें हाथी विचरण करते हैं और जो पेड़ोंसे आच्छादित है, ऐसे उस जंगलमें एक दिन मैं गयी। वहाँ गम्भीर घाटियोंको धारण करनेवाले अम्बरतिलक महीधरमें घूमते हुए मैंने ताम्र और माहुरके हरे पत्तोंसे झोली भर ली। और भी भारी लकड़ियोंका भारी गट्ठा सिरपर रख लिया, मानो दुःखोंका भार हो।

घत्ता—जैसे ही मैं अपने घर लौटती हूँ तब मैं लोगोंको आते हुए देखती हूँ। रत्नों और अलंकारोंसे चमकते हुए सुरजन मानो जिनवरकी वन्दना करनेके लिए आये हों ॥१५॥

१६

उस लकड़ीके भारको, मानो दुःखोंके भारकी तरह धरतीपर रखकर, एक आदमीको नमस्कार कर कारण पूछा कि लोग कहाँ जा रहे हैं। तब उसने कहा—"जो तीन गुप्तियोंसे युक्त, सिद्धार्थकाम और जितकाम हैं, जो परिग्रहसे रहित, शास्त्रोंको मनमें धारण करते हैं, जो पण्डितोंके लिए कोष हैं, गुणरूपी मणियोंकी खदान हैं, जिन्होंने मोहपाश धो दिया है, जो तरुमूलमें

धुयमोहवासु तरुमूलवासु ।
जो पाउसेसु घम्मट्ठिसेसु ।
णयसरियालि जो सिसिरयालि ।
वहि सयणसाइं जो सुअवसाइं ।
तिव्वुण्हजेट्ठि बहुसाहजेट्ठि ।
रवियर विसहइ जोएण सहइ ।
जो मुणिससंकु हयपरमसंकु ।
तहु गंपि वासु पिहियासवासु ।
पणवंति पाय पुच्छंति राय ।
परलोयमग्गु सग्गापवग्गु ।
चिरसंभवाइं जाणइ भवाइं ।
रिसि णाणधारि जिणधम्मचारि ।
इह गिरिवरम्मि सो कंदरम्मि ।
णिवसइ कुलीणि दोगच्चखीणि ।

घत्ता—ता मइं थोरथणत्थलिए दंडियखंडु पसरेप्पिणु थवियउ ॥
पइसिवि साहु मईसहहि जइपयजुयलउ भत्तिइ णवियउ ॥१६॥

१७

तवपहावविंभावियवासवु पुच्छिउ पुणु तेहिं सो पिहियासव ।
कवणें दइवें हुउं दालिद्दिणि हूई दोग्गयणोसणियंबिणि ।
कहहि देव तुहुं सयउ जाणहि दीण वि मइं पियवयणें पीणहि ।
ता पभणइ समणगणपहाणउ दीणु वि राउ वि मज्झु समाणउ ।
णिसुणि पुत्ति अक्खमि जम्मंतरु आसि कयउ जं पइं कम्मंतरु ।
गोमि पलासगुडिय तहिं गहवइ देविलु सुमइ तासु रंजियमइ ।
गेहिणि ताहि धूय तुहुं हूई ईलिय जुवाणहं णं रइदूई ।
वीयरायसिद्धंतु पढंतहु जीवाजीवभेय भावंतहु ।
एक्कहिं दिणि वणि खंतिसणाहहु इसिथि समाहिगुत्तमुणिणाहहु ।
अण्णाणइ पइं उप्परि घत्तिउ रिसिणा तणुभूसणु व वियिंतिउ ।
किमिकुलपूयरुहिरदुग्गंधउ पयडियदंतउ विहडियरंधउ ।
सुणहकलेवरु दियहिं दुइज्जइ तेंवं जि पुणु वि पदिट्ठु तइज्जइ ।

घत्ता—णउ तूसहिं रूसंति ण वि सुइ कंदप्पदप्पखयगारा ॥
जो मंडइ जो खंडइ वि बिहिं मि समाणा समणभडारा ॥१७॥

---

४. B °मूलु । ५. P पावसेसु । ६. MB add after this: वरिसंति मेहि, दुहु सहिय देहि ।
७. M पणवंत । ८. MBP महासहहो ।

१७. १. MBP °वासउ । २. MBP पुच्छिउ तें पुणु सो । ३. MBP पभणइ मुणि समणपहाणउ । ४. MP पइं जं । ५. MBP गाम । ६. MB ललिय° । ७. MBP तेम जि पुणु पइं दिट्ठु । ८. MBP तूसंति ।

निवास करते हैं, जो पापसे रहित हैं, जिनकी चमड़ी और हड्डियाँ ही शेष बची हैं, जो नदियोंके वेगसे रहित शिशिरकालमें बाहर शयन-आसन करते हैं, जो षट् आवश्यक कार्य करते हैं, जो तीव्र उष्णतासे महान् वैशाख और जेठमें रविकिरणोंको सहन करते हैं, योगसे शोभित होते हैं, जो मुनि शशांक ( मुनिचन्द्र ) दूसरोंकी शंकाको दूर करते हैं। ऐसे पिहितास्रव मुनिके वासपर जाकर राजा पैर पड़ते हैं और परलोकका मार्ग तथा स्वर्ग अपवर्गके विषयमें पूछते हैं। वह पूर्वके जन्मोंको जानते हैं। ऋषि ज्ञानधारी हैं और जिनधर्मका आचरण करते हैं, वह इस गिरिवरकी धरतीमें लीन दुर्गंधियोंके नष्ट करनेवाली कन्दरा (गुफा) में रहते हैं।"

घत्ता—तब स्थूल स्तनोंवाली मैंने अपना जीर्ण-शीर्ण वस्त्र फैलाकर स्थापित किया और महासभामें प्रवेश कर साधुके चरणकमलोंको भक्तिपूर्वक नमस्कार किया ॥१६॥

१७

अपने तपके प्रभावसे इन्द्रको प्रभावित करनेवाले पिहितास्रव मुनिसे उन लोगोंने पूछा, कि मैं किस दैवसे दरिद्र और नीचगोत्रकी स्त्री हुई। हे देव बताइए, आप सच जानते हैं, दान भी मुझे प्रिय वचनसे प्रसन्न करिये।" तब श्रमणगणोंमें प्रमुख वह कहते हैं कि दीन और राजा, दोनों मुझे समान हैं। हे पुत्री ! सुनो, मैं जन्मान्तर कहता हूँ। दूसरे जन्ममें तुमने जो कर्मान्तक किया था। पलाश गाँवमें वहाँ एक गृहपति था देवल नामका। मति रंजित करनेवाली उसकी सुमति नामकी पत्नी थी। उसकी कन्या तू हुई। किसान-कन्या होते हुए भी तू युवकोंके लिए मानो रतिकी दूती थी। वीतराग सिद्धान्तको पढ़ते हुए, जीव और अजीवके भेदका विचार करते हुए, शान्तिसे युक्त समाधिगुप्त मुनिनाथकी हँसी उड़ाते हुए एक दिन वनमें तूने कृमिकुल पोष-रुधिरसे दुर्गन्धित, निकले हुए दाँतोंवाला और खण्डित और छेदोंवाला कुत्ता उनपर फेंका। लेकिन मुनिने उसे शरीरका आभूषण समझा। दूसरे दिन भी और तीसरे दिन भी तूने कुत्तेके शरीरको उसी प्रकार देखा।

घत्ता—पवित्र तथा कामके दर्पको नष्ट करनेवाले मुनि न तो सन्तुष्ट होते हैं, और न प्रसन्न होते हैं, चाहे कोई अलंकृत करे और चाहे खण्डित करे दोनोंमें ही आदरणीय श्रमण समान रहते हैं ॥१७॥

१८

पेच्छिवि मुणि परिहरियसकायउ तुह अणुकंपभाउ संजायउ ।
मसणसरीरु चित्तु अण्णेत्तहि पइं णयणेहिं ण दीसइ जेत्तहि ।
पणउ करेप्पिणु जोइ खमाविउ तेण जि खमभाउ जि संभाविउ ।
ईसिं समेण मरेवि असुहावलि तुहुं हूईसि एत्थु दुग्गंयकुलि ।
धम्में मुच्चहि दुक्कियदुक्खहु धम्मु णिसुणि सुह कारणु सोक्खहु ।
फणिचरणइं जगि को अहिणाणइ परमत्थेण धम्मु को जाणइ ।
लोइयधम्मु होइ जलण्हाणें वीरपुरिसभंडणवक्खाणें ।
धम्मु होइ पुणु पुंणु अच्चवणें पाहाणुप्परि पत्थरठवणें ।
धम्मु होइ घइ णियमुहदंसणि धम्मु होइ सुरहीतणुफंसणि ।
धम्मु होइ तिलपायसभोयणि धम्मु होउ आसत्थालिंगणि ।
धम्मु होइ गोकुरु पिवंतहु धम्मु होइ गहु मज्जु पिवंतहु ।
धम्मु होइ पलवेड्ढु करंतहु छेलउ कुक्कुडु किडि मारंतहु ।

घत्ता—एहु कुलिंगु कुधम्मु सुए एण णवर दुग्गइ जाइज्जइ ॥
जिणणाहेण पयासियउ धम्मु अहिंसालक्खणु किज्जइ ॥१८॥

१९

मेहलकण्हाइणदब्भयणइं धरिवि काइं जणु मारइ हरिणइं ।
किं लिंगेण लिंगिसंदोहहु जइ णउ मुच्चइ णिसु जि कोहहु ।
अंतरंगु जसु सुद्धु ण दीसइ कायकिलेसें तहु किं होसइ ।
दंडउ अप्पउ मुणिविहियारउ तासु तईहिउ भवसंसारउ ।
उवसमेंपुव्वाणुव्वयधारहिं अलिउ म जंपहि जीउ म मारहि ।
करपल्लउ परदविणि म ढोवहि परपुरिसु वि सराउ मा जोवहि ।
मुयहि संगु बहुलोहुप्पायणु रयणीभोयणु दुक्खहं भायणु ।
अवरु पव्वपोसहु परिपालहि जिणपडिबिंबइं णिच्च णिहालहि ।
अहिसिंचिवि अंचिवि णियसत्तिइ ताइं णवेज्जसु गरुयइ भत्तिइ ।
तुसंगासु वि उवसंतहु देज्जसु णियमएण णियमणु णियमेज्जसु ।

घत्ता—पण्णासट्ठुत्तरु सउ वि सियपंचमिहिं बालि जइ उवसहि ॥
सुयहरि मुणिवरि जं कियउ तो तुहुं तं चिरदुरिउ पणासहि ॥१९॥

---

१८. १. MP परिहरियकसायउ; B परिहरिसंकायउ । २. B °भाव । ३. MbP इसि उवसग्गें भरिवि । ४. M असुहाहलि । ५. MB दुग्गम° । ६. M होय । ७. MBP फुडु अच्चमणें । ८. MBP तणु सुरही फंसणि । ९. P पियंतहं ।

१९. १. B किं लिंगिण सलिंगिसंदोहहु । २. MBP सीसइ । ३. BPT मुणिवहियारउ । ४. P तहिहिउ । ५. P उवसमु । ६. MBP जीव । ७. MBP तं तुहुं ।

१८

मुनिको अपने शरीरके प्रति त्यागभाव देखकर तुम्हारे मनमें दयाभाव उत्पन्न हुआ। तुमने उस कुत्तेके शरीरको वहाँ फेंक दिया, जहाँ वह आंखोंसे दिखाई न दे। प्रणाम करके तुमने योगीसे क्षमा माँगी। उन्होंने भी क्षमाभाव दे दिया। इस प्रकार शोकसे समताभावसे मरकर अशुभसे पूर्ण यहाँ इस नीच कुलमें उत्पन्न हुई। पापका दुःख धर्मसे हो जा सकता है, सुखके कारण पवित्र धर्मको सुनो। संसारमें साँपके पैरोंको कौन जानता है? परमार्थ रूपसे धर्मको कौन जानता है? लौकिक धर्म होता है जलमें स्नान करनेसे, वीर पुरुषोंके युद्धोंका वर्णन करनेसे, धर्म होता है बार-बार आचमन करनेसे, पहाड़के ऊपर पत्थरकी स्थापना करनेसे। धर्म होता है घीमें अपना मुँह देखनेसे। धर्म होता है गायका शरीर छूनेसे। धर्म होता है तिल और पायस भोजन करनेसे। धर्म होता है पीपलके वृक्षका आलिंगन करनेसे। धर्म होता है गोमूत्र पीनेसे। धर्म होता है मधु और मद्यके रसास्वादनसे। धर्म होता है मांसका वेधन करनेसे। धर्म होता है बकरा, मुर्गा और सुअरको मारनेसे।

घत्ता—हे पुत्री, यह कुलिंग और कुधर्म है, इससे केवल नरक गतिमें जाया जा सकता है, इसलिए जिननाथके द्वारा प्रकाशित अहिंसा लक्षण धर्मका आचरण करना चाहिए ॥१८॥

१९

मेखला कृष्णाजिन ( काले मृगका चमड़ा ) और दर्भांकुर धारण करनेके लिए लोग मृगोंको क्यों मारते हैं? मुनियोंके समूहके चिह्नसे क्या, जबकि यदि वह नित्य ही क्रोधसे मुक्त नहीं होता। जिसका अन्तरंग शुद्ध दिखाई नहीं देता शरीरक्लेशसे उसका क्या होगा? मुनिकी विधि करनेवाला स्वयंको दण्डित करे उसका भवसंसार वहीं स्थित है? उपशमसे पूर्ण और अणुव्रतधारियोंसे झूठ मत बोलो, जीवको मत मारो, करपल्लवमें दूसरेके धनको मत ढोओ। परपुरुषको रागदृष्टिसे मत देख, बहुलोभको उत्पन्न करनेवाले संगको छोड़ दे, रात्रिभोजन दुःखका कारण है, और भी पर्वके उपवासका पालन करो, जिनप्रतिमाओंके प्रतिदिन दर्शन करो, अपनी शक्तिसे अभिषेक और पूजा कर उन्हें भारी भक्तिके साथ प्रणाम करो। उपशान्तको भी तुष ग्रास दो। नियमसे अपने मनका नियमन करो।

घत्ता—हे बाले, यदि तू शुक्ल पंचमियोंमें १५० उपवास करती है तो श्रुतधारी उन मुनिपर तूने जो किया है, वह तेरा चिरपाप नष्ट हो जाता है ॥१९॥

२०

मुणिहिं सरीरि परमु समु णिवसइ ते णिंदंतहं दुम्मइ विलसइ ।
चूडामणि किं चरणि णिहिज्जइ वंदणिज्जु भणु किह णिंदिज्जइ ।
दुच्चिंतियउ दुबोल्लिउ दुक्किउ आसि जम्मि एवहिं करि सक्खिउ ।
ता सा खविय ठविय गयगावें अंतोअंतो पच्छुत्तावें ।
मइं णिल्लोहें काइं णडल्लियमणु ... आइं स्वयउ गुरुहुं मि पिसुणत्तणु ।
मायामोहु मुइवि मणुं रोहिवि एमप्पाणउं णिंदिवि गरहिवि ।
गय रिसिवइ वंदिवि णियवासहु हउं लग्गी सहि सुयववासहु ।
काइं वि दविणु ण विज्जइ जइयहुं मइं दालिद्दिणीइ तहिं तइयहुं ।
खलु वि सुपत्तहु भणुदिणु दिण्णउं छड्डिउ सव्वजीवपेसुण्णउं ।
पुज्जिउ जिणवरु दोणयहुल्लें बोहिउ दीवउ दुल्लहतेल्लें ।

घत्ता—पुज्जउ ईदु णराहिवइ अवरु वि णिद्धणु सिरिमइ भासइ ॥
एक्कु जि फलु मइं अक्खियउ जइ मणि णिम्मलभत्ति ण णासइ ॥२०॥

२१

एम तेत्थु हउं चिरु जीवेप्पिणु गुरुउववासलेसु पालेप्पिणु ।
पुणु आहारु सरीरु मुएप्पिणु परमक्खरइं पंच सुमरेप्पिणु ।
मुइय गंपि ईसाणविमाणइ सिरिपहणामि रमियगिव्वाणइ ।
ललियंगहु महएवि सयंपह हूई जुइणिज्जियचंदप्पह ।
मुइ पिययमि छम्मास जिएप्पिणु इह हूई सग्गाउ चएप्पिणु ।
पिउ सुयरंतिहि चंदु वि तावइ चंदणु देहि ण लग्गउ भावइ ।
अट्ठ वि अंगइं हयइं अणंगें तुहुं किं ण मुणहि इंगियलिंगें ।
एम चवेप्पिणु पडु आणाविउ णाहु लिहेप्पिणु धाइहि दाविउ ।
णियचिररूउ तहिं जि आलिहियउ फुरइ व चेलंचलि संणिहियउ ।
अण्णण्णइं कीलासंठाणइं लिहियइं सरिसरगिरिवरठाणइं ।
अण्णइं तहिं रइरहसंचरियइं धुत्तहं भवयइं गूढइं धरियइं ।
एत्थु वसंती एत्थु रमंती सो एहउ हउं एही होंती ।
एम भणेप्पिणु गुज्झु ण रक्खिउ सुंदरीइ णियहियवउ अक्खिउ ।

२०. १. MBP किह भणु । २. BP पच्छत्तावें । ३. BP पावहि । ४. MBPK मणु ण रहिवि । ५. MBP सणिवासहु । ६. P दालिद्दिणि एत्तहिं । ७. MBP भोयणु ।

२१. १. P °उवएसु । २. MB पावेप्पिणु । ३. B omits this foot. ४. MBP पिय सुमरंतिहि । ५. B इंदियलिंगें । ६. MB सरसरि° । ७. MBP °गहणइं । ८. MBP रइरससंचरियइं । ९. P भवए and gloss भयेन । १०. MBP वट्टेप्पिणु ।

२०

मुनियोंके शरीरमें परम सम निवास करता है, उनकी निन्दा करनेवालोंकी दुर्गति विलसित होती है। चूड़ामणिको क्या पैरोंमें रखना चाहिए। जो वन्दनीय हैं क्या उनकी निन्दा करनी चाहिए। जो तूने उस जन्ममें, दुश्चिन्तित दुर्बोल और पाप किया था, इस समय यदि तुम कर सकती हो तो, गतगर्व बार-बार पश्चात्तापसे तप कर उसे नष्ट कर दो। परन्तु मेरे पापसमूहमें पापका निवर्तन कैसा ? कि जिसने गुरुओंके साथ भी दुष्टता की। मायामोहको छोड़कर मनका शोध कर इस प्रकार अपनी निन्दा और गर्हा कर, ऋषिपतिकी वन्दना कर अपने निवासपर गयी, और हे सखी, मैं उपवासमें लग गयी ( श्रीमती धायसे कह रही है। ) जब मेरे पास कुछ भी धन नहीं था, तब भी मुझ दरिद्राने उस समय सुपात्रोंको प्रतिदिन खल दानमें दिया और सर्वजीवोंके प्रति दुष्टताका भाव छोड़ दिया। मैंने दमनपुष्पसे जिनवरकी पूजा की और दुर्लभ ( दूसरेसे याचित ) तेलसे दीया जलाया।

घत्ता—चाहे इन्द्र पूजा करे, या चाहे राजा या निर्धन पूजा करे। श्रीमती कहती है, यदि मनमें निर्मल भक्ति है तो उसका एक ही फल है, ऐसा मैं कहती हूँ ॥२०॥

२१

इस प्रकार वहाँपर मैं बहुत समय तक जीकर गुरुके उपदेशका अंशमात्र पालकर फिर आहार और शरीर छोड़कर, पाँच परम अक्षरोंको याद कर मैं मर गयी और जाकर, जिसमें देवता रमण करते हैं, ऐसे श्रीप्रभ नामके ईशान विमानमें ललितांग देवकी, अपनी द्युतिसे चन्द्रप्रभाको जीतनेवाली मैं स्वयंप्रभा नामकी महादेवी हुई। प्रियतमके मरनेपर छह माह जीवित रहकर और स्वर्गसे च्युत होकर इस समय यहाँ उत्पन्न हुई हूँ। प्रियको स्मरण करते हुए मुझे चन्द्रमा सन्तप्त करता है। देहमें लगा हुआ चन्दन अच्छा नहीं लगता। कामदेव आठों अंगोंको जलाता है, इन्द्रियके चिह्नसे क्या तुम नहीं जानती। यह कहकर उसने पट बुलवाया और स्वामीका चित्र बनाकर धायको बताया। वहींपर उसने अपना पुराना रूप चित्रित किया और चमकते हुए वस्त्रके भीतर रख दिया। दूसरी-दूसरी क्रीड़ा-परम्पराओं, नदी-सरोवर और गिरिवर स्थानोंको भी उसने लिखा। और भी उसने उसमें रतिकी रहस्य क्रीड़ाओं और धूर्तताके गूढ़ भयोंको अंकित कर दिया। यहाँ रहती हुई, यहाँ रमण करती हुई यह मैं हूँ और यह वह है। यह कहकर उसने कुछ भी गोपनीय नहीं रखा। सुन्दरीने अपना दिल बता दिया।

घत्ता—आणहिं पंडिइ [११]प्राणपिउ फेडहिं वम्महवाहि महारी ॥
भरहु [१२]पुप्फदंतुज्जलिय अण्ण ण [१३]तियमई महगरुयारी ॥२१॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणु-
मण्णिए महाकव्वे णिण्णामियाचरमकंभो णाम बावीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥ २२ ॥
संधि ॥ २२ ॥

११. MBP पाणपिउ । १२. MBP फुप्फयंतु° । १३. MBP णियमइ ।

घत्ता—हे पण्डिते ! तुम मेरा प्राणप्रिय ला दो, मेरी कामकी व्याधि शान्त कर दो। नक्षत्रों-की तरह उज्ज्वल और कोई दूसरी स्त्री मेरे समान मतिमें भारी नहीं है, तुम याद करो ॥२१॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंवाले इस महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित
एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यमें निर्नामिकाधर्मलाभ
नामका बाईसवाँ अध्याय समाप्त हुआ ॥ २२ ॥

# संधि २३

तं णिसुणिवि पहु करयलि करिवि गय पंडिय जिणगेहहो ॥
अइकुडिल सुतेय मणोहरिय चंदलेह णं मेहहो ॥ ध्रुवकं ॥

१

दुवई—एत्तहिं सा णरिंदसुय विसहइ पियमविरहवेयणं ।
एत्तहिं पंडियाइ पविलोइउ परमप्पयणिहेलणं ॥१॥

पवं[2]णुद्धुयधयमालाचवलं हिमकुंदसमाणसुहाधवलं ।
गायणं[3]गणगाइयजिणधवलं सिद्धंतपढणकलयलमुहलं ।
गयणंगणलग्गमहासिहरं अं[4]इइंदचंदकररासिहरं ।
जं[5]क्खिजक्खपडिमाणिलयं विद्[6]दुमतलसंभयतलसिलयं ।
मरगयमयखं[7]भसमुद्धरियं मं[8]णिमत्तवारणालंकरियं ।
आयासफलिहमयभित्तयं[9]लं हरिणीलणिबद्धधरित्तियलं ।
उव्वा[10]इयधूवंगारवरं गुमुगुमुगुमंतमत्तालिसरं ।
घल्लियपप्फुल्लियफुल्लचयं ओलंबियमोत्तियदामसयं ।
पइसेप्पिणु तं मुणिणाहघरं णविऊण जिणं जियजम्मजरं ।
पहु विउसिइ पसरिवि दाविय‍उ णायरणरेहिं परिभाविय‍उ ।

घत्ता—इय दसदिसु वत्त समुच्छलिय जो पउमइयह जाणइ ॥
धरणीसरतणं[11]यहि सिरिमइहि सो [12]थणजुयलं माणइ ॥१॥

२

दुवई—विविहाहं[1]रणकिरणविप्फुरणोहामियफणिसुरेसरा ।
ता मायंगतुंगतुरं[2]यासण चल्लिय णरवरेसरा ॥१॥

---

MBP give, at the commencement of this Samdhi, the following stanza :—

मङ्गुलिदलकलापमसमद्युति नखनिकुरम्बकर्णिकं
सुरपतिमुकुटकोटिमाणिक्यमधुव्रतचक्रचुम्बितम् ।
विलसदणुप्रतापनिर्मलजलजन्मविलासि कोमलं
घटयतु मङ्गलानि भरतेश्वर तव जिनपादपङ्कजम् ॥

GK do not give it.

१. १. P सतेय । २. MBPK पवणद्धुय° । ३. M गायणगइ° । ४. M आणंद° । ५. M जक्खिद-जक्ख° । ६. MBP तलउभय° । ७. M °खंध° । ८. P मयमत्त । ९. MBP °भित्तियलं । १०. MBP उच्चाइयधूमंगार° । ११. P °तणयहु; K तणहे । १२. MBP जुयलउ ।

२. १. M °हरणकिरणविप्फुरणोहामिय°; B °हरणविप्फुरियणोहामिय°; P हरणकिरणविप्फुरिणोहामिय° । २. P तुरयासणा ।

## सन्धि २३

यह सुनकर चित्रपटको हाथमें लेकर वह धाय जिनमन्दिरके लिए गयी। मानो अतिकुटिल, तेजवाली और सुन्दर चन्द्रलेखा मेघके लिए निकली हो।

१

यहाँ वह राजपुत्री प्रियतमकी विरहवेदना सहन करती है, और वहाँ पण्डिता धायने जिनमन्दिरके दर्शन किये। जो पवनसे उड़ती हुई ध्वजमालासे चपल तथा हिम और कुन्द पुष्पके समान सुधासे धवल था। जिसमें गायक-समूह द्वारा जिन भगवान्‌के धवलगीत गाये जा रहे हैं, जो सिद्धान्तोंके पठनके कलकल शब्दसे मुखर है, जिसके शिखर आकाश प्रांगणको छूते हैं, जो अत्यन्त विशाल चन्द्रमाकी किरणराशिको धारण करता है, जो यक्षों और यक्षिणियोंकी प्रतिमाओं-का घर है, जहाँ तलशिला विद्रुमोंसे रचित है। जो मरकतमणियोंके खम्भोंपर आधारित है, मणिमय मत्तराजोंसे अलंकृत है। जिसका भित्तितल आकाशके स्फटिक मणियोंसे निर्मित है और भूमितल हरे और नील मणियोंसे रचित है। जहाँ अंगारवरमें धूप खेई जा रही है, जिसमें गुनगुनाते हुए भ्रमरोंका स्वर हो रहा है, जहाँ चढ़ाये गये पुष्पित पुष्पोंका समूह है, जहाँ सैकड़ों मोतियोंकी मालाएँ लटक रही हैं, ऐसे मुनिनाथके उस घरमें प्रवेश कर जन्म-जराको जीतनेवाले जिनको नमस्कार कर, उस धायने चित्रपटको फैलाकर दिखाया। नागरजनोंको वह बहुत विचार किया।

घत्ता—इस प्रकार दसों दिशाओंमें यह बात फैल गयी। जो चित्रपटके वृत्तान्तको जानता है वह श्रीमतीके स्तनयुगलको मानेगा ( आनन्द लेगा ) ॥१॥

२

त्रिविध आभरणोंकी किरणोंके विस्फुरणसे नागों और देवेन्द्रोंको तिरस्कृत करनेवाले नरवरेश्वर हाथियों और ऊँचे घोड़ोंपर बैठे हुए चले। जिसने श्वेततामें सफेद शरद्‌को पराजित

सेयत्तें णिज्जियसियसरयं णिवसियविरयं वारियणरयं।
पत्ता राया तं जिणहरयं दुक्कियहरयं सुभवियवरयं।
दिट्ठो लिहिओ[3] तेहिं पडो ईसइंधणडो[4] मणि णेच्छियओ[5]।
तं पेच्छिवि[6] अहिलसियसिवो भणु को ण णिवो रोमंचियओ।
केण वि भणिया[7]—[8]पुत्तलिया लयं[9]कोमलिया वणगुज्जलिया।
एसा बाला सामलिया णामें ललिया अलिकोंतलिया।
चिरभवि होंती मज्झ पिया पक्कखसिया विहिकत्थणिया।
केण वि भणियं—[10]मई मुणिया सुरवरगणिया [11]मृगलोयणिया।
होंती कंते[12] महु तणिया णीलंजणिया पीणत्थणिया।
केण वि भणियं—दिण्णसिरि ईहु[13] मेरुगिरि इह सा तरुणि।
इह मइं देवें होंतइण गायंतइण मोहिय हरिणि[14]।
कु वि भणइ—[illegible] दिणु गंवमि।
कु वि[15] भणइ—हा किं करमि णिच्छउ मरमि जइ णउ रमभि।
को वि [16]सदीहउ णीससइ तावें सुसइ उरयलु हणइ।
अप्पउ घल्लइ धरणियले आणेहि हले तं[17] मुहुं मणइ।
को वि मुच्छावसु णिवडियउ रइविणडियउ णिज्जीवें[18] थिउ।
उवाएप्पिणु परियणिण दूमियमणिण णियघरहु णिउ।
धाइ[19] जिणेप्पिणु [20]उत्तरहिं पक्खुत्तरहिं कु वि चवइ वरु।
हउं वरइत्तु[21] [22]भवंतरिउ इह अवयरिउ तहि [23]धरिवि करु।
घत्ता—विहसेवि पवोल्लिउ पंडियइ जो गुज्झइं महुं अक्खइ॥
सो [24]सुअवेल्लीरइसुइहलहो रसु परमत्थें चक्खइ॥२॥

३

दुवई—अह वररमणिरूवरंजियमणु जो णह अलिउ[1] भासए।
सो सरसरविहिण्णु सा ण लहइ पइसइ[2] णरय[3]वासए॥१॥
ता [4]तेत्थंतरि विरहमहाभरि।
कुमरिहिं घणथणि जायइ जोव्वणि[6]।
छक्खंडावणि जिणिवि महाफणि।

३. B लिहिओ वद्दे तेहि; P लिहिओ सो तेहि। ४. MBP ससंधि°। ५. MBP चिंतविओ। ६. P पेच्छेविणु। ७. MBP भणियं। ८. MBP पत्तलिया। ९. MPB लइ°। १०. M मइं मुणिमुणिया; P मणि मुणिया। ११. MBP मिग°। १२. MBP कंता। १३. MBP महुललियगिरि। १४. MBP add after this: मज्झु वि घरिणि। १५. MBP को वि एम्व भणइ। १६. MB सुदीहउ। १७. MBP सम्मुहं। १८. MBP णिज्जीउ; १९. MBP धाइउ। २०. MBP दुत्तरहि। २१. P वरयत्तु। २२. M भवंतरु। २३ MBP धरमि। २४. M सुह°।

३. १. P अलियउ भासइ। २. MBP णिवडइ। ३. P णरइ°। ४. MBP एत्थंतरि। ५. MBP read this line as: पवरियरायइ, कुवरिहि ( P कुवरहि ) जायइ। ६. MBP add after this: उत्तुगत्थणि, घणि घणि जोव्वणि।

श्रेष्ठीकुलरूपी कमलोंके लिए सूर्य, धनमित्र तुम्हारा अनुचर अथवा परममित्र हुआ। स्नेहसे बँधे हुए ये छहों तुम लोग स्वर्गसे आये हुए हो। इस प्रकार राजा, युद्धमें भयंकर चारों अनुचर और सौभाग्यकी चरम सीमा रानी श्रीमती अपनी भवावली सुनकर विस्मयमें पड़ गये। छहों जिनरूपी सूर्यके गुणोंको सुनकर स्थित हो गये। राजा फिरसे कहता है—ये भयभीत तथा विमल सिंह-कोल-बन्दर और नकुल ये चारों मनुष्योंसे नहीं हटते, यहाँ बैठे हुए हैं, वनमें विचरण नहीं करते, न कुछ भोजन करते हैं, और न पानी पीते हैं, अपना मुँह नीचे किये हुए तुम्हारा भाषण सुनते हैं। हे मुनिश्रेष्ठ, इसका क्या कारण है ? तब मुनिवर कहते हैं—'हे राजन् ! सुनो, यहाँ सुन्दर हस्तिनापुर नगरमें सागरदत्त वणिक् अपने विचित्र महलमें निवास करता था। उसकी स्त्री धनवती और पुत्र उग्रसेन था। स्त्रियोंके चरणोंकी धूल वह अत्यन्त कामी था। राजाके कोष्ठागारका अतिक्रमण कर चावल आदि वस्तुएँ बलपूर्वक हरण कर, अपनी प्रेयसी स्त्रीके पास ले जाते हुए राजाने उसे रस्सियोंसे बँधवा दिया। वह मरकर क्रोधके कारण यहाँ बाघ हुआ। मुझे श्लाघनीय मानकर अब यह ऊपर स्थित है।

घत्ता—वह सुअर पूर्वजन्ममें विजयनगरमें महानन्द राजासे उत्पन्न वसन्तसेनाका पुत्र था। अत्यन्त मानरत और बुद्धिसे कृश। लेकिन जनपदमें मान्य ॥१८॥

## १९

हरिवाहनके नामसे वह बड़ा हुआ। दर्पसे अन्धे और अपने घरमें खेलते हुए उससे राजाने कहा कि मान करनेसे देवता विमुख हो जाते हैं। यह सुनकर वह चंचल बालक दौड़ा और उसका सिर शिलामय भवनके खम्भेसे जा लगा। मरकर वह बेचारा यहाँ सुअर हुआ है। अत्यन्त साधु वह साधु पुनः कथन करते हैं कि उड़ती हुई पचरंगी ध्वजमालाओंवाले धान्यपुर नगरमें यह बन्दर, पूर्वजन्ममें, वणिग्वर कुबेरसे उत्पन्न प्रणयिनी सुदत्ताका नागदत्त नामका पुत्र था।

पंचिवि चामीयरु णियइ सव्वु ता तहिं वि ताइ तहुं गहिउ दव्वु ।
सुउं मायारउ हुउ पत्थु पहु वणि मंकडु माणुसमेसवेहु ।
णायारि णिसुणि णिव पुण्णयालि सुपइट्ठियपट्टणि तोरणालि ।
होंतउ कंदुवि लोलुयउ णाम वियडेहिं णवर रामाहिराम ।
पारंभिउ जिणहरु पत्थिवेण कारवहुं एण कारावएण ।
घत्ता—जुण्णउं रायहरु तम्हांउ तरु लेवि वहइ पुरु परियणु ॥
इट्ट विसंट्ठ जहिं सहस त्ति तहिं कंदुइ पेच्छइ कंचणु ॥१९॥

२०

तोलेप्पिणु चलकरयलतुलाइ परियाणेप्पिणु वणिवरकलाइ ।
इट्टउ चामीयरपूरियाउ बंहिं मिप्पिंडेहिं समारियाउ ।
कइवयउ ण केण वि भावियाउ लहुं णियमवणहु णेवावियाउ ।
कम्मंयरहु दिण्णउं सरसु भोज्जु लुद्ध वि दाणेण करेइ कज्जु ।
इय गरहिउ कम्मु करंवि गूढु अण्णहिं दिणि मोहवसेण मूढु ।
घरि तणउ थवेप्पिणु वियसियासु गउ गामंतरु तणुरुहहि पासु ।
एत्तहि पुत्तें पियराण भिण्ण सोवण्ण इट्ट दारियहि दिण्ण ।
तं खंडइ जाम सुवण्णयारु ता पेच्छइ पहुपिवणाम सारु ।
तें गंपि पकंपियजीयएण जाणाविउ रायहु भीयएण ।
भासिउ वेसइ चित्तंतु सव्वु तं जायउ रायहु तणउं दव्वु ।
धरणीसरकुलचिंधेण जडिय लोलुयगेहे णिवमुद्द पडिय ।
परिरक्खियमाहिंधमाणवेहिं परभीयरेहिं णं दाणवेहिं ।
सुउ बंधिवि कारागारि घित्तु तहिं अवसरि कंदुइ तहिं जि पत्तु ।
घत्ता—णंदणु तेण हउ कह वि हु ण मउ दंडपहारहिं ताडिउ ॥
परधणलोलुयउ सो लोलुयउ राउलेण विडमाडिउ ॥२०॥

२१

पुणु महुदविणासाऊरिएण कहिं गयउ भणेवि वेझूरिएण ।
तुम्हइं विण्णि वि महुं सत्तु जाय पाहाणें चूरिवि णियय पाय ।
मुउ लोहकसायमलेण मइलु इह हूयउ पेक्खु णरिंद णउलु ।

३. MBP तं गहिउ । ४. MBPK मुउ । ५. MBP मक्कडु माणुसु । ६. MBP लोलुउ ।
७. M तुम्हाउ मउ । ८. B विसिट्ठ । ९. MB कंदुउ; P कंदुव ।

२०. १. MP बहि मिउपिंडेहिं; B बाहिमिपिंडेहिं । २. M कम्मरयहं । ३. MBP दाणेण जि करइ ।
४. MBP गहिरउ । ५. MBP ता । ६. MBP तो । ७. MBP तं । ८. MBP लोलुयहि गेहि ।
९. T माहिय मा लक्ष्मीर्हृता; माहिय माहिया इति पाठे ।

२१. १. MBP गउ । २. MBP झुल्लूरिएण ।

माताने कहा कि बहनका विवाह धनसे किया जाता है परन्तु इसने समस्त सोना ठगकर ले लिया, तब उसने ( माँने ) भी उससे सब धन छीन लिया। वह मायावी पुत्र यहाँ इस वनमें मनुष्यमात्रके समान देहवाला वानर हुआ है। हे राजन् ! सुनो, यह नेवला पूर्वकालमें तोरणोंसे युक्त सुप्रतिष्ठितनगरमें लोलुप नामका हलवाई था। कुछ दिनोंमें हे वज्रजंघ, राजाने एक जिनमन्दिर कारीगरसे बनवाना प्रारम्भ किया।

घत्ता—वहाँ पुराना राजघर था; वहाँसे लकड़ी लेकर पुरजन नगर ले जाते। जहाँपर एक ईंट फूटी थी, वहाँ हलवाई अचानक सोना देखता है ॥१९॥

## २०

जिसमें करतल और तराजू चंचल है ऐसी वणिक्वरकी कलासे, जानबूझकर स्वर्णसे पूरित ईंटें तोलकर बाहर मिट्टीके पिण्डोंसे उन्हें ढक दिया। किसीने भी किसी प्रकार इसे नहीं जाना। वह शीघ्र उन्हें अपने घर उठवा ले गया। काम करनेवालोंको उसने सरस भोजन दिया। लोभी व्यक्ति भी दानसे काम कर लेता है। यह गूढ़ और निन्दनीय काम कर, दूसरे दिन वह मूर्ख मोहके वशसे, प्रसन्नमुख अपने पुत्रको घरमें रखकर दूसरे गाँव पुत्रीके पास गया। यहाँपर पुत्रने पिताकी आज्ञासे खण्डित, सोनेकी ईंट वेश्याको दे दी। जैसे ही सुनार उसे तोड़ता है वह उसमें राजाके पिताका नामश्रेष्ठ देखता है। डरकर और काँपते हुए प्राणोंसे उसने यह बात राजाको बतायी। वेश्याने सारा हाल बता दिया। वह सारा धन राजाका हो गया। राजाके कुलचिह्नसे जड़ी हुई नृपमुद्राएँ लोलुप रसोइएके घर जा पहुँचीं। दूसरोंको डरानेवाले मानो दानवोंके समान राजाके रक्षापुरुषोंने पुत्रको बाँधकर कारागारमें डाल दिया। उस अवसरपर हलवाई वहाँ पहुँच गया।

घत्ता—उसने डण्डोंके प्रहारोंसे लड़केको इतना मारा कि वह किसी प्रकार मरा-भर नहीं। दूसरेके धनके लोभी उस हलवाईको भी राजकुलने नष्ट कर दिया ॥२०॥

## २१

फिर अत्यधिक धनकी आशासे भरे हुए हलवाईने 'तुम कहाँ गये थे, तुम दोनों मेरे शत्रु हुए' यह कहकर अपने दोनों पैर कुचल कर, लोभ कषायसे मैला वह मर गया और हे राजन्,

णिसुणेप्पिणु भडुमहुरक्खराइं सुयरेप्पिणु गय जम्मंतराइं ।
उवसंत वहंति ण भउ ण रोसु सुहझाणें अज्ज खवंति दोसु ।
पइं दिण्णु दाणु मण्णिउं इमेहिं कइकंठवग्घविसहरदमेहिं ।
बहुभोयभावसुददाइणीहिं परमाउ बद्धु कुरुमेइणीहिं ।
अट्ठमइ जम्मि तुहुं जिणवरिंदु होसहि पयजुयणामियसुरिंदु ।
सिरिमइ होसइ सेयंसराउ पहिलउ जि दाणतित्थयरदेउ ।
सुरणरसुहाइं संपाविहिंति ए तुह सुहि होइवि सिज्झिहिंति ।
संसारविहुरणिव्वेइएण जिणणाहधम्मअणुराइएण ।
करकमलजमलवलइयसिरेण तं णिसुणिवि पणविय वइवरेण ।
वंदिय मंतिहिं सावयगणेण गय रिसि णहयर णहपंगणेण ।
संपत्ता तुरियं वणयरत्तु संभासिवि चत्तारि वि णिरुत्तु ।
घत्ता—मगगहत्थें पुसिवि तहिं णिसि वसेवि सूरुग्गमि पहु णिग्गउ ॥
करिघंटासरहिं पसरियकरहिं भयभेसावियदिग्गउ ॥२१॥

## २२

छणयंदु व णवकंतिइ पसण्णु सिरिहेहिं पुंडरिकिणि पवण्णु ।
साणुधारि पइवयाणिलयकुहिणि ओलोइय तेण णवंति बहिणि ।
पणमिय सासुय जामाउएण अविरयसणेहपसरियमुएण ।
आलिंगिउ राएं भायणिज्जु अविउलु बालु पहसियमुहज्जु ।
मिलियए लच्छीमइसिरिमईए णं गंगाणइजउणाणईए ।
णियबंधुहिं संचिंतियसिवेण तहिं तेण वज्जजंघें णिवेण ।
सामित्तणगुणि संणिहिउ सामि मंति वि किउ विउहणयाणुगामि ।
णिरुवद्दउ णिवसावियउ देसु सुहि संमाणिय संचियउ कोसु ।
विसमाइं बलाइं णियंतियाइं जोग्गाइं दुग्गाइं परिचिंतियाइं ।
पडिवक्खु असेसु वि खयहु णीउ थिरु रज्जि थवेप्पिणु पुंडरीउ ।
अप्पेणु पुणु घरवत्ताइ लइउ सहुं कंतइ उप्पेलखेडु अइउ ।
सहुं भिच्चवग्गें ससिमुहेण थिउ रज्जु करंतु सुही सुहेण ।
को एम ससयणहं देइ रिद्धि एवइ कासु सामत्थसिद्धि ।

---

३. MBP °माणेण जि जं खवहि । ४. B कइकट्ठवग्घ°; P कहकोलवग्घ° । ५. M बहुभेय° । ६. MBP °दावणीहिं । ७. MBP °णामियणरिंदु । ८. M दाणु तित्थु° । ९. PK करकमल° । १०. M सगहत्थें फंसिवि तहिं णिसि णिवसेवि; B सगहत्थें फंसिवि तहिं वणि णिवसेवि; P सगहत्थें फंसिवि तहिं णिव संसिवि ।

२२. १. M णवकंतिइ । २. MBP अवलोइय । ३. MBP पणविय । ४. MBP आमाइएण । ५. MBP °सिणेह° । ६. MBP भाइणेज्जु । ७. MBP अविउलु वि; T अविलु इति पाठेऽप्ययमेवार्थः । ८. MBP ता णियबंधुहिं चिंतिय° । ९. MB विबुह°; P विबुह । १०. MP यंतियाइं । ११. MBP समप्पिवि । १२. BP अप्पुणु । १३. MBP उप्पलु खेडु । १४. B omits this foot. १५. MBP महासुहेण ।

देखो, यह यहाँ नकुल हुआ। मधुके समान मीठे अक्षरोंको सुनकर और गत जन्मान्तरोंको याद कर वे उपशम भाव धारण करते हैं। न इन्हें डर है और न क्रोध। शुभध्यानके द्वारा आज भी ये अपने दोष नष्ट कर रहे हैं। तुम्हारे द्वारा दिये गये दानको इन वानर, सुअर, बाघ और विषधर-दम अर्थात् नकुलने माना है। बहु-भोगभाव और पवित्रता प्रदान करनेवाली कुरुभूमिकी आयु इन्होंने बाँध ली है। आठवें जन्ममें तुम ( वज्रजंघ ) अपने चरणयुगलमें देवेन्द्रोंको नमन करानेवाले जिनवरेन्द्र होगे। श्रीमती राजा श्रेयांस होगी पहला दान तीर्थंकर देव। ये देव और मनुष्यों-के सुखको प्राप्त करेंगे और तुम्हारे ये सुधीजन सिद्धिको प्राप्त होंगे। संसारके कष्टोंसे विरक्त होकर, जिनधर्मके अनुरागी तथा दोनों चरणकमलोंमें अपने सिरको झुकानेवाले वधूवरने उन्हें प्रणाम किया। मन्त्रियों और श्रावकगणने उनकी वन्दना की, आकाशगामी ऋषिवर नभके प्रांगणसे चल दिये। बातचीत करके चारोंने निश्चित कर लिया कि वे पापसे ही पशुयोनिको प्राप्त हुए।

घत्ता—मृगहस्त नक्षत्र बीतनेपर और रात्रिमें वहाँ रहकर सूर्योदय होनेपर राजा वहाँसे निकला, हाथियोंके घण्टास्वरों और फैली हुई सूँड़ोंसे दिग्गजोंको भयसे कँपाता हुआ ॥२१॥

## २२

अपनी शरीरकान्तिसे पूर्णचन्द्रके समान प्रसन्न वह कुछ ही दिनोंमें पुण्डरीकिणी पहुँच गया। अनुन्धरा सहित तथा पतिव्रताके घरकी पगडण्डीकी तरह उसने अपनी बहनको प्रणाम करते हुए देखा। अविरल स्नेहसे अपने बाहु फैलाये हुए जामाताने सासको प्रणाम किया। राजाने भानजेका आलिंगन किया। अविकल और हँसते हुए मुखकमलवाला बालक लक्ष्मीमती और श्रीमतीसे मिला, मानो गंगानदी और यमुना नदियोंसे मिला हो, अपने भाईका कल्याण सोचनेवाले उस वज्रजंघ राजाने वहाँ स्वामित्वके गुणमें स्वामीको रखा, विद्वानोंका अनुगमन करनेवालेको मन्त्री बनाया। राजाके द्वारा शासित समूचा देश उपद्रव रहित हो गया। सुधियोंको सम्मानित किया गया और कोष संचित किया गया। भृत्तियोंसे सेनाओंको नियन्त्रित किया गया। योग्य दुर्गोंकी चिन्ता की गयी। अशेष प्रतिपक्षको नष्ट कर दिया गया। उसने पुण्डरीकको स्थिर राज्यमें स्थापित कर दिया। स्वयं घरका वृत्तान्त पाकर अपनी पत्नीके साथ उत्पलखेड नगर गया। चन्द्रमुख चारों अनुचरोंके साथ वह सुधी सुखसे राज्य करता हुआ रहने लगा। इस प्रकार कौन अपने लोगोंको ऋद्धि देता है? इतनी बड़ी सामर्थ्य और सिद्धि किसके पास है?

घत्ता—थिर परकज्जरय णियवंसधय सुपुरिस को णासंघइ ॥
घणतमभरहरणे दित्तीयँ[16] रणे पुप्फदंत को लंघइ ॥२२॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे वज्जबाहुवज्जदंततवचरणकरणं णाम पंचवीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥२५॥

संधि ॥२५॥

---

१६. P दित्तीहरणें ।

घत्ता—स्थिर, परकार्यमें रत, अपने वंशका ध्वजस्वरूप सज्जन पुरुषकी शरणमें कौन नहीं जाता ? सघन अन्धकारके भारका हरण करनेवाले युद्धमें दीप्तिको कौन लांघ सकता है ॥२२॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुण अलंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित और महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका वज्रबाहु वज्रदन्त तपश्चरण नामका पचीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥२५॥

# संधि २६

कामभोयसुहरसवसहो तहु वसुमइहि काइं वण्णिज्जइ ॥
जं जं चिंतइ किं पि मणे तं तं सयलु वि खणि संपज्जइ ॥ध्रुवकं॥

१

जक्खपंको दढं वल्लहालिंगणं  मालईमालिया कुंकुमालेवणं ।
उंचेओ मंचओ चारुसेज्जायलं  आवरोहारि सोमेहं थणाणं थलं ।
उण्हयं भोयणं तुप्पधाराहरं  रत्तओ कंबलो छण्णरंधं घरं ।
पुव्वपुण्णेण सव्वं पि संजुत्तयं  सीययालम्मि तेणेरिसं भुत्तयं ।
चंदणं चंदपाया पिया णेहली  मल्लियादामयं तारहारावली ।
दाहिणो मंथरो मारुओ सीयलो  रुक्खकीलाणिओ पल्लवो कोमलो ।
वल्लरीमंडवो पोमजुत्तो सरो  वीयणंदोलणालीणओ सीयरो ।
थद्धथद्धं दहिं सीययं पाणियं  उण्हयालम्मि तेणेरिसं माणियं ।
फुल्लियासाकयंबोइधूलीरओ  ससमाऊरचंदस्स केयारओ ।
णीरधारामुयंतंबुवाहज्झुणी  संगया सूहवा पासि सीमंतिणी ।
णिग्गलं मंदिरं णिक्कियं भूयलं  धावमाणं रयालं पणालीजलं ।
इट्ठगोट्ठीविसिट्ठेहिं विण्णाययं  दिव्वगंधव्वयं कव्वयं पाययं ।
विज्जुमालाफुरंतं णहं दिप्पहं  तस्स मेहागमे तं पि सोक्खावहं ।
दीहरो कालओ जाव वोच्छिण्णओ  गेहए धूवओ ताम से दिण्णओ ।
सोत्तसंचारि धूमेण ताणं हओ  दंपईणं [10] खणेणेव जीओ गओ ।
कारणं मच्चुणो किं जणो कंखए  होइ [11] सत्थं सिरीसं पि आरक्खए ।

घत्ता—जंबूदीवसुरालयहो उत्तरकुरुहि रमणमणेहारिहे ॥
मरिवि बहूवरु अवयरिउ उयरि अणिंदहु अज्जवेणारिहे ॥१॥

---

MBP give, at the commencement of this Samdhi, the following stanza :–

धनधवलताश्रयाणामचलस्थितिकारिणां सुदुर्भमताम् ।
गणनैव नास्ति लोके भरतगुणानामरीणां च ॥१॥

GK do not give it,

१. १. MBP उच्चओ । २. M °सेज्जावलं; P सेज्जालयं । ३. MBP सोम्हं । ४. GK मारुओ bu gloss वायुः । ५. MBP पोमपुण्णो । ६. MB थद्धथद्धं; P बद्धबद्धं । ७. MBP सीयलं । ८. M रयाणं । ९. MBP वोलीणओ; T वोच्छिण्णओ । १०. MBP खणेणेय । ११. B सत्थं पियाओखए; P सत्थं सिरीसं पयाओ खए । १२. MBP °हारहो । १३. MBP °णारिहो ।

# सन्धि २६

कामभोग और सुखरससे वशीभूत उस श्रीमतीका क्या वर्णन किया जाये। मनमें वह जो-जो सोचती है, वह सब एक क्षणमें उसे प्राप्त हो जाता है।

१

यक्ष कर्दम, प्रियका दृढ़ आलिंगन, मालतीमाला, केशरका लेप, ऊँचा मंच, सुन्दर शय्यातल, स्थूल उन्नत ऊष्मा सहित स्तनोंका भाग, उष्ण भोजन घीकी धारासे सराबोर, लाल कम्बल, और रत्नोंसे आच्छादित घर—पूर्व पुण्यके संयोगसे उसे सब कुछका संयोग प्राप्त हो गया। शीतकालमें उसने इस प्रकार भोग किया। चन्दन, चन्द्रकिरणें, स्नेहमयी प्रिया, जुहीकी माला, स्वच्छ हारावली, दक्षिण मन्द शीतल पवन। वृक्षकी क्रीड़ासे आन्दोलित कोमल पल्लव। लतामण्डप, कमलयुक्त सरोवर, पंखोंके आन्दोलनसे व्याप्त जलकण। खूब जमा हुआ दही। ठण्डा जल। उष्णकालको उसने इस प्रकार बिताया। खिले हुए दिशाकदम्ब समूहकी धूलसे रत, मस्त मयूरवृन्दका केका शब्द, जलधाराको विसर्जित करनेवाले मेघोंकी ध्वनि, संगत सुभग, पासमें बैठी हुई स्त्री। णिग्गल मन्दिर, और पवित्र भूमिभाग, दौड़ता हुआ वेगशील प्रवाली जल। इष्ट गोष्ठियों और विशिष्टोंके द्वारा विज्ञापित दिव्य गन्धर्वगान और प्राकृतकाव्य। बिजलियोंसे स्फुरित आकाश और दिशापथ, ये भी मेघोंके आगमनपर उसे (श्रीमतीके लिए) अच्छे लगे। जब उसका बहुत समय बीत गया तो एक दिन, उसने घरमें धूप दी। उसके धुएँने उन्हें कानोंके छेदमें आहत कर दिया। उस दम्पतिका एक क्षणमें जीव चला गया। क्या मनुष्य मृत्युका कारण चाहता है? शिरीष पुष्प भी आयुका क्षय होनेपर शस्त्रका काम करता है?

घत्ता—वधूवर दोनों मरकर जम्बूद्वीपके महा सुमेरुकी उत्तरदिशामें रमणके लिए सुन्दर उत्तर कुरुभूमिमें अनिन्द्य आर्जवनारीके उदरमें, अवतरित हुए ॥१॥

२

णवमासहिं गब्भहु णीसरियइं ताहं बिहिं वि संचियसुहचरियइं ।
उत्ताणियमुहाइं णिवसंतहं करकमलंगुलियाउ पियंतहं ।
सत्त सत्त दिण गय रंगंतहं पुणु वि पुणु वि मड्ढंतपडंतहं ।
सत्त खलिय पयवयणइं देंतहं अवरोप्परु वरकेलि जरंतहं ।
पुणु सत्तहिं थिराइं संजायइं गयंकुसलाइं परिफुडवायइं ।
अवरहिं सत्तहिं अलिणिहचिहुरइं णिहिलकलाकलावणिउणयरइं ।
अण्णहिं सत्तहिं दियहहिं पोढइं णवजोव्वणसिंगारारूढइं ।
ताइं तिगाउयतुंगसरीरइं वरबदरीहलमेत्ताहारइं ।
सो वि गासु गेण्हंति तिदियसहिं इय भासिउं रिसीहिं हयहरिसहिं ।
घत्ता—जहिं चामीयरधरणियलु पाणिउं मिट्ठउं णाइं रसायणु ॥
मणिमयकप्पमहीरुहहिं चिउं रवि सत्तावीसं जोयणु ॥२॥

३

जहिं जणियसोक्ख दहभेय रुक्ख ।
जणमणु हरंति चिंतियउ देंति ।
महसहिउं पेज्जु मज्जंगु भज्जु ।
तूरंगतूरु भूयंगु हारु ।
केऊरु दोरु वच्छंगु चीरु ।
गेहंगु गेहु णं सरयमेहु ।
होयंति तुंग तरुभायणंग ।
भायणविहत्ति दित्तंगदित्ति ।
जे भोयणक्ख ते विविहभक्ख ।
भोयणसयाइं रससंगयाइं ।
ववणंति ताइं जणु मइइ जाइं ।
पुण्णाय णाय वर पारियाय ।
णवमालियाउ अलियालियाउ ।
मालंगरुक्ख होयंति णिरक्ख ।
हयतिमिरभाउ दीवंगु दीउ ।
घत्ता—णिच्चु जि उच्छउ णिच्चु दिहि णिच्चु जि तणुताकण्णु णवल्लउ ॥
भोयभूमिरुहमाणुसहं जं जं दीसइ तं तं भल्लउ ॥३॥

---

२. १. B संचियसुहसुहचरियइं । २. MBP पिय; T पय पयानि । ३. MBP गइ° । ४. MBP वर-बदरीहल°; T कुवली बदरी । ५. B सुदिवसहि । ६. MBP भासियउं रिसिहिं । ७. MP चिउ; B चिउ; T चिउ प्रच्छादितम् ।

३. १. MBPKT मयसहिउ । २. MBP भूसंगु । ३. MBP केऊर° । ४. M वच्छंग । ५. MBP गेहंग । ६. MBP °विहित्ति । ७. MP भोयणेक्ख । ८. P णिवह । ९. MBP °भाव । १०. MBP दीवंगदीउ । ११. MBP उच्छउ । १२. MBP णिच्चु ।

२

नो माहमें गर्भसे निकलनेपर, शुभ चरितका संचय करनेवाले, उन दोनोंके ऊँचा मुँह कर रहते हुए और हाथकी अंगुलियोंको पीते हुए सात दिन बीत गये। सात दिन घुटनोंके बल चलते हुए, फिर-फिर उठते-पड़ते हुए, सात दिन कुछ पद वचन बोलते हुए और एक दूसरेके साथ कुछ क्रीड़ा करते हुए बीत गये। फिर सात दिनमें स्थिर, गतिमें कुशल और स्फुट वाणीवाले हो गये। और भी सात दिनमें भ्रमरके काले बालवाले और समस्त कलाकलापमें निपुणतर हो गये। दूसरे सात दिनमें प्रौढ़ तथा नवयौवन एवं शृंगारमें रूढ़ हो गये। उनका तीन कोस ( गव्यूति ) ऊँचा शरीर था। बेरके समान उनका श्रेष्ठ आहार था। वह भी तीन दिनमें वे एक कौर ग्रहण करते थे। ऐसा हर्षसे रहित ऋषियोंने कहा है।

घत्ता—जहाँ सोनेकी जमीन है, पानी ऐसा मीठा कि जैसे रसायन हो। जहाँ सूर्य कल्पवृक्षोंके द्वारा सत्ताईस योजन तक आच्छादित है ॥२॥

३

जहाँ सुख उत्पन्न करनेवाले दस वृक्ष हैं, जो जनमनका हरण करते हैं और चिन्तित फल देते हैं। मद्यांग वृक्ष, हर्षयुक्त पेय और मद्य, वादित्रांग, तुरंग और तूर्य, भूषणांग हार, केयूर और डोर, वस्त्रांग वस्त्र, गृहांग घर, जो मानो शरद् मेघ हों। भाजनांग वृक्ष, अंगोंको दीप्ति देनेवाले तरह-तरहके बर्तन देते हैं और जो भोजनांग वृक्ष हैं, वे विविध भोज्य पदार्थ तथा रसयुक्त सैकड़ों प्रकारके भोजन देते हैं। माल्यांग नामके वृक्ष देते हैं उन पुष्पोंको जिनसे मनुष्यका सम्मान बढ़ता है, पुन्नाग नाग श्रेष्ठ पारिजात, भ्रमरोंसे सहित नवमालाएँ, निर्दोष दीपांग वृक्ष तिमिरभावको नष्ट करनेवाले दीप देते हैं।

घत्ता—नित्य ही उत्सव, नित्य ही नया भाग्य और नित्य ही शरीरका तारुण्य। भोगभूमिके मनुष्योंकी जो-जो चीज दिखाई देती है, वह सुन्दर है ॥३॥

४

ण दुज्जणु दूसियसज्जणवासु ण खासु णं सोसु ण रोसु ण दोसु ।
ण छिक्क ण जिंभणु णालसु दिट्ठु ण णिद्द ण णेत्तणिमीलणु सुट्ठु ।
ण रत्ति ण वासरु धंतु ण धम्मु ण इट्ठविओउ ण कुच्छियकम्मु ।
अयालि ण मेघु ण चिंत ण दीणु कयाइ कहिं पि सरीरु ण खीणु ।
पुरीसविसग्गु ण मुत्तपवाहु ण लाल ण सेंभु ण पित्तु वि डाहु ।
ण रोउ णं सोउ ण सेउ विसाउ किलेसु ण दासु ण को वि त्ति राउ ।
सुरूव सलक्खण माणव दिव्व अगव्व सुभव्व समाण जि सव्व ।
सुहाउ विणीसिउ सासु सुयंधु कलेवरि वज्जसमट्ठियबंधु ।
तिपल्लपमाणु थिराउणिबंधु करीसरें केसरि ते वि हु बंधु ।
ण चोरु ण मारि ण घोरुवसग्गु अहो कुरुभूमि विसेसइ सग्गु ।

घत्ता—बिहिं मि ताहं तहिं संठियहं एक्कमेक्करइरमणलुद्धहं ॥
भुंजंतहं णाणासुहइं जाइ कालु दिढणेहणिबंधहं ॥४॥

५

तहिं जि पईहरथोरकर सद्दूलाइय जाय णर ।
पत्तभोयभूमीभवेण वज्जजंघरायअवेण ।
समहिलेण अच्छंतएण सुरतरुसिरि पेच्छंतएण ।
कासु वि भासियसम्मयहो कज्जेणेव समागयहो ।
देवहु दीवियदिप्पहहो णियवि विमाणु रविप्पहहो ।
पुव्वभवंतरु संभरिउ जं ललियंगदेवचरिउ ।
थिउ णियमणि जा विभइउ भवणिव्वेयभावलइउ ।
ता णहाउ चारणजुयलु ओयरिउ णहणिहु विमलु ।
पंतु तेण हक्कारियउ रुइरासणि वइसारियउ ।
सीसें सीसेण जि णविउ सविणयवायइ विण्णविउ ।
के तुम्हइं किं आगमणु किउ किं तुम्हहं उवरि मणु ।
मइं वट्टइ णेहुल्लियउ ता गुरुमुणिणा बोल्लियउ ।

घत्ता—जइयहुं तुहुं अल्लयाउरिहिं होंतउ आसि महाबलु राणउ ॥
तइयहुं हउं सइंबुद्धु तुह मंति मंतसब्भाववियाणउ ॥५॥

---

४. १. MB दुज्जण । २. MBP ण रोमु ण सोमु । ३. MBP णालस । ४. M णित्त° । ५. MBP वण्णु; T वण्णु । ६. MB मिच्चु । ७. MBP पुरीगुवसग्गु । ८. MBP सिभ । ९. MBP पित्त ण डाहु । १०. MBP ण सेउ ण सोउ । ११. MBP कोइ । १२. MBP add after this : मुहुज्झि ( B महुज्झि; P मुहुंजे ) ण मौसिय मासिय ( B कम्मु ण ) रोम, सुरेसहु बुद्धि विसेसियकाम ( B °कम्म ). १३. MBP सरूव । १४. M करीसरि । १५. MBPK भुजंतहं । १६. MB दढणेहणिबद्धहं ।

५. १. MBP सद्दूलाइ वि. २. MBP सुरहरसिरि । ३. MBP कज्जें केण । ४. P °देउ । ५. P वि । ६. MBP किं अम्हहं तुम्हहं ।

४

वहाँ सज्जनके निवासको दूषित करनेवाला दुर्जन नहीं है। जहाँ न खाँस है, न शोष कोष है और न दोष। न छींक, न जँभाई और न आलस्य देखा जाता है। न नींद और न नेत्र निमीलन। न रात न दिन। न ध्वान्त ( अन्धकार ), न घाम। न इष्ट वियोग और न कु कर्म। न अकाल मृत्यु, न चिन्ता, न दीनता, कभी भी कहीं शरीर दुबला नहीं। न पु विसर्जन और न मूत्रका प्रवाह। न लार, न कफ, न पित्त और न जलन, न रोग, न शोक, न और न विषाद, न क्लेश, न दास और न कोई भी राजा। सभी मनुष्य सुरूप, सुलक्षण और निरभिमानी, सुभव्य और सभी समान। उनके मुखसे सुगन्धित श्वास निकलता है, व वज्रवृषभ नाराच संहनन है, तीन पल्य प्रमाण स्थिर आयुका बन्ध है। जहाँ गजेश्वर औ दोनों भाई हैं। जहाँ न चोर है, न मारी है न घोर उपसर्ग। आश्चर्य है कि कुरुभूमि स्वर्ग अधिक विशेषता रखती है।

घत्ता—एक दूसरेके साथ रतिक्रीड़ामें लक्ष, दृढ़ स्नेहमें बँधे हुए, वहाँ रहते हु दोनोंका नाना प्रकारके सुख भोगते हुए समय बीतने लगा ॥४॥

५

शार्दूलादि भी ( सिंह, वानर, सुअर और नकुल ) वहींपर स्थूल और दीर्घ ब मनुष्य हुए। भोगभूमिमें जन्म पानेवाले वज्रजंघ राजाके जीवको, अपनी महिला ( श्रीमत साथ रहते हुए, कल्पवृक्षोंकी लक्ष्मीका निरीक्षण करते हुए, किसी कार्यसे आये हुए, सम्यक का भाषण करनेवाले, किसी सूर्यप्रभ देवके दिशापथोंको आलोकित करनेवाले विमानको अपना पूर्वभवका ललितांग चरित याद आ गया। जब वह अपने मनमें विस्मित था, अ संसारसे निर्वेदभाव हो रहा था, तभी आकाशसे एक चारणयुगल मुनि उतरे। आते हु उसने पुकारा और एक ऊँचे आसनपर बैठाया। शिष्यने सिरसे नमस्कार किया और अपनी पूर्ण वाणीसे निवेदन किया—"आप कौन हैं, किस लिए यह आगमन किया, हमारा स्नेह हुआ मन आपके ऊपर क्यों है ?" इसपर गुरु बोले—

घत्ता—जब तुम अलकापुरीमें राजा थे महाबल नामसे, तब मैं मन्त्र और सद् जाननेवाला तुम्हारा स्वयंबुद्ध मन्त्री था ॥५॥

६

णिद्दाइ मुत्तो सि विवरंतचित्तो सि ।
जइया कुवाईहिं सिविणंतरे तीहिं ।
हो बप्प दुग्गेज्झ तइया मए तुज्झ ।
संसारहाराइं जिणवयणसाराइं ।
सिद्धा रिसी जेहिं दिण्णाइं तं तेहिं ।
होऊण ललियंगु मोत्तूण दिव्वंगु ।
भीमारिणिण्णासि भूमीसु हूओ सि ।
मुणिदाणबुद्धीइ बहुपुण्णसिद्धीइ ।
तुहुं एत्थु जाओ सि णाणेण णाओ सि ।
संबंधिओ होसि किं णेय जाणासि ।
खगवइविओएण मइं मुक्कभोएण ।
किउ घोरु तवयरणु इंदियछिंदाहरणु ।
सोहम्मि सोहालु हुउ देउ ललियंगु ।
सइंपहविमाणम्मि दुक्खावसाणम्मि ।
इह जंबुदीवम्मि पुव्वे विदेहम्मि ।
पुक्खलहि मेइणिहि पुरिपुंडरिंकिणिहि ।
पियसेणरायस्स पसरंतरायस्स ।
कयणाहणेहम्मि सुंदरिहि देहम्मि ।
जाओ मि इं भद्द आलोविणीसद्द ।
पीइंकरो णाम मुणि रामिणीकाम ।
अलिवलयणिहकेस पीईसरो एस ।
मज्झाणुओ होइ दिव्वो महाजोइ ।

घत्ता—णिसुं चिय णेहाउलहो णिग्गय बिण्णि वि णियघरवासहो ॥
जाया सीस सयंपहहो अरहंतहो संतारिविणासहो ॥६॥

७

अवहिणाणि चारण संजाया बिण्णि वि पइं संबोहहुं आया ।
लइ सम्मत्तु अलोहि पलावें भावहि जिणदंसणु सब्भावें ।
अत्थि णत्थि किं संक ण किज्जइ इहपरलोयकंख वज्जिज्जइ ।
गुणवंतहु दोसु वि ढंकिज्जइ मग्गभट्ठु पुणु मग्गि ठविज्जइ ।
असुईकलेवरु जणु ण वियप्पइ साहुहुं देहेंदुगुंछ ण घिप्पइ ।

६. १. MBP विवरंति । २. MBP हा बप्प । ३. MP add after this : णयणेहिं दिट्ठो सि, णंदणो सो सि । ४. B °छुहा°; T °छिहा° । ५. MBP आलावणी° । ६. MBP पीईकरो । ७. MBP कामिणी°; T रामिणी° । ८. P ईस ।

७. १. M अलंहि । २. MBP वि दोसु । ३. P असुह° । ४. M देहु दुगुंछण; P देहु दुगुंछ ण ।

६

जब तुम निद्रामें थे और जब कुवादियों द्वारा गर्तमें फेंक दिये गये थे, तब स्वप्नान्तरमें
भी दुर्ग्राह्य हे सुभट, मैंने तुम्हें संसारका हरण करनेवाले जिनवरके उन वचनोंका सार तुम्हें दिया
था कि जिससे बड़े-बड़े ऋषिमुनि सिद्ध हुए हैं। फिर तुम ललितांग देव होकर, दिव्य शरीर
छोड़कर, भयंकर शत्रुओंका नाश करनेवाली भूमिमें उत्पन्न हुए। लेकिन मुनिको दानकी बुद्धि और
अनेक पुण्योंकी सिद्धिसे तुम यहाँ उत्पन्न हुए हो, ज्ञानके द्वारा तुम मेरे द्वारा जान लिये गये हो?
सम्बन्धित हो, क्या तुम नहीं जानते? विद्याधर राजाके [illegible] भोगोंको छोड़कर मैंने
इन्द्रियोंकी भूखको नष्ट करनेवाला भयंकर तप किया और सौधर्म स्वर्गमें सौभाग्यशाली मणिचूल
देव उत्पन्न हुआ, दुःखको नाश करनेवाले स्वयंप्रभ विमानमें। इस जम्बूद्वीपके पूर्व विदेहकी
पुष्कलावती भूमिमें पुण्डरीकिणी नगरी है। उसमें अपने राज्यको प्रसारित करनेवाले राजा
प्रियसेनकी सुन्दरी पत्नी है। अपने पतिसे स्नेह करनेवाली उससे, वीणाके समान शब्दवाला मैं
प्रीतिकर नामसे उत्पन्न हुआ। स्त्रियोंके द्वारा इच्छित, हे भद्र, तुम सुनो, भ्रमर समूहके समान
केशराशिवाला, प्रेमका सरोवर, दिव्य महाज्योति यह मेरा छोटा भाई है।

घत्ता—स्नेहसे निरय भरपूर अपने गृहवाससे हम दोनों निकल पड़े तथा विद्यमान
शत्रुओंका नाश करनेवाले स्वयंप्रभ अरहन्तके शिष्य हो गये ॥६॥

७

हम लोग अवधिज्ञानी चारण हो गये हैं और तुम्हें सम्बोधित करने आये हैं। तुम सम्यक्त्व
ग्रहण करो, व्यर्थ बकवाद मत करो, सद्भावसे जिनदर्शनका विचार करो। 'है' या नहीं है, इसकी
बिलकुल शंका नहीं करनी चाहिए, इहलोक और परलोककी भी आकांक्षा छोड़ देनी चाहिए।
गुणवान् व्यक्तिके दोषोंको ढकना चाहिए, जो मार्गभ्रष्ट हैं, उन्हें मार्गमें स्थापित करना चाहिए।

वेज्जावच्चु समउ वच्छल्लें किज्जइ हियएं संघेहियल्लें ।
मिच्छु तुच्छु जो धम्मु कहिज्जइ अण्णदिट्ठिवड्ढु सो ण थुणिज्जइ ।
वड्ढइ वड्ढियवुक्कियलेवइ मलु कुदेवकुच्छियगुरुसेवइ ।
समयवेयलोइयमूढत्तणु अघसें करइ अणत्थपवत्तणु ।
अच्छइ दुइयंणगंथणिबद्धउ थिउ णाणम्मि थाउ सुपसिद्धउ ।

घत्ता—वेएं किज्जइ जीवदया पर सयलु वि जाणिज्जइ ॥
हम्मइ जेण जियंतु पसु तं करवालु ण वेउ भणिज्जइ ॥७॥

८

सया णारिरत्तो सया भंज्जमत्तो ।
सया वित्तलुद्धो सया सत्तकुद्धो ।
समोहो समाओ सदोसो सराओ ।
ण सो होइ देवो ण खं सुण्णभावो ।
पलं जस्स खज्जं महुं जस्स पेज्जं ।
वहू जस्स गेहे रई जस्स देहे ।
गुरू सो वि हा हे जगे मंदमेहे ।
सपावं सपावा णवंता विगावा ।
ण गच्छंति सग्गं ण वा तेऽपवग्गं ।
पउत्ता महंता ण कायस्स चिंता ।
विसेस्सावि हारे खमा होइ भारे ।
पमोत्तूण वेयं खगं वइणतेयं ।
जिणिंदं अणिंदं सुरिंदोहवंदं ।
विहुं धीयरोसं अहिंसाणिघोसं ।
विहाऊण चक्कं णयाणीयसक्कं ।
परो को हयारी जगे मोहहारी ।
तिणा जो पवत्तो असच्चेण चत्तो ।
अहिंसापयासो वियाणागमो सो ।

घत्ता—पँत्तीय धम्मु दयापरसु रिसि गुरु देउ जिणिंदु भडारउ ॥
लइ लइ तुहुं सम्मत्तगुणु मइं अक्खिउ संसारहु सारउ ॥८॥

---

५. B संहहियल्लें । ६. MBPT °पहु । ७. MP मुणिज्जइ । ८. MBP °गंथहि बद्धउ; T गंथणि-बद्धउ । ९. MBP जीवदया ।

८. १. P भंजिज मत्तो । २. P सत्तकुद्धो । ३. MBP सयं सुण्ण°; T खं ण न गगनं देवः । ४. MBP तस्स । ५. MBK विसस्सावहारे; P विसस्साहवारे । ६. MBP मोहयारी; T मोहयारी मोहवारकः । ७. MB एत्तीय; P पत्तिय and gloss प्रतीत्या । ८. MB °पवरु; P °पर ।

यह विचार नहीं करना चाहिए कि मनुष्य अपवित्र शरीर है। साधुओंकी देहसे घृणा नहीं करनी चाहिए। संघके हितसे भरे हृदयसे और वात्सल्यके साथ उनकी वैयावृत्य करनी चाहिए। अन्यका दृष्टिस्थ जो मिथ्या तुच्छ और बन्ध्य कहा जाता है, उसकी प्रशंसा नहीं करनी चाहिए। बढ़ता है पापका लेश जिसमें ऐसी कुगुरु और कुदेवकी सेवासे मल ( पाप ) बढ़ता है। शास्त्र-ज्ञान और लोककी मूढ़ता अवश्य ही अनर्थका प्रवर्तन करती है। बुधजनके ग्रन्थोंमें निबद्ध सुप्रसिद्ध विद् धातु ज्ञानके अर्थमें है।

घत्ता—ज्ञान ( वेद ) के द्वारा जीवदया करनी चाहिए, स्व और पर सबको जानना चाहिए, जिसके द्वारा जीवित पशु मारा जाता है उस करवाल ( तलवार ) को वेद नहीं कहा जाता ॥७॥

८

जो सदैव नारीमें रक्त है, सदा मदिरामें मत्त है, सदैव धनलुब्ध है, सदा शत्रुपर क्रुद्ध होता है, मोह सहित, माया सहित तथा दोष और रागसे सहित है, वह देव नहीं हो सकता। और देव शून्यभाव हो सकता है, जिसके घरमें वधू है, जिसके शरीरमें रति है, अरे खेदकी बात है कि मन्दबुद्धिवाले जगमें वह भी गुरु है। पाप सहित लोग पाप सहितको, विगतगर्व नमस्कार करते हैं। ऐसे लोग स्वर्ग नहीं जाते और न ही अपवर्ग ( मोक्ष ) जाते हैं। महान् वे कहे जाते हैं जिन्हें शरीरकी चिन्ता नहीं होती, हारमें या भारमें, जिनकी विश्वके प्रति क्षमा होती है। इसलिए वेदको और वैनतेय ( गरुड़ ) को छोड़कर अनिन्द्य देव समूह द्वारा वन्दनीय, वीतक्रोध अहिंसाका निर्घोष करनेवाले इन्द्रके द्वारा प्रणम्य एकमात्र अनिन्द्य जिनेन्द्रको छोड़कर जगमें दूसरा कौन शत्रुओंका नाश करनेवाला है, और मोहका अपहरण करनेवाला है। उन्होंने जो कुछ कहा है, वह असत्यसे व्यक्त है, वह अहिंसाका प्रकाशन करनेवाला और विज्ञानका आगम है।

घत्ता—दयासे श्रेष्ठ धर्म और ऋषि-गुरु-देव-आदरणीय-जिनका विश्वास करो, तुम सम्यक्त्व गुणको स्वीकार करो; मैंने संसारका सार तुमसे कह दिया ॥८॥

९

भो ललियगत्त भो धवलणेत्त ।
संहहसु मित्त तच्चाइं सत्त ।
छद्दव्वभेय छज्जीवकाय ।
पंचत्थिकाय चउ सुरणिकाय ।
णाणाइं पंच गइभेय पंच ।
रिसिवयइं पंच गिहिवयइं पंच ।
छल्लेसभाव मुणि तिण्णि गाव ।
तेरह चरित्त गुत्ति वि तिउत्त ।
णवविह पयत्थ दह धम्मपंथ ।
सत्त भय सिट्ठ मय अट्ठ दुट्ठ ।
अप्पाणुवाउ कम्माणुवाउ ।
चरणाणिओउ करणाणिओउ ।
जं कहिउ तेण मुणिपुंगवेण ।
णिसुणिवि कमेण तं गहिउं तेण ।
अज्जेण जेम अज्जाइ तेम ।

घत्ता—जिह सद्दूलवज्जवणरेण कोलणरेण वि तिह पडिवण्णउं ॥
वाणरचरफणिरिउचरेहं सम्मइंसणु मुणिणा दिण्णउं ॥९॥

१०

भत्तिए णविय भवियणरवग्गें गय रिसि उल्ललेवि णहमग्गें ।
कुलिसबाहुतणयहु ते किंकर मइवराइ चत्तारि सुहंकर ।
तव करेवि जाया णिरवज्जहिं अहमिमाणि हेट्ठिमगेवज्जहिं ।
लोयसारु अहमिंदसुरत्तणु पत्ता पुण्णपहावपउत्तणु ।
वज्जजंघु सह सिरिमइ अज्जइ बे वि मुयाइं समंचियपुज्जइं ।
हुउ ईसाणकप्पि वरु सुरवरु सिरिपहमंदिरि णामें सिरिहरु ।
तहिं जि कप्पि कुंदेंदुसमप्पहि सीमंतिणि सुरगेहि सयंपहि ।
जिणचरणारविंदरयचित्तें णारिलिंगु छिंदेवि संमत्तें ।
हूई अमरु सयंपहु णामें सो रूवेण ण णिज्जिउ कामें ।
वग्घचरु वि णरु मुउ ललियंगउ णिलइ मणोहरि हुउ चित्तंगउ ।

९. १. K adds this line in the margin but scores it out. २. MBP सुरचउणिकाय । ३. M गयभेय । ४. MP रयणइं तिउत्त । ५. K °पुंगमेण । ६. B सिसुणवि; P णिसुणवि । ७. MBP गहिउ । ८. MP सद्दूल वज्जणरेण; B सद्दूलवज्जणरेण । ९. MP °रिउचरइं ।

१०. १. P उल्कुलेवि । २. MBP अहमिंदु । ३. MBP वज्जजंघु सिरिमइ तह अज्जइ । ४. P मुयाइं । ५. P हुव । ६. MBPK सम्मत्तें । ७. K विग्घचरु ।

९

हे सुन्दर शरीर, धवल नेत्र मित्र ! तुम श्रद्धान करो कि तत्त्व सात हैं। द्रव्यके छह भेद हैं, जीवकायके छह भेद हैं, अस्तिकाय पाँच हैं और देवनिकाय चार हैं। ज्ञान पाँच हैं, गतिभेद पाँच हैं, मुनिव्रत पाँच हैं, गृहस्थोंके भी पाँच व्रत हैं। लेश्याभाव छह हैं, गर्व तीन प्रकारके जानो, चारित्र्य तेरह प्रकारका है, और गुप्तियाँ तीन प्रकारकी। पदार्थ नौ प्रकारके हैं, धर्मके मार्ग दस प्रकारके हैं, सात प्रकारके भय कहे गये हैं, दुष्ट मद आठ प्रकारके हैं, आत्मानुवाद (जीवानुवाद) कर्मानुवाद, चरण नियोग और करणनियोगका उन मुनिने जो वर्णन किया, उसे क्रमसे सुनकर उसने ग्रहण कर लिया, आर्यने जिस प्रकार, आर्याने भी उसी प्रकार।

घत्ता—जिस प्रकार शार्दूलके जीव मनुष्यने सम्यक्दर्शन स्वीकार किया, उसी प्रकार सुभटके जीवने सम्यग्दर्शन स्वीकार किया। वानर और नकुलके जीव मनुष्योंको भी मुनिने सम्यग्दर्शन प्रदान किया ||९||

१०

भव्य नरसमूहके द्वारा भक्तिसे प्रणमित ऋषि आकाशमार्गसे उड़कर चले गये। वज्रबाहुके वे चारों मतिवर आदि शुभंकर अनुचर तपकर निरवद्य अध:ग्रैवेयक स्वर्गके अहमेन्द्र विमानमें उत्पन्न हुए। उन्होंने लोकश्रेष्ठ अहमेन्द्रसुरत्व और पुण्यके प्रभावकी प्रभुताको प्राप्त किया। वज्रजंघ और आर्यिका श्रीमती, दोनों समतासे अंचित और पूजित होकर मर गये। वज्रजंघ ईशान स्वर्गके श्रीप्रभ विमानमें श्रीधर नामका श्रेष्ठ सुर हुआ और उसी स्वर्गमें कुन्द और चन्द्रमाके समान आभावाले स्वयंप्रभ विमानमें वह स्त्री ( श्रीमती ) जिनके चरणकमलोंमें भक्ति रखनेके कारण सम्यक्त्वसे स्त्रीलिंगका उच्छेद कर स्वयंप्रभ नामका देव हुई, जिसे रूपमें कामदेव भी नहीं जीत सका। व्याघ्रका भी जीव मनुष्य मरकर सुन्दर विमानमें सुन्दर अंगोंवाला सुन्दर

देउ वराहचरु वि संजायउ णामें कुंडलिल्लु सुरूछायउ।
णंदविमाणि सरयकंदाहइ [illegible]

घत्ता—कुरुभूमिहि माणेवु मरिवि कंतिइ णाइं मियंकु दुइज्जउ ॥
णियसुहकम्में पेरियउ पहचरि मणरहु हुउ णवलज्जउ ॥१०॥

## ११

होंतउ आसि जम्मि जो वाणरु सुहं भुंजेप्पिणु कुरुधरणीणरु।
णंदावत्तविमाणइ हूयउ णाम मणोहरु देउ संरूयउ।
जो सइंबुद्ध बुहेहिं भाविउ जेण महाबलु धम्महु लाविउ।
पीयंकरु तिलोयपीईकरु सो संजायउ केवलिजिणवरु।
णाणें परियाणिवि सुरसहयरु गउ वंदणहत्तिइ तहु सिरिहरु।
अमरसहंतरालि पइसेप्पिणु थुउ णियगुरु गुरुभत्ति करेप्पिणु।
णिवडंतहु भवविवरि सुणीसर पइं महु दिण्णु हत्थु परमेसर।
पइं सइंबुद्ध बुद्ध जगु बुद्धउ पइं हियउल्लउ कयउ विसुद्धउ।
पइं जोईयउं सव्वु णीसेसु वि तुहुं समु सहणेसु वि णीसेसु वि।
तुहुं महु मग्गणखंभु अभंगउ हउं तुह चरणजुयलु सरणं गउ।

घत्ता—मिच्छादिट्ठि सुदुट्ठमण पावयम्म णिद्धम्म वराया ॥
कहहि सयणमयणिम्महण कहिं ते मंति महारा जाया ॥११॥

## १२

कहइ भडारउ चिण्णि कुधामहु गय संभिण्णसहसमइ भीमहु।
अलहविहुर संतइ संजोयहु णिच्चलमंथहु णिच्चणिगोयहु।
सुण्णवायविवरणदूसियमइ णिवडिउ णरइ दुहजइ सयमइ।
तं णिसुणिवि सिरिहरु गउ तेत्तहि णारउ णरइ णिसण्णउ जेत्तहि।
पइसेप्पिणु तं सतिमिरु कुविवरु भणइ विमाणारूढउ सुरवरु।
अहो अहो सयमइ सुणहि महाबलु हउं सो खयरराउ जसणिम्मलु।
मुत्ती मुईरु जेण अलयाउरि सामिसालु तुहुं रिउकरिकेसरि।
सुरदुंदुहिगंभीरणिणाएं तुम्हइं तिण्णि वि जिणिवि विवाएं।
गुरुणा जिणवयणम्मि णिउत्तउ सोक्खपरंपराउ हउं पत्तउ।

---

८. MP कुंडिलिल्लु। ९. MBP माणव। १०. MBP मणहरु; K मणहर but corrects it to मणरहु।

११. १. K सो। २. MBP °विमाणे पहूयउ। ३. M मणोहर। ४. MBP सुरूयउ। ५. M पीइंकरु; P पीईकरु। ६. MP पीइंकरु; B पीयंकरु। ७. MB °भत्तिहिं; P °भत्तिइ। ८. B करेविणु। ९. MP सुद्धयु। १०. MBP जाणियउं। ११. MBP अभग्गउं। १२. MB सुदिट्ठिमण; P सुदुट्ठमण।

१२. १. P सो जोवहु। २. MBP मुणहि। ३. P मुयरु। ४. MBP °परंपराइ।

चित्रांग देव हुआ। वराहका जीव भी देव हुआ कुण्डलित्ल नामका सुन्दर कान्तिवाला। शरद् मेघोंके समान नन्दविमानमें वह ऐसा लगता, जैसे एक क्षणके लिए मेघमें विद्युत् समूह शोभा देता है।

घत्ता—नकुलका जीव, मनुष्य मरकर कुरुभूमिमें मनुष्य हुआ जो कान्तिमें मानो दूजका चाँद था। इस प्रकार अपने शुभकर्मसे प्रेरित होकर मनरथवाला ॥१०॥

११

जो पूर्वजन्ममें वानर था, वह कुरुभूमिके मनुष्यके रूपमें सुख भोगकर नन्दावर्त विमानमें उत्पन्न हुआ, सुन्दर मनोहर नामके देवके रूपमें। पण्डितसमूहको अच्छा लगनेवाला जो स्वयंबुद्ध था और जिसने महाबलको धर्ममें प्रतिष्ठित किया था त्रिलोकको प्रिय लगनेवाला वह प्रीतंकर नामका जिनवर केवली हुआ। देवसहचर श्रीधर ज्ञानसे यह जानकर उसकी वन्दनाभक्ति करनेके लिए गया। देवसभाके भीतर प्रवेश करके और गुरुभक्ति कर अपने गुरुकी खूब स्तुति की—"हे परमेश्वर! भवविवरमें गिरते हुए तुमने मुझे हाथका सहारा दिया, तुम स्वयंबुद्ध बुद्ध हो, दुनियामें बुद्ध माने जाते हैं? आपने हृदय विशुद्ध कर दिया है। आपने अशेष तत्त्वका साक्षात्कार कर लिया है, आप धनी और निर्धनमें समान हैं। आप मेरे लिए आधारभूत अभग्न स्तम्भ हैं, मैं तुम्हारे चरणयुगलकी शरण गया था।

घत्ता—मिथ्यादृष्टि अत्यन्त दुश्मन पापकर्मा धर्महीन और बेचारे वे हमारे मन्त्री कहाँ उत्पन्न हुए, हे कामदेवके मदका नाश करनेवाले कृपया बताइए?" ॥११॥

१२

आदरणीय वह बताते हैं—"वे दोनों सम्भिन्नमति और महामति खोटे स्थानवाले भयंकर, असह्य कष्टोंकी परम्परासे युक्त नित्य अन्धकारवाले नित्य-निगोद में गये हैं। शून्यवादके विवरणसे दूषितमति शतमति दूसरे नरकमें गया।" यह सुनकर, श्रीधर वहाँ गया, जहाँ नरकमें वह था। अन्धकारमय उस कुविवरमें प्रवेश कर अपने विमानमें बैठे हुए श्रीधरदेवने कहा, "हे महाबल स्वयंमति सुनो, मैं वही यशसे पवित्र विद्याधर राजा हूँ जिसने बहुत समय तक अलकापुरीका भोग किया। तुम्हारा स्वामीश्रेष्ठ और शत्रुरूपी हाथीके लिए सिंह। सुरदुन्दुभिका गम्भीर निनाद जिसमें है, ऐसे विवादके द्वारा तुम तीनोंको जीतकर, गुरुके द्वारा जिन-वचनोंमें नियुक्त मैं सुखकी

जीवदयोदमेण परिचत्तउ तुहुं पुणु पावें एत्थु णिहित्तउ ।
दुण्णएहिं मा विणडहि अप्पउ वीयराउ जिणु भणु परमप्पउ ।
घत्ता—धम्मु अहिंसउ सद्दहहि मोक्खमग्गु णिग्गंथु वियाणहि ॥
जीहोवत्थछिहारहिउ मुणि णिमुक्कमोहु संमाणहि ॥१२॥

१३

पहाजित्ततरणी विहंगेण करुणी ।
पहू तेण मुणिओ जयाणिंद भणिओ ।
दढं झत्ति गहिओ सया दोसरहिओ ।
जिणिंदस्स समओ अमोहेण चि मओ ।
तमुब्भूयदुरियं महादुक्खभरियं ।
पमोत्तूण महुरं गओ सग्गसिहरं ।
सुरो सोम्मवयणो सियायंबणयणो ।
तओ विहुरदलिओ सकालेण चलिओ ।
रिऊ विहियसमरा महाणरयविवरा ।
मणीणलिणणिलए वरे दीववलए ।
सिरारूढहरिणो महामेरुगिरिणो ।
सुरासाइ सइले विदेहम्मि विउले ।
जलाऊरिया णई मही मंगलावई ।
घत्ता—पट्टणु रयणसंचु सधणु तेत्थु जि णरिंदु महीधर णामें ॥
सुइवंसुब्भवु गुणसहिउ चावदंडु णं दाविउ कामें ॥१३॥

१४

तहु गेहिणि सोहग्गें सुंदरि किं वण्णिज्जइ णामें सुंदरि ।
पाउ असेसु वि अणुहुंजेप्पिणु जिणमयसद्दहाणु पावेप्पिणु ।
सयमइ सुहहलेण तहि तणुरुहु हुउ छणयंदबिंबसंणिहमुहु ।
सो जयसेणु भाणुसंणिहयरु जाम विवाहि धरइ कण्णाकरु ।
ता सिरिहरसुरु तहिं जि पढुक्कउ वाउ धूलिउयलोहु वि मुक्कउ ।
तेण विग्घु भीसणु पारद्धउ उच्छवि केण वि सोक्खु ण लद्धउ ।

---

५. MBP °दयादाणें । ६. MBP भणु जिणु । ७. MB णिम्मुक्कमोहु; P णिमुक्ककोहु ।

१३. १. B करणी । २. MBP जिणिदेण भणिओ । ३. MBP भत्ति । ४. M समुब्भूय° । ५. MBP पमोत्तूण । ६. MBP सोम° । ७. MB °णयर° । ८. MBP °ऊरिय; K °ऊरिय but corrects it to °ऊरिया in second hand. ९. MBPK तेत्थु णरिंदु । १०. MBP महीधरु । ११. MBP °वंसुब्भव ।

१४. १. P गेहणि । २. MBP जिणमइ° । ३. K पालेप्पिणु । ४. MBP °संणिय° । ५. MBP सिरिहर ।

परम्पराको प्राप्त हुआ हूँ। जीवदया और संयमसे रहित तुम लोग पापके कारण यहाँ उत्पन्न हुए हो। दुर्नयोंसे अपनेको मत भटकाओ, वीतराग जिन परमात्माका नाम लो।

घत्ता—अहिंसाधर्मकी श्रद्धा करो। निर्ग्रन्थ मोक्षमार्गको जानो तथा जिह्वोपस्थ भूखसे रहित और मोहसे मुक्त मुनिका सम्मान करो" ॥१२॥

१३

उसने प्रभासे सूर्यको और गतिभंगिमासे हथिनीको जीतनेवाले स्वामीको माना और कहा, हे अनिन्द्य, तुम्हारी जय हो। शीघ्र ही उसने हमेशा दोषसे रहित जिनेन्द्रके सिद्धान्तको दृढ़ताके साथ स्वीकार कर लिया। अमोहके साथ वह मृत्युको प्राप्त हुआ। महान् दुःखोंसे भरे हुए तमसे उत्पन्न दुःखोंवाले उस नरकको छोड़कर श्रीधर अपने मधुर स्वर्ग-विमानमें चला गया। उस समय पापोंको नष्ट करनेवाला चारुमति अपने समयसे आयुमें बढ़ते हुए महाशुक्र विवरोंको छोड़कर चला। मणिमय कमलोंके स्थान श्रेष्ठ पुष्करार्ध द्वीपमें, जिसके अग्रभागमें हरिण स्थित है, ऐसा सुमेरु पर्वत है। उसकी पूर्वदिशामें सफल विदेहक्षेत्रमें जलसे भरी हुई नदियोंवाला मंगलावती देश है।

घत्ता—उसमें धन-सम्पन्न रत्नसंचय नगर है। उसमें महीधर नामका राजा है जो ऐसा जान पड़ता है मानो कामदेवने पवित्र बाँससे उत्पन्न प्रत्यंचा सहित धनुष ही प्रदर्शित किया हो ॥१३॥

१४

सौभाग्यमें सुन्दर और नामसे सुन्दर उसकी गृहिणीका क्या वर्णन किया जाये? अपने अशेष पापोंको भोगकर तथा जिनमतमें श्रद्धानको पाकर चारुमति पुण्यके फलसे उसका पूर्णचन्द्र-के समान मुखवाला पुत्र उत्पन्न हुआ। वह जयसेन सूर्यकी किरणोंके समान प्रतापवाला था। जब वह विवाहके लिए कन्याका हाथ पकड़ता है, तभी श्रीधरदेव भी वहाँ आ पहुँचा। उसने धूलसे भरी हुई हवा छोड़ी। उसने भीषण विघ्न शुरू किया। विवाहमें किसीको भी आनन्द

तं पेच्छिवि घरइत्तें भाविउ पहुंउ चिरु महं कंइ ण णिसेविउ ।
एम कहिं मि पाहाणिहिं ताडिउ एम्व कहिं मि खरपवणें मोडिउ ।
एम कहिं मि रयपुंजें झंपिउ एम्व कहिं मि दुत्तं दुक्खें कंपिउ ।
एम सरीवि सुमरिउ णारयभउ जमहररिसिहि पासि लइयउ [10]वउं ।
तउ करेवि बंभिंदु पहूयउ धम्मु जि जीवहु [11]अग्गइ हूयउ ।

घत्ता—अइगरुआ वि णवंति गुरु चंदसूरमंदारयवंदें ॥
सामण्णु वि सुरु धम्मगुरु सिरिहरु पुज्जिउ बंभसुरिंदें ॥१४॥

१५

चुउ मुइवि णियकाउ सिरिहरु वि सग्गाउ ।
ससिसूरदीवम्मि इह जंबुदीवम्मि ।
हरिणियगिरीसस्स मंदरगिरीसस्स ।
उत्तुंगदेहम्मि सुरदिसिविदेहम्मि ।
विच्छिण्णसीमाहि णयरिहि सुसीमाहि ।
सुहदिट्ठि णरणाहु रणि जस्स ण रणाहु ।
जो रोसु संवरइ जो सिरिवहुं धरइ ।
जो कामु परिहरइ परणारिरइ हरइ ।
जो माणु णिग्गहइ मउयत्तु संगहइ ।
जं उणिउ जेंणि हरिसु जं ण किउ अइहरिसु ।
जं लोहु णिम्महिउ पुरिसत्थु जं महिउ ।
मउ जेण णिट्ठविउ मणु जेण थिरु ठविउ ।

घत्ता—रूवें सोहग्गें गुणेण णावइ उव्वसि णं इंदाणी ॥
किं थुव्वइ अम्हारिसिहिं सुंदरि णंद णाम तहु राणी ॥१५॥

१६

सुरवरु सग्गु मुएप्पिणु आयउ ताहि गब्भि सो णंदणु जायउ ।
तेण सुविहिणामेण जुवाणें णं पच्चक्खें वम्महवाणें ।
मुणिहिं वि मयणुम्मायजणेरी अभयघोसचक्कवइहि केरी ।
सुय लीलाणिज्जियतंबेरम परिणिय पणइणि णाम मणोरम ।
जो सिरिमइहि जीउ स सयंपहु सुरमंदिरचुउ बहुपुण्णावहु ।
पुत्तु मणोरमाइ संजणियउ केसउ णामें जणवइ भणियउ ।

६. K omits this foot. ७. MB कहि मि । ८. BK पाहाणाहि । ९. MBP णायर° । १०. MBP तउ; K वउ । ११. MBP सग्गहु; K सग्गहु, but corrects it to अग्गइ ।

१५. १. M हरिणिन° । २. M उतुंगगेहम्मि । ३. MBP सिरिवहु वरइ । ४. MBP जणहरिसु । ५. P जि ण कउ । ६. MBP इंदाइणि । ७. K सुंदर । ८. B राइणि ।

१६. १. MBP सिरिहरु । २. MB °पुण्णाउहु ।

नहीं आया। यह देखकर वह अपने मनमें विचार करता है कि इसको तो मैंने कहीं भोगा इसी प्रकार कहीं पत्थरोंसे प्रताड़ित किया गया हूँ। इसी प्रकार कहीं खरपवनसे मोड़ा गया इसी प्रकार कहीं धूलसमूहसे ढका गया हूँ, इसी प्रकार कहीं मैं दुःखसे कांपा हूँ। इस प्र विचारकर उसे नरककी याद आ गयी और उसने यमधरश्रीके पास जाकर व्रत ग्रहण कर लि तप करके वह ब्रह्मेन्द्र हुआ। जीवके धर्म ही सबसे आगे रहता है।

घत्ता—बड़े-बड़े लोग भी गुरुको नमस्कार करते हैं। चन्द्र-सूर्य और देवोंके द्वारा वन्द ब्रह्मसुरेन्द्रने भी देव श्रीधरकी धर्मगुरुके रूपमें पूजा की ॥१४॥

१५

श्रीधर भी स्वर्गसे अपना शरीर छोड़कर चन्द्रमा और सूर्योंके द्वीप इस जम्बूद्वीपमें, इन्द्र जिन तीर्थंकरको ले गया है, ऐसे सुमेरु पर्वतकी पूर्व दिशामें विशाल आकारवाले विदेह को विस्तीर्ण सीमाओंवाली सुसीमा नगरीमें शुभदृष्टि नामका राजा है, जिसके युद्धमें संग्राम नहीं है, जो क्रोधका संवरण करता है, लक्ष्मीरूपी वधूको धारण करता है, जो कामका परि करता है, परस्त्रियोंमें रतिसे दूर रहता है। जो मानका निग्रह करता है, मृदुताको धारण क है, जिसने लोगोंमें हर्ष पैदा किया है, परन्तु जो स्वयं अधिक हर्ष नहीं करता, जिसने लोभको किया है, जिसने पुरुषार्थका आदर किया है, जिसने अहंकारको नष्ट कर दिया है; जिसने मनको स्थिर बना लिया है,

घत्ता—जो रूप, सौभाग्य और गुणमें जैसे उर्वशी या इन्द्राणी थी ऐसी उसकी नामकी सुन्दर रानीका वर्णन हम-जैसे लोगोंके द्वारा कैसे किया जा सकता है ? ॥१५॥

१६

वह देव ( ब्रह्मेन्द्र ) स्वर्ग छोड़कर, उसके गर्भसे पुत्र पैदा हुआ। सुविधि नामवे युवकसे, जो मानो साक्षात् कामदेव था, मुनियोंके भी मनमें उन्माद उत्पन्न करनेवाली अ चक्रवर्तीकी अपनी गतिसे हाथीको जीतनेवाली मनोरमा नामकी प्रणयिनी पुत्रीसे विव लिया। जो स्वयंप्रभ नामका देव श्रीमतीका जीव था, अनेक पुण्योंका धारण करनेवा

नहीं आया। यह देखकर वह अपने मनमें विचार करता है कि इसको तो मैंने कहीं भोगा है। इसी प्रकार कहीं पत्थरोंसे प्रताड़ित किया गया हूँ। इसी प्रकार कहीं खरपवनसे मोड़ा गया हूँ। इसी प्रकार कहीं धूलसमूहसे ढका गया हूँ, इसी प्रकार कहीं मैं दुःखसे काँपा हूँ। इस प्रकार विचारकर उसे नरककी याद आ गयी और उसने यमधरश्रीके पास आकर व्रत ग्रहण कर लिया। तप करके वह ब्रह्मेन्द्र हुआ। जीवके धर्म ही सबसे आगे रहता है।

घत्ता—बड़े-बड़े लोग भी गुरुको नमस्कार करते हैं। चन्द्र-सूर्य और देवोंके द्वारा वन्दनीय ब्रह्मसुरेन्द्रने भी देव श्रीधरकी धर्मगुरुके रूपमें पूजा की ॥१४॥

१५

श्रीधर भी स्वर्गसे अपना शरीर छोड़कर चन्द्रमा और सूर्योंके द्वीप इस जम्बूद्वीपमें, जहाँ इन्द्र जिन तीर्थंकरको ले गया है, ऐसे सुमेरु पर्वतकी पूर्व दिशामें विशाल आकारवाले विदेह क्षेत्रको विस्तीर्ण सीमाओंवाली सुसीमा नगरीमें सुभदृष्टि नामका राजा है, जिसके युद्धमें संग्रामदोष नहीं है, जो क्रोधका संवरण करता है, लक्ष्मीरूपी वधूको धारण करता है, जो कामका परिहार करता है, परस्त्रियोंमें रतिसे दूर रहता है। जो मानका निग्रह करता है, मृदुताको धारण करता है, जिसने लोगोंमें हर्ष पैदा किया है, परन्तु जो स्वयं अधिक हर्ष नहीं करता, जिसने लोभको नष्ट किया है, जिसने पुरुषार्थका आदर किया है, जिसने अहंकारको नष्ट कर दिया है; जिसने अपने मनको स्थिर बना लिया है,

घत्ता—जो रूप, सौभाग्य और गुणमें जैसे उर्वशी या इन्द्राणी थी ऐसी उसकी नन्दा नामकी सुन्दर रानीका वर्णन हम-जैसे लोगोंके द्वारा कैसे किया जा सकता है? ॥१५॥

१६

वह देव ( ब्रह्मेन्द्र ) स्वर्ग छोड़कर, उसके गर्भसे पुत्र पैदा हुआ। सुविधि नामके उस युवकसे, जो मानो साक्षात् कामदेव था, मुनियोंके भी मनमें उन्माद उत्पन्न करनेवाली अभयघोष चक्रवर्तीकी अपनी गतिसे हाथीको जीतनेवाली मनोरमा नामकी प्रणयिनी पुत्रीसे विवाह कर लिया। जो स्वयंप्रभ नामका देव श्रीमतीका जीव था, अनेक पुण्योंका धारण करनेवाला वह

जो सद्दूलजीउ चित्तंगउ　　सग्गहु णिवडिउ कालवसं गउ।
सो वि विहीसणेण सियणेत्तहि　　हुउ सुउ वरयँत्तउ पुयँदत्तहि।
जो चिरु कोलजीउ कुंडँलसुरु　　सो संप्पाइँउ पुणु जम्मंतरु।
णंदिसेणराएं अणुरूवउ　　तणउ अणंतमईहि पहूयउ।
सयणहिं वरसेणु जि जणि कोक्किउ　　जो वाणरहं जीउ मई तक्किउ।
सो जि मणोहरु माणव सुगइहि　　रइसेणें हूयउ चंदमइहि।
घत्ता—तहु चित्तंगउ णाउं किउ णउलुँ मणोहरु सुरु सग्गायउ॥
जो सो णिविण पहंजणेण पुत्तु चित्तमालिणियहि जायउ॥१६॥

## १७

संतमयणु जाणिज्जइ णामें　　ए णरवइसुय सुहपरिणामें।
कय रिसि सुविहिहि सुविहिहि सहयर अभयघोसराएं सहुं किंकर।
विमलवाहु जिणवंदणहत्तिइ　　गय विविहमणवयणविहत्तिइ।
अभयघोसु जिणघोसु सुणेप्पिणु　　चक्कुँ णिहाणइं वसुह मुएप्पिणु।
कामकसायविसायविहंजणु　　हुउ मुणिवरु णिग्गंथु णिरंजणु।
पंचसयाइं सुयाइं अणिंदहं　　अट्ठारहसहसाइं णरिंदहं।
तेण समउ दिक्खिय हयराया　　वरदत्ताइ वि तहिं रिसि जाया।
सुविहि णिहालियकेसवदेहें　　घरवइ संठिउ णंदणणेहें।
पंचाणुव्वय तिण्णि गुणव्वय　　चउ सिक्खावय कय वज्जिय मय।
घत्ता—जेण सचित्तु णिरोहियउ इंदियँ विसयरसेसु ण थक्कइ॥
तहु माणवियहु घरि जि तउ जो अप्पाणउं दंडेहुं सक्कइ॥१७॥

## १८

दंसंण वय सामाइँव पोसहु　　सचित्तथविरमणु अणेदूसहु।
वासरि णारिसंगपरिवज्जणु　　बंभचेरु आरंभसमुज्झणु।
दुविहु वि संगभारु अवगण्णिउ　　पाउँ ण काइं वि मणि अणुमण्णिउं।
णिहिट्ठउ ण तेण पडिवण्णउं　　भुत्तउ परकिउ केण वि दिण्णउं।
अंतइ संथारयसवेणत्तणु　　करिवि पत्तु अच्चुइ इंदत्तणु।
तायविओएं मेइणि मेल्लिवि　　सीलायारभारु उच्चल्लिवि।
जिणतव लिंगु चँरेप्पिणु केसउ　　तहिं जि तासु जायँउ पडिवासउ।
दो वि दुवीसंबुहिसरिसाउस　　इंदाउँहधर णं णवपाउस।

३. MBP सरदत्तउ। ४. MBP पियदत्तहि। ५. MBP कुंडलिगुरु। ६. MBP संपाइउ। ७. MB…
णउल।
१७. १. MBP °वंदणभत्तिइ। २. MB चक्क। ३. MBP णियनुवणेहें। ४. P इंदिउ। ५. MBP दंडिवि…
१८. १. MBP दंसणु। २. P सामायइ। ३. M जिण°। ४. P पाउ वि काइं ण। ५. MBP °सरणत्तणु…
६. MBP अच्चुयइंद°। ७. P करेप्पिणु। ८. MB पडिजायउ; P पडिभायउ। ९. MBP °उहघर…
णं ( P णउ ) पाउस।

स्वर्गसे च्युत होकर मनोरमाका पुत्र हुआ। जनपदमें उसका नाम 'केशव' रखा गया। जो सिंहका जीव चित्रांग था, वह भी समयके वशीभूत होकर, स्वर्गसे च्युत होकर, विभीषणका श्वेत नेत्रोंवाली प्रियदत्तासे वरदत्त नामका पुत्र हुआ। जो सुअरका जीव कुण्डलदेव था, वह भी फिर जन्मान्तरको प्राप्त हुआ। नन्दीसेन राजाका अनन्तमतीसे उत्पन्न उसीके अनुरूप पुत्र उत्पन्न हुआ। स्वजनोंमें उसे वरसेन नामसे पुकारा गया और वानरके जीवको मैंने जो कल्पना की थी वह भी रतिसेनका सुगतिवाली चन्द्रमतीसे सुन्दर मनोहर नामका मनुष्य हुआ।

घत्ता—उसका चित्रांग नाम रखा गया। नकुलको मनोहर नामका देव स्वर्गसे आकर, प्रभंजन नामके राजाका रानी चित्रमालिनीसे पुत्र उत्पन्न हुआ ॥१६॥

१७

जो नामसे प्रशान्तवदनके रूपमें जाना गया। जिसने मुनियोंकी सेवा की है ऐसे सुविधिके सहचर मित्र और अनुचर ये राजपुत्र शुभ परिणामके कारण अभयघोष राजाके साथ विमलवाहन तीर्थंकरकी विविध पूजाओं और विविध शब्दोंसे विभक्त वन्दना भक्तिके लिए गये। वहाँ राजा अभयघोष जिनघोष सुनकर चक्र, खजाना और धरती छोड़कर तथा कामकषायका विभंजन करनेवाला निर्ग्रन्थ निरंजन मुनि हो गया। उसके साथ अनिंद्य राजाओंके रागको नष्ट करनेवाले अठारह हजार पाँच सौ राजपुत्र तथा वरदत्तादि जन मुनि हो गये। अपने पुत्र केशवके शरीरकी देखभाल करनेवाले पुत्रस्नेहके कारण सुविधि गृहस्थ ही बना रहा। उसने पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत ग्रहण किये और मदोंको छोड़ दिया।

घत्ता—जो अपने चित्तका निरोध कर लेता है, उसकी इन्द्रियाँ विषयरसमें नहीं लगतीं। तप तो उस मनुष्यके घरमें ही है कि जो अपनेको दण्डित कर सकता है ॥१७॥

१८

दर्शन-व्रत-सामायिक-प्रोषधोपवास, लोगोंके दोषोंसे अपने चित्तका विरमण। दिनमें स्त्रीके साथ सहवासका त्याग, ब्रह्मचर्य और आरम्भका परित्याग। दो—प्रकारके परिग्रह भारकी उसने उपेक्षा की। और अपने मनमें उसने किसी भी प्रकारके पापका अनुमोदन नहीं किया। निर्दिष्ट ( सोद्देश्य ) आहारको उसने ग्रहण नहीं किया। दूसरेके लिए बनाया गया और किसी द्वारा दिया गया भोजन स्वीकार किया। अन्तमें संन्यासपूर्वक मृत्यु प्राप्त कर अच्युत स्वर्गमें इन्द्रत्वको उसने स्वीकार कर लिया। अपने पिताके वियोगमें धरती छोड़कर शीलाचारके भारको उठाकर जिनवरका तीव्रतम तप तपकर, केशव उसी स्वर्गमें जन्म लेकर प्रतीन्द्रपदको प्राप्त हुआ। दोनों ही

वरदत्तय वरसेण जियंगय संसमयण मुणिवर चित्तंगय ।
ए चत्तारि वि चारुविमाणइं तेत्थु जि जाया मज्झि समाणइं ।

घत्ता—किं ससि भरहुज्जोययरु णं [10]णहकडिल्लि णिहित्तिथे कागणि ॥
अच्चुयवइ गुणगणु गुणइ पुप्फयंतु सुरगुरु बुहसिरमणि ॥१८॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे भोयभूमिसिरिहरसयंपहं[13]सुविहिकेसवइंदपडिंदमवावण्णणं णाम छव्वीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥ २६ ॥

---

१०. M णहकडिल्लि णं । ११. MBP थित्तय । १२. MB बुहसिरिमणि । १३. MBP °सुविहिं° ।

बाईस हजार वर्ष आयुवाले ऐसे थे मानो इन्द्रायुध करनेवाले नवपावस हों। वरदत्त, वरसेन, चित्रांगद और कामविजेता प्रशान्तवदन ये चारों ही मुनिवर समान चार विमानोंके भीतर उत्पन्न हुए।

घत्ता—क्या भारतको आलोकित करनेवाला चन्द्रमा है? नहीं, आकाश-कटितलपर कागणी मणि रख दिया गया है। देवोंका गुरु, बुधोंमें शिरोमणि अच्युतेन्द्रके गुणसमूह गिनता है ॥१८॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंवाले इस महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत इस काव्यका भोगभूमि श्रीधर-स्वयंप्रभा-सुविध-केशव-इन्द्र-प्रतीन्द्र जन्म वर्णन नामका छब्बीसवाँ अध्याय समाप्त हुआ ॥२६॥

# संधि २७

संजायइं विच्छायइं तेओहामियचंदहो ॥
णियचंगइं खयलिंगइं अच्चुयकप्पसुरिंदहो ॥ध्रुवकं॥

१

अइसोमसहाव महारवइ संचल्लिय चल ससिरवि वलइ ।
किह वंचवि कालरहट्टचारु घडिमालइ लंघिउं[2] आउणीरु ।
अप्पउ जाणेप्पिणु वियलियाउ छम्मास समच्छिवि वीयराउ ।
सिरिणिहिं[3] णिरहु तहु चरणजमलु[4] भवियहु भवणासे[5] वि वित्तु विमलु ।
सुउ कालें अच्चुयसग्गणाहु कहु कालें किर कवलिउ ण देहु ।
इह जंबुदीवि[6] सुरगिरिहि पुव्वु किं भणमि[1] विदेहु विलासदिव्वु ।
रमणीयउववणावलिणिवेसु[7] तहिं वर पुक्खलवइ णाम देसु[8] ।
बहुवण्णमणिसिलाबद्धभूमि पुरु[9] पुंडरिंकिणी तेत्थु सामि ।
हरिमउडपडिच्छियपायरेणु भारणाहु जिणेसरु वज्जसेणु ।
मुहससिजोण्हाधवलियदियंत सिरिकंता णामें तासु कंत ।
सो सियसराउ हयदुरियवाहि तहि हुउ णामें वज्जणाहि ।

घत्ता—सग्गायउ संभूयउ वरयत्तु वि तहि बालउ ॥
विजयंकउ हरिणंकउ णं उग्गमिउ सुहालउ ॥१॥

२

वरसेणु वि हूयउ वइजयंतु चित्तंगउ णामें पुणु जयंतु ।
सुरलोयहु चविवि[1] पसंतमयणु अवराइउ हूउ पहुल्लवयणु ।
ए सद्दूलाइय[2] चउ सहाय जाया जुवरायहु इट्ठ भाय ।
हेट्ठिमगेवज्जविमाणवासु मेल्लेप्पिणु जम्महु[3] माणवासु ।
आयउ महयरु जायउ सुबाहु आणंदु वि णाम महंतबाहु ।

---

MBP give, at the commencement of this Samdhi, the following stanza :–

गुरुधर्मोद्भवपावनमभिनन्दितकृष्णार्जुनगुणोपेतम् ।
भीमपराक्रमसारं भारतमिव भरत तव चरितम् ॥१॥

GK do not give it.

१. १. MBP किं वण्णमि । २. MBP घित्तउं । ३. M रिसि° । ४. MBP चलणजुयलु । ५. MBP भवणास विचित्तु विमलु । ६. P जंबुदीउ । ७. MBP °उववणावणि° । ८. MBP तहि पुक्खलवइ णामेण देसु । ९. MBP पुरि ।

२. १. MBP चविवि । २. MBP सद्दूलाइ वि । ३. G जम्महु ।

# सन्धि २७

अपने तेजसे चन्द्रमाको पराजित करनेवाले अच्युतेन्द्रके क्षयसे आलिंगित अंग एकदम कान्तिहीन हो उठे।

१

अत्यन्त सौम्य स्वभाववाले और महाभयंकर चन्द्रमा और सूर्यरूपी चंचल बैल चल रहे हैं, घटीमाला ( घटिका और समय ) से आयुरूपी नीर कम हो रहा है, मैं कालरूपी रहटके आचरणसे कैसे बच सकता हूँ। अपनी आयुको विगलित मानकर छह माह तक वीतराग भगवान्‌की समर्चा कर, श्रीसे युक्त और पापसे रहित उनके चरणकमल, जो भव्यके लिए भवका नाश होनेपर वित्त ( धन )के समान है। समय आनेपर अच्युत स्वर्गसे वह च्युत हुआ। कालके द्वारा किसकी देह कवलित नहीं होती। इस जम्बूद्वीपमें सुमेरुपर्वतकी पूर्वदिशामें विलाससे दिव्य विदेहका क्या वर्णन करूँ? उसमें सुन्दर उपवनोंकी कतारों और घरोंसे युक्त पुष्कलावती नामका देश है। अनेक रंगोंकी मणिशिलाओंसे विजड़ित भूमिवाली पुण्डरिकिणी नामकी नगरी है। उसका स्वामी इन्द्रमुकुटोंसे चाही गयी चरणधूलिवाला वज्रसेन नामका सूर्यको जीतनेवाला राजा है। अपनी मुखचन्द्रकी ज्योत्स्नासे दिगन्तको सफेद बना देनेवाली श्रीकान्ता नामकी उसकी पत्नी है। पापकी व्याधिको नष्ट करनेवाला वह अच्युतेन्द्र उसका वज्रनाभि नामका पुत्र हुआ।

घत्ता—स्वर्गसे आया वरदत्त भी उसका बालक हुआ विजय नामका, मानो जैसे सुधाका आलय चन्द्रमा ही उदित हुआ हो ॥१॥

२

वरसेन भी वैजयन्तमें हुआ, और चित्रांगद जयन्त नामसे उत्पन्न हुआ। प्रशान्तवदन भी देवलोकसे चयकर प्रफुल्लमुख अपराजित हुआ। [1]ये शार्दूलादि ( सिंहादि ) चारों सहायक भी युवराज वज्रनाभिके इष्ट भाई हुए। अधोग्रैवेयक विमानके वासको छोड़कर, मानव जन्ममें आकर

---

१. सिंह = विजय, सुअर = वैजयन्त, नकुल = जयन्त, वानर = अपराजित, मतिवर मन्त्री = सुबाहु, आनन्द पुरोहित = महाबाहु, अकम्पन सेनापति = पीठ, धनमित्र सेठ = महापीठ, श्रीमतीका जीव = धनदेव।

अहमिंदु अकंपणु हुयउ पीढु धणमित्तु वि तेत्थु जि गरुयपीढु ।
जे वज्जजंघभवि भिच्च तासु रायहु सप्पलखेडाहिवासु ।
होंता चिरु एवहिं विहिवसेण हूया चत्तारि वि सहुं असेण ।
ते देविहि गब्भि महासईहि ताहि जि सुरसिंधुरवरगईहि ।
सुसेणेहा जेट्ठसहोयरासु को होइ वेसु णियभायरासु ।
पालेप्पिणु भवकयकम्मछंदु तेत्थु जि पुरि केसवु सो पइट्ठु ।
वणिवत्तें सुरयासत्तमइहि सिसु जणिउ कुबेरें णंतमइहि

घत्ता—हयतूरहिं गंभीरहिं बंधुवग्गु आणंदिउ ॥
संमाणें धणदाणें धणदेउ जि सो भणिउ ॥२॥

### ३

एक्कहिं दिणि इत्ति समागएहिं भासिउ किं तुहुं मोहिउ गएहिं ।
किं हित्तबुद्धि तुह हियं हएहिं जेहिं रंजिओ सि णारीरएहिं ।
तुहुं देवदेउ तेलोक्कणाहु तहिं अण्णहि [3]को किर बोहिलाहु ।
इय संबोहिउ लोयंतिएहिं सो वज्जसेणु कयसंतिएहिं ।
सिंगारभारवेहवमरट्टु पविणाहिहिं बंधिवि रायपट्टु ।
अंबयवणि खणि णिक्खवणु कियउ तित्थंकरेण णियहियउ जियउ ।
उप्पण्णउं तायहु धम्मचक्कु पुत्तहु असिसालइ रयणचक्कु ।
ताएण परज्जिउ मोहचक्कु पुत्तेण वि णिज्जिउ वइरिचक्कु ।
तायहु संठिय णिहि समवसरणि पुत्तहु वि णव वि संभूय सरणि ।
तायहु इंदा वि करंति सेव पुत्तहु वि भिच्च गणबद्ध देव ।
हुउ ताउ धम्मवरचक्कवट्टि सुउ छक्खंडावणिचक्कवट्टि ।

घत्ता—सिरि[5] मेइणि सुहदाइणि जुण्णउं तणु व वियप्पिवि ॥
पविइंतहो णियपुत्तहो पच्छइ रज्जु समप्पिवि ॥३॥

### ४

अंगुलिदलु णहपहकेसरालु सुरवरहंसावलिरवणमालु ।
मुणिभमरपीयमयरंदबिंदु आसंघिउ पिउचरणारविंदु ।
पव्वज्ज लइय धरणीसरेण विजएण वइजयंतेण तेण ।
संवेउ विवेउ पराइएहिं धीरेहिं जयंतवराइएहिं ।
तउ लइउ सुबाहुं पत्थिवेण संतेण महाबाहुं णिवेण ।

---

४. MBP अहमिंद । ५. M धणुमेत्तु; BP धणमेत्तु । ६. MBP ससणेहा । ७. G सुहोयरासु ।
८. M तवकय°; BP भवु कयकम्मछेंदु° । ९. MBP केसउ ।
३. १. M सोहिउ । २. M जिह । ३. K कहिं किर । ४. MBP णिहि संठिय । ५. B सिरिमेइणिहि सुहदाइणिहि । ६. M रज्ज ।
४. १. MBP °दल । २. P सुबाहुहु ।

मतिवर सुबाहु हुआ। आनन्द भी महन्तबाहुके नामसे उत्पन्न हुआ। अकम्पन अहमेन्द्र पीठ हुआ। और धनमित्र भी वहीं पर महापीठ हुआ। वज्रजंघके जन्ममें, जबकि वह उत्पलखेड नगरका अधिवासी राजा था, उस समय उसके जो भृत्य थे वे भी (पूर्वोक्त) विधिके वशसे, यशके साथ चारों ही उत्पन्न हुए। वे देवेन्द्रगजपतिके समान गतिवाली उसी महासती देवीके गर्भसे जन्मे। स्नेहसे पूर्ण जेठे सगे और अपने भाइयोंके लिए द्वेष्य कौन होता है? पूर्व जन्ममें किये गये कर्म छन्दका पालन करनेवाला वह प्रतीन्द्र केशव भी वणिक्पुत्र कुबेरका सुरतिमें अपनी मति आसक्त रखनेवाली अनन्तमतीसे पुत्र उत्पन्न हुआ।

घत्ता—गम्भीर नगाड़ोंके बजनेपर बन्धुवर्ग अत्यन्त आनन्दित हुआ। सम्मान और धनदानके साथ उसका नाम धनदेव रखा गया ॥२॥

३

एक दिन शीघ्र आये हुए लौकान्तिक देवोंने उस (वज्रसेन) से कहा कि तुम मोहित क्यों हो? क्या तुम्हारी हितबुद्धि चली गयी, जो तुम नारीमें रत रहनेवाले, इन्द्रियरूपी अश्वोंके द्वारा यहाँ अनुरक्त हो। हे देवदेव, जहाँ तुम त्रिलोकनाथ हो वहाँ किसी दूसरेके लिए बोधिलाभ क्या होगा? शान्ति करनेवाले लौकान्तिक देवोंने इस प्रकार उस वज्रसेनको सम्बोधित किया। तब वज्रनाभिके लिए शृंगारभार वैभवके अहंकारका प्रतीक राजपट्ट बाँधकर उसने आम्रवनमें एक क्षणमें संन्यास ले लिया। तीर्थंकरने अपने हितपर विजय प्राप्त कर ली। पिताको धर्मचक्र उत्पन्न हुआ और पुत्रको शस्त्रशालामें चक्ररत्न। पिताने मोहचक्रको जीता, पुत्रने भी शत्रुचक्रको जीत लिया। पिताकी निधि समवसरणमें स्थित थी, पुत्रके भी नव-नव निधियाँ शरणमें आयीं। पिताकी इन्द्र सेवा करते हैं, पुत्रके भी गणबद्ध देव अनुचर हैं। पिता धर्मश्रेष्ठके चक्रवर्ती हुए, पुत्र छह खण्ड धरतीका चक्रवर्ती राजा हुआ।

घत्ता—फिर शुभदायी श्री और धरतीको पुराने तिनकेके समान समझकर, अपने पुत्र वज्रदन्तको बादमें राज्य सौंपकर ॥३॥

४

जिसकी अंगुलियाँ ही दल हैं, नखोंकी प्रभा केशर है, जो सुरवररूपी हंसावलीके शब्दसे शब्दायमान है। मुनीन्द्ररूपी भ्रमरोंसे जिसका मकरन्द पिया जा रहा है, ऐसे पिताके चरणरूपी कमलकी सेवामें आ पहुँचा। धरणीश्वर विजय और वैजयन्तने भी प्रव्रज्या ले ली। संवेग और विवेकको प्राप्त धीर जयन्त वरादिने भी तप ग्रहण कर लिया। राजा होते हुए बाहु-महाबाहुने,

णीसेसजीवविरइयकिवेण पीढेण महापीढाहिवेण ।
धणवेर्वें णिवइघराहिवेणँ ।
सव्वजीवें पहुरयणुल्लएण णिम्मुक्कविविहरयणुल्लएण ।
दस रायहं सुयहं वि दससयाइं जइभावहु तेण समउ गयाइं ।
एक्कु जि विहरइ रिसि वज्जणाहि परिगणइ सरेहिं घुळंत णाहिं ।

घत्ता—भहिं हिंडइ तणु दंडइ णिवसइ कहिं मि णिरासइ ॥
भीसावणि ठिउ पिउवणि सुण्णावासपएसइ ॥४॥

५

दंसणविसुद्धि गुरुविणयसारु सीलव्वएसु अइअणइयारु ।
णेरंतरु थिरु णाणोवजाउ सत्तिइ तउ णिरु संवेयभाउँ ।
किउ बज्झब्भंतरगंथचाउ मुणिसंघहु वेज्जावॅच्चजोउ ।
जिणभत्तिपवरसुयसाहुभत्ति तं विरइयपवयणि परमभत्ति ।
छावासएसु णायरइ हाणि अरहंतमग्गु पायडइ णाणि ।
भव्वेसु करइ कलिमलिणसमणु वच्छल्लु पबोहणु धम्मठवणु ।
णीराएं सहुं रयहारणाइं अरुहंतहु सोलहकारणाइं ।
पयइं अपॅवग्गारोहणाइं तेलोक्कचक्कसंखोहणाइं ।
भावेण तेण संभावियाइं घोरइं दुरियइं उड्डावियाइं ।

घत्ता—संपुण्णउं वउं चिण्णउं कालक्कमेण जि लद्धउं ॥
जगपियरहो तित्थयरहो णाउं गोत्तु तं बद्धउं ॥५॥

६

को एम देउ दइवेण पुण्णु को संचइ किर एवड्डु पुण्णु ।
उग्गतउ तत्तु घोरतउ तत्तु दित्ततउ तत्तु संखीणगत्तु ।
आमोसहीहिं खेलोसहीहिं जल्लोसहीहिं विप्पोसहीहिं ।
सव्वोसहीहिं णावइ सहीहिं सो सहइ साहु रंजियमहीहिं ।
तहु कोट्ठबुद्धि वरबीयबुद्धि संभिण्णसोत्त णामेण बुद्धि ।
पायाणुसारिणी अवर बुद्धि चवणणी तणुविक्किरियरिद्धि ।
अणिमामहिमालहिमाइ सिद्धि सुरसंद्धि अहीणमहाणसद्धि ।
सो सुहुमंसंपरायत्तकरणु चडियउ गुणठाणु अउव्वकरणु ।

३. MB add after this line : घणय व्व विविहदव्वाहिवेण । ४. M भीसावणि पिउवणि; BP भीसावणि वणि पिउवणि ।

५. १. P अइसणइयारु । २. MBP णाणोवओउ । ३. MBP संवेयचाउ । ४. MB वेज्जावच्च°; P विज्जावज्ज° । ५. P छावासएसु । ६. MBP आराहिवि सोलह । ७. G अपवग्गइं रोहं° । ८. MBP तेलोय° ।

६. १. MBP आमोसहीहिं जल्लोसहीहिं खेल्लोसहीहिं विट्ठोसहीहिं ( P विप्पोसहीहिं ) । २. MBP सुरसिद्धि; T सुरसिद्धि । ३. MBP °महाणसिद्धि । ४. MBP सुहुमु । ५. MBP गुणठाणु ।

समस्त जीवोंके साथ कृपा करनेवाले पीठ-महापीठ राजाओंने, राजघरके अधिपति धनदेवने भी जो सतजीव, प्रभुकी रजमें नत, और विविध रत्नसमूहको त्यागनेवाला था। ( इस प्रकार ) दसों राजाओं और एक हजार ( दस सौ ) पुत्रोंने उनके साथ मुनिपद ग्रहण कर लिया। लेकिन मुनि वज्रनाभि अकेले ही भ्रमण करते थे वह अपने शरीरपर चलते हुए सर्पोंको नहीं गिनते।

घत्ता—धरतीपर घूमते हैं, शरीरको दण्डित करते हैं, और कहीं भी आश्रयहीन प्रदेशमें रहते हैं। आश्रय प्रदेशोंसे शून्य एक भयानक मरघटमें वह स्थित हो गये ॥४॥

५

(१) दर्शन विशुद्धि, (२) गुरुओंकी विनयसे श्रेष्ठ ( विनय सम्पन्नता ), (३) शीलव्रतोंमें अनतिचार (शीलव्रत), (४) निरन्तर स्थिर ज्ञानका उपयोग करते रहना ( अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोग ); (५) अपनी शक्तिके अनुसार तप ( शक्तितः तप ), (६) और संवेगभाव ( जिनधर्मसे अनुराग )। उन्होंने बाह्य और आभ्यन्तर परिग्रहका त्याग कर दिया और मुनिसंघका वैयावृत्य योग किया। जिनभक्ति, प्रचुर श्रुत और साधुभक्ति, तथा प्रव्रजित लोगोंमें उन्होंने परमभक्ति की। छह प्रकारके कायोत्सर्गमें वह कर्मोका आचरण नहीं करता, अपने ज्ञानसे अर्हंत् मार्गका प्रकाशन करता है। वह भव्योंके पापमलका शमन करता है। वात्सल्य प्रबोधन और धर्मकी स्थापना। इस प्रकार वीतराग भावसे पापका हरण करनेवाली अर्हन्तकी ये सोलह कारण भावनाएँ मोक्षका आरोहण करानेवाली और त्रिलोकचक्रको क्षुब्ध करनेवाली हैं। उन्होंने उस भावसे इनकी भावना की कि जिससे घोर पाप नष्ट हो गये।

घत्ता—काल क्रमसे उन्होंने सम्पूर्ण व्रतको ग्रहण कर लिया और पा लिया। जगत्पिता तीर्थंकर नामगोत्रका उन्होंने बन्ध कर लिया ॥५॥

६

कौन देव, इस प्रकार दैवसे परिपूर्ण है ? इतना बड़ा पुण्य कौन संचित कर सकता है ? उसने उग्र तप तपा, ( और उग्र तप ऋद्धिका धारक बना ) घोर तप किया। उसने दीप्ति तप, ऋद्धि तप किया, संक्षीणगात्र तप किया, अमृत-औषधियों, क्ष्वेल-औषधियों, विप्र-औषधियों, सर्व-औषधियों, पृथ्वीको रंजित करनेवाली औषधियोंसे वह मुनि शोभित हैं। उन्हें श्रेष्ठ बुद्धि-ऋद्धि ( कोठारीकी तरह जिन सिद्धान्तोंका रहस्य बतानेवाली ) वर बीज बुद्धि-ऋद्धि ( बीजाक्षर ज्ञानसे सिद्धान्तोंका निरूपण करनेवाली ), सम्भिन्न श्रोत्र-बुद्धि-ऋद्धि ( भिन्न शास्त्रोंका रहस्य जाननेवाली ); पादानुसारिणी बुद्धि-ऋद्धि, ( पदके अनुसार अर्थ जाननेवाली ), तनुविक्रिया-ऋद्धि, अणिमा-महिमा-लघिमादि सिद्धि, सुरसिद्धि और महान् महानस सिद्धियाँ उत्पन्न हुईं। वह आठवें

णीसेसमोहसंदोहसमणु सिरिपहसहिहरमेहलहि समगु ।
आहारसरीरहं चाउ करिवि पाउवगमणमरणेण मरिवि ।
सव्वत्थसिद्धि सुरहरि सुराहु अहमिंदु हुयउ रिसि वज्जणाहु ।
घत्ता—पेच्छिवि डिसहिं सिहिपडियहिं दिव्वु सरीरु लएप्पिणु ॥
सुकयंगउ अइचंगउ अप्पाणउ जोएप्पिणु ॥६॥

७

अवहीइ तेण जाणियउं जम्मु पणविउ जिणु जिणवरकहिउ धम्मु ।
घणमणिमऊहविच्छुरियमग्गि तेसट्ठिपडलसिरचूलयग्गि ।
सिवपयणिवासु सिरिसोहमाणि बारहजोयणहिं आपावमाणि ।
पिहुजंबूदीवपरिप्पमाणि हिमसंखससिप्पहि तहिं विमाणि ।
पविणाहभाव कयधम्मसेव अट्ठ वि जाया अहमिंददेव ।
णव ते परमेसर सुकयपुण्ण सुविसुद्धफलिहमाणिक्कवण्ण ।
तणुमाणें जाणिय रयणिमेत्त अहिणवसयदलदलसरलणेत्त ।
ते सुक्कलेस मज्झत्थभाव अपिसुणसहाव परिहरियगाव ।
मक्खग्गघुलियमंदारदाम परियाररहिय संपण्णकाम ।
खेत्ताउ ण खेत्तंतरहु जंति उत्तरवेउव्विय तणु ण लेंति ।
वरिसहुं तितीससहसहिं असंति तेत्तियहिं जि पक्खहिं णीससंति ।
तेत्तीससमुद्दोवमु जियंति जगणाडि असेस वि ते णियंति ।
घत्ता—णाइंदहो खयरिंदहो तं णउ प्रसधयमंदहो ॥
पुहईसहो ण सुरेसहो जं सुहुं जगि अहमिंदहो ॥७॥

८

गयगव्व भव्वत्तणारूढ धरणीस पुणु भणइ रिसहईसरो णिसुणि भरहेस ।
जयवम्मु होऊण संणियाणदोसेण जाओ मि खयरिंदु कयधम्मलेसेण ।
होवं महाबलिण संणासु मइं कियउ सहबुद्धबुद्धीइ बहुपुण्णु संचियउ ।
तहिं मरिवि ईसाणि ललियंगु सुरु जाउ तेत्थाउ अवयरिवि पविजंघु हुउ राउ ।

---

६. M सिरिपहमहिहरमेहलिहि; B सिरिपहमहिहलिहे; P सिरिपहमहिहरमेहलिय । ७. MBP पाउग्गमरणमरणेण । ८. M सुरहरे सराहे; BP सुरहरि सरेहु; K सुरहरि सराहु; T सराहु । ९. BP परिवडियहिं ।

७. १. MBP °कहिय । २. MBP °सिरिचूलिय° । ३. MP अपावमाणि; B आयावमाणु । ४. K पविणाहि । ५. MBP add after this; दहमेउ घणदेउ उप्पण्णु तेत्थु, अहिलच्छिउ णिरंतर सोक्खु जेत्थु । ६. MBP °सरिसणेत्त । ७. MBP परिगलिय° । ८. MBP पवियार° । ९. MBP संपुण्ण° । १०. BP तेतीस° । ११. P तेत्तियहिं पक्खहिं । १२. MB तण्णअसदयचिंधहो; P तं णउ सुद्धकयमददहो; T ससद्धयमंध । १३. MBP पुहईसरहो ण सुरेसरहो ।

८. १. MBP अजवम्मु । २. MBP मुणियाण° । ३. MP जाओ सि । ४. P सबुद्धु ।

अपूर्वकरण गुणस्थानसे नौवें अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें चढ़कर दसवें सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें चढ़ गये। समस्त मोह समूहोंका नाश करनेवाले, श्रीप्रभ राजाको धरतीके रसिक, आहार शरीर-का त्यागकर, प्रायोपगमन मरणके द्वारा, सर्वार्थसिद्धिके शोभित देवविमानमें ऋषि वज्रनाभि अहमेन्द्र हुए।

घत्ता—विधिसे घटित परिपाटियोंसे दिव्य शरीर धारण कर और स्वयंको पुण्य शरीर और अत्यन्त सुन्दर ( अच्छा ) देखकर ॥६॥

७

उसने अवधिज्ञानसे अपना जन्म जान लिया। जिन और जिनवरके द्वारा कहे गये धर्मको उसने प्रणाम किया। जिसमें सघन मणिकिरणोंसे मार्ग पीला है, ऐसे त्रेसठ पटलवाले स्वर्गका अन्तिम पटल शिखामणिके समान है। उससे बारह योजन दूर श्रीसे शोभित सिद्धक्षेत्रमें शिवपदका निवास है। वहाँ जम्बूद्वीपके समान एक लाख योजन प्रमाणवाले हिम शंख और चन्द्रमाके समान विमानमें वहाँ धर्मकी सेवा करनेवाले वज्रनाभिके आठों ही भाई अहमेन्द्र हुए। वे नौ ही पुण्य सम्पादित करनेवाले देव थे, जो विशुद्ध स्फटिक मणिके समान आभावाले थे। शरीरके मानमें उन्हें एक हाथ बराबर ऊँचा समझिए। अभिनव कमलके पत्तोंके समान उनके सरल नेत्र थे। शुक्ल लेश्यावाले वे मध्यस्थभाव धारण करते थे। अदुष्ट स्वभाववाले और गर्वसे दूर थे। उनके मुकुटोंके अग्रभागपर मन्दारमाला पड़ी हुई थी। कामसे रहित सम्पूर्णकाम थे। वे एक क्षेत्रसे दूसरे क्षेत्र नहीं जाते। वे उत्तर वैक्रियिक शरीर ग्रहण नहीं करते। तैंतीस हजार वर्षोंमें वे भोजन ग्रहण करते हैं और इतने ही पक्षोंमें साँस लेते हैं। तैंतीस समुद्र पर्यन्त जीवित रहते हैं। वे विश्वरूपी नाड़ीको देखते हैं।

घत्ता—जगमें जो सुख अहमेन्द्रको है, वह कामसे मन्द नागेन्द्र, खगेन्द्र, पृथ्वीश्वर और देवेन्द्रको प्राप्त नहीं है ॥७॥

८

ऋषभेश्वर कहते हैं—"हे गर्वरहित, भव्यत्वमें आरूढ़, धरणीश भरत सुनो—जयवर्मा होकर, अपने निदानके दोषसे थोड़ा-सा धर्म करनेसे विद्याधरेन्द्र हुआ। फिर महाबल होकर मैंने संन्यास किया। और स्वयंबुद्धिसे बहुत-से पुण्य संचित किया। वहाँ मरकर मैं ईशान स्वर्गमें

कुरुधरणिणरु पुणु वि बीयम्मि कप्पम्मि सिरिहरु सुहासीय इंकयवियप्पम्मि ।
पुणु सुविहिविहिविहियजिणसासणाणंदु असु सुहणि हर्च हुच सोलहमसग्गिदु ।
पुणु वज्जणाहेण होऊण मे चिण्णु पडिवलियजमकरणु तवचरणु संपुण्णु ।
सव्वत्थि अहमिंदु होउं अहत्तिहरु पुणु भइ हूओ अहं एत्थ वित्थयरु ।
गहवइसुया धणसिरी णिहयणयजुत्ति णामेण णिण्णामिणी विहण वणिउत्ति ।
जाया पुणो सुहवा बद्धणेहस्स सिरिसरिस सीमंतिणी ललियदेवस्स ।
सिरिमइमहीसस्स मेय पुणु वि कुरुणारि पुणु रवि सयंपहु पुणरवि दणुयारि ।
केसतु पुणो मरिवि संभूत पडिसक्कु संसारि संसरइ जगि जीव इह एक्कु ।
धणदेव वड धरिवि पुणु हुयव अहमिंदु सयलत्थि सरयब्भि संकमिव णं चंदु ।
तम्हा समोयरिवि कुरुवंससरहंसु इहु एत्थु उप्पण्णु णरणाहु सेयंसु ।

घत्ता—मलु छिंदइ जिणु वंदइ तिरयणाइं मणि भावइ ॥
अमरत्तणु सुणरत्तणु गइणु ण मोक्खु वि पावइ ॥८॥

९

जो णरवइ णामें आसि गिद्धु आहारणारिरससायगिद्धु ।
णरयम्मि चउत्थइ सहिवि विद्धु पुणु हुयउ पुत्ति चलकुडिलणहरु ।
पुणु वेच दिवायरु महवरक्खु णरु गेवेज्जामरु सो दिव्वचक्खु ।
पुणु रविं सुबाहु चिरजम्मभोउ णिहिलत्थदेव अहमिंदु जाउ ।
अणुहुंजिवि जायउ एत्थु भरहु महु सुउ लइ होसहि तुहुं वि णिरहु ।
पीईवद्धण चमुवइ सुगण्णु कुरुमणुयपहायरु सुरु पसण्णु ।
इयपंकु अकंपणु रिद्धिपोढु गईवेयदेव पुणु हुयउ पीढु ।
सव्वत्थइंदु महु सुउ अरेणु पुणु एहु पहूयउ वसहसेणु ।
जो होंतउ सुइरु महीसमंति कुरुकुवलयमाणउ अमियकंति ।
जो पुणु जायउ कणयाहु तियसु आणंदु णाम होएवि सवसु ।
हुउ पढमहिं पेहुं चविवि साहु पुणु सो महाबाहु धरित्तिणाहु ।

घत्ता—गउ इंदहो सव्वट्ठहो णट्ठहमिदसरीरउ ॥
हुउ भुयबलि पसमियकलि केवलि भाइ तुहारउ ॥९॥

---

५. MB सुहासियउ हं कय° P सुहासीय हुउ बीय° । ६. MBK संपुण्णु । ७. MBPT अहलक्खि । ८. MB °देहस्स । ९. MB सुय; P मुय and gloss मृता । १०. MBP पहावंतु दंसारि । ११ MBP संकमिय ।

९ १. MBP गेज्जामरु । २. MBP °भाइ । ३. MBP जाइ । ४. M जि । ५. MBP सुगत्तु । ६. M °अपायरु । ७. MBP पमुत्तु । ८. P गइवेइ° । ९. MBP राउ । १०. MBP महु तणउ सुणु; T अरणु ज्ञानावरणादिरजोरहितः । ११. B सो हुंतु । १२. M एहु चएवि; B एहु सं चएवि; P पहु चएवि; T पहु अहमिन्द्रः. १३. MBP सुमहा° । १४. P धरित्ति° ।

ललितांग देव हुआ। वहाँसे अवतरित होकर मैं वज्रजंघ राजा हुआ। फिर कुरुभूमिका मनुष्य हुआ, फिर मैं कुशविकल्प दूसरे स्वर्गमें सुभाषी श्रीधर देव हुआ, फिर विधिपूर्वक जिनशासनका आनन्द करनेवाला सुविधि, फिर प्राणोंका त्याग कर मैं सोलहवें स्वर्गमें अहमेन्द्र हुआ। फिर मैंने वज्रनाभि होकर, यमकरणको नष्ट करनेवाला सम्पूर्ण तपश्चरण स्वीकार किया। फिर सर्वार्थसिद्धिमें पापोंकी वेदनाका हरण करनेवाला अहमेन्द्र हुआ। हे भद्र, फिर मैं यहाँ तीर्थंकर हुआ। वणिक् कन्या धनश्री, जो नयकी युक्तिको समाप्त करनेवाली थी, निर्नामिका नामकी अत्यन्त गरीब लड़की हुई। फिर वह सुभग बद्धस्नेह ललितांग देवकी लक्ष्मीके समान पत्नी हुई। फिर मरकर कुरुभूमिमें श्रीमती नामसे राजाकी रानी हुई। फिर स्वयंप्रभ देव, फिर राक्षसोंका शत्रु केशव, फिर मरकर प्रतीन्द्र हुआ। इस प्रकार जीव अकेला संसारमें परिभ्रमण करता रहता है। धनदेव भी व्रत धारण कर, सर्वार्थसिद्धिमें अहमेन्द्र हुआ, मानो शरद्मेघोंमें चन्द्रमा उगा हो। वहाँसे अवतरित होकर, वह कुरुवंश रूपी सरोवरका हंस यह राजा श्रेयान्स उत्पन्न हुआ।

घत्ता—इसलिए तुम मल नष्ट करो, जिनकी वन्दना करो, तीन रत्नोंको मनमें ध्यान करो। अमरत्व और मनुष्यत्वको तो ग्रहण ही नहीं करना, मोक्ष भी प्राप्त करो ॥८॥

९

जो गिद्ध नामका आहार और नारीके रसके स्वादका लालची राजा था, वह चौथे नरकमें कष्ट सहकर चंचल और कुटिल नखोंवाला व्याघ्र हुआ। फिर देव और मतिवर नामका तेजस्वी मनुष्य, फिर दिव्य दृष्टि, ग्रैवेयकका देव। फिर पुराने जन्मका भाई सुबाहु, फिर निखिल अर्थोंका देवता अहमेन्द्र हुआ, जो वहाँ सुख भोगकर यहाँ मेरा पुत्र भरत हुआ है। जो तुम भी शीघ्र ही पाप रहित होगे। जो प्रीतिवर्धन नामका सुगुण सेनापति था, कुरुभूमिका मनुष्य प्रभाकर नामका प्रसन्न देव, फिर हतपाप और ऋद्धियोंसे प्रौढ़, अकम्पन, फिर ग्रैवेयक देव, फिर पीठ, फिर सर्वार्थसिद्धिका इन्द्र, फिर यह पापरहित मेरा पुत्र वृषभसेन हुआ। जो पहले राजाका मन्त्री था, कुरुभूमिका मनुष्य नामसे अमितकान्ति। जो फिर कनकाभ नामका देव हुआ, आनन्द नामसे अपने अधीन था। वहाँसे च्युत होकर पहले वह राजा महाबाहु धरतीका स्वामी हुआ।

घत्ता—फिर वह इष्ट सर्वार्थसिद्धि गया। फिर अहमेन्द्र शरीर नष्ट होनेपर, कलहको शान्त करनेवाला यह बाहुबलि तुम्हारा भाई केवलज्ञानी हुआ ॥९॥

१०

जो रायपुरोहिउ समियडमरु कुरुमणुयपहंजणु[1] पवरु अमरु ।
धणमित्तु पुणु वि हूउ सुहपहाणि ओइण्णु[2] अइंविहु पर[3]मठाणि ।
पुणु हविवि महापीढु वि सभेउ सव्वत्थसिद्धि संभूउ देउ ।
सो मरिवि महारउ णंतविजउ उप्पण्णु पुत्तु जीवेसु सदउ ।
जो आसि मरेप्पिणु उग्गसेणु होएवि वग्घु मुणिचलणलीणु ।
कुरुमाणुसु सो [4]विसंगयक्खु वरवत्तु णराहिव कमलचक्खु ।
अच्चुइ समसुरु हूउ विजयराउ तव[5]चरणें खीणु करेवि काउ ।
सव्वट्ठइंतु ववगयसरीरु जसवइसुउ एहु[6] सोणंतवीरु ।
पहिलारउ हरिवाहणकुमारु पुणु सूयरु पुणु कुरु अज्जसारु ।
सुरु कुंडलिल्लु वरसेणु संतु समचिबुहु पुणु वि जो वइजयंतु ।
अहअमरणाहु संजणियविणउ तहिं चुउ अच्चुउ हूउ मज्झु तणउ ।
वणि णागदत्तु वाणरु पैलासि अज्जउ हूयउ कुरुभूमिवासि ।
घत्ता—सुमणोरहु[10] सुरु हयदुहु पुणु चित्तंगउ परिथिउ[11] ॥
संचियसमु सुरवइसमु पुणु जयंतु णामें णिउ[12] ॥१०॥

११

पुणरवि अहमीसरु मोक्ख[1]गियडि हूयउ विमाणि माणिक्कपयडि ।
जो सो दुइं[2]सणदुरियभीरु इहु अम्हारउ सुउ णाम वीरु ।
लोलुउ कंदु[3]इ लोहेण मुयउ जो चिरु गिरिकाणणि णउलु हूयउ ।
पुणु अज्ज मणोहरु अमयभोइ पुणु संतमयणु णरणाहु[4] जोइ ।
पुणु हरिसमाणु गिव्वाणु[5] चारु अपरज्जिउ णामें णिवकुमारु ।
पुणु अंतिमिल्लु सुरवासवासु सुपसिद्धु अहंवइ सिमिरणासु ।
आवेप्पिणु हूउ तुह मायदेहि सो एहु वीरु महु तणइ गेहि ।
जा वज्जजंघभवि मज्झु बहिणि साणुंधरि णं परलोयकुहिणि ।
हूई णंदहि णं धम्मलील बाहुबलिहि लहुई सस सुसील ।
जा सिरिमइभवि पंडीय धाय सा भमिवि एत्थु रमणीय जाय ।
बंभी वि तुज्झ जाणहि महीस जणु मोहें तम्मइ एहु कीस ।
परिभमियसयलभुवणत्थलीए केत्तिउ किर कहमि भवावलीए ।
रंगं गउ णडु बहुरूवधारि अणवरयदुविहकम्माणुसारि ।
सा णत्थि थत्ति जहिं जिउ ण जाउ पुणु पुंच्छिउ भरहें वीयराउ ।

१०. १. MBP हुउ । २. MBP ओविल्लु । ३. MBP पढम° । ४. KP सहेउ । ५. K सुउ चित्त° । ६. P तवयरणें । ७. P एहु अणंतवीरु । ८. MBP सुर । ९. P फलासि । १०. MBP समणोरहु । ११. MBP परिथिउ । १२. MBP णिउ ।

११. १. MBP सोक्ख° । २. MBP दुइंसणु । ३. MBP कंदउ । ४. MBP णरणाहु । ५. MP गिव्वाण । ६. MBP सिरिमइ चिरु । ७. MBP रंगगउ णडु व बहु° । ८. K किउ कहि । ९. P पुंछिउ ।

१०

आडम्बरको शान्त करनेवाला जो राजपुरोहित था वह कुरु मनुष्य प्रभंजन प्रवरदेव, फिर धनमित्र, फिर सुखप्रधान परमस्थानमें अहमेन्द्र हुआ। फिर महापीठ होकर भी, सर्वार्थसिद्धिमें देव उत्पन्न हुआ। वह मरकर मेरा अनन्तविजय नामका पुत्र हुआ जो जीवोंमें सदय है। और जो उग्रसेन था, वह मरकर और बाघ होकर मुनिके चरणोंमें लीन होकर वह कुरुभूमिमें चित्रांगद मनुष्य हुआ फिर कमलनयन राजा वरदत्त हुआ। फिर अच्युत स्वर्गमें विजयराज सामानिक देव हुआ। तपश्चरणसे अपने शरीरको क्षीण कर सर्वार्थसिद्धिका देव हुआ। फिर शरीर छोड़कर वह यशोवतीका पुत्र यह अनन्तवीर्य है। पहला जो हरिवाहन कुमार था, वह सुअर फिर कुरुभूमिमें आर्यश्रेष्ठ, फिर मणिकुण्डलदेव और वरसेन, फिर सामानिक देव फिर वैजयन्त, फिर विनयसे सम्पन्न अहमेन्द्र और फिर वह अच्युत देव च्युत होकर मेरा पुत्र हुआ। जो नागदत्त पलाश नामका वणिक् था वह कुरुभूमिका निवासी आर्य हुआ।

घत्ता—फिर सुमनोरथ देव हुआ, फिर दुःखका नाश करनेवाला चित्रांगद राजा हुआ। फिर समताका संचय करनेवाला सामानिक देव, फिर जयन्त नामका राजा ॥१०॥

११

फिर भी वह, जो माणिक्योंसे रचित है और मोक्षके निकट है ( अर्थात् जहाँ सिद्ध-शिला कुछ ही योजन दूर है ) ऐसे विमानमें अहमेन्द्र हुआ। दुर्दर्शनीय पापोंसे डरनेवाला था, वह यहाँ हमारा वीर नामका पुत्र हुआ। और जो लोलुप कन्दुक लोभसे मरकर पहले गिरिकाननमें नकुल हुआ था, फिर अमृतभोगी आर्य मनोहर, फिर प्रशान्तमदन राजा योगी, फिर सुन्दर सामानिक देव। फिर अपराजित नामका नृपकुमार। फिर अन्तिम प्रसिद्ध अहमेन्द्र देव अन्धकार-का नाश करनेवाला। वह वीर आकर तुम्हारी माताकी देहसे मेरे घरमें उत्पन्न हुआ। जो वज्रजंघ जन्ममें मेरी बहन थी, वह अनुन्धरा जो मानो परलोकके जानेके लिए पगडण्डी थी, वह सुनन्दाकी धर्मका आचरण करनेवाली सुशील कन्या और बाहुबलिकी छोटी बहन हुई। और जो श्रीमतीके जन्ममें पण्डिता धाय थी, वह परिभ्रमण कर यहाँ स्त्री हुई है। हे महीश ! तुम उसे ब्राह्मी जानते हो, आज भी जन मोहसे किस प्रकार खेदको प्राप्त होते हैं ? यह समस्त भुवनस्थली घूम रही है, मैं कितनी भवावलियोंको बताऊँ ? रंगमंचपर गया हुआ बहुरूप धारण करनेवाला नट अनवरत दो प्रकारके कर्मोंका अनुकरण ( अभिनय ) करता रहता है। ऐसा एक भी स्थान नहीं है जहाँ यह जीव पैदा नहीं हुआ।" तब भरतने पुनः वीतराग ऋषभजिनसे पूछा।

घत्ता—कितने बलभद्र, कितने नारायण, कितने प्रतिनारायण, मुझ-जैसे कितने चक्रवर्ती राजा और आप जैसे कितने तीर्थंकर उत्पन्न होंगे ॥११॥

१२

यह सुनकर देवने इस प्रकार कहा—मुझ जैसे रागद्वेषसे रहित तेईस जिनवर इस भुवनमें होंगे जो श्रीधर्मतीर्थको प्रकट करेंगे। जिस प्रकार इनके, उसी प्रकार उन बाईस तीर्थंकरोंके आगामी शरीर ग्रहण करने और छोड़नेवाले जन्मान्तरोंका कथन उन्होंने किया और कहा—जिसने अपने मुखचन्द्रसे चन्द्रकिरणोंको पराजित कर दिया है, ऐसा तुम्हारा पुत्र और मेरा नाती यह मरीचि श्री वर्धमानके नामसे चौबीसवाँ त्रिजगनाथ और तीर्थंकर होगा। तब जिसका द्विज कपिल शिष्य है ऐसा महान् भरतका पुत्र यह सुनकर प्रसन्नचित्त होकर खूब नाचा। यह मूर्ख होकर मिथ्यात्वको प्राप्त होगा। मेरा अहंकार छोड़कर मरेगा।

घत्ता—कपिलका गुरु तथा सांख्यसूत्रोंमें निपुण देव होगा। विनय करनेवाले अपने पुत्रसे आदरणीय ऋषभजिन बार-बार कहते हैं ॥१२॥

१३

श्रीका पालन करनेवाले क्रोड़ाके विपुल शैलके समान बलवान् पहाड़ों सहित धरतीको धारण करनेकी लीलावाले तुम्हारे-जैसे न्यायानुगामी ग्यारह चक्रवर्ती भूमितलपर होंगे। नव बलभद्र, नव नारायण भी होंगे, इसमें भ्रान्ति नहीं है। और नौ ही प्रतिनारायण भी धरतीका भोग करेंगे। और भी तेईस कामदेव, रौद्रभाववाले ग्यारह रुद्र, तथा मुकुटबद्ध बहुत-से नामवाले माण्डलीक राजा उत्पन्न होंगे। तुम्हारा क्षात्रधर्म और मेरा परमधर्म और भी जो विशिष्ट कर्म हैं, वे सब युगान्तके दिनोंमें नष्ट हो जायेंगे। अग्निमय और विषमय मेघोंकी वर्षा होगी। तब जिन्होंने तृष्णारूपी कदलीकन्दका नाश कर दिया है ऐसे जिनेन्द्रकी राजाने स्तुति की—

घत्ता—हे जिनसंत भगवन्त, आपके दिखनेपर पाप नष्ट हो जाता है। और मनुष्यको सम्पूर्ण पवित्र केवलज्ञान उत्पन्न हो जाता है ॥१३॥

घत्ता—कइ हलहर कइ सिरिहर कइ पडिसत्तु णरेसर ॥
मइं जेहा पइं तेहा[10] कइ होहिंति जिणेसर ॥११॥

## १२

तं णिसुणिवि देवें वुत्तु एम्व मइं जेहा जिणवर गयेविलेव[1] ।
होहिंति भुवणि तेवीस एत्थु करिहिंति[2] पयडु सिरिधम्मतित्थु ।
आगामियाइं जेहा[3] इमाइं बावीसहं तइं तेहाइं ताइं ।
कहियाइं जिणहं जम्मंतराइं[4] संगहिय[5]विमुक्ककलेवराइं ।
मुहयंदोहामियससिमरीइ मह णत्तिउ तुह तणुरुहु मरीइ ।
होसइ चउवीसमु तिजगणाहु सिरिवड्ढमाणु[6] णामेण एहु ।
वियकविलेसासि[7] गुरुभरहतणुरु तं णिसुणिवि णच्चिउ मुद्धेयमणउ[8] ।
जाही मिच्छत्तहु मूढु होवि मरिहो मह केरउ मउ मुएवि[9] ।

घत्ता—होही गुरु कविलहु गुरु संखसुत्तपवियारउ ॥
णियतणयहु कयविणयहु पुणु पुणु कहइ भडारउ ॥१२॥

## १३

सिरिवाला कीलाविउलसेल बलवंतसघरघरधरणलील ।
पइं जेहा णिव णायाणुवट्टि एयारह महियलि चक्कवट्टि ।
णव बल णारायण णव भणंति[1] पडिसत्तु णव जि महिं भुंजिहिंति ।
अवर वि तेवीस जि कामदेव[2] एयारह रुद्द रउद्दभाव[3] ।
मंडलिय मउडबद्ध वि अणेय होहिंति बहुत्त[4] वि णामधेय ।
तुह खत्तधम्मु महु परमधम्मु अवरु वि जं किं पि विसिट्ठकम्मु ।
सव्वेहिं[5] जुयंति दिणि णासिहिंति सिहिमय विसमय घण वरिसिहिंति ।
उम्मूलियविट्ठाकयलिकंदु[6] ता णरणाहें संथुउ जिणिंदु ।

घत्ता—जिणसंतइ भयवंतइ पइं दिट्ठइ मलु खिज्जइ ॥
सयलामलु तं केवलु णाणु णरहु उप्पज्जइ ॥१३॥

---

१०. MBPK जेहा ।

१२. १. P विगयलेव । २. M करहिंति । ३. MBP जेहाइं आइं । ४. G धम्मंतराइं । ५. M संगहिवि । ६. MBP रिसिवड्ढमाणु । ७. P कविलकेर । ८. P तणउ । ९. G मइउ मणुउ ' gloss हुत्विसः ।

१३. १. P भणंति । २. MBP कामएव । ३. MBP add after this: होसहिं णारय णव कलहर भयवंभभेरवडवरणसील ( P धरणलील ) । ४. MBP पुत्त बहुणाम° । ५. P सव्वइं । ६. P कोलिय

## १४

णमो वीयराया महादेवदेवा कयाणेयणिव्वाणणिव्वोणसेवा ।
सरीरे ण भूसा समीवे ण णारी तुमं देव सच्चं अणंगावहारी ।
ण चावं ण चक्कं ण खग्गं ण सूलं ण दंडो ण हत्थे किवाणं करालं ।
तुमं देव णूणं रिऊणं ण गम्मो अहिंसाणिवासो सहावेण सोम्मो ।
ण डिंभं ण डंभो ण ह चित्तलोहो ण मित्तो ण सत्तू ण कामो ण कोहो ।
ण माया ण चित्ते पहुत्ताहिमाणं समं पेच्छसे रायरायं पि दीणं ।
ण छत्तेण णो किं पि सीहासणेणं ण गव्वोमराहीससंपेसणेणं ।
उयासीणभावं सकम्मक्खवणं तुमं जे ण वंदंति णाहं णिरेणं ।
णरा ते धुवं लोहयारस्स भत्था ससंता वसंती हहा किं णिरत्था ।
जई सो णिरासो तुमं छिण्णपासो तुमं लोयबंधू पहू दिव्वभासो ।
तुमं जम्मकंतारडाहे किसाणु तुमं भूयभावंधयारम्मि भाणु ।
जडा किं णिमज्जंति मिच्छत्तताए तुमाहिं परो को गुरू जीवलोए ।
णमंसेवि देवं गओ भूमिणाहो अवज्झाउरिं भूरिसेणासणाहो ।
पइट्ठो णियं मंदिरं वंदिरोलं महातूरघोसं महामंगलालं ।

घत्ता—धरणीसरु भरहेसरु पुरतरुणिहिं विहसंतिहिं ॥
अवलोइउ पोमाइउ पुप्फदंत दरिसंतिहिं ॥१४॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे चेसंणाहितिहुवणसंखोहणं जिणपुण्णावज्जणं णाम सत्तावीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥२७॥

संधि ॥२७॥

१४. १. P² णिव्वाण । २. K करालं कवालं । ३. MB अगम्मो । ४. M पहू णाहिमाणं; BP बहु णाहिमाणं । ५. MBP सछत्तेण । ६. M सिंहासणेण । ७. P उदासीण° । ८. MBP किसाणु । ९. MBP भाणू । १०. B ण मज्जंति । ११. MBP मिच्छत्तराए । १२. MBP गुरू । १३. MB सूरसेणा° । १४. MBP वज्जणाह° । १५. MBP पुज्जावज्जणं ।

१४

हे वीतराग महान् देवदेव, आपकी जय हो। आपकी अनेक देव निर्वाण सेवा करते हैं। आपके शरीर पर वस्त्र नहीं हैं, पासमें नारी नहीं है। हे देव, आप सचमुच कामका नाश करनेवाले हो। आपके पास न चाप है, न चक्र है, न खड्ग है, न शूल है, न दण्ड है और न कराल-कृपाण है। हे देव, आप निश्चयसे शत्रुओंके लिए गम्य नहीं हैं। अहिंसाके निवास आप स्वभावसे सौम्य हैं, न बालक हैं, न दम्भ है, और न ही चित्तका क्षोभ है, न मित्र, न शत्रु, न काम और न क्रोध। चित्तमें न माया है और न प्रभुताका अभिमान। आप राजराजा और दीनको समान भावसे देखते हैं। न छत्रसे और न सिंहासनसे और न गर्वसे भरे इन्द्रके आदेशोंसे आपको कुछ लेना-देना। उदासीन-भाववाले, अपने कर्मोंका नाश करनेवाले निष्पाप आपकी जो लोग वन्दना नहीं करते, वे लोग निश्चित रूपसे लोभाचारके भृत्य हैं, और श्वास लेते हुए हा-हा, व्यर्थ क्यों संसारमें रहते हैं। यति वही है, जो आशाओंसे रहित हो, आपने बन्धन काट दिये हैं, आप लोकबन्धु और दिव्यभाषी हैं। आप संसाररूपी कान्तार जलानेके लिए अग्नि हैं, आप प्राणियोंके भावान्धकारके लिए सूर्य हैं। मूर्ख लोग मिथ्यात्वके जलमें क्यों निमग्न होते हैं। तुमसे महान् गुरु जीवलोकमें दूसरा कौन है। इस प्रकार देवको नमस्कार कर, भूमिनाथ भरत अपनी प्रचुर सेनाके साथ अयोध्याके लिए चल दिया। बन्दीजनोंसे मुखर, महातूर्योंसे निनादित तथा महीमंगलोंसे युक्त अपने भवनमें उसने प्रवेश किया।

घत्ता—हँसती हुई पुष्पोंकी तरह दाँत दिखाती हुई नगर-तरुणियोंके द्वारा भूमीश्वर भरतेश्वर देखा गया और प्रशंसित हुआ ॥१४॥

**इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुणों और अलंकारोंसे युक्त इस महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित और महाभव्य भरत द्वारा अनुमत इस महाकाव्यमें वज्रनाभिका त्रिभुवन संक्षोभन और जिनपूजा वर्णन नामका सत्ताईसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥२७॥**

# संधि २८

पुण पइसिवि तेण णराहिवेण बहुदाणेहिं संमिद्धउं ॥
दुरियविणयवंसणहल्लहरणु संतिकम्मु पारद्धउं ॥ ध्रुवकं ॥

१

जावजजडिलरसेणायंबइं अहिसित्ताइं जिणेसरबिंबइं ।
हिमकणंकणयकणोलिवियारहिं घणपल्हत्थियपंघघयधारहिं ।
मुणि अणिट्ठदुट्ठासयहारिहिं चंदणतोतविल्लवरवारिहिं ।
पुज्जियाइं छप्पयचलधामहिं कुवलयबउलमहुप्पलदामहिं ।
संथुयाइं बहुथोत्तालाविहिं भावियाइं सुविसुद्धहिं भावहिं ।
कंचणणिम्मियसुणिपडिमालउ णाणामणिमऊहणियरालउ ।
दसदिसि गयटंकारविसट्टउ लंबियाउ चउवीस जि घंटउ ।
पहि पहि रइयउ तोरणमालउ पंतजंतणिवणयणसुहालउ ।
दिण्णइं दिण्णसोक्खसंताणइं अभयाहारोसहसुयदाणइं ।
भूमिदोहकयगोदुहसत्थहिं अंचिउ घरि घरि अरुहु पसत्थहिं ।
दिण्णइं कारुण्णेण वि अण्णइं दीणाणाहहं चीरहिरण्णइं ।
पोसहु सीलु दाणु देवच्चणु [11]राएं संचोइउ पालइ जणु ।
घत्ता—धम्मट्ठि राए धम्मिट्ठ धुउ दुक्कियरइ दुक्कियरउ ॥
रायाणुमग्गि जगि संचरइ जिह णरवइ तिह जणवउ ॥१॥

२

सोहु म सावयाहं अग्गेसरु जिणवरधम्मु करइ भरहेसरु ।
भावलिंगि होयवि णरेसरु चिंतइ चेत्तदेहु लंबियकरु ।
गोसयाहं गोदुद्धु जि पिज्जइ णारीसहसहं एक्क रमिज्जइ ।
खारीसंयभत्तइं पसचल्लउ रहलक्खहं मज्झु एक्कु रहुल्लउ ।

---

MBP give, at the commencement of this Samdhi, the following stanza :—

मुखनलिनोदरसपनि गुणहृतहृदया सदैव यद्वसति ।
चोज्जमिदमत्र भरते धवलापि सरस्वती रक्ता ॥१॥

M reads गुणधृत° for गुणहृत° । GK do not give it.

१. १. MBPT सुणिबद्धउं । २. MBP हिमकणु कणय° । ३. BP °कणालि° । ४. P °घयपय° । ५. MB °हारहिं; P °दारहिं । ६. M चंदणतोयतविल्ल° । ७. MBP °वरधारहिं । ८. MB भाविहिं । ९. M °मणि° । १०. MB °णियरालिउ । ११. MB राइं ।

२. १. M जिणवरु धम्मु । २. M भावलिंग होएवि । ३. MBP चत्तदेहु ।

# सन्धि २८

अपने नगरमें प्रवेश कर उस राजा भरतने खोटे स्वप्नोंके फलको दूर करनेके लिए नाना प्रकारके दानोंसे समृद्ध शान्तिकर्म प्रारम्भ किया।

## १

हिमकण और कनक कणोंकी पंक्तियोंके समान परिणामवाली घड़ोंसे गिरती हुई दूध और घीकी धाराओं, मुनियोंके अनिष्ट और दुष्ट आशयोंका नाश करनेवाली चन्दनसे मिश्रित उत्तम जलोंसे, आउड देशमें उत्पन्न केशरसे लाल जिनेश्वर प्रतिमाओंका अभिषेक किया। भ्रमरकुलकी घरस्वरूप कुवलय-बकुल-मधु और कमलोंकी मालाओंसे पूजा की। बहुत-सी स्तोत्रावलियोंसे संस्तुति की, विशुद्ध भावोंसे भावना की। स्वर्णनिर्मित मुनि-प्रतिमाओंसे युक्त, नाना मणिकिरणोंके समूहवाले, दसों दिशाओंमें जानेवाली टंकार ध्वनिसे रचित चौबीस घण्टे लटकवा दिये गये। पथ-पथमें वन्दनवार सजाये गये, जो आते-जाते हुए राजाओंके नेत्रोंको सुहावने लगते थे। जिन्होंने सुखपरम्परा दी है, ऐसे अभय आहार, औषधि और शास्त्रोंके दान दिये गये। भूमि-दोहन और गायोंका दोहन करनेवाले गृहस्थोंने घर-घरमें अर्हन्तकी पूजा की। करुणाभावसे दूसरे दीन-अनाथोंके लिए वस्त्र और सोना दिया गया। राजाके द्वारा प्रेरित प्रोषधोपवास शीलदान और देवार्चनका लोग पालन करते हैं।

घत्ता—राजाके धर्मनिष्ठ होनेपर जनपद धर्मनिष्ठ होता है, राजाके पापी होनेपर जनपद पापी होता है, विश्वमें जनपद राज्यका अनुगामी होता है, राजा जैसा चलता है, जनपद भी वैसा ही चलता है ॥१॥

## २

सावयों ( श्वापदों और श्रावकों ) में सिंहके समान अग्रसर होकर भरतेश्वर जिनवर धर्मका आचरण करता है। वह भावलिंगी होकर, शरीरकी चिन्ता छोड़कर हाथ लम्बे कर ( कायोत्सर्ग कर ) विचार करता है—"सैकड़ों गायोंमें एक गायका ही दूध पिया जाता है, हजारों स्त्रियोंमें-से एक ही स्त्रीसे रमण किया जाता है, सैकड़ों खारी ( मापविशेष ) भर

णेक णराहं पेल्लियदुधु महल्लहं हरि हरिवाहहं करि वि करिल्लहं ।
पासायहु वि मज्झि सयणीयलु लइ परभुंजणिज्जु धरणीयलु ।
जइ वि एम जाणइ संगायउ चिंतिज्जंतउ सयलु परायउ ।
तो वि जीउ खज्जइ रायत्तें खणविणासि संतावि पइत्तें ।
चक्कु कालचक्कहु किं रक्खइ छत्तें छण्णउ जीउ ण पेक्खइ ।
दंडु कुगइदंडणु दरिसावइ मणि सोदामणि णहचुउ णावइ ।
असि असिवक्कमललेसहि कारणु चम्मु कयंतपहरणवधारणु ।
कागणि खणि सोहइ दुहुलीहहं अम्हारिसहं धरित्तिसमीहहं ।
होउ होउ रायत्तें हो गंथें हउ मुणिवरु परिवेढिउ वत्थें ।
अणुदिणु इय झायंतहु [10]कयंत व वड्ढिवि जंति [11]रायपरमाणुय ।

घत्ता—सिढिलाइं होंति [12]रायसरहो णिग्गोवेमणमलपूरइं ॥
णिवडंति झत्ति खोणीयलइं करकंकणकेऊरइं ॥२॥

३

रायणाणु किं तासु कहिज्जइ जासु जंतु अरियणहिं ण भिज्जइ ।
जासु खग्गु रणि को वि ण कड्ढइ जासु पयाउ दिसंति पवड्ढइ ।
जो पहाइ परमप्पउ पुज्जिवि मंगलणेवत्थइं पडिवज्जिवि ।
णयसासणि हियवल्लहं घत्तइ सयलउ पयचिंतिउ संचितइ ।
अहियारिय णियपसु णिउंजइ णिव संभासणदाणहिं रंजइ ।
के वि सणेहालोयणहसियहिं संमाणिहिं लोयअहिलसियहिं ।
दविणोवाइ पुरिसें संभावइ चर परमंडलंतु पट्ठावइ ।
सयलकलाकुसल वि संमाणइ पवरपसंडीपिंडहिं पीणइ ।
पुणु अत्थाणविसग्गु समिच्छइ घरि सच्छंदविहारें अच्छइ ।
मज्जणइ मज्जणउं पईसिवि णियसरीरु भूसणहिं विहूसिवि ।
बालाचालियचामरमालइ अच्छइ कोइ वि पत्थिवलीलइ ।
पुणु भुत्तुत्तरि पइं णिवगोट्ठिइ गमइ कालु गरुयइ संतुट्ठिइ ।

घत्ता— संपण्णइ खणि तिज्जइ पहरे जाणिय घडियावाएं ॥
पहु अच्छइ वारविलासिणिहिं सहु कीलाइ विणोएं ॥३॥

---

४. MBP णरवराहं । ५. G पल्लियदगहल्लहं । ६. MBP राइत्तें । ७. MB कागणि खणेण होइ दुहुलोहहं; P कागणि खणि होसइ दुहुलीलइ; T काणि आकरः । ८. MBP रायत्तहु गंथें । ९. MBP वर वेढिउ । १०. MB कयउव and gloss रोग; T कयंत व धूलिरिव । ११. G जंतु; K जंतु but corrects to जंति and gloss गच्छन्ति । १२. MBP रज्जेसरहो । १३. G णिग्गमण°; K णिग्गमल°, but corrects it to णिग्गयमण° ।

३. १. M म कट्टइ । २. MBP पमाउ । ३. G पवट्टइ । ४. MBP हियवल्लउं । ५. M पयचित्तउ । ६. P °सहियहिं । ७. MBP पुरिसु । ८. Our manuscript P ends with चामर° । ९. MB काइं व । १०. MB बुहणिवगोट्ठिहि ।

भातमें-से अँजुली-भर चावल खाया जाता है। लाखों रथोंमें मेरा एक रथ है। मनुष्य बड़े मनुष्यों-का प्रतिबद्ध ( दास ) है, अश्व अश्ववाहोंका, और हाथी हाथियोंका। प्रासादोंके भीतर भी शयनतल होता है। लो, इस प्रकार धरिणीतलका भोग किया जाता है। तब भी जीव राज्यत्व-से क्षयको प्राप्त होता है; वह क्षणभंगुर और बहुत सन्तापकारी है। चक्र क्या कालचक्रसे बचा सकता है, क्या वह छत्रसे ढके हुए जीवको नहीं देखता। दण्ड कुगतिके दण्डको दरसाता है, मणि आकाशसे च्युत बिजलीकी तरह है। असि ( तलवार ) कृष्ण उद्भट लेश्याका कारण है, सेना यमके नगाड़ोंके शब्दको धारण करनेवाली है। दुःखोंसे आलिंगित परलोकी इच्छा करनेवाले हम-जैसे लोगोंके पास काकंणी मणि क्षण-भरके लिए शोभित होता है। राज्यत्व और परिग्रह रहे। मैं मुनि हूँ, केवल वस्त्रोंसे घिरा हुआ हूँ। प्रतिदिन इस प्रकार ध्यान करते हुए उसके ( भरतके ) रागपरमाणु धूलिके समान उड़कर जाने लगते हैं।

घत्ता—इस प्रकार राजेश्वरके निकलते हुए मनोमलसे पूरित करकंगन और केयूर आभूषण शीघ्र ही धरतीपर गिरने लगते हैं ॥२॥

३

राजनीति विज्ञान उसीका कहा जा सकता है, जिसके मन्त्रका भेदन शत्रुमनुष्योंके द्वारा न किया जा सके। जिसकी तलवारसे युद्धमें कोई नहीं बचता, जिसका प्रताप दिशाओंमें फैलता है, जो सवेरे परमात्माकी पूजा कर, मंगलवस्त्र पहनकर न्यायशासनमें अपना मन लगाता है, समस्त प्रजा-वृत्तियोंकी चिन्ता करता है, अधिकारियोंको अपने नियोगमें लगाता है, राजा सम्भाषण और दानसे रंजित करता है। वह स्नेहपूर्ण अवलोकन हँसीसे, सम्मानित लोक अभिलाषाओं और धनके उपायसे कितने लोगोंका आदर करता है, शत्रुमण्डलमें चरोंको भेजता है, प्रवर स्वर्णपिण्डोंसे प्रसन्न करता है, फिर दरबारको विसर्जित करनेकी इच्छा करता है, और घरमें स्वच्छन्द विहारसे रहता है। मध्याह्नमें स्नानके लिए प्रवेशकर अपने शरीरको भूषणोंसे सजाकर, जिसमें बालाओंके द्वारा संचालित है चमर ऐसी किसी राजलीलासे रहता है। भोजन करनेके उपरान्त राजा नृपगोष्ठीमें अत्यन्त सन्तुष्टिके साथ अपना समय बिताता है।

घत्ता—घण्टोंके आघातसे जाने गये तीसरे प्रहरका एक क्षण बीतनेपर राजा वेश्याओंके साथ क्रीड़ा विनोद करता हुआ रहता है ॥३॥

४

महिवइ गयलीलइ पयं ढोयइं पुणु अंतेउरु भमिवि पलोयइं ।
खणि ससहाय मंतु पमंतइ अज्जु णत्थि किं छग्गुण चिंतइ ।
जाणइ अप्पउ वण्णपवित्ति वि वत्तायरणु णयाणयजुत्ति वि ।
पुणु अवलोयइ विविहपयारइं पहरणभवणइं भंडागारइं ।
पुणु गुरुयणसहमंडवि पइसइ धम्मसत्थसंदेहु वि णासइ ।
कामसत्थु अवलोयइ जावहिं कामु वि तहु आसंकइ तावहिं ।
हत्थिसत्थि हरिसत्थि ण मुंचइ आउवेउ धणुवेउ वियाणइ ।
जोइससत्तणसमूहणिमित्तइं णरणारीलक्खणइं विचित्तइं ।
तंसु मंतु तेण जि संजोइउ भरहें सइं जि भरहु उप्पाइउ ।

घत्ता—जसु जासु दियंतहिं परिभमइ ससिकरणियरउ पोसइ ॥
तहु भरहहु सरिसु महाणिवइ जगि णउ हुयउ ण होसइ ॥४॥

५

सो रायाहिराउ सामंतहं मंडलियहं महिमाइ महंतहं ।
एक्कहिं दिणि धीरहं णिरवायहं अक्खइ खत्तवित्तु बहुरायहं ।
कुलमइअप्पयपयपरिपालणु अवरु समंजसत्तु सलवालणु ।
णिसुणहु सुयबलतुलियकरिंदहं पंचभेउ चारित्तु णरिंदहं ।
जेण चरिवि तउ गिरिवरकंदरि अजिउ तित्थयरत्तु भवंतरि ।
पहु लोउ जं धम्मि पवत्तिउ परिताइउ खयाउ सो खत्तिउ ।
कुलु णरणाहहं एत्थु विसेसें कुलु लक्खिज्जइ बुहसइवासें ।
दंसणणाणचरित्तब्भासें कुलु रक्खिज्जइ दुण्णयणासें ।
कुलु लक्खिज्जइ सुद्धायारें दढकढेण अणुव्वयभारें ।
साइ अणाइ वि दीसइ जायउ बीयंकुरकमेण कुलु आयउ ।
भरहेरावएहिं कुलु खिज्जइ कालि कालि जिणणाहहिं किज्जइ ।

घत्ता—पणविधसिरु मउलियकरकमलु जाहं करइ हरि कित्तणु ॥
ते पत्थिव कुलसंताणयर ताहं महादेवत्तणु ॥५॥

---

४. १. MB पउ । २. B ढोइउ । ३. B पलोइउ । ४. B वत्तारयणु । ५. MB ण याणइ जुत्ति वि । ६. MB °सत्थु संदेहु । ७. MB तहि । ८. B मुज्झइ । ९. M दियत्तहिं । १०. MB भरि भमइ ।

५. १. B णिवायहं; T णिरवायहं । २. MB खत्तविति । ३. B °तुरिय° । ४. MBK चारित्तु । ५. M परताइउ; T परिताइउ । ६. MB कुल णर° । ७. MB °चरित्ताभासें ८. M दढउड्ढेण; T दढकढेण । ९. M बीयंकुर ।

४

राजा गजलीलासे अपने पैर रखता है, और फिर घूमकर अन्तःपुर देखता है। एक क्षणमें अपने स्वभावसे मन्त्रका विचार करता है। यह वस्तु छह गुणवाली है या नहीं, यह विचार करता है। वह अपनेको और वर्णोंकी प्रवृत्तियोंको जानता है; वह कृष्यादि वार्ताओंके आचरण और न्याय तथा अन्यायकी उक्तिको जानता है। फिर वह विविध प्रकारके आयुधभवन और भांडागारोंका अवलोकन करता है। फिर वह गुरुजनोंके सभामण्डपमें प्रवेश करता है, तथा धर्म और शास्त्रके सन्देहको दूर करता है। जिस समय वह कामशास्त्रका अवलोकन करता है, उस समय काम भी उससे आशंका करने लगता है। वह हस्तिशास्त्र और अश्वशास्त्रको नहीं छोड़ता, आयुर्वेद और धनुर्वेदको भी समझता है। ज्योतिष, शकुन समूह और निमित्त शास्त्रको भी जानता है। नर-नारियोंके विचित्र लक्षणोंको समझता है। तन्त्र और मन्त्रका संयोग तो उसीने किया। भरतने स्वयं भरतसंगीतको उत्पन्न किया।

घत्ता—जिसका यश दिशाओंमें घूमता है, और चन्द्रमाके किरणसमूहका पोषण करता है। उस राजा भरतके समान महान् राजा जगमें न तो हुआ है और न होगा ॥४॥

५

एक दिन राजाधिराज वह, महिमादिसे महान् सामन्तों, माण्डलीक राजाओं, धीर और अपायरहित बहुत-से राजाओंसे क्षात्रधर्मका कथन करता है—कुलमति अपना और प्रजाका परिपालन भी मलको दूर करनेवाला सामंजस्य ( करना चाहिए ) सुनिए, अपने बाहुबलसे गजराजोंको तोलनेवाले राजाओंके चारित्र्यके पाँच भेद हैं। जिससे गिरिगुफामें तपका आचरण कर, जिनने पूर्वभवमें तीर्थंकर प्रकृतिका अर्जन किया। जिससे यह लोक धर्ममें प्रवर्तित किया और उस क्षत्रियत्वको क्षय होनेसे बचाया गया। नरनाथको अपने कुलकी रक्षा विशेष रूपसे करनी चाहिए। पण्डितोंके सहवाससे कुलको लक्षित करना चाहिए। दर्शन-ज्ञान और चारित्रके अभ्यास-से और दुर्नयोंके विनाशसे कुलकी रक्षा करनी चाहिए। शुद्ध आचार और दृढ़तापूर्वक धारण किये गये अणुव्रत भारसे कुलकी रक्षा करनी चाहिए। यह कुल सादि अनादि और उत्पन्न हुआ दिखाई देता है, बीजांकुर न्यायसे कुल आया है। भरत ऐरावत आदिके द्वारा कुल नाशको प्राप्त होता है, फिर समय-समयपर जिननाथके द्वारा वह किया जाता है।

घत्ता—सिर झुकाकर और करकमल जोड़कर इन्द्र जिनका कीर्तन करता है, वे राजकुल-परम्पराके विधाता हैं और उनका ही महादेवत्व है ॥५॥

६

अवरु वि मइ राएं रक्खेवी अरहंतहु जि सिक्ख सिक्खेवी ।
णासइ णियमइ मिच्छारंगें कुगुरुकुदेवकुलिंगिपसंगें ।
णासइ मइ चामीयरलोहें णासइ मइ णिरु कामें कोहें ।
णासइ मइ हरिसें चवलत्तें णासइ मइ जिणपडिकूलत्तें ।
णासइ मइ मयण माणेण वि णासइ मइ मइरापाणेण वि ।
णासइ मइ वेसायणगमणें णासइ मइ कुरंगवहरमणें ।
णासइ मइ जूयम्मि णिवत्ती णासइ मइ पररमणिहि रत्ती ।
मइ ण जासु कलिकलुसें छित्ती जिणवरचरणंभोरुहचित्ती ।
णिवविज्जारिसिविज्जागामिणि तहु होसइ इहपरभवि गोमिणि ।
घत्ता—मईसुद्धिइ वड्ढइ धम्मैमइ धम्मु वि मैइं सो घोसिउ ॥
जो खीणकसायहिं केवलिहिं जीवलोइ उवएसिउ ॥६॥

७

धम्मु खमाइ होइ गरुयारउ धम्महु मद्दवगुणु पहिलारउ ।
अज्जउ धम्मु पावु मायारउ धम्मु सच्चवयणोहु वियारउ ।
धम्मु सउच्च धम्मु तवतप्पणु धम्मु असेसवत्थुपवियप्पणु ।
धम्मु बंभचेरें परिचाएं जेण ण कियउ वियाणवि राएं ।
पुण्णावसु सो णिद्धाडेवउ रज्जें पुणु वि णरइ पाडेवउ ।
इय मइसुद्धि कहिय णउ रक्खमि तणुपरिरक्ख णरिंदहु अक्खमि ।
हुयवहपविसणु हुयललियंगउ विसकणकवलणु मरणु ण चंगउ ।
सत्थग्गाहणु महाजलबोलणु गिरिणिवडणु अंतावलिघोलणु ।
पयइं कुच्छियमरणइं दुहमि णरु भासेवि थिर्वति भवकद्दमि ।
घत्ता—मुणिचरणकमलि उवसमु करिवि जो ण मुयउ संणासें ॥
चउरासीलक्खजोणिमुहहिं सो परिभमइ किलेसें ॥७॥

८

अवरु वि राणउ करउ णिरिक्खणु पयहिं धम्मणाएं परिरक्खणु ।
दुम्मइ हुई जाणिवि धावइ तिव्वें दंडें गाइ ण ताडइ ।
जिह गोवउ पालइ गोमंडलु तिह पालउ गोवइ गोमंडलु ।

६. १. MB °कुदेव° । २. M चवलित्तें । ३. MB read this line and the following as: ण
मइ जूयम्मि णिवत्ती, जिणवरचरणंभोरुहचित्ती; मइ ण जासु कलिकलुसें छित्ती, णासइ मइ पररमणि
रत्ती । ४. G मइबुद्धिइ । ५. MB धम्मु सइं । ६. MB सो मइं ।

७. १. B गुरुमारउ । २. MB मद्दउ गुणु । ३. MB पाउ । ४. MB °वयणोहु । ५. MBK सउच्च
६. MB धम्मु जि बंभचेरपरिचाएं । ७. MB हुयवहु पविसणु हुउ ललियंगउ । ८. MB °चरणमुणि

८. १. G पइहिं । २. M धावइ ।

६

और भी राजाके द्वारा बुद्धिकी रक्षा की जाये और अरहन्तकी ही सीख सीखी जाये। मिथ्यात्वके रंग कुगुरु, कुदेव और कुमुनिके सम्पर्कसे राजाकी मति नष्ट हो जाती है। स्वर्णके लोभसे मति नष्ट हो जाती है। अत्यन्त काम और क्रोधसे मति नष्ट हो जाती है। हर्ष और चपलतासे मति नष्ट हो जाती है, जिनके प्रतिकूल होनेपर बुद्धि नष्ट हो जाती है, मद और मानसे बुद्धि नष्ट होती है। मदिरापानसे बुद्धि नष्ट होती है, वेश्याजन-गमन करनेसे बुद्धि नष्ट हो जाती है। हरिणवधमें [illegible] करनेसे बुद्धि नष्ट होती है। जुएमें लिप्त होनेसे बुद्धि नष्ट हो जाती है। परस्त्रीमें रमण करनेसे बुद्धि नष्ट होती है, जिनके चरण कमलोंमें पड़ी हुई जिसकी बुद्धि कलिके पापको स्पर्श नहीं करती उसकी बुद्धि नृपविद्या और ऋषिविद्यामें गमन करनेवाली होती है और इहलोक तथा परलोकमें धरती ( या लक्ष्मी ) उसकी होती है।

घत्ता—मति शुद्ध होनेसे धर्ममति बढ़ती है, और धर्म भी मैं उसे कहता हूँ कि जिसका उपदेश क्षीणकषायवाले केवलज्ञानियोंने विश्वमें किया है ॥६॥

७

धर्म क्षमासे गौरवशाली होता है। धर्मका पहला गुण मार्दव है। आर्जव धर्म और माया-रत होना पाप है। विचार करनेवाला सत्य वचनोंका समूह धर्म है। शौच्य धर्म है, तप तपना धर्म है, समस्त वस्तुओंका परित्याग करना धर्म है, ब्रह्मचर्य और त्यागसे धर्म है। जिस राजाने जानते हुए भी धर्म नहीं किया, पूर्णायु होनेपर वह नष्ट हो जायेगा और राज्य उसे फिर नरकमें गिरा देगा। इस प्रकार मैंने मतिशुद्धि कही, मैं कुछ भी छिपाकर नहीं रखूँगा, राजाओंको अब शरीरकी रक्षा बताता हूँ। आगमें प्रवेश करना, सुन्दर शरीरको जला लेना, विषकणोंको खा लेना, ऐसा मरण अच्छा नहीं। आत्मघात, महाजलमें अतिक्रमण करना, पहाड़से गिरना, अपनी आँखोंको घोल देना ( संघर्षण ) ये खोटे मरण हैं जो मनुष्यको घुमाकर दुर्दम भवपंकमें गिरा देते हैं।

घत्ता—मुनिवरके चरणकमलोंमें उपशम धारण कर जो संन्याससे नहीं मरता, वह चौरासी लाख योनियोंके मुखोंमें कष्टपूर्वक परिभ्रमण करता रहता है ॥७॥

८

और भी राजाको निरीक्षण करना चाहिए। प्रजाका धर्म और न्यायसे परिरक्षण करना चाहिए। दुर्मति होकर गाय चिल्लाती है, यह जानकर उसे तीव्र दण्डसे ताड़न नहीं करना

णिक्कारणमारणु जो राणउ सो रक्खसु जमदूयसमाणउ।
मिसु मंडिवि हलहरसंघायहं णिद्दोसहं दिय वणिहिं वरायहं।
दुद्धणारिडिंभयसंतावणु जो धणहरणु करइ भीसावणु।
जणणीसासुसिहिहिं सो डज्झइ अप्पणु वि दुक्कियकम्में वज्झइ।
लग्गइ ण जियइ दुक्खंहुयासइ ण वसइ देसु विसइ परदेसइ।
पहु अणुरत्तपयइं जो तासइ कइहि वि दियहहिं सो सइं णासइ।
रत्तउ सत्तउ भिच्चु भरिज्जइ तव्विवरीयउ अवहेरिज्जइ।
वुज्झियकज्जावायववाएं णरणाहेण णिहालियणाएं।
गुरुचरणारविंद सेवेवउ अवरु समंजसत्तु भावेवउ।
रोसें णउ विसिट्ठु पहरेवउ दुट्ठपक्खु ण कयावि धरेवउ।
घत्ता—इय पंचपयारपयासियउ णियचरित्तु जो पालइ॥
कमलासण कमला कमलमुहि तहु मुहकमलु णिहालइ॥८॥

तहिं अच्छइ भरहेसरु जइयहं गणि पभणइ सुणि सेणिय तइयहं।
कुरुजंगलजणवयगयउरवइ जिणकमकमलजुयलसेवारइ।
सोमप्पहमहिणाहहु णंदणु लच्छीवइमायहि दोसियमणु।
सुंदरु चोद्दहभाइहिं जेट्ठउ जउ णामें अत्थाणि पइट्ठउ।
कुरुवंसाहिवेण पणवेप्पिणु पभणिउं तेण राउ विहसेप्पिणु।
ताएं रायपट्टि महु बद्धइ रिसिरयणत्तइ सइं उवलद्धइ।
तम्मि हुयइ णिक्कलि कलुसक्खइ दाणपवत्तणि सुरवरसंथुइ।
जाणियपयाणेयवियप्पइ रिसहहसामिपयपंकयछप्पइ।
घोरवीरतवचरणचक्खुइ णित्तिइ सेयंसाहिवि णिव्वुइ।
समसहोयरु दिक्मुहइ णियंतउ हउं णियपुरवरंति विहरंतउ।
मारुयचालियचलसाहाघणु एक्कहिं वासरि गउ णंदणवणु।
धम्माणंदें मणु आणंदिउ दिट्ठउ सीलगुत्तु मुणि वंदिउ।
दिट्ठउ फणिवरु समउ भुयंगिइ धम्मु सुणंतु सरलललियंगिए।
गयसंवच्छरि पुणरवि आएं सा दिट्ठी मुक्किय णियणाएं।
घत्ता—दीवंड्डु काओयरु णाइणि वि विण्णि वि धम्मु सुणंतइं॥
मइं लीलाकमलें ताडियइं तेहिं हि जाइरइरत्तइं॥९॥

३. MB °णीसाससयहं। ४. MB दुक्खु हुया°। ५. M अणुरत्तु पयइं। ६. MB °रविंदु। ७. B भावेवउ। ८. G णियचरित्तु।

९. १. MB °जंगलु। २. MB चउदह°। ३. M °भावहिं। ४. B बइट्ठउ। ५. MB °चलियचवलसाहा°। ७. MB फणिवइ। ८. M सरलललियंगइ; B सरललियंगिह। ९. MB मुक्की णियणाएं। १०. G °णियणायएं। ११. MB काओयरु विसहरु णाइणि वि। १२. M तहिं जइपयरइरत्तइं।

चाहिए। जैसे ग्वाला गोमण्डलका पालन करता है उसी प्रकार राजाको पृथ्वीमण्डलका पालन करना चाहिए। जो राजा अकारण प्रजाको मारनेवाला होता है, वह राक्षस और यमदूतके समान है। दोष लगाकर कृषक समूहों, निर्दोष ब्राह्मणों और बेचारे वणिकोंका भीषण धनापहरण करता है, वृद्धों, स्त्रियों और बच्चोंको सतानेवाला है, वह लोगोंकी श्वासज्वालाओंमें जल जाता है और पापकर्मसे बँध जाता है। दुःखकी ज्वाला लगनेपर वह जीवित नहीं रहता, वह देशमें नहीं रह सकता, परदेशमें उसे प्रवेश करना पड़ता है। जो राजा अनुरक्त प्रजाको सताता है, वह कुछ ही दिनोंमें स्वयं नष्ट हो जाता है। उसे सच्चे और अनुरक्त भृत्यका भरण करना चाहिए, जो विपरीत है उसकी उपेक्षा करनी चाहिए। कार्यके उपाय और अपायको जानते हुए, न्यायकी देखभाल करते हुए राजाको गुरुके चरणकमलोंकी सेवा करनी चाहिए और उसे सामंजस्यका विचार करना चाहिए। क्रोधमें आकर विशिष्टका परिहार नहीं करना चाहिए, और दुष्टका पक्ष कभी भी ग्रहण नहीं करना चाहिए।

घत्ता—इस प्रकारसे प्रकाशित नृपचरितका जो राजा पालन करता है कमलासन कमलमुखी कमला ( लक्ष्मी ) उसके मुखकमलको देखती है ॥८॥

९

गौतम गणधर कहते हैं—"हे श्रेणिक ! सुन, जब यहाँ भरत था, तभी जिनभगवान्के चरणकमलोंमें रत रहनेवाला कुरुजांगल जनपदके गजपुरका राजा सोमप्रभ था। अपनी माँ लक्ष्मीवतीके मनको सन्तुष्ट करनेवाला सोमप्रभ राजाका चौदह भाइयोंमें सबसे बड़ा जय नामका सुन्दर पुत्र गद्दीपर बैठा। कुरुवंशके उस राजाने प्रणाम कर और हँसते हुए राजासे कहा कि पिताके मुझे राजपट्ट बाँध देने और स्वयं ऋषियोंके रत्नत्रय प्राप्त कर लेनेपर, और उसमें भी निष्पाप और कालुष्यसे च्युत हो जानेपर तथा सुरवरोंके द्वारा संस्तुत दानका प्रवर्तन होनेपर, एकानेक विकल्पोंको जाननेवाले ऋषभस्वामीके चरणकमलोंके भ्रमर, घोर वीर तपश्चरणसे अद्भुत चाचा श्रेयांस राजाके विरक्त हो जानेपर मैं दिशामुखोंको देखता हुआ अपने भाईके साथ पुरवरके भीतर घूमता हुआ एक दिन नन्दन वनके लिए गया जो हवासे हिलती हुई चंचल शाखाओंसे सघन था। वहाँ मैंने शीलगुप्त मुनिको देखा, उनकी वन्दना की और धर्मानन्दसे मेरा मन नाच उठा। मैंने सरलसुन्दर अंगोंवाली नागिनके साथ एक नागको धर्म सुनते हुए देखा। एक साल बीत जानेपर मैंने उस नागिनको फिर देखा परन्तु अपने नाग द्वारा छोड़ी हुई।

घत्ता—दीर्घड़ जातिका काकोदर ( नाग ) और नागिन दोनोंको धर्म सुनते हुए। वहाँपर भी जातीतर ( जातिसे भिन्न ) स्नेहमें अनुरक्त होनेवाले उनको अपने लीलाकमलसे प्रताड़ित किया॥९॥

१०

कसणारुणबिंदु[1]थलेणुराइहि कहिं णाइणि कहिं लगावि जाइहि ।
इय गरहिवि परिवारेणाइय सहुं जारेण तेण सा णिग्गय ।
कास[2]पुप्फकंतिसंकासउ हउं पडिआगउ णियआवासउ ।
णिसि पियफलहिं मइं आहासिउ सयणालइ तं णाइणिविलसिउ ।
कुमहिलखलचरियाइं पयासमि जाम किं पि किर पिय संभासमि ।
विविहाहरणकिरणरंजियघरु ताव तहिं जि अवयरिउ वरामरु ।
पुच्छिउ सो मइं किं अवलोयहि दिट्ठि वियारभरिय किं ढोयहि ।
तेण पवुत्तउं किं ण वियाणहि लोयहं तुहुं वि धम्मु वक्खाणहि ।
दोसग्गहणु ण कासु वि किज्जइ पंगुलु पंगुलु केम भणिज्जइ ।
पइं वि जोइरइ महु कुलवत्ती पाणिपोम[4]पोमें जं छित्ती ।
घत्ता—तं [5]पीडिय सयलें परियणेण लउलहिं दंडसहासें ॥
कंपंतदेह जारेण सहुं सा मुक्की णीसासें ॥१०॥

११

पुव्वभे[1]व सुउ फणि वयधारउ हउं हुउ भावणु णायकुमारउ ।
सप्पिणि हूई समपरिणामें सुरसरि देवय काली णामें ।
बिण्णि वि मिलियइं हियवइ धरियउं तं तुह दुव्वंचसिउ संभरियउं ।
आयउ एत्थ जाम किर मारमि आरूसिवि वच्छयलु वियारमि ।
ता मइं जाणिउं तुहुं पुण्णाहिउ [2]चरमदेह सीलेण पसाहिउ ।
एम भणेप्पिणु तेण फणीसें सम[3]जलसिंचियरोमहुयासें ।
दिण्णइं महु दिव्वइं परिहाणइं दिण्णइं [4]भूसणाइं असमाणइं ।
अवसरि सरसु भणिवि गउ सेत्तहि अहिवइविवरि णिहेलणु जेत्तहि ।
णिसुणि देव सासयसंपययरु जगि जीवहु धम्मु जि लग्गणतरु ।
घत्ता—विहसिवि कुरुणाहें बोल्लियउ भरहपसाहियमं[5]हियल ॥
देव वि तहु पायहिं पडहिं फुडु जासु धम्ममइ णिच्चल ॥११॥

१२

इय जं[1]प कहण साहिय जावहिं अवरु वि मंति पराइउ तावहिं ।
गो[2]वालंबियमोत्तियहारें सो दा[3]विउ रायहु पडिहारें ।
तेण पवुत्तु णिसुणि णिव्वं[4]ररिसि कासीविसइ णयरि वाणारसि

---

१०. १. MB °तणुरायहि । २. MBK काससरिकंति° । ३. MB जाइरय । ४. MB °पोमपंकुइ । ५. MBK ठाविय ।

११. १. M पुव्वचसिउ । २. MB चरमदेहु । ३. MB समजलु सिंचिय° । ४. M भूवाणइं । ५. MB °महियल ।

१२. १. B जइण । २. K गोवोलंबिय° । ३. MB रायहु दाविउ । ४. MB °वरसहि ।

१०

( यह सोचकर कि ) काले और लाल धब्बोंवाले शरीरसे शोभित विजातिसे नागिन कहाँ लग गयी। इस प्रकार परिवारसे आहत होकर वह अपने यारके साथ चली गयी। मैं कास पुष्पकी कान्तिके समान अपने घर वापस आ गया। रात्रिमें शयनकक्षमें नागिनका वह विलास अपनी पत्नीको बताया। मैं जबतक खोटी महिलाओंके चरितको बताऊँ और प्रिय सम्भाषण करूँ कि इतनेमें विविध आभरणोंसे घरको रंजित करनेवाला एक सुरवर अवतरित हुआ। मैंने उससे पूछा, 'मुझे क्यों देखते हो, मुझपर विकार-भरी दृष्टि क्यों करते हो'। उसने कहा—'क्या नहीं जानते, लोगोंको तुम्हीं धर्मका व्याख्यान करते हो, किसीका भी दोष ग्रहण नहीं करना चाहिए। तुम्हें पंगुल-पंगुल ( पुंश्चली-पुंश्चली ) क्यों कहना चाहिए था। तुमने जन्मसे अनुरक्त मेरी कुल-पुत्रीको करकमलके कमलके द्वारा जो ताडित किया था।

घत्ता—उसे समस्त परिजनोंने पत्थरों और हजारों दण्डोंसे गिरा दिया। काँपती हुई देहवाली वह, अपने यारके साथ साँससे मुक्त हो गयी ॥१०॥

११

व्रत धारण करनेवाला नाग पहले ही मर गया और मैं भवनवासी नागकुमार हुआ और वह नागिन समपरिणामसे गंगामें काली नामकी देवता हुई है। हम दोनों भी मिल गये और तुम्हारी उस कुचेष्टाको याद कर उसे मनमें धारण कर लिया। मैं यहाँ आया और जबतक मैं तुम्हें मारूँ और क्रुद्ध होकर तुम्हारे वक्षस्थलको फाड़ दूँ, कि इतनेमें मैंने जान लिया कि तुम पुण्यशाली हो, चरमशरीरी और शीलसे प्रसाधित हो। यह कहकर समताके जलसे अपनी क्रोधाग्नि शान्त करते हुए उस नागेशने मुझे दिव्य परिधान दिये, और असामान्य आभूषण दिये। उस अवसरपर अत्यन्त सरस बोलकर वह वहाँ गया जहाँ नागराज बिलमें उसका भवन था। हे देव सुनिए, जीवका संसारमें धर्म ही शाश्वत सम्पत्ति करनेवाला आधारभूत वृक्ष है।

घत्ता—कुरुनाथने हँसकर कहा कि जिसकी धर्ममें निश्चल मति ( या निश्चल धर्ममति ) होती है—हे देव, भरतके समान धरतीको सिद्ध करनेवाले भी उसके चरणोंमें पड़ते हैं ॥११॥

१२

इस प्रकार जैसे ही जयकुमारने कहानी कही कि वैसे ही दूसरा मन्त्री वहाँ आ पहुँचा। जिसकी गर्दनमें मोतीका हार लटक रहा है ऐसे प्रतिहारने राजासे उसकी भेंट करायी। उसने

राय अकंपणु राणी सुप्पह सालंकारी णं वरकइकह ।
फुल्लकुसेसयसंणिहसुमुहहं सहसु सुयहं हेमंगयपमुहहं ।
सस मृगलोयण ताहं सुलोयण लहुई लच्छीवइ सुहभायण ।
जेट्ठहि रूउ काइं किर सीसइ उवमाणु जि जहिं किं पि ण दीसइ ।
पायहुं काइं कमलु समु भणियउं तं खणभंगुरु कइहिं ण मुणियउं ।
बिक्खरं थासरि हरिं पि ण दिट्ठरं [illegible] णं णट्ठइं ।
घत्ता—कुरुविंदु तणु वि जंघाजुयहो णासवंतु करु दंतिहि ॥
ऊरुजुयलहि जो समु भणइ सो सइ पडियउ भंतिहि ॥१२॥

१३

वण्णमि काइं णियंबगुरुत्तणु जहिं पत्तउ तिहुयणु जि लहुत्तणु ।
भमउ भमउ सो भूएं भुत्तउ णाहिहि सरिसु ण सलिलावत्तउ ।
कहिं थणजुयलु चित्तगइदंभणु भासइ कणयकलस कहिं कइयणु ।
दइहा ताहं वासिसिरमंडणु चंगउ ससहरु समलु सखंडणु ।
किं तरुणीवयणहु उवमिज्जइ तासु सरिच्छउ तं जि भणिज्जइ ।
जेवं कुमरिहियवउं संदाणइ मिगु ण तें अवलोयइ जाणइ ।
किं सारंगणयणि सा रत्ती केत्तिउ किज्जइ उत्तपउत्ती ।
णक्खहं लग्गिवि जा केसग्गइं ताम ताहि णिरुवमइं वरंगइं ।
लीलंदोलणकीलाजुत्तइं छुडु जि वसंतमासि संपत्तइं ।
घत्ता—अंकुरियउ कुसुमिउ पल्लविउ महुसमयागमु विलसइ ॥
वियसंति अचेयण तरु वि जहिं तहिं णरु किं णउ वियसइ ॥१३॥

१४

छुडु मायंदरुक्खु कंटइयउ महुलच्छिइ आलिंगिवि लइयउ ।
छुडु चंपयतरु अंकुरंचिउ णं कामुउ हरिसें रोमंचिउ ।
छुडु कंकेल्लि किं पि कोरइयउ णं वम्महवित्थारें रइयउ ।
छुडु मंदारसाहि पल्लवियउ चलदलु णं महुणा णच्चवियउ ।
छुडु जायउ गोमेरु कलियालउ मत्तचओरकीररावालउ ।
छुडु काणणि पप्फुल्लु पलासउ पहियहुं लग्गउ विरहहुयासउ ।
छुडु फुल्लिउ मल्लियफुल्लोहउ रमणीयणि पसरिउ रइलोहउ ।

---

५. B° समुहहं । ६. मिगलोयण । ७. MB तवखणि भंगरु । ८. B कुरुविंदत्तणु । ९. MB जंघा-णुयलहो । १०. K सम ।

१३. १. MB वि । २. जिम कुमरिहि हियवउ । ३. MB मिगु ण तेम । ४. MB °णयण । ५. MB उत्त-पउत्ती । ६. MB °कीलणजुसइं ।

१४. १. MB मायंदु रुक्खु । २. B राइयउ; K रयउ । ३. M णं मेरु; B णामरु । ४. MBK पप्फुल्ल ।

कहा—हे नृपवर ऋषि सुनिए, काशी देशमें वाराणसी नगरी है। उसमें राजा अकम्पन, रानी सुप्रभा है। अलंकारोंसे युक्त वह ऐसी लगती है मानो वरकविकी कथा हो। खिले हुए कमलोंके समान मुखवाले हेमांगद प्रमुख उसके एक हजार पुत्र हैं। उनकी बहन मृगनयनी सुलोचना है। और छोटी सुखभाजन लक्ष्मीवती। उनमें-से बड़ीके रूपका क्या वर्णन किया जाये कि जिसके लिए कोई उपमान ही नहीं दिखाई देता। पैरोंको कमलके समान क्यों कहा गया? वह क्षण-भंगुर होता है, कविने इसका विचार ही नहीं किया। नक्षत्र दिनमें कहीं भी दिखाई नहीं देते, मानो जैसे वे उस कन्याके नखोंकी प्रभासे नष्ट हो गये।

घत्ता—जो कवि छोटेसे शंखको जंघायुगलके, तथा हाथीकी क्षणभंगुर सूँड़को ऊरुयुगलके समान बताता है, वह भ्रान्तिमें पड़ा हुआ है ॥१२॥

१३

उसके उन नितम्बोंके भारीपनका क्या वर्णन करूँ कि जहाँ त्रिभुवन छोटा पड़ जाता है। जलावर्त ( भँवर ) उसकी नाभिके समान नहीं है, लोगोंके द्वारा उसका घूम-घूमकर भोग किया जाता है। चित्तकी गतिको रोकनेवाला स्तनयुगल कहाँ? और कहाँ कविगण उसे स्वर्णकलश बताता है? एक तो वे ( स्वर्णकलश ) आगमें तपाये जाते हैं, और दूसरे उनसे दासीके सिरका मण्डन किया जाता है। खण्ड और कलंक सहित चन्द्रमा अच्छा, परन्तु उससे युवतीके मुखकी उपमा क्यों की जाती है? उसके समान तो उसीको कहा जाना चाहिए। जिस प्रकार कुमारीका हृदय प्रकट होता है, वैसा अवलोकन मृग नहीं जानता। फिर उसे मृगनयनी क्यों कहा गया? कितनी उक्ति-प्रतिउक्ति दी जाये। नखसे लेकर केशोंके अग्रभाग तक उसके जितने उत्तम अंग हैं वे निरुपम हैं। इतनेमें शीघ्र वसन्त मासमें लीलादोलन और क्रीड़ाकी युक्तियाँ आ गयीं।

घत्ता—अंकुरित, कुसुमित और पल्लवित वसंत समयका आगमन शोभित है। जिस वसन्तमें अचेतन तरु भी विकासको प्राप्त होते हैं उसमें क्या मनुष्य विकसित नहीं होता? ॥१३॥

१४

शीघ्र ही आम्रवृक्ष कण्टकित हो गया, मधुलक्ष्मीने आलिंगन करके उसे ग्रहण कर लिया। शीघ्र चम्पक वृक्ष अंकुरोंसे अंचित हो गया, मानो कामुक हर्षसे रोमांचित हो गया। शीघ्र अशोक वृक्ष कुछ-कुछ पल्लवित हो उठा, मानो ऋतुरूपी चित्रकारने उसकी रचना की हो; शीघ्र ही मन्दारकी शाखा पल्लवित हो गयी मानो चलदल ( पीपल ) को मधुने नचा दिया हो। शीघ्र नमेरु ( पुन्नाग वृक्ष ) कलियोंसे लद गया, और मतवाले चकोर और कीरोंकी ध्वनियोंसे गूँज उठा। शीघ्र ही काननमें टेसू वृक्ष खिल गया, और पथिकोंके लिए विरहाग्नि लगाने लगी। शीघ्र

कुछ छइयेणविडवलि मउ वड्ढिउ वेल्लिकुसुमरसु चुंबिवि कड्ढिउ।
कुंदु कुसुमवंतहिं णं [illegible] कोइलु कामपवहु णं रसियउ।
दवणयकयकुडुयलपवत्तइं चंदणकद्दमपिंडविलित्तइं।

घत्ता—कुछ केलीहरइं विणिम्मियइं पुप्फच्छुरणइं घित्तइं॥
कुछ लग्गइं मिहुणइं सरहसइं अवरोप्परु रयरत्तइं॥१४॥

## १५

थिप्पिरमहुछइयहिं महिघुलियइं सुमणसुरहिरयरंगावलियहिं।
णवरत्तुप्पलकलियादीवहिं चंदकयणडणवणभावहिं।
धवलकुसुममंजरिधयमालहिं गुमुगुमंतमहुलियगेयालहिं।
रायहंसकामिणिकयरमणहिं थिउ वसंतपहु उववणभवणहिं।
कुररकीरकारंजणिणायहिं वणिजंतु व थोत्तणिहायहिं।
सियजलकणतंदुलसोहालहिं भिसिणिपत्तवरमरगयथालहिं।
अणलससयदलदलसरलच्छिइ चित्त सेस णं तहु वणलच्छिइ।
फग्गुणपइसारइ णंदीसरि कुछ सुरणियइ दीवि णंदीसरि।
पोसहपरिसमखामसरीरइ थणजुयलंतविलंबियहारइ।
पुत्तिइ पहसंतें मुहकमलें पहु दिट्ठउ जिणसेसाकमलें।

घत्ता—तेलोक्कपियामहु णवेवि जिणु णवमयरंदकरंबिउ॥
तं णलिणु णरिंदें णिहिउ सिरे महुयरउलमुहचुंबिउ॥१५॥

## १६

जब कुमार अर्ककीर्ति यह सोचता है कि मैं बन्धनको प्राप्त क्यों हुआ ? तब जिन-चरणमें लीन और निश्चल मनवाला राजा अकम्पन कहता है—"तुम बाँधे गये मानो राजवंशमें पताका बँध गयी, तुम बाँधे गये मानो स्वजन समूह बँध गया, तुम बाँधे गये मानो गजदन्त बाँध दिया गया, तुम बाँधे गये मानो तीरका महान् फलक बाँध दिया गया, तुम बाँधे गये मानो धान्यसे बीज बँध गया, तुम बाँधे गये मानो पुण्यसे जीव बँध गया, तुम बाँधे गये मानो सिरपर मणि-विलास बाँध दिया गया, तुम बाँध दिये गये मानो सुकथा विशेष निबद्ध कर दी गयी। खेल-खेलमें जय और जयराजाने तुम्हें बाँध लिया मानो रसवादीने ( धातुवादीने ) रसको बाँध लिया हो। दूसरोंकी बात छोड़िए, हम लोगोंके लिए तुम सफल होगे। अन्यायसे दूषित व्यक्ति क्षयको प्राप्त होता है।" इस प्रकार कहकर उसके शरीरकी दीप्ति बढ़ाकर अर्ककीर्तिको अपने घरके लिए विसर्जित किया।

घत्ता—घर जाकर लज्जा छोड़कर उसने अपना सिर ( पिताके ) चरणयुगलपर रख दिया तथा शत्रुरूपी सिंहके लिए श्वापदके समान भरतका मुख किसी प्रकार बड़ी कठिनाईसे देखा ॥१॥

२

लज्जित होते हुए भी पिताने उससे कहा कि "गर्भ गिर जाना अच्छा परन्तु ऐसा पुत्र न हो कि जो व्यसनोंमें रमता है, दुष्टोंके वचन सुनता है, अविवेकशील होता है और स्वजनोंको

महु चरपुरिसहिँ दुद्दंतदुरिउ एयहु केरउ वज्जरिउं चरिउं।
होएँण सुदुण्णयगारएण ता चिंतिउ तेण कुमारएण।
गुरुकोवें सिसु जाणंति मग्गु गुरुकोवें जँगि सिज्झइ तिवग्गु।
गुरुकोवें को वि ण खयहु जाइ गुरुकोवें संपय घरहु एइ।
गुरुवयणइं कडुयइं जाइं जाइं परिणामि सुपत्थइं ताइं ताइं।
लग्गाइं ण सुहइसिविंति जाइं जिम परिहउ तिम धुउ मरणु ताइं।
लइ विज्जमि हउं दिट्ठंतु एत्थु लंघियउ जेण गुरुसुयपयत्थु।

घत्ता—जयवंतें सुप्पहकंतें तो पेसिउ गुणवंतउ॥
आवेप्पिणु पहु पणवेप्पिणु पभणइ सुमइमहंतउ॥२॥

३

भो देव कसणसियतंबिराइं लइ रयणइं लइ पवरंबराइं।
किं तुह णवणिहिवइ पाहुडेण किं किर जलहिहि पाणियघडेण।
लइ भत्तितो वि णियकिंकराहं तुह पायपोमलालियसिराहं।
जयविजयाकंपणपत्थिवाहं खिण्णविउ णिसुणि णिव अवणियाहं।
पहिलउ जि दोसु दीहरभुयासु जं दिण्णी सुय णउ तुह सुयासु।
बीयउ जं कोक्किउ सरणिहाउ दावियउ सयंवरविहिणिओउं।
तइयउ जं जइ णिक्खित्त माल रइलालस लग्गी तासु बाल।
परघरिणि हरंतहु रोमणडिय चोत्थउ तुह तणयहु समरि भिडिय।
पंचमउ दोसु बद्धउ कुमारु पिउ णियणयरहु रणरंगधीरु।
इय दोहा दोसपरंपराइं जं ण वि मुयहुं अज्ज वि घराइं।
तं देव पइट्ठा तुज्झु सरणु किं दंडु एत्थु सव्वस्सहरणु।
किं मारणु किं भणु किं किलेसु तं णिसुणिवि जंपइ मेइणीसु।
हो हउं पडिवज्जमि कासिराउ पवसियइ ताइ महु सो जि ताउ।
जइ पुणु महु दाहिणु बाहुदंडु जं सो तं चक्कु ण वज्जु दंडु।
उंबयरइ मप्प संगामकालि उल्ललियगिद्धखद्धंतमालि।

घत्ता—बलगव्वें रोसें तिव्वें जो जणवउ संघट्टइ॥
सुउ दंडवि सो मइं खंडवि जो उप्पहिण पयट्टइ॥३॥

४

इय कहिवि तेण पट्ठविउ मंति गउ सो घोसइ णियपहुहि मंति।
णरवइ भणइ पइं विउममाणु जय विजय वे वि रिउतिमिरभाणु।
महु अवर विणि भुयदंड भणइ तुम्हारउ माणुसु सुट्ठु गणइ।

५. B जाएण। ६. K सदुण्णय°। ७. धुवु भिज्झइ।
३. १. MB °णिहाउ। २. K रणरंगधीरु। ३. MB तणुकिलेसु। ४. B जमु। ५. MB प
६. MBK वज्जदंडु। ७. M उवरइ।
४. १. G माणु सुट्ठु।

मारता है जो ऐसा है वह कहीं भी चला जाये। यह अच्छा है, वह प्रजा और परिजनोंको ताप न दे, मेरे चरपुरुषोंने इसका दुर्दान्त पापमय चरित मुझसे कहा है।" अत्यन्त दुर्नयकारक होते हुए उस कुमारने अपने मनमें विचार किया कि पिताके कोपसे बच्चे मार्ग जानते हैं, पिताके कोपसे विश्वमें त्रिवर्ग सिद्ध होता है। पिताके कोपसे कोई भी क्षयको प्राप्त नहीं होता। पिताके कोपसे सम्पत्ति घर आती है। पिताके वचन जितने-जितने कड़ुए होते हैं वे परिणाममें उतने ही उतने प्रशस्त होते हैं। ये वचन जिसके कर्णकुहरोंमें नहीं जाते उनका जैसा पराभव होता है वैसा ही निश्चयसे मरण होता है। लो, मैं स्वयं दृष्टान्त रूपमें उपस्थित हूँ कि जिसने पितासे सुने पदार्थका उल्लंघन किया।

घत्ता—जयशील सुप्रभाके पति काशीराज अकम्पनके द्वारा प्रेषित गुणवान् मन्त्री सुमति आकर और प्रणाम कर राजासे कहता है ॥२॥

३

"हे देव, कृष्ण-धवल और लाल रत्न तथा प्रवर वस्त्र ग्रहण करें। हे नवनिधियोंके स्वामी तुम्हें उपहारोंसे क्या? जलके घड़ोंसे समुद्रको क्या करना? तो भी भक्तिसे तुम्हारे चरणकमलोंमें अपना सिर रखनेवाले, अपने ही अनुचर जय-विजय और अकम्पनादि राजाओंने जो निवेदन किया है, उसे हे देव, सुनिए। उनका पहला दोष तो यह है कि दीर्घबाहुवाले तुम्हारे पुत्रको अपनी कन्या नहीं दी, दूसरा दोष यह है कि वरसमूहको आमन्त्रित किया और स्वयंवर विधि नियोगका प्रदर्शन किया, तीसरा दोष है कि प्रेमकी इच्छा रखनेवाली बाला उससे ( जयकुमारसे ) लग गयी और उसके गलेमें माला डाल दी। चौथा दोष यह है कि परस्त्रीका अपहरण करते हुए तुम्हारे पुत्रसे युद्धमें लड़ा। पाँचवाँ दोष यह है कि कुमारको बाँध लिया और युद्ध रंगमंचके उस वीरको अपने नगर ले आया। यह मुझ द्रोहीकी दोष-परम्परा है कि जिससे मैं आज भी घर नहीं छोड़ता। हे देव, अब मैं तुम्हारी शरणमें आया हूँ, क्या इसका दण्ड सर्वस्व अपहरण है? क्या मृत्यु, बताइए क्या दण्ड है?" यह सुनकर राजा भरत उत्तर देता है—"हे काशीराज, मैं कहता हूँ कि पिताके—ऋषभनाथके संन्यास ले लेनेपर वही मेरे पिता हैं। जयकुमार मेरा दायाँ बाहुदण्ड है और जय-कुमार बायाँ बाहुदण्ड है। वह जो है वह न चक्र है और न वज्रदण्ड है। जिसमें झपटते हुए गीधों-के द्वारा आँतोंकी माला खायी जा रही है ऐसे युद्धके समय जो उपकार करता है।

घत्ता—जो बल घमण्ड और तीव्र क्रोधसे जनपदको पीड़ित करता है और जो खोटे मार्गसे जाता है ऐसे पुत्रको मैं खण्डित और दण्डित करता हूँ" ॥३॥

४

यह कहकर भरतने मन्त्रीको भेज दिया। वह गया। वह अपने स्वामीसे शान्ति घोषित करता है कि राजा तुम्हें पिताके समान मानता है और जो जय-विजय दोनों शत्रुरूपी अन्धकार-

रूसइ सदोसि गुणवंति महइ | को भरहहु केरी लील वहइ ।
चंगउ किउँ पुत्तहु दप्पसाडु | जं कण्ण देवि विरइयउ चाडु ।
तं भज्जु णिरारिउ डहइ अंगु | गउ किज्जइ खलि संभाणसंगु ।
ता जयकंपण हरिसियसुधाम | कुरुवंसणाह वंसाहिराम ।
घरणिहियमंतिअप्पाहिएण | दुज्जयचिलायसप्पाहिएण ।
अणवरयणविमजिणवरपएण | अणुहुंजियणरवइसंपएण ।
अण्णहिँ दिणि आणंदियजएण | आउच्छिउ णियससुरउ जएण ।

घत्ता—जुइ गोहेहिँ जिणवरदिट्ठिहिँ आण सिरइ किं सिज्झइ ॥
अविणर्म्मे सो वि सकम्मे जीउ णियद्धिवि णिज्जइ ॥४॥

५

को विसहइ सुहिविच्छोयभाउ | परियाणवि कज्जेवियप्पभाउ ।
उन्मुक्कु सुयावरु ससुरएण | तें जंतें हरिखुरखयरएण ।
णहु पिहिउ णिल्लु महि करिसएण | चलवलिउ खलिउ धयधहु धएण ।
कय जलहिवलय चलवलियणीर | थिए विसहर भरभयदलिय धीरे ।
उट्ठिय गहीर भेरीणिणाय | आकंपिय कक्कुहणिवास णाय ।
गच्छंतु संतु सो समियसत्तु | दियहहिँ गंगाणइतीरे पत्तु ।
णियणियदूसावासहिँ सवण्ण | हेमंगयाइ सयल वि णिसण्ण ।
पवकुवहिँ महामहु सुरसमाणु | थिउ राणउ गंग पलोयमाणु ।

घत्ता—सविहंगहिँ दिट्ठइं गंगहि छणससिरविपडिबिंबइं ॥
णं वेल्लिहि अमरसुवेल्लिहि कुसुमइं पंडुरतंबइं ॥५॥

६

आमेल्लिवि खंधावारु तेत्थु | कइवयभडेहिँ सहु महिमहत्थु ।
साकेयहु जाइवि सुवणसारि | थिउ पंजलियरु णरवइदुवारि ।
पडिहारें पइसारिउ दवत्ति | विण्णविउ णवेप्पिणु चक्कवट्टि ।
विसहरणरखेयरविहियसेव | जउ पणवइ पत्तहि पेक्खु देव ।
ता दिण्ण दिट्ठि णाहें विसाल | ससिवियसिय णं कंदोट्टमाल ।
पसरंतपणयरससायरेण | मुहं जोइवि सइं परमेसरेण ।
णं कलियइ णेहमहीरुहासु | अंगुलियइ दाविउ पीढु तासु ।
उवविट्ठु तुट्ठु संमाणु कियउ | पोरिसु परमुण्णइं सेहहि णियउ ।
णउ जलणहु पासिउ अवरु उण्हु | परमाणुयाउ णउ अवरु सण्हु ।

---

२. MB रमइ । ३. MB गमइ । ४. MB पुत्तहु किउ । ५. M °वरदिट्ठहे ।

५. १. B कज्जु । २. MB add after this: पडिबोहिउ बुहमण्णें वरेण । ३. MB add after this: पडिपेल्लिउ संदणु संदणेण । ४. M भयभर°; B पयमए° । ५. MB वीर । ६. MBK कक्कुहणिवासि । ७. MB °तीर ।

६. १. MB सुट्ठु । २. MB समहिँ ।

के लिए सूर्यके समान हैं, वे मेरे दूसरे भुजदण्ड हैं, वह ( भरत ) यह कहता है। तुम्हारे व्यक्तित्व-को बहुत सम्मान देता है। दोषोंपर क्रुद्ध होता है, गुणोंका आदर करता है। भरतकी लीलाको कौन धारण कर सकता है। तुमने पुत्रका अच्छा दर्पनाश किया? लेकिन जो कन्या (अक्षयमाला) देकर उससे प्रेम जताया है वह मेरे शरीरको अत्यन्त जला रहा है। दुष्टके साथ सम्मान और संग नहीं करना चाहिए। इसपर कुरुवंश और नाथवंशके सुन्दर सुधाम जय और अकम्पन प्रसन्न हो गये। तब गृहिणी मन्त्री और अपना हित करनेवाले दुर्जेय चिलात और सर्पका अहित करनेवाले, जिनवरके चरणोंमें अनवरत प्रणाम करनेवाले, राजाकी सम्पत्तिका भोग करनेवाले एवं जयसे आनन्दित जयकुमारने एक दूसरे दिन अपने ससुरसे पूछा :

घत्ता—हे ससुर, तुम्हारी गोष्ठी और जिनवरकी दृष्टिसे विरति कैसे की जा सकती है? तो भी अविनीत स्वकर्मके द्वारा जीव बलपूर्वक खींचकर ले जाया जाता है ॥४॥

५

सुधीजनके वियोग सन्तापको कौन सहन करता है? फिर भी कार्यके विकल्प भावको जानकर ससुरने पुत्री और वरको विदा कर दिया। उनके जाते हुए घोड़ोंके खुरोंसे आहत धूलने आकाश ढक दिया। गजोंके मदजलसे धरती गीली हो गयी। वेगसे ध्वजपट चंचल स्खलित हो गये। समुद्रमण्डलका जल चंचल हो उठा। धीर विषधर भारके भयसे दलित हो गये। नगाड़ोंका गम्भीर शब्द हो उठा। दिशाओंमें निवास करनेवाले गज काँप उठे। शत्रुओंको शान्त करनेवाला वह जाते-जाते कुछ ही दिनोंमें गंगानदीके किनारे पहुँचा। अपने-अपने तम्बुओंके आवासोंसे सम्पूर्ण हेमांगदादि राजा सभी ठहर गये। वस्त्रके तम्बूकी कुटीमें महावरणीय, देवके समान वह राना गंगाको देखता हुआ स्थित हो गया।

घत्ता—लहरोंसे युक्त गंगामें पूर्णचन्द्र और सूर्यके प्रतिबिम्ब ऐसे दिखाई दिये, मानो भ्रमरोंको सुख देनेवाली लताके सफेद और लाल फूल हों।

६

अपनी छावनीको वहीं छोड़कर, भूमिमें महान् वह अपने कुछ सुभटोंके साथ साकेत जाकर, भुवनमें श्रेष्ठ राजा ( भरत ) के द्वारपर हाथ जोड़कर स्थित हो गया। प्रतिहारने उसे शीघ्र प्रवेश दिया और चक्रवर्तीको प्रणाम कर उसने निवेदन किया, "विषधर नर और विद्याधरों-से सेवित हे देव, देखिए यहाँ जय प्रणाम करता है।" तब उसने अपनी विशाल दृष्टि उसपर डाली मानो चन्द्रमाके विकसित नीलकमलकी माला हो। प्रसरित हो रहा है प्रणय रसका सागर जिसमें ऐसे राजाने स्वयं मुख देखकर, मानो स्नेह महावृक्षकी कलीके समान अपनी अंगुलीसे उसे पीठा-सन बताया। तुष्ट होकर वह बैठ गया। राजाने उसका सम्मान किया। सभामें उसका पौरुष

गयणंगणाउ णउ अवरु गरुउ  कामाउराउ णउ अवरु सरुउ ।
जिणु मेल्लिवि को तेलोक्कसामि  पइं मेल्लिवि को सुहडग्गगामि ।
घत्ता—जो दुक्खिउ सो परिरक्खिउ जं दुल्लहु तं लद्धउं ॥
पइं होतें रणि पहरंतें जय महुं काइं ण सिद्धउं ॥६॥

७

इय भणिवि विसज्जिउ जउ महंतु  राएं गउ णियसिमिरहु तुरंतु ।
चडियउ वेयड्ढमहाकरिंदि  णं दिणयरु उययमहीहरिंदि ।
चमु चोलिय पुणु दिण्णउ पयाणु  पत्तउ सुरसरिजलमज्झठाणु ।
जोयवि गंगहि सारसहं जुयलु  जोयइ कंतहि थणकलसजुयलु ।
जोयवि गंगहि सुललियतरंग  जोयइ कंतहि तिवलीतरंग ।
जोइवि गंगहि आवत्तभवणु  जोयइ कंतहि वरणाहिरमणु ।
जोयवि गंगहि पप्फुल्लकमलु  जोयइ कंतहि पिउ वयणकमलु ।
जोइवि गंगहि वियरंत मच्छ  जोयइ कंतहि चलदीहरच्छ ।
जोइवि गंगहि मोत्तियहु पंति  जोयइ कंतहि सियदसणपंति ।
जोइवि गंगहि मत्तालिमाल  जोयइ कंतहि धम्मेल्ल णील ।
घत्ता—णियगेहिणि वम्महवाहिणि देवि सुलोयण जेही ॥
मंदाइणि जणसुहदाइणि दीसइ राएं तेही ॥७॥

८

आहंडलमयगलसरिसलीलु  तहि अवसरि मेयहें धरिउ पीलु ।
सहुं बहुसरेण पयलंतदाणु  बहुजलविलोलि बोल्लिज्जमाणु ।
देहि पियदुहकयअवलोयणाइ  अप्पाणउं घित्तु सुलोयणाइ ।
आलग्गपुच्छकच्छंतरालि  हाहारवबड्ढियगरुयरोलि ।
अवलोईवि रहुओहामियक्क  हेमंगयपमुह कुमार ढुक्क ।
एत्थंतरि थरहरियासणाइ  देवंगवत्थसुइणिवसणाइ ।
वणदेविइ वारियवइरिणीइ  करि कड्ढिउ सुरसरितीरिणीइ ।
णं धणसंपत्तिइ कामभोउ  चड्ढरिउ अहिंसइ णं तिलोउ ।
णिविसद्धें णिउ सुरसरिहि तूहु  हरिसें णच्चिउ किंकरसमूहु ।
रणि वणि जलि जलणि समाइएण  रक्खिज्जइ पुरिसु पुराइएण ।

३. M दुत्थिउ । ४. MB पडिरक्खिउ । ५. M दुलहउ; B दुलहु ।

७. १. MB °सिविरहु । २. MB चलिय पुणु वि दिण्णउं । ३. MB जोइउ । ४. MB जोइवि । ५. MB आवत्तु भवणु । ६. B णं सुहदाइणि ।

८. १. MB हारें । २. M पलमंत° । ३. MB read this line as 5. ४. MB read this line as 3. ५. MB °णियसणाइ । ६. MB तीरिणीइ । ७. GK णिमसद्धें but gloss निमेषार्धेः ।

परम उन्नतिको प्राप्त हुआ। आगकी तुलनामें कोई दूसरा उष्ण नहीं है। परमाणुसे अधिक दूसरा सूक्ष्म नहीं है। आकाशके आँगनसे अधिक महान् दूसरा नहीं है। कामातुरके समान दूसरा कोई संगी नहीं है। जिनको छोड़कर कौन त्रिलोकस्वामी हो सकता है ? तुम्हें छोड़कर सुभटोंमें अग्रगामी कौन है ?

घत्ता—जो दुःखित था उसकी परिरक्षा कर दी गयी। जो दुर्लभ था उसे पा लिया। तुम्हारे रहते और युद्धमें प्रहार करते हुए हे जय ! मुझे क्या सिद्ध नहीं हुआ ? ॥६॥

७

यह कहकर राजाने महान् जयकुमारको विसर्जित कर दिया। वह तुरन्त अपने शिविरमें गया। वह विजयार्ध महागजेन्द्रपर आरूढ़ हुआ मानो दिनकर उदयाचलपर आरूढ़ हुआ हो। सेना चल पड़ी। उसने प्रस्थान किया। वह गंगाके जलके मध्यभागमें पहुँचा। वह गंगाकी सारस जोड़ीको देखकर, कान्ताके स्तनरूपी कलशयुगलको देखता है। गंगाकी सुन्दर तरंगको देखकर, अपनी कान्ताको त्रियलि तरंगको देखता है। गंगाके आवर्त भँवरको देखकर, कान्ताकी श्रेष्ठ नाभिरमणको देखता है। गंगाका खिला हुआ कमल देखकर, प्रिय कान्ताका मुखकमल देखता है। गंगाके विचरते हुए मत्स्य देखकर, कान्ताकी चंचल लम्बी आँखोंको देखता है। गंगाकी मोतियोंकी पंक्ति देखकर, वह कान्ताकी श्वेत दशनपंक्ति देखता है। गंगाकी मत्त अलिमाला देखकर, कान्ताकी नीली चोटी देखता है।

घत्ता—जब सुख देनेवाली मन्दाकिनी ( गंगा ) राजाको वैसे ही दिखाई दी जैसी अपनी गृहिणी कामकी नदी सुलोचना ॥७॥

८

उस अवसरपर इन्द्रके ऐरावतके समान लीलावाले उसके हाथीको मगरने पकड़ लिया। प्रगलित है मदजल जिससे ऐसा वह गज वधूवरके साथ, अत्यधिक जलके आवर्तवाले ह्रदमें जाने लगा। प्रियके दुःखको देखनेवाली सुलोचना जोरसे 'हा' की आवाज की। उसकी ( गजकी ) पूँछ कक्षाके मध्य लगनेपर, तथा हा-हा शब्दका कोलाहल बढ़नेपर, अपनी कान्तिसे सूर्यको परास्त करनेवाले हेमांगद प्रमुख कुमार यह देखकर वहाँ पहुँचे। इसी बीच, जिसका आसन काँप गया है, तथा जो देवांग वस्त्रोंसे पवित्र निवासमें रहनेवाली है, ऐसी शत्रुका विनाश करनेवाली वनदेवीने गजको गंगाके किनारेपर ऐसे खींचा, मानो धनसम्पत्तिने कामदेवको खींचा हो, मानो अहिंसाने त्रिलोकका उद्धार किया हो। आधे पलमें वह सुरसरिके तटपर ले जाया गया। किंकर समूह आनन्दसे नाच उठा। रण-वन-जल और आगमें पड़नेपर पुरुषको पूर्वार्जित कर्म ही बचाता है।

घत्ता—वेउव्विउ घउ मणिणिम्मिउ चारुतीरि सुँयसेविए ॥
हरिऊढइ थविवि सुपीढइ ण्हविय सुलोयण देविए ॥८॥

९

दिण्णइं सुरजोग्गइं णिवसणाइं दिण्णइं अण्णोण्णइं भूसणाइं ।
दिण्णी वियसिय मंदारमाल सहुँ णरवरेण विंभइय बाल ।
पभणइ का तुहुं करि केण धरिउ किं तारिय सरि सो कवणु तरिउ ।
[illegible] सुरसुंदरि [illegible] का भणइ सा वि हिंडियपुलिंदि ।
विंझंतरिकडइ विंझइरि अत्थि पइ विंझकेउ बलकलियहत्थि ।
महएवि पियंगुसिरी सुरूय हउं विंझसिरी णामेण धूय ।
परियाणवि ताएं तुह पहाउ सिक्खहुं णीसेसु कलाकलाउ ।
हउं तुज्झु समप्पिय हे वयंसि संभरसि ण कीलहुं जं गयासि ।
णंदणवणि विउलि वसंततिलइ हउं दट्ठी सप्पें वेल्लिणिलइ ।
असिआउसाइं वंजणविसिट्ठ पइं परम मंत महु पंच सिट्ठ ।

घत्ता—ते णिसुणिवि दुक्किउ णिहुणिवि मही लद्ध विहूई ॥
सुरणीडइ गंगाकूडइ गंगादेवय हूई ॥९॥

१०

कीलंती कुच्छियविसहरेण सह सरसें णाहें णिब्भरेण ।
जा पहय सरलदलकोमलेण तुह कंतें कररत्तुप्पलेण ।
जा णासंती अवरहिं णरेहिं गुसुमूरिय दंडहिं पत्थरेहिं ।
सा हूई णिसुणहि हलि पियालि जलदेवय णामें पत्थु कालि ।
ओलक्खिवि जउ वइराणिबंधु पवणंदोलणघोलंतचिंधु ।
मयरीइ हवेप्पिणु कूरिमाइ कुंजरु कड्ढिउ कुद्धाइ ताइ ।
मइं जाणिउं आसणकंपणेण जा जणिय मयच्छि अकंपणेण ।
सा किं हम्मइ खलकालियाइ मुणिमइ किं छिप्पइ कालियाइ ।
इय चिंतिवि हउं अवयरिय जाम वइरिणि गय णासिवि कहिं वि ताम ।
मइं उत्तारिउ सिंधुरु बलेण तुह हूयउ सुहु सुकियफलेण ।

घत्ता—मलु तुट्टइ बुद्धि पयट्टइ दिस वसुधारहिं छुब्भइ ॥
रिउ णासइ णिहि घरि णइसइ धम्में काइं ण लब्भइ ॥१०॥

---

८. MB सुयसेविए ।
९. १. B अण्णाइं । २. MB सहुं । ३. MB तारिउ । ४. MB विंझइरि° । ५. MB संभरिसि ।
१०. १. MB णिसुणहि हूई । २. MB कोवेण ।

घत्ता—श्रीसे सेवित सुन्दर तीरपर मणिनिर्मित घर बनाया गया। देवीने सिंहासनपर स्थापित कर सुलोचनाको स्नान कराया ॥८॥

९

देवताओंके योग्य उसे वस्त्र दिये गये। और भी दूसरे-दूसरे आभूषण दिये गये। खिली हुई मन्दारमाला दी। अपने नरवर ( जय ) के साथ वह बाला विस्मयमें पड़ गयी। वह बोली—"तुम कौन हो? और गजको किसने पकड़ा था? नदी कैसे पार हुई? तारनेवाला कौन था? सज्जनोंसे वन्दनीय हे सुरसुन्दरी, तुम बताओ बताओ?" तब वह भी बताने लगती है—"जिसमें शवर घूमते हैं, ऐसे विन्ध्याचलके निकट विन्ध्यपुरी नगरी है उसका राजा विन्ध्यकेतु था, जो अपनी शक्तिसे हाथीको वशमें करनेवाला था। उसकी सुन्दर महादेवी प्रियंगुश्री थी। मैं उसकी विन्ध्यश्री नामकी पुत्री थी। पिताने तुम्हारा प्रभाव जानकर और समस्त कला-कलाप सीखनेके लिए हे सखी, मुझे तुम्हें सौंप दिया। क्या तुम याद नहीं कर रही हो कि जब हम क्रीड़ा करनेके लिए गये हुए थे, विशाल वसन्ततिलक नन्दनवनके एक लताघरमें मैं साँपके द्वारा डँस ली गयी थी। तब तुमने 'अ सि आ उ सा' आदि व्यंजनोंसे विशिष्ट पंच परमेष्ठीका पंचणमोकार मन्त्र मुझसे कहा था।

घत्ता—उन अक्षरोंको सुनकर और पापको नष्ट कर मैंने यह विभूति प्राप्त की। देवताओंके घर गंगाकूटमें गंगादेवी हुई ॥९॥

१०

पूर्व अपने सरस, कुत्सित विषधररूपी पतिके साथ क्रीड़ा करती हुई जिस नागिनको, तुम्हारे पतिने सरलपत्तोंसे कोमल, हाथके लीलारक्त कमलसे आहत किया था, और जो दूसरे मनुष्योंके द्वारा दण्डों और पत्थरोंसे कुचली जाकर मृत्युको प्राप्त हुई थी, हे प्रिय सखी सुनो, वह कालीके नामसे यहाँ जलदेवता हुई। पवनके आन्दोलनसे हिल रहे हैं चिह्न जिसके ऐसे तथा बैरका अनुबन्ध करनेवाले जयकुमारको देखकर, क्रूर मगरी बनकर, क्रुद्ध उसने गजको खींचा। आसन काँपनेसे मैंने जान लिया कि जो मृगनयनी अकम्पन राजासे उत्पन्न हुई है वह दुष्टा काली-के द्वारा क्यों मारी जाये? पापवृत्तिके द्वारा मुनिमतिका स्पर्श क्यों किया जाये? यह विचार कर जब मैं यहाँ अवतरित हुई तबतक वह दुश्मन भागकर कहीं भी चली गयी। मैंने शक्तिसे गजका उद्धार किया, और तुम्हें अपने पुण्यके फलसे यह सुख प्राप्त हुआ।

घत्ता—मल ( पाप ) दूर होता है, बुद्धि प्रवर्तित होती है, धन-धाराओंसे दिशा दुही जाती है, शत्रु नाशको प्राप्त होता है, निधि घरमें प्रवेश करती है। धर्मसे क्या नहीं प्राप्त किया जा सकता? ॥१०॥

११

इय झुणिवि सुलोयण चंदहासु    गय गंगादेवय णियणिवासु ।
पुणु चोइवि वारणु णं गिरिंदु    गउ गयउरु पत्तउ जयणरिंदु ।
बहुकालपरिट्ठिउ सुहिण जाम    सत्तंगु रज्जु पालंतु ताम ।
बहुपेम्मसोक्खसंजोयणाइ    एक्कहिं दिणि समउ सुलोयणाइ ।
अच्छइ अत्थाणि णिसण्णु जाम    णहि खयरमिहुणु तें दिट्ठु ताम ।
हा देवि [illegible] कहिं भणंतु    मुच्छिउ पहु जम्मंतरं सरंतु ।
हा णाह णाह विलवंतियाहिं    कुलवसियपणिवाइयतियाहिं ।
सिंचिउ चंदणसीसियजलेण    आसासिउ चलचमराणिलेण ।
पारावयमिहुणालोयणेण    मुच्छिय पिय पणयासायणेण ।
हा रइवर हा रइवर रसंति    उट्ठिय पुणरवि सा णीससंति ।
पारावइ हउं रइसेण आसि    चिरभवकुलत्ती तुज्झु दासि ।
तुहुं रइवरु पारावउ ण भंति    लग्गी पियगीयहिं इय भणंति ।

घत्ता—कहिं णिववरु कहिं सो रइवरु कवडें वड्डहु किज्जइ ॥
जयपत्तिहि भणिउं सवत्तिहि कइयवेण जणु खज्जइ ॥११॥

१२

सोमप्पहपुत्तें णायरेण    जणमणसंसयहरणायरेण ।
जाणंतेण वि सुहभायणेण    पुच्छिय पिय अवहिविलोयणेण ।
पुच्छंतहु कंतहु सुहरु वित्तु    वज्जरइ सुलोयण णियचरित्तु ।
इह जंबुदीवि सुरदिसिविदेहि    पुक्खलवइविसइ विलासगेहि ।
वेयड्ढमहीहरणियडदेसि    तहिं धण्णयमालवणंतवासि ।
सोहापुरवरि वयपालु राउ    देवसिरिदेविसंजणियराउ ।
तहु वंदियपयपंकरुहरेणु    सामंतु पसिद्धउ सत्तिसेणु ।
अंडइसिरिघरिणिआलिंगियंगु    रेहइ णं रइभूसिउ अणंगु ।
हिंडंतु कहिं मि लक्खणपसत्थु    णवरेक्कु बालु संपत्तु तेत्थु ।
सामंतें पुच्छिउ भणु कुमार    तुहुं कासु पुत्तु सुसरीरसार ।
किं किर वियरहि महि सेसवेण    तं वयणु सुणेप्पिणु भणिउं तेण ।

घत्ता—उप्पेक्खिय भयणु ण रक्खिउ गउ हउं सिसु हक्कारिउ ॥
पर मायए णिट्ठुरवायए मंदिराउ णीसारिउ ॥१२॥

---

११. १. MB omit this line । २. MBK जम्मंतरु । ३. MT पणियंगण°; B पणयंगण° मुच्छाविय पणया° । ५. MB रइसेण । ६. MB पियगीवहिं ।

१२. १. MK °भायरेण । २. MB विसालगेहि । ३. MB णयपालु । ४. MB अइयसिरि ।

११

चन्द्रमाके हास्यके समान सुलोचनाकी इस प्रकार स्तुति कर गंगादेवी अपने निवास स्थान-के लिए चल दी। तब गिरीन्द्रकी भाँति उस गजेन्द्रको प्रेरित कर राजा जय गया और हस्तिनापुर पहुँच गया। सुखपूर्वक सप्तांग राज्यका परिपालन करते हुए जब बहुत समय बीत गया, जब प्रचुर प्रेम और सुखका संयोजन करनेवाली सुलोचना देवीके साथ एक दिन वह दरबारमें बैठा हुआ था तब आकाशमें उसने विद्याधर की जोड़ी देखी। 'हे प्रभावती देवी तुम कहाँ' यह कहता हुआ और जन्मान्तरकी याद करता हुआ राजा मूछित हो गया। तब हे स्वामी, हे स्वामी, इस प्रकार विलाप करती हुई कुलपुत्रियों और पण्य-स्त्रियोंके द्वारा चन्दन मिश्रित जलसे सींचा गया, चंचल चमरोंकी हवासे वह आश्वस्त हुआ। कबूतरके जोड़ेको देखनेसे स्नेहका अनुभव होनेके कारण प्रिया सुलोचना भी मूछित हो गयी। हा रतिवर, हा रतिवर—यह कहती हुई, वह निःश्वास लेती हुई फिरसे उठी। "मैं रतिसेना कबूतरी थी, पूर्वजन्मकी कुलपुत्री तुम्हारी दासी, और तुम रतिवर कबूतर थे, इसमें जरा भी भ्रान्ति नहीं।" यह कहती हुई वह प्रियके गलेसे लग गयी।

घत्ता—कहाँ वह राजा, कहाँ वह रतिवर कपटसे ही प्रिय बनाया जाता है? जयकी पत्नीकी सौतने कहा कि कैतव ( छलकपट ) से लोग नाशको प्राप्त होते हैं ॥११॥

१२

जनमनके सन्देहके निवारणमें आदर रखनेवाले नागर अवधिज्ञानके नेत्रवाले सोमप्रभके पुत्रने जानते हुए शुभभावनासे प्रियासे पूछा। पुराना वृत्तान्त पूछते हुए पतिसे सुलोचना अपना चरित कहती है—"इस जम्बूद्वीपके पूर्व विदेहमें विशाल घरोंवाला पुष्कलावती देश है। उसमें विजयार्ध पर्वतमें स्थित धान्यकमाल वनके निकट बसा हुआ शोभापुर नामका नगर था। उसका राजा प्रजापाल था। वह अपनी देवश्री देवीका अत्यन्त अनुरागी था। जिसने चरणकमलोंके परागकी वन्दना की है, ऐसा उसका प्रसिद्ध शक्तिषेण नामका सामन्त था। अटवीश्री गृहिणीके द्वारा आलिंगित शरीर वह ऐसा लगता था मानो रतिसे विभूषित कामदेव हो। कहीं घूमते हुए लक्षणोंसे प्रशस्त केवल एक बालक उसे प्राप्त हुआ। सामन्तने उससे पूछा—हे कामदेवके समान शरीरवाले, तुम किसके पुत्र हो? बचपनसे ही तुम धरतीपर क्यों घूम रहे हो? यह वचन सुनकर बालकने कहा—

घत्ता—मैंने घरकी उपेक्षा की, उसकी रक्षा नहीं की। मैं बच्चा था, बुलानेपर चला गया था। परन्तु कठोरवाणी कहनेवाली माँने घरसे निकाल दिया ॥१२॥

१३

महु बप्प सिसुत्तणि मुइय माय विणु मायइ डिंभहु कवण छाय।
मूयत्थें ताएण वि ण दिट्ठु हउं तुम्हारउ पुरवरु पइट्ठु।
ता तेण सत्तिसेणें अगाउ पडिवण्णु पुत्तु सो सव्वदेउ।
पंचहिं वि कहिउ णिद्दलियकम्मु अमियमइअणंतमईहिं धम्मु।
राएं वज्जिउ महु मज्जु मंसु राणियइ तेम तं किउ ससंसु।
सामंतें पुणु अणगारवेल पालिय जिणरायहु तणिय वेल।
वणसिरियइ किउ दुक्खणिरासु तहु अणुवहहं कल्लाणणासु।
सा सिसु मयच्छि गुरुहार जाय संचल्लिय तेत्थु जहिं वसइ माय।
परिमुक्क सिविरु सरविउलकूलि[1] सइ पइणा वसइ वणंतरालि।
जा तावेत्तहि सुहिसोक्खसयरि जणणाहरि मुणालवइ त्ति णयरि।
कणयसिरि वणिंदु सुकेउ कंतु भवदेउ पुत्तु णं कलिकयंतु।
वट्टुंटउ[2] दुम्मुहु सो जि भणिउ पुरविरि अण्णेक्कु वि तहिं जि वणिउ।

घत्ता—सिरियत्तउ पिउपयभत्तउ विमलसिरी तहु गेहिणि॥
सुहकारिणि सुय मणहारिणि रइवेया रइवाहिणि॥१३॥

१४

विमलसिरिभाउ वणि विहियसोउ[1] अण्णेक्कु वि अत्थि असोयदेउ।
जिणयत्त घरिणि णंदणु सुकंतु सुहउ स[2] सोमु सोमु व सुकंतु।
ता ससुरणिवासु दुवारु[3] धरिवि बारहवरिसइं मज्झाय करिवि।
जइ हउं णावेसमि तीवरासु ता तेरी[4] तणुरुह देजसु वरासु[5]।
णिहविणु ण णिएछमि अज्जु माम गउ वाणिज्जहि[6] सो जाम ताम।
चक्कवईसंख वच्छर पउण कण्णाहिं थणयल समप्पण पुण्ण।
पच्चारिय संकिल[7] णिबंधु मुक्कु सुय दिण्ण सुकंतहु वइरि ढुक्कु।
णिच्चिंसु तिक्खणित्तिसवंतु मरु दारवि मारवि[8] वरु भणंति।
मंदेवि[9] णिरुद्धु थेरीथडेण वहुवरु वि पणट्ठु परोहडेण[10]।
गलगज्जिवि तज्जिवि कंचुईउ अवलोयवि दंपइ पयपईउ[11]।

घत्ता—कुढि लग्गउ पिसुणु अभग्गउ ईसावसु देवाइउ॥
सहुं घरिणिइ हरिणु व हरिणिइ वणु वरइत्तु पराइउ॥१४॥

१३. १. MB सरविमलकूलि। २. M वट्टेटउ।

१४. १. MB विहियसेउ। २. MB सुसोम्मु। ३. M सायरासु। ४. M णियतणुरुह। ५. MB वरासु। ६. MB वाणिज्जें। ७. B संखिणिब्बंधमुक्कु। ८. MB मारवि दारवि। ९. MB मंदव। १०. MB परोवडेण। ११. MBK पयगईउ।

१३

हे सुभट, बचपनमें मेरी माँकी मृत्यु हो गयी। बिना माँके बच्चेके लिए किसकी छाया ? भूयस्थ ( धनसे सम्पन्न ) पिताने भी नहीं देखा और मैं तुम्हारे पुरवरमें आ गया। तब उस शक्तिषेणने निष्पाप उस बालकको धरदेवके रूपमें स्वीकार कर लिया। आर्यिका अमितमती और अनन्तमतीके द्वारा कहा गया कर्मोंका नाश करनेवाला धर्म पाँचोंने स्वीकार कर लिया। राजाने मद्य, मधु और मांस छोड़ दिया। रानीने भी प्रशंसापूर्वक वही सब किया। सामन्त शक्तिषेणने अनागार वेलाका व्रत लिया, और वह जिनराज ( मुनि ) की पारणाकी बेला ( समय ) का पालन करने लगा। ( अर्थात् वह मुनियोंके आहार ग्रहण करनेके समयके बाद ही भोजन करता )। उसकी पत्नी अटवीश्रीने पापका अन्त करनेवाला अनुप्रवृद्धकल्याणका तप किया। वह बालक और गुरुभारवाली मृगनयनी पत्नी वहाँ ( मृणालवती नगरीमें ) गयी जहाँ उसकी माँ रहती थी। शिविर छोड़कर वनके भीतर वह सर्पसरोवरके तटपर अपने पतिके साथ जब रह रही थी, तभी सुधियोंके लिए सैकड़ों सुख देनेवाली, पिताकी मृणालवती नगरीमें कनकश्री पत्नी और उसका पति सेठ सुकेतु था। उसका भवदेव पुत्र मानो कलिकृतान्त था। वह अत्यन्त उन्मत्त और दुर्मुख कहा जाता था। उसी नगरीमें एक और बनिया था।

घत्ता—अपने पिताके चरणोंका भक्त श्रीदत्त, उसकी गृहिणी विमलश्री थी। रतिकी नदी सुन्दर शुभ करनेवाली रतिवेगा नामकी उसकी कन्या थी ॥१३॥

१४

विमलश्रीका भाई शोकसे रहित एक और सेठ था अशोकदत्त। उसकी गृहिणी जिनदत्ता थी। उसका पुत्र सुकान्त था। सुन्दर और सौम्य वह सोमकी तरह सुकान्त था। तब ससुरके निवास और द्वारपर धरना देकर और बारह वर्षकी यह मर्यादा कर कि यदि मैं (इस बीच) नहीं आता हूँ तो तुम अपनी कन्या अन्य वरको दे देना। मैं निर्धन हूँ, हे ससुर, अभी कन्या ग्रहण नहीं करता। और जब वह वाणिज्यके लिए चला गया, तबतक बारह वर्ष पूरे हो गये और समयके साथ कन्याके स्तन भर गये। साध्वस और निबन्धसे मुक्त होकर उसने कन्याको पुकारा और सुकान्तके लिए दे दी। ( इतनेमें ) दुश्मन आ पहुँचा, निर्दय और तीखी तलवार लिये हुए। वह कहता है कि मैं वरको विदीर्ण करूँगा—मारूँगा। वृद्धसमूहने उसे बलपूर्वक रोका। वधूवर भी घरके पीछे दरवाजेसे भाग गये। तब गरजकर और कंचुकियोंको डाँटकर तथा दम्पतिकी चरण-परम्पराको देखकर—

घत्ता—अभग्न दुष्ट ईर्ष्यालु वह क्रुद्ध होकर पीछे लग गया। अपनी गृहिणीके साथ वह वनमें पहुँचा, जैसे हरिणीके साथ हरिण हो ॥१४॥

१५

दोहं वि पयरत्तइं पयलियाइं दोहं वि मुहकमलइं मउलियाइं ।
सें रिउणा कह व ण मारियाइं अंगइं तरुकंटयसीरियाइं ।
चिम्मक्किवि रयणिहि रीणयाइं दुमलग्गफट्टपरिहाणयाइं ।
पासेयधोयतणुमंडणाइं अवलोइयमयउलभंडणाइं ।
सूरगामि पत्तइं बे[3] वि तेत्थु आवासिउ वणसिरिणाहु जेत्थु ।
दुज्जणु अणुलग्गु जि दुक्कु केम चलपावइयहं कुसुमसरु जेम ।
दिट्ठउ दोहि वि तहिं सत्तिसेणु आमंथिउ कलभहिं णं करेणु ।
कहिं णासहं आयउ अज्जु मरणु लइ तुज्झु [5]पइट्ठइं बे वि सरणु ।
णिसुणिवि वइयरु करमंडलग्गु दक्खालिउ तेण किराडु भग्गु ।
गउ णाँसिवि सहसा मलियमाणु किं करइ तिमिरु जहिं फुरइ भाणु ।

घत्ता—णं उवेक्खिउ बहुयरु रक्खिउ किउ पडिवक्खहु दूसणु ॥
धणवरिसहुं जगि सप्पुरिसहं दीणुद्धरणु जि भूसणु ॥१५॥

१६

विसकरिखरकरहतुरंगवाहु [1]धरधीरु धणेसरु सत्थवाहु ।
धारिणिकंतामुहरायरत्तु ता तहिं जि समागउ मेरुदत्तु ।
संठिउ समीवि विरएवि ठाणु करिहरिखवहिरियसिहरिसाणु ।
कंतारमग्गि चारण पइट्ठ सरणागय पविपंजरेण दिट्ठ ।
बेण्णि वि ठाभणिय महाजसेण रिसिगयवर थिय विणयंकुसेण ।
मुणिवसहहं णवविहु लेवि पुण्णु जोग्गउ भोयणु भावेण दिण्णु ।
णहयलि तूरइं तियसहिं हयाइं अच्छरियइं पंच समुण्णयाइं ।

घत्ता—मणि होयहुं पुण्णु पलोयहुं पँसरियमुहससिरायउ ॥
तहु केरउ पणयजणेरउ मेरुदत्तु घरु आयउ ॥१६॥

१७

तहिं तेण तासु जोएवि दाणु धारिणियइ सहुं बद्धउ णियाणु ।
[1]आगामि जम्मि महु होउ पुत्तु एहउ दुत्थियकल्लाणमित्तु ।
महि रंगमाणु णं णिसि णिरिक्कु[2] ता तहिं पत्तउ पंगुलउ एक्कु ।
पुच्छिउ वणिणा णियमंतिवग्गु भणु एयहु किं गइपसरु भग्गु ।

---

१५. १. MB दो वि । २. B omits this line. । ३. B omits this foot. । ४. MB कलहहिं ।
५. MB पइट्ठा बे वि । ६. MB णिसुणेवि वइरु । ७. MB भज्जिवि । ८. MB णउ पेक्खिउ ।
१६. १. MB वरवीरु । २. MB add after this: रयणहिं सहु फुल्लइं वल्लियाइं, वयणाइं मणोज्जइं बोल्लियाइं । ३. MB पसरियमुहुं ।
१७. १. MB आगम्मि । २. B णिरक्कु ।

१५

दोनोंके पैरोंकी लालिमा प्रगलित हो गयी, दोनोंके मुखकमल मुकुलित हो गये। उस शत्रुके द्वारा वे किसी प्रकार मारे भर नहीं गये थे। उनके शरीर वृक्षोंके काँटोंसे विदीर्ण हो चुके थे। पसीनेसे शरीरका सब मण्डन धुल चुका था। दोनों पशुकुलकी भिड़न्त देख रहे थे। सूर्योदय होनेपर वे दोनों वहाँ पहुँचे जहाँ कि अटवीश्रीका स्वामी ठहरा हुआ था। पीछे लगा हुआ ही वह वहाँ इस प्रकार पहुँच गया जैसे कि चंचल प्राणियोंके पीछे कामदेव पहुँच जाता है। वहाँ उन दोनोंने शक्तिषेणकी शरण ली, मानो शिशुगजोंने महागजकी शरण ली हो। कहाँ हैं वे, भागनेवालोंके लिए मैं मरण आया हूँ; लो, वे दोनों तुम्हारी शरणमें चले गये। दुश्मनको सुनकर उस शक्तिषेणने अपनी तलवार दिखायी उससे किरात भग्न हो गया। और मलिनमान वह शीघ्र वहाँसे भाग गया। वहाँ अन्धकार क्या कर सकता है, जहाँ सूर्य चमक रहा है।

घत्ता—उसने उपेक्षा नहीं की, वरन् वरवधूकी रक्षा की और शत्रुपक्षको दोषी ठहराया। जगमें धनसे श्रेष्ठ ( धनवरिसहुँ ) सत्पुरुषोंका भूषण दोनोंका उद्धार करना ही है ॥१५॥

१६

इतनेमें वृषभ, गज, खच्चर, ऊँट और घोड़ोंके वाहनोंवाला, पर्वतकी तरह धीर धनेश्वर, अपनी पत्नी धारणीके मुखमें अनुरक्त सार्थवाह मेरुदत्त वहाँ आया। हाथियों और घोड़ोंके शब्दोंसे पर्वतशिखरको बहरा करता हुआ वह पास ही अपना डेरा डालकर ठहर गया। इतनेमें वनमार्गसे दो चारण मुनि वहाँ प्रविष्ट हुए। शरणमें आये हुए उन दोनोंको शक्तिषेणने देखा। उस महायशवालेने 'ठहरिए' कहा। विनयरूपी अंकुशसे वे दोनों महामुनिवर ठहर गये। पुण्य लेनेके लिए उसने मुनिश्रेष्ठोंके लिए योग्य नानाविध आहार भावपूर्वक दिया। देवोंने आकाशतलमें नगाड़े बजाये तथा पाँच आश्चर्य प्रकट किये।

घत्ता—मणियोंको लो, पुण्यको देखो, जिसका मुखरूपी पूर्णचन्द्र खिला हुआ है और जो तुम्हारे लिए प्रणय उत्पन्न करनेवाला है ऐसा मेरुदत्त घर आ गया है ॥१६॥

१७

वहाँ उस मेरुदत्तने उसका दान देखकर धारणीके साथ यह निदान बाँधा कि अगले जन्ममें दुःस्थित लोगोंका कल्याणमित्र यह मेरा पुत्र हो। तब वहाँ रात्रिमें चोरकी तरह धरतीपर चलता हुआ एक लँगड़ा आया। वणिक्ने अपने मन्त्रीवर्गसे पूछा—"बताओ कि इसका गतिप्रसार

सउणिं[3] जंपिउ अवसउण[4] जाय पयडु भवि तेण पणट्ठ पाय।
भेसइणा भासिउ सुहमहेहिं वरिद्दु एहु कूरग्गहेहिं।
धण्णंतरि जंपइ पयइदोसु सिंभें[5] जंडत्तु पित्तेण सोसु।
पवणें भज्जइ माणवहु गत्तु भूयत्थें मंतिं[6] पुणु पउत्तु।

घत्ता—सउणत्तइं गहणक्खत्तइं सहुं पयईहिं पउत्तइं ॥
चिब्भावहं सयलहं जीवहं होंति सकम्मायत्तइं ॥१७॥

१८

इय सेणिउं[1] सणिउं पभणेवि तेहिं पुणु पुच्छिउ गुरु मउलियकरेहिं।
किं सउणु किं व दुग्गहवियारु किं पयइदोसु किं कम्मचारु।
किं कारणु पंगुत्तहु मुणिंद ता भणइ सूरि सुणि[2] भो वणिंद।
बहिरंध कुट्ठि वाहिल्ल भिल्ल दालिद्दिय दूहव मूय लल्ल।
अवसिट्ठ दुट्ठ दुंपिट्ठु[3] कट्ठ दुंट्ठोट्ठु[4] वट्ठ दुहघट्ट वंठे[5]।
छिण्णोट्ठ कण्णणासाविहीण दुग्गंधदेह काणीण दीण।
णिल्लज्ज खुज्ज वामण कुसील पलखंड सोंड चंडाल कील।
जरचीवरधर फरुसुद्धकेस लोहाणलहय कंकालवेस।
जूयार णिसेवियणेयरटिंट[6] पावेण होंति णर कुंट मंट।
पंगुल परघररपिंडावलुद्ध[7] विवरीय होंति धम्में विसुद्ध।
णव देव देंति णउ ते हरंति देविंद वि पुण्णक्खइ मरंति।

घत्ता—रिसिपिसुणिउं भवियहिं णिसुणिउं णियमें चित्तु णियत्तिउं ॥
परदविणइ परवहुरमणइ लोयणजुयलु ण चित्तिउं[8] ॥१८॥

१९

ता तहिं ओलक्खिउ तरणितेउ भूयत्थें कोक्किउ सच्छेउ।
ए एहि पुत्त दे देहि खेउं किं वीसरियउं महु तणउ णाउं।
सुय तुह सुहयंगइं कोमलाइं लग्गंतइं धूलीधूसराइं।
होंताइं आसि महु सुहयराइं णिण्णोट्टियपियकंताकराइं।
सुय तुह मुहलालाबिंदुयाइं हउं सुयरवि[1] णियउरयलि चुयाइं।
सिक्खाविओ सि सिसुगइवयाइं सिद्धंणमाइं[2] अक्खरसयाइं।
वीसरियउ सुयं[3] तुहुं किं सताउ किं बहुएं महु वरु जाहुं आउ।
इय पत्थिओ वि सो मंदणेहु पडियागउ णउ णियजणणगेहु।
पिउणा तिसुंडपविराइएण तवचरणु लइउ णिव्वेइएण।

---

३. MB सउणें। ४. M अवसवण। ५. MB सिभें। ६. MB मंतें।
१८. १. M सणउं सणउं। २. MB भो सुणि। ३. M दुप्पिट्ठु। ४. M दुट्ठोट्ठु। ५. B वड्ढ। ६. MB °णयरटेंट। ७. MB परहर°। ८. M चित्तउं; B चिंतिउं।
१९. १. MB सुयरमि। २. MB सिद्धंतमाइं। ३. MB किं तुह सुय।

नष्ट क्यों हुआ ?" शकुनिने कहा—"इसे अपशकुन हुआ था इसलिए इस जन्ममें इसका पैर टूट गया !" मुहूर्तिने कहा—"सुलक्षण नाश करनेवाले क्रूरग्रहोंने इसे लँगड़ा किया है। धन्वतरि कहता है कि यह प्रकृति दोष है। कफसे जड़त्व होता और पित्तसे शुष्कता आती है, तथा वातसे शरीर नष्ट हो जाता है। तब भूतार्थ मन्त्रीने पुनः कहा—

घत्ता—प्रकृतियों ( वात-कफ और पित्त ) के साथ कहे गये शकुन तथा ग्रह-नक्षत्र आदि मनुष्यका चैतन्यस्वरूप समस्त जीवोंके अपने कर्मके अधीन होते हैं ॥१७॥

१८

इस प्रकार धीरे-धीरे बात कर, अपने हाथ जोड़ते हुए उन्होंने गुरुजीसे पूछा, "हे मुनीन्द्र, लँगड़ेपनका कारण क्या है, क्या शकुन कारण है ? या खोटे ग्रहोंका प्रभाव है, क्या प्रकृति-दोष है, या कर्मोंका आचरण है ?" तब मुनीन्द्र कहते हैं—"हे सेठ सुनो ! बहिरा, अन्धा, कोढ़ी, व्याधा, भील, दरिद्री, दुर्भग, गूँगा, अस्पष्ट आवाजवाला, अविशिष्ट, दुष्ट, दर्पिष्ठ, कठोर, दुष्ट ओठोंवाला, क्रोधी, दुःखोंसे धृष्ट, षंढ, छिन्न ओठोंवाला, कान और नाकसे रहित, दुर्गन्धित शरीरवाला कन्या-पुत्र, दीन, निर्लज्ज, कुबड़ा, वामन, कुशील, मांसभक्षी, दारु विक्रेता, चाण्डाल, कील, जीर्णवस्त्र धारण करनेवाला, कठोर और खड़े बालोंवाला, क्रोधकी आगसे आहत कंकाल रूपवाला, जुआड़ी, नगरकी वेश्याका सेवन करनेवाला, वामन और लुच्चा आदमी पापके कारण होते हैं। लँगड़े और दूसरेके घरके आहारके लालची और विपरीत होते हैं, धर्मसे पवित्र होते हैं। न तो देवता लोग कुछ देते हैं, और न वे अपहरण करते हैं, देवेन्द्र भी पुण्यका क्षय होनेपर मरते हैं।"

घत्ता—महामुनिके द्वारा प्रतिपादित बात भव्यजनोंने सुनी, उन्होंने अपना चित्त नियममें लगाया। दूसरेके धन और दूसरेकी स्त्रीपर उन्होंने अपनी आँख तक नहीं डाली ॥१८॥

१९

वहाँ सूर्यके समान तेजस्वी सत्यदेव दिखाई दिया, भूतार्थने उसे बुलाया और कहा—"हे पुत्र ! आओ, और मुझे आलिंगन दो। क्या तुम मेरा नाम भूल गये ? हे पुत्र, तुम्हारे कोमल सुभग पुत्र धूल-धूसरित होते हुए भी छूनेपर सुखद मालूम होते थे। हे पुत्र, प्रिय कान्ताके द्वारा पोंछी गयी तथा ऊपर वक्षपर गिरी हुई तुम्हारे मुखकी लारकी बूँदोंको अपने वक्षःस्थल पर गिरे हुए अनुभव कर रहा हूँ। हे वत्स, तुम्हें शिशुगति और वचन सिखाये गये थे। सिद्धोंको नमस्कार हो, ये वचन सिखाये गये थे। हे पुत्र, क्या तुम अपने पिताको भूल गये, बहुत कहनेसे क्या आओ अपने घर चलें।" मन्द स्नेह वह इस प्रकार प्रार्थना करनेपर भी अपने पिताके घर वापस नहीं आया। प्रशस्त मन-वचन और कायके व्यापारसे शोभित पिताने विरक्त होकर तपश्चरण ले लिया। उन्हीं आकाशचारी गुरुके पास दृढ़तर मोहपाशको काटकर, जिस प्रकार बृहस्पतिने ऋषित्व ग्रहण किया, उसी प्रकार शकुनी और धन्वन्तरिने भी।

छिंदेप्पिणु दढयरु मोहपासु तहु गुरुहि पासु णइयारणासु।
सुरगुरुणा गहिउ रिसित्तु जेम्व सेवणी धण्णंतरिणा वि तेम्व।
घत्ता—तं वहुवरु णवपंकयकरु सेट्ठिहि तेण समप्पिउ॥
महु सामिहि गयवरगामिहि गेहि थवेज्जसु जंपिउ॥१९॥

२०

गउ वणिवइ[1] सोहावरु तुरंतु पणवेप्पिणु पहुहि सकंतु कंतु।
सो तेण णिरोविउ[2] तासु जाम पत्तहि वि सत्तिसेणक्खु ताम।
माहइरि थवेप्पिणु णिययघरिणि णं विंझलयाहरि पवरकरिणि।
वंदिवि मुणालवइ जिणहराइं अवलोयवि ससुरय सिरिहराइं।
गुरुहार णारि पंसदलसरीर[3] सासुरयहु णउ सक्कइ सहार।
सासुरयहु णिग्गउ भद्दवरिट्ठु आवेप्पिणु सो[4]हापुरि पइट्ठु।
घरि दिट्ठु राउ इच्छियसिवेण वहुवरु मग्गिउ पसरियकिवेण।
णिउ णिययणिवासहु दिण्णे[5] धामु गोउलु माहिसु फलछेत्तु गामु।
आसणु भूसणु णिवसणु समग्गु तवु करिवि मंति गय कं पि सग्गु।
मउ मेरुयत्तु पीयडियसिरिहि तहिं देसि पुंडरिंकिणिपुरिहि।
पयपालणरिंदणिक्खित्तचित्तु [illegible]
घत्ता—तुहुं धारिणि मरिवि सुकारिणि जइ वि ण सम्माइट्ठिणि॥
अर्धे पालिवि दुक्किउ खालिवि हूइ धणवइसेट्ठिणि॥२०॥

२१

पुत्तेत्थिणि भवभावियणियाण सा एक्कतीसघरिणिहिं पहाण।
गब्भेसरि सयलकलापवीण धयरट्ठगमण सद्देण वीण।
भवदेवें पावें पसुवहेण तं वहुवरु दड्ढउ हुयवहेण।
घरि अट्टझाणें मरिवि तेत्थु जोयउ पुरसेट्ठिणिवासि एत्थु।
पारावयजुयलु मणोहिरामु गुंजारुणच्छु वण्णेण सामु।
तं घेप्पइ खुज्जयथावणेहिं तं संभासिज्जइ परियणेहिं।
णच्चइ हक्कारिउ सद्दु देइ पट्ठवियउ पुणु रंगंतु जाइ।
पुच्छिउ पहुणा कहिं पाव जंति धम्मेण जीव किर कहिं वसंति।
तं दावइ पंचुइ णरयमग्गु उद्धाइ ताइ सग्गापवग्गु।
तहिं पक्खिणि हूवं रइसेण णाम तुहुं रइवरु पक्खिल ससणेहकाम।
अच्छहुं कीलंतइं बे वि जाम सो सत्तिसेणु तहिं मरिवि ताम।

४. MB सहिउ। ५. MB सवणें।
२०. १. MB वणिवइ। २. MB णिरूविउ। ३. MB °पसढिल°। ४. M सोहाउरि; B साहाउरि।
५. MB दिण्णु धाउ। ६. MB गाउ। ७. MB मुउ। ८. MB पयडिय°। ९. MB वउ।
२१. १. MB पुत्तत्थि वि। २. MB पुरि सेट्ठि°। ३. MB संभासिज्जइ परियणजणेंहिं। ४. MB सिणेह°।
५. MB कीलंत बे वि।

घत्ता—उस शक्तिषेणने नवकमलके समान हाथोंवाला वह वधूवर सेठके लिए समर्पित कर दिया और कहा, गजवरगामी मेरे स्वामीके घरमें रख देना ॥१९॥

२०

सेठ तुरन्त शोभापुर गया और जबतक वह प्रभुको प्रणाम कर कान्ता सहित कान्तको सौंपे, तबतक यहाँ शक्तिषेण नामका सामन्त अपनी पत्नीको उसकी माताके घरमें रखनेके लिए, मानो विन्ध्यके लतागृहमें हथिनीको रखनेके लिए, मृणालवती नगरीके जिनमन्दिर देखने और ससुरालके श्रीघरको देखनेके लिए गया। परन्तु गुरुभार और शिथिल शरीरवाली पत्नी अटवी-श्रीको ससुराल भी सहारा नहीं दे सका। वह श्रेष्ठ योद्धा ससुरालसे भी चला आया। आकर शोभापुरमें प्रविष्ट हुआ। कल्याण चाहनेवाले तथा बढ़ रही है दया जिसमें ऐसे उसने राजासे भेंट की और वधूवरको माँगा। वह उन्हें अपने घर ले गया और अपना घर, गोकुल, भैंस, फल-क्षेत्र, ग्राम, आसन, भूषण और वस्त्र सब कुछ दे दिया। मन्त्री भी तप करके कहीं स्वर्ग चले गये। मेरुदत्त भी मर गया। तथा प्रकट है वैभव जिसका ऐसी उसी देशकी पुण्डरीकिणी नगरीमें कुबेर-मित्र नामका वणिक् हुआ, जिसका चित्त राजा-प्रजापालमें लगा रहता था।

घत्ता—फिर धारणी भी यद्यपि वह सम्यक्त्व धारण करनेवाली नहीं थी, पुण्यकारणसे व्रतोंका पालन कर, पापको नष्ट कर धनपतिकी सेठानी हुई ॥२०॥

२१

दूसरे जन्ममें निदान बाँधनेवाली तथा पुत्रकी इच्छा रखनेवाली वह इकतीस स्त्रियोंमें प्रधान थी। गर्वेश्वरी वह समस्त कलाओंमें निपुण, हंसकी तरह चलनेवाली, स्वरमें वीणाके समान थी। पशुवध करनेवाले उस दुष्ट नवदेवने उस वधूवरको आगमें जला दिया। घरमें आर्तध्यान कर वहीं मरकर वे इसी नगरके सेठके घरमें सुन्दर कबूतरके जोड़ेके रूपमें उत्पन्न हुए हैं, गुंजाके समान अरुण आँखोंवाले रंगसे श्याम। कुबड़े और बौनों द्वारा वह कबूतर-कबूतरी-का जोड़ा ग्रहण किया जाता और परिजनोंके द्वारा उससे सम्भाषण किया जाता। पुकारनेपर नाचता और शब्द करता। भेजा गया क्रीड़ापूर्वक जाता। राजा पूछता है—'पापी कहाँ जाते हैं और धर्मसे जीव कहाँ निवास करते हैं?' वह कबूतरका जोड़ा उसे चोंचसे नरक बताता है और उठी हुई उसी चोंचसे स्वर्ग-अपवर्ग बताता है। वहाँ मैं पक्षिणी रतिसेना नामकी थी और तुम स्नेहकी कामना रखनेवाले रतिवेग थे। जब हम लोग क्रीड़ा करते हुए रह रहे थे तभी वह शक्तिषेण ( सामन्त ) मरकर—

घत्ता—तें वणिणा वणिसिरिमणिणा धणवइयहि सुउ जायउ ॥
सोहग्गें जणमणलग्गें रूवें णं सुररायउ ॥२१॥

## २२

णं णियकुलहरकमलसिरिकंतु णामें सो भणिउ कुबेरकंतु ।
सुमरेप्पिणु धम्माणंदजोउ ते मंतिदेव तहु देंति भोउ ।
वत्थंगु तियसतरु भूसणंगु मइरंगु तुरिय वरभोयणंगु ।
पवहइ पुंडुच्छुरसप्पवाहु मज्जणइं पवरिसइ वारिवाहु ।
णिच्चं चिय पिच्चइ सालिछेत्तु अवरु वि सुइसुसिर सुइज्झिमेत्तु ।
सयमेव रणइ वीणा सवेणु घरि चिंतिउ दुज्झइ कामधेणु ।
इय दिव्वभोयभुंजणखणालु णवजोव्वणु पिउणा दिट्ठु बालु ।
पियसेणु तेण सहयरु पउत्तु किं बहुएं किं एक्कु जि कलत्तु ।
इच्छइ भणु तेरउ परममित्तु आहासइ सो णवणलिणणेत्तु ।
एक्कहिं दिणि गय उज्जाणमज्झि दिट्ठउ मुणि दोहिं वि लवलिगुज्झि ।
अंउ लइयउ णामें एक्कपत्ति को पावइ तुह सुय सीलसत्ति ।
घत्ता—तेत्थु जि पुरि कुलपंकियघरि वणि वइसमणसमाणउ ॥
धणवइयहि बंधवु एयहि सायरदत्तु कुलीणउ ॥२२॥

## २३

तहु केरी णं अमिएण सित्त गेहिणि णामेण कुबेरमित्त ।
तहि परजम्मंतरि बद्धपणय हुई वणलच्छि मरिवि तणय ।
णं सुरयसोक्खमाणिक्कखाणि कलहंसगमण कलयंठिवाणि ।
णीलालिवलयसंकासकेस णं कामभल्लि पच्छण्णवेस ।
णामें पियदत्त पसण्णदिट्ठि गुणणय णं वम्महचावलट्ठि ।
अण्णहिं दिणि कित्तिमकुसुममाल कय ताइ णाइं मयणसत्थसाल ।
गय लेप्पिणु ससुरयघरु वयंसि पियकारिणि गइजियरायहंसि ।
तं पेच्छिवि विंभिउ वरभतणउ एउं विण्णाणु ण मुणइ मणुउ ।
तं वयणु सुणिवि सच्छइ सईइ णियसुयहु पसंसिय धणवईइ ।
घत्ता—पियवसइ सुइसुहसेसइ मयणजलणु संधुक्किउ ॥
मणु लेंतें तेणे जलंतें झत्ति कुमारु झलुंकिउ ॥२३॥

---

६. M तं । ७. MB °सिरिमणिणा ।

२२. १. MB वेंतु । २. MB तुरीयउ भोयणंगु । ३. MB दोहि वि मुणि । ४. MB वउ । ५. MBK वइसवण° ।

२३. १. MB जम्मंतरबद्ध° । २. MB कलहंसिगमण । ३. MB गुणणयणई । ४. MB मयणत्थमाल; K मयणपरपसाल and gloss अस्त्र; G in gloss मदनशस्त्रशाला । ५. MB °तणुउ । ६. MB एयहं । ७. MB पियदत्तइ । ८. MB संधुक्कियउ । ९. MB जेण । १०. MBT झुलुक्कियउ ।

घत्ता—वणिक् श्रीके मान्य उस वणिक्से धनवतीका पुत्र हुआ। जो सौभाग्य और जनमनको अच्छे लगनेवाले रूपसे मानो सुरराज था ॥२१॥

२२

मानो वह अपनी कुलगृहरूपी कमलश्रीका प्रिय था। नामसे उसे कुबेरकान्त कहा गया। धर्मानन्द योगकी याद कर वे मन्त्रीरूपी देव उसको भोग प्रदान करते हैं। वस्त्रांग, भूषणांग, मद्यरांग, चौथा भोजनांग ( कल्पवृक्षोंके द्वारा ) पुण्ड्र और इक्षुरसका प्रवाह वहाँ नित्य प्रवाहित होता है, स्नानके लिए वारिका प्रवाह बरसता है। नित्य ही उत्तम धान्यके खेत पकते रहते हैं। नित्य ही सुखद लगनेवाली बाँसुरी सहित वीणा स्वयं बजती रहती है। घरमें चिन्ता करते ही कामधेनु दुह ली जाती है। इस प्रकार दिव्यभोगोंके भोगनेमें क्षण बितानेवाले अपने पुत्रको पिताने नवयौवनमें देखा। उसने उसके प्रिय सहचर प्रियसेनसे पूछा, 'क्या बहुत-सी वधुएँ चाहिए, या एक ही कलत्र चाहता है, तुम्हारा परममित्र बताओ।' नवनलिन नेत्रवाला वह कहता है कि एक दिन हम लोग उद्यानमें गये हुए थे और वहाँपर, दोनोंने चन्दनलता कुंजमें एक मुनिको देखा। वहाँ उसने एकपत्नी नामका व्रत लिया है। तुम्हारे पुत्रकी शीलवृत्तिको कौन पा सकता है।

घत्ता—चूनेसे पुते घरोंवाली उसी नगरीमें कुबेरके समान इसी धनपतिका बन्धु सागरदत्त नामक कुलीन सेठ था ॥२२॥

२३

उसकी अमृतसे सींची गयी कुबेरमित्रा नामकी गृहिणी थी। दूसरे जन्ममें प्रणय बाँधनेवाली अटवीश्री मरकर उसकी पुत्री हुई। मानो वह सुरति सुखरूपी मणियोंकी खदान हो, मानो कलहंसके समान गतिवाली और कलकंठ ( कोयल ) के समान स्वरवाली हो। नीली भ्रमरपंक्तिके समान केशवाली वह मानो प्रच्छन्न रूपमें कामभल्ली हो। प्रियदत्ता नामकी प्रसन्नदृष्टि और गुणोंसे नत वह ऐसी लगती है, मानो कामदेवकी धनुषयष्टि हो। दूसरे दिन उसने एक कृत्रिम कुसुममाला बनायी जो मानो कामदेवकी शस्त्रशाला थी। अपनी गतिसे राजहंसको जीतनेवाली प्रियकारिणी सखी उसे लेकर ससुरके घर गयी। उसे देखकर वणिक् पुत्र विस्मयमें पड़ गया कि मनुष्य इस विज्ञानको नहीं जान सकता। यह सुनकर स्वच्छ सती धनवतीके द्वारा अपनी बहूकी प्रशंसा की गयी।

घत्ता—कानोंको सुख देनेवाली प्रियवार्तासे कामकी आग धधक उठी। उसका मन लेते हुए, जलती हुई आगने कुमारको सन्तप्त कर दिया ॥२३॥

२४

जाणिवि तणयहु कण्णाहिलासु वणिणा पारद्धु विवाहु तासु ।
णंदणवणि पट्टण जणमणोज्ज णिव्वत्तिवि णियकुलजक्खपुज्ज ।
भायणइं दुतीस समीरियाइं णिरु चोक्खभक्खपडिऊरियाइं ।
तहिं एक्कु पंचमाणिक्कवंतु जा गेण्हइ तहि सो होइ कंतु ।
वणिउत्तियाउ संप्राइयाउ बत्तीस जि पियदत्ताइयाउ ।
सव्वहं वणिणाहें भूसणाइं दिण्णाइं विलेवणणिवसणाइं ।
गेण्हह पभणिवि परिभावियाइं चरुभरियइं थालइं दावियाइं ।
ता कणयवत्त बहुभोज्जु थइउ एक्केक्केइ एक्केक्कउ जि लइउ ।
संरयणु पियदत्तहि णाहि विलग्गु को लंघइ किर भवियव्वमग्गु ।
पयपालसुयाहिं सुहालियाहिं गुणवइजसवइणामालियाहिं ।
आलद्धउ णेउ तहिं चरुयवत्तु हियवउ संसारहु खणि विरत्तु ।
घत्ता—सुगिरोलइ गिरिकुहरालइ वेरें पइसिवि तेवुं किज्जइ ॥
णउ दाणहु सुहिसंमाणहु कारणि हलि कलहिज्जइ ॥२४॥

२५

रायहरणियडि जिणवरणिवासि अमियमइअणंतमईहि पासि ।
तवु लइयउ ताहिं सीमंतिणीहिं एत्तहि वि पवहमंगलझुणीहिं ।
वणितणयहु सुयणुच्छाहराहु पियदत्तइ सहुं विरइउ विवाहु ।
वयवालु मरेप्पिणु लोयवालु पयपालहु सुउ हूयउ गुणालु ।
देवसिरिवेवि मल्हणगईहि वसुमइ सुय हूई धणवईहि ।
गयजम्मघरिणि सा दिण्ण तासु पुणु लग्गउ दोहि मि पेम्मपासु ।
संताणि थवेप्पिणु सो जि पुत्तु णरणाहें लइयउ मुणिचरित्तु ।
देवीउ कणयमालाइयाउ पव्वज्ज लएप्पिणु संठियाउ ।
जे परियण ते पव्वइय सव्व कोमलमइ थिय घरि घरि सगव्व ।
एक्कु जि वुड्ढउ स कुबेरमित्तु सो भावइ तरुणहं णाइं सत्तु ।
घत्ता—चवलैमइं भासिउ कुमइं हसहुं ण खेलेहुं लब्भइ ॥
अपसत्थउ भेलावत्थउ माणुसु एम जि खुब्भइ ॥२५॥

---

२४. १. B समारियाइं । २. MB परिपूरियाइं । ३. MB संपाइयाउ । ४. B गेहं पभणिवि । ५. K पभात्रियाइं । ६. MB एक्केक्कउ एक्केक्कहि । ७. MB पियदत्तहि । ८. MB भवियव्वु मग्गु । ९. MB ण वि । १०. MB मिग° । ११. MB वणि । १२. MB तउ ।

२५. १. MB रायहरे णियडे° । २. MB तउ लइउ तेहि । ३. MB पियदत्तइ । ४. MB णयवालु । ५. MB सिसु । ६. MB णियघरि । ७. MB चवलमइहि । ८. MB कुमइहि । ९. MB खेल्लहुं । १०. MBT हेलावत्थउ ।

२४

पुत्रकी कन्यामें अभिलाषा जानकर वणिक्‌ने उसका विवाह प्रारम्भ किया। नन्दनवनमें जनसुन्दर नगर और अपने कुलयक्षकी पूजा कर, उसने सुन्दर खाद्योंसे भरे हुए बत्तीस पात्र फैला दिये। उनमें एकमें पाँच माणिक्य रखे हुए थे, जो उसे ले ले वह उसका पति होगा। प्रियदत्ता आदि बत्तीस ही पुत्रियाँ वहाँ आयीं। सेठने सभीके लिए आभूषण, विलेपन और वस्त्रादि दिये और यह कहकर कि अपनी पसन्दके घड़े ले लो, उसने भक्ष्य पदार्थोंसे भरे घड़े बता दिये। तब बहुभोज्यसे भरा एक-एक स्वर्ण पात्र एक-एकने ले लिया। रत्नोंसे भरा घड़ा प्रियदत्ताके हाथ लगा, भवितव्यका मार्ग कौन लाँघ सकता है? गुणवती, यशोवती, नामावली, शुभसखी प्रजापाल-की पुत्रियोंने वह भक्ष्यपदार्थोंसे भरा स्वर्णपात्र नहीं लिया। एक क्षणमें उनका मन संसारसे विरक्त हो गया।

घत्ता—( वे कहने लगीं ) अच्छा है पशुओंसे मुखर पर्वतरूपी घरमें प्रवेश कर तप किया जाये। सुधिसम्मान और दानके लिए, हे सखी कलह नहीं करनी चाहिए ॥२४॥

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

२५

राजभवनके निकट स्थित जिनमन्दिरमें अमृतवती और अनन्तमती आर्यिकाओंके पास उन कन्याओंने नगाड़ोंकी मंगल-ध्वनियोंके साथ तप ग्रहण कर लिया। सुधीजनोंका उत्साह बढ़ानेवाले उस वणिक्‌पुत्रका प्रियदत्ताके साथ विवाह कर दिया गया। व्रतोंका पालन करनेवाला लोकपाल मरकर प्रजापालका गुणवान् पुत्र हुआ। देवश्री देवी मदमाती चालसे चलनेवाली धनवतीकी वसुमती नामकी पुत्री हुई। पिछले जन्मकी पत्नी वह ( वसुमती ) उसको ( प्रजापाल-के पुत्रको ) दे दी गयी। फिर दोनों प्रेमपाशमें बँध गये। पुत्रको अपनी कुल-परम्परामें स्थापित कर राजाने ( प्रजापालने ) भी मुनिव्रत ले लिये। कनकमाला आदि देवियाँ भी संन्यास लेकर स्थित हो गयीं। और भी जो परिजन थे वे भी प्रव्रजित हो गये। जो कोमलमतिके लोग थे वे सब सगर्व घरमें रह गये। कुबेरमित्र नामका एक बूढ़ा मन्त्री ही ऐसा था, जो तरुणोंके लिए शत्रुके समान था।

घत्ता—कुमति चपलमति ( तरुण ) कहता है कि न हम हँस पाते हैं और न खेल पाते हैं। वृद्धावस्थाको प्राप्त यह अप्रशस्त मनुष्य क्षुब्ध होता है ॥२५॥

२६

जो णिव तुह ताएं णिहिउ मंति तहु दंसणेण अम्हहुं ण संति।
किं विहडियकरण णियंति कज्जु हो थेरहं कम्मु ण किं पि दिज्जु।
मावउ अम्हहं भिउडंतु दिट्ठि अच्छउ णियमंदिरि ताम सेट्ठि।
राउ वि कुमारु मंति वि कुमार दीणं वि होंति जोव्वणि वियार।
सुहिदिट्ठपरंपरु बहु सुयड्ढु वारिउ पहुणा घरु एंतु बुड्ढु।
अविविक्कबुद्धि कीलणसहाव सिसुमंतिहिं सहुं रायाहिराउ।
अण्णहिं दिणि णंदणवणि पइट्ठु अरुणच्छवि वाविजलोहु दिट्ठु।
पुच्छिउ विहसिवि चवलमइ तेण इह लोहिउ जलु किं कारणेण।
तुहसिट्ठविसिट्ठगईसुपण्ण पडिजंपिउं चिचलमईसुएण।
वावीयलि अच्छइ मणि णिहित्तु तहु छायइ दीसइ सलिलु रत्तु।
ता तेहिं मिलिवि असंसएहिं पाणिउं बहि घल्लिउं घडसएहिं।
चिक्खल्लतल्लोल्लणविलोल थिय सयल णाइं कयकील कोल।
माणिक्कु ण दिट्ठउ तेहिं केम बहुमोहंधहिं जिणवयणु जेम।
अण्णाणकिलेसें णत्थि सिद्धि गय घरहु परिक्खिवय मंतिबुद्धि।
घत्ता—गरुंगावइ सपणयकोवइ पयहिं पडंतु वि कयरइ॥
वसुमइयइ रयणिहि दइयइ चरणें सिरि हउ णरवइ॥२६॥

२७

मंडलियमउडरुइरइयराइ अत्थाणि णिसण्णें सुप्पहाइ।
जो मइ सिरु पहणइ णियपएण तहु किं वुत्तउं णरवइणएण।
ते तरुणमंति पुच्छिय णिवेण तेहिं वि पवुत्तु सफरुसरवेण।
तुह जेणं दिण्णु सिरि चरणघाउ खंडिज्जइ णिव तहु तणउ पाउ।
तं वयणु सुणेप्पिणु विमलवंसु संठिउ हेट्ठामुहु रायहंसु।
महु सिरचूडामणि मयणसरणु खंडिज्जइ किह सुंदरिहि चरणु।
अविवेय महंतउ जासु गेहि दुक्करु सिरि णिवसइ तासु देहिं।
संसिद्धसमग्गतिवग्गलिंगु भल्लारउ मुवणि वियड्ढसंगु।
इय चिंतिवि णियकुलकमलमित्तु कोक्काविउ तेण कुबेरमित्तु।
आउच्छिउ तं धीराउणत्तु अवरु वि जं सीसि पयग्गु घित्तु।
तं णिसुणिवि मामें वुत्तु एम पाणियरत्तत्तणु णिसुणि देव।
घत्ता—रसगिद्धें धंत्तिउ गिद्धें तीररुक्खि मणि अच्छइ॥
तहु छायइ पसरियरायइ जणु वणु लोहिउ पेच्छइ॥२७॥

२६. १. MB दंसणि अम्हइं णाहि संति। २. MB भिउडंत। ३. MBK दीणहु। ४. MB कि। ५. MB वावीजलि। ६. B असेसएहिं। ७. MB चिक्खिल्लें। ८. MB कयलील। ९. MB गुरुं।
२७. १. MB omits this line। २. MB फरुसें मणेण। ३. MB दिण्णु जेण। ४. B गेहि। ५. MB अवरु वि सीसें पयलग्गु घित्तु। ६. MB घित्तउ।

२६

हे राजन् ( लोकपाल ), तुम्हारे पिताने जो मन्त्री रखा है, उसको देखनेसे हमें शान्ति नहीं मिलती। विगलित इन्द्रियोंवाला वह क्या काम देखेगा ? अरे, वृद्धोंको कुछ भी काम नहीं देना चाहिए। वह हम लोगोंकी भृकुटियोंके बीच दृष्टिपथमें न आये। वह सेठ तबतक अपने घरमें रहे। राजा भी कुमार था और मन्त्री भी कुमार था। दीन भी व्यक्ति यौवनमें विकारशील होता है। तब राजाने पण्डितोंकी परम्पराको देखनेवाले वृद्ध मन्त्रीको घर आनेसे मना कर दिया। अपरिपक्व बुद्धि और क्रीड़ा करनेके स्वभाववाला वह राजाधिराज शिशुमन्त्रियोंके साथ दूसरे दिन नन्दनवनमें प्रविष्ट हुआ। वहाँ उसने लाल कान्तिवाला बावड़ी-जल देखा। राजाने हँसकर चपलमतिसे पूछा कि यह पानी किस कारणसे लाल है ? पण्डितोंके द्वारा कही गयी विशिष्ट बुद्धिसे रहित विपुलमतिके पुत्र चपलमतिने प्रत्युत्तर दिया कि बावड़ीके तलमें मणि रखा हुआ है, उसकी कान्तिसे जल लाल दिखाई देता है। तब संशय रहित उन लोगोंने सैकड़ों घड़ोंसे बावड़ीका जल बाहर फेंक दिया। समूची बावड़ी ऐसी दिखाई देने लगी मानो कीचड़के तलभागमें लोटनेसे चंचल, क्रीड़ा करता हुआ सुअर स्थित हो। परन्तु उन्हें माणिक्य उसी प्रकार दिखाई नहीं दिया, जिस प्रकार अत्यधिक मोहसे अन्धे लोगोंको जिनवरके वचन दिखाई नहीं देते। अज्ञान पूर्वक क्लेशसे सिद्धि नहीं होती। वे घर गये। वहाँ मन्त्रीकी बुद्धिकी फिर परीक्षा की।

घत्ता—अत्यन्त गर्वीली प्रणयपूर्वक कोपवाली पत्नी वसुमतिने रात्रिमें पैरोंपर पड़ते हुए प्रेम करनेवाले राजाको सिरमें पैरसे आहत कर दिया ॥२६॥

२७

मण्डलित मुकुटोंकी कान्तिके समान शोभित, प्रभातमें आसन पर बैठे हुए, राजासे उन तरुण मन्त्रियोंने भी कठोर शब्दोंमें कहा कि जिसने तुम्हारे सिरपर लातसे प्रहार किया है, हे राजन्, उसके पैरको काट दिया जाये। यह वचन सुनकर विमलवंशका वह राजहंस अपना मुँह नीचा करके रह गया कि मेरे सिरकी चूड़ामणि, कामदेवकी शरण सुन्दरीका चरण कैसे खण्डित किया जाये ? जिसके घरमें महान् अविवेक रहता है, उसके घरमें लक्ष्मी बड़ी कठिनाईसे निवास करती है। अतः जिसे समग्र त्रिवर्गकी पहचान सिद्ध है, ऐसा वृद्ध संग ही जगमें अच्छा है। यह विचारकर, अपने कुलरूपी कमलके लिए सूर्यके समान कुबेरमित्रको उसने बुलवाया और पूछा, पानीका वह लाल होना और जो सिरमें पादाग्रसे आहत किया गया था। यह सुनकर आदरणीय कुबेरमित्रने कहा—हे देव, पानीका लाल होना सुनिए—

घत्ता—रसके लालची गृद्धके द्वारा छोड़ा गया मणि तटके वृक्षपर स्थित है। उसकी कान्ति फैलनेपर लोग जलको लाल देखते हैं ॥२७॥

२८

गुरुणारीडिंभयचरणु पढुहि सिरिलग्गइ अण्ण ण सवलविद्धुहि ।
तुह पुणु जाणवि रोसंकियाइ सिरि चप्पिउ होही पउ पियाइ ।
तं पुज्जिज्जइ वरणेउरेण ता संथुउ सेट्ठि महीसरेण ।
धणवइइ पइहिं फुल्लोलिणीलि दिट्ठउ पलियंकुरु कण्णमूलि ।
साइंतु व जिणधम्मोवएसु जरदासिइ दूसिउ दइयकेसु ।
तं पेक्खिवि भव्वु कुबेरमित्तु अवरु वि पव्वइउ समुद्ददत्तु ।
सुरमहिहर गंपि सुधम्मजइहि हुया सुसीसें सुविसुद्धमइहि ।
आया मरेवि मेहारहासि लोयंतियँ सुर बंभंतवासि ।
विउलमैइ णाम चारणमुणिंदु पियदत्तइ भुंजाविउ अणिंदु ।
सिसु चिंतिवि पुच्छिउ तसुं दुगेज्झु कइयहुं होसइ मुणिणाह मज्झु ।
दाहिणपंचंगुलियउ करग्गि वामइ कणिट्ठ दाविवि णहग्गि ।
गउ मुणिवरु कालें पंच पुत्त लद्धयं कुबेरदइएण जुत्त ।
जो सव्वेच लहुँ सो ज्जि एत्थ संभूय पुणु वि पिउ बद्धणेहु ।

घत्ता—कइ णिरइइ तोसियभरहइ जयहु सुलोयण भासइ ॥
सोहंती पहई फुरंती कुंदपुप्फदंती सइ ॥२८॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणु-
मण्णिए महाकव्वे जयमहारायसुलोयणाभवसंभरणं णाम एक्कूणतीसमो
परिच्छेओ समत्तो ॥२९॥

संधि ॥२९॥

२८. १. B पुज्जज्जइ । २. MB सुसीसु विसुद्ध° । ३. MB हिमहारहासि । ४. MB लोयंतिय ते ।
५. MB विमलमइ । ६. MB तउ । ७. MB सुउ । ८. MB पहुय ।

२८

अपने कुलके चन्द्र राजाके सिरपर गुरु, बालक और स्त्रीका पैर लगता है अन्यका नहीं। और तुम यह जानकर कि क्रोधसे भरी हुई प्रियाके द्वारा तुम्हारे सिरपर लात मारा गया होगा, उसे तुम्हें श्रेष्ठ नूपुरसे पूजना चाहिए। यह सुनकर राजाने सेठकी प्रशंसा की। धनवतीने केश-राशिसे नीले कर्णमूलमें सफेद बाल देखा, मानो जिनधर्मका उपदेश कहते हुएके समान वृद्धारूपी दासीने पतिके बालको दूषित कर दिया था। यह देखकर भव्य कुबेरमित्र और दूसरा समुद्रदत्त भी प्रव्रजित हो गया और सुमेरुपर्वत पर सुविशुद्ध मतिवाले सुधर्म मुनिके पास जाकर उनके अच्छे शिष्य बन गये। मरकर वे ब्रह्म स्वर्गमें बुद्धिसे महान् लौकान्तिक देव हुए। प्रियदत्ताने विपुलमति नामक अन्तिम चारण मुनीन्द्रको आहार कराया और बच्चेका विचारकर उसने पूछा—हे मुनि-नाथ, मुझे दुर्ग्राह्य तप कब प्राप्त होगा? तब हाथके अग्रभागकी पाँच दायीं अँगुलियाँ और बायें हाथकी कनिष्ठा बताकर वह आकाशमार्गसे चल दिये। तब सबसे छोटे कुबेर दयित सहित उसे समयके साथ पाँच पुत्र हुए। वह सत्यदेव भी मरकर यही यह हुआ है, बद्धनेह और प्रिय।

घत्ता—निष्पाप भरतको सन्तुष्ट करनेवाले जयसे सुलोचना कथा कहती है। प्रभासे विस्फुरित वह कुन्दपुष्पोंके समान दाँतोंवाली वह शोभित है ॥२८॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुण-अलंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित और महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका जय महाराज सुलोचना-भव-स्मरण नामका उनतीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥२९॥

# संधि ३०

अमियमइअणंतमईसईहिं सीलगुणेहिं पसाहिउ ॥
जिणवइगुणवइवरजसवइहिं बंधुवग्गु संबोहिउ ॥ ध्रुवकं ॥

१

लोयवालु सा वसुमइ राणी | पउरंदरियहि तुंयहिं समाणी ।
बारहविहदिक्खोइ समग्गइं | बिण्णि वि सावयवइ दिढु लग्गइं ।
खंतिहिं कहियउँ धम्मु णिरंतरु | अरुहमग्गि लग्गउ अंतेउरु ।
णिसुव्वयमंगलणिग्घोसहु | ताम कुबेरकंतवणिवासहु ।
चरियागएं णियघराएं [illegible] आयउं ।
पियदंसावरइत्तें णविय | हुहु जि तेण पंगणि पउ थवियउ ।
प्रत्यक्ष बिना किसी बाधाके उसे देखो-देखो। "तब एक नगरसे दूसरे नगरमें नाचती हुई और नीरसरूपी जलसे लोगोंको सींचती हुई, इस कन्याको लाया हूँ—जो मानो वन-देवताकी तरह है। इस समय इस नगरमें आया हूँ। तुम्हें मैंने देख लिया है, तुम इस कन्याके वर हो गये। और जो उस मुग्धाकी सुन्दर आँखोंवाली सहेली नृत्य करती है वह दूसरी नटराजकी पुत्री है। तब उस युवेशने उन लोगोंके लिए वस्त्र, आभरण और प्रशस्त घर दिये। इसी बीचमें सुधीजनों-

तहु वयणें चल्लिय विण्णि वि जण अग्गइ अणुसरंति[3] जा सज्जण ।
ताम णियच्छिउ तेहिं अरूढउ णरवरु चंचलतुरयारूढउ ।
आसु पमग्गिउ सो सिरिपालें दिण्णउं धणु लेप्पिणु हयवालें[4] ।

घत्ता—सो तहिं कयपरिणामें णडिउ सहसा कुमारु हयवरि चडिउ ॥
आसयणु जि सेण्णमज्झि चलिउ हरि दूरु गंपि दूरुल्ललिउ ॥४॥

५

बाहपवाहजलोल्लियणयणहं हाहारउ मेल्लंतहं सयणहं ।
तुरिउ तुरंगु अदंसणु आयउ[1] महिवइ मंडवसमीउ समायउ ।
इट्ठविओयसोयतवियंगउ णं पक्खुक्खिउ पडिउ विहंगउ ।
जणणि वि सोउ करंति णिवारिय मंतिहिं कह व कह व सा धारिय ।
गयइं तेत्थु जहिं जियवम्मीसरु केवलणाणधारि जोईसरु ।
वंदिउ वंदारयसयवंदिउ भत्तिइ भव्वलोउ आणंदिउ ।
भणिउं कुबेरसिरीइ दुरासें पुत्तु महारउ णिउ मायासें ।
तहु भयवंत समागमु कइयहुं पभणइ[2] जिणु सत्तमु दिणु अइयहुं ।
तइयहुं आयउ पेक्खहिं बालउ ता पणवेप्पिणु मुणि गुणवालउ ।
सुरगिरितलि संठियइं सुरत्तइं सिविरु मुएप्पिणु[3] मायापुत्तइं ।

घत्ता—वेयड्ढमहामहिहरणियडि काणणि कुसुमियतरुवरि वियडि ॥
रिउणा तुरयत्तणु परिहरिय भीयरु रयणीयररूवु[4] धरिउ ॥५॥

---

३. MB अणुसरंत । ४. MB धणवालें ।

५. १. MB add after this the following lines :—

पेक्खेवि णंदणु सोयक्कंतउ समलु वि परियणु हिंदउ भमंतउ ।
अवलोकंतु भमइ महि संतउ (B omits it)
हाहाकारु करंतउ देविए पुच्छिय मंति जगत्तयसेविए ।
कहहु एहु किं मुच्छिउ णंदणु जो अमचंदु (B जगचंदु) जेम वरचंदणु ।
केण वि कहिय पत्त परमेसरि हरिवरेण हिउ णरवरकेसरि ।
तं णिसुणेवि वच्छ पभणंती महियले णिवडिय देवि रुवंती ।
अंगु समोडइ दुक्खें राणी (B रोणी) सप्पि व दंडाहय विहाणी ।
हा हा पुत्त मज्झु विच्छोइउ केण दुरासें हयवरु ढोइउ ।
किं अवहरियइं रण्णि चरंतइं पक्खिणिहरिणिवराहिहि पुत्तइं ।
हा किं पावें हिउ मह्यु णंदणु तिहुअणजणमणणयणाणंदणु ।
हा विहि दइव केण हरि ढोइउ कें मह्यु पुत्तजुयलु विच्छोइउ ।
पुहइणाहु गुणमणिरयणायरु हा कहं मुक्कु (B कमु मुक्क) वसंतउ मायरु ।
जेण अणंगहु हय बाणावलि सो पइं पुत्त ण वंदिउ केवलि ।
कसु धाहावमि को आसंघमि हा हा दइव कवण दिसि लंघमि ।

२. MB भावइ । ३. MB मुएविणु । ४. MB रयणियरत्तउ ।

को सुख देनेवाला माताके द्वारा हकारा आया। उसके कहने पर वे दोनों ही चल दिये और जो सज्जन थे वे उनका अनुसरण करने लगे। इतनेमें उन्होंने चंचल घोड़ेपर बैठे हुए एक अप्रसिद्ध आदमीको देखा, श्रीपालने उस घोड़ेको माँगा, अश्वपालने उसे धन लेकर दे दिया।

घत्ता—वहाँपर वह कुमार अपने किये हुए कर्मके परिणामसे प्रवंचित हुआ। जैसे ही कुमार घोड़ेपर चढ़ा, सेनाके बीचमेंसे जाता हुआ वह 'अश्व' दूर जाकर एकदम ओझल हो गया ॥४॥

५

आँसुओंके प्रवाह जलसे गीली आँखोंवाले, स्वजनोंके हाहाकार करते हुए भी वह घोड़ा शीघ्र अदृश्य हो गया। राजा वसुपाल माताके समीप आया, इष्ट-वियोगके शोकसे सन्तप्त शरीरवाला वह इस प्रकार गिर पड़ा, मानो पंखोंसे रहित पक्षी गिर पड़ा हो। शोक करती हुई माताको मन्त्रियोंने किसी प्रकार मना किया और उसे सान्त्वना दी। वे लोग वहाँ पहुँचे जहाँ कामदेवको जीतनेवाले केवलज्ञानधारी योगीश्वर थे। देवोंके द्वारा सैकड़ों बार वन्दनीय उनकी वन्दना की। भक्तिसे भव्यजन आनन्दित हो उठे। कुबेरश्रीने कहा कि—खोटी आशासे मायावी घोड़ा मेरे पुत्रको ले गया है। हे ज्ञानवान्! उसका समागम कब होगा। तब जिनवरने कहा कि सातवें दिन आये हुए बालकको तुम देखोगी। तब मुनि गुणपालको प्रणाम करके माँ और पुत्र उस शिविरको छोड़कर सुमेरुपर्वतके तलभागमें स्थित हो गये।

घत्ता—विजयार्ध नामक विशाल पर्वतके निकट खिले हुए वृक्षोंवाले जंगलमें शत्रुने अपना अश्वपन छोड़ दिया और भयंकर राक्षसका रूप धारण कर लिया ॥५॥

६

उरयलविलुलियविसहररहारो कडियलवलइयघोणसघोरो ।
पंडुरपविरलदीहरदसणो वग्घचम्मवरविरइय[1]वसणो ।
मंदरकंदरसंणिहतोंडो[2] मणुयवसाचच्चिक्कियगंडो ।
सिसुससहरसमदाढाभीसो जलियजलणजालाणिहकेसो ।
णवघणसामलकुवलयकालो खयरो होऊणं वेयालो ।
भासइ हित्ता घरिणि महारी पई गयजम्मि[3] सुचंपयगोरी ।
कुद्धो तुज्झु दुरंतकयंतो[4] जोसि[5] इदाणी कह जीयंतो ।
भरइ[6] कुबेरसिरीए पुत्तो अहमिह णियकम्मेण णिहित्तो ।
एण्हिं भवजलसायरसरणं जिणवरकमकमलं मह सरणं ।
मामणिओ[7] तुरएण कुमारो इय जणवत्ताबुज्झियचारो ।
ता विहंगजाणियसुहिदुक्खो[8] पत्तो तहिं जयपालो[9] जक्खो ।
घत्ता—रणभेरी[10]धुरधारियकंधरहो चंडासिदंडमंडियकरहो ॥
जुवरायहु कारणि दुद्धरहो अब्भिट्टु जक्खु रयणीयरहो ॥६॥

७

भणइ जक्खु खल रोसपरव्वस[1] जाहि जाहि विज्जाहररक्खस ।
मा णिवडहि जलंति कालाणलि वइवसवयणविवरि जगधंधलि ।
मा ओहट्टउ आउ तुहारउ मा तासहि कुमारु महु केरउ ।
अमरिसरसवसु कहिं मि ण माइउ एम भणंतु महंतु महाइउ ।
सो रक्खें खग्गेण दुहाइउ वणसुरवरु बिहिं रूविहिं धाइउ ।
हय बिण्णि वि चत्तारि समुग्गय गलगज्जंत विरुद्ध णं दिग्गय ।
पहय चयारि अट्ठ पडिओया[2] अट्ठ वि हय सोलह संजाया ।
हय सोलह बत्तीस भयंकर बत्तीसहं चउसट्ठि मउद्धुर ।
चउसट्ठिहिं वेउव्विउ रूवउ अट्ठावीसउं[3] सउ संभूयउ ।
तं पि दुवड्ढिउ[4] ववगयसंखहिं जलु थलु णहयलु पिहियउ जक्खहिं ।
घत्ता—रयणियरहु सुयवलु णउ कलिउं देवहु हियउल्लउं संचलिउं ॥
किं होही कम्मु णियंतियउं[5] भवियव्वु कुमारहु चिंतियउं ॥७॥

---

६. १. MB °विरइय° । २. MB °संणिहतुंडो । ३. MB गयजम्मे चंपयगोरी । ४. MB तुरंतु कयंतो । ५. MB एवहिं कहिं तुहु आसि जियंतो । ६. MB भणइ । ७. MB जाम णिहिउ; B सामणिओ; K माणिणिओ । ८. MB °सुहदुक्खो । ९. MB जगपालो । १०. M रणभरधरधारिय°; G रणभर-धारिय° ।

७. १. M मत्त । २. MB पडिआया । ३. M अट्ठावीसा सउ । ४. MB ण वड्ढिउ । ५. MB कम्मणियत्तियउ ।

६

वह वेताल जिसके उरतलपर सर्पोंका हार झूल रहा है। कटितलपर बँधे हुए सर्प विशेषसे जो भयंकर है, जो सफेद विरल लम्बे दाँतोंवाला है, जिसने बाघके श्रेष्ठ चमड़ेके वस्त्र धारण कर रखे हैं, जिसका मुख मन्दराचल पर्वतकी कन्दराके समान है, जिसका गण्डस्थल मनुष्योंकी चर्बीसे शोभित है, जो बालचन्द्रके समान ( श्वेत ) दाढ़से भयंकर है, जिसके बाल जलती हुई आगकी ज्वालाके समान हैं, जो नवघनके समान श्यामल और नीलकमलके समान काला है, ऐसा वह वेताल आकाशगामी विद्याधर बनकर उससे कहता है कि—तुमने चम्पेके समान गोरी मेरी घरवालीका पिछले जन्ममें अपहरण किया था। तुझपर इस समय दुर्दान्त यम क्रुद्ध हुआ है। इस समय जीता हुआ तू कहाँ जायेगा। तब कुबेर-श्रीका पुत्र अपने मनमें याद करता है कि यहाँ मैं अपने कर्मके द्वारा लाया गया हूँ। इस समय भवजलरूपी समुद्रसे तारनेवाले जिनवरके चरण-कमल ही मेरी शरण है। तब वहाँपर जिसने जनवार्तासे समाचार जान लिया है और जिसने विभंग अवधिज्ञानके द्वारा सुखीजनका दुःख ज्ञात कर लिया है ऐसा जगपाल नामका यक्ष वहाँ आ पहुँचा और बोला कि मेरा कुमार अश्वके द्वारा ले जाया गया है।

घत्ता—वह यक्ष युवराजके लिए, जिसके कन्धे युद्धभारकी धुरा धारण करनेमें समर्थ हैं तथा जिसका हाथ प्रचण्ड अस्थिदण्डसे मण्डित है, ऐसे दुर्धर निशाचरसे भिड़ गये ॥६॥

७

यक्ष कहता है कि—हे क्रोधसे अभिभूत विद्याधर राक्षस तू जा-जा। तू जलते हुए कालानल और विश्वके लिए संकटस्वरूप यमके मुखरूपी विवरमें मत पड़। तेरी आयु नष्ट न हो, मेरे कुमारको तू मत सता। इस प्रकार अमर्षके रससे वशीभूत महाआदरणीय वह महान् इस प्रकार कहता हुआ कहीं भी नहीं समा सका। राक्षसके द्वारा वह दो टुकड़े कर दिया गया। लेकिन वह व्यन्तर देव दो रूपोंमें होकर दौड़ा, उसने उन दोनोंको आहत किया वे चार हुए, मानो गरजते हुए दिव्य दिग्गज हों। चारोंको आहत करनेपर वे आठ हो गये, आठ आहत होनेपर सोलह हो गये, सोलहको आहत करनेपर भयंकर बत्तीस हो गये, बत्तीसको आहत करनेपर चौंसठ हो गये। चौंसठके दो टुकड़े करनेपर एक सौ अट्ठाईस हो गये। और वे भी दुगने बढ़ गये। इस प्रकार असंख्यात यक्षोंने जल-थल और आकाशको आच्छादित कर लिया।

घत्ता—निशाचरका बाहुबल कम नहीं हुआ। देव ( यक्ष ) का हृदय हिल गया, कि क्या होगा। उस कर्मको देखते हुए उसने कुमारके भविष्यकी चिन्ता की ॥७॥

८

सें तहु होंतउ सुहुं पडिवण्णउं थिउ विरएवि सेंदु पच्छण्णउं ।
कप्पयसेलहु उप्परि थाइवि जोयणसउ गयणंगणि जाइवि ।
रिउणा चित्तउ खयलोयरियउ देविंदें लहु चिज्झइ धरियउ ।
सणिउं सणिउं सिरिसिहरइ ठवियउ णिवणंदणु तहिं तण्हइ खवियउ ।
फलिहसिलीयलु ढंकिउ सरवरु दिट्ठउ जलु मंणिणवि गउ सुंदरु ।
तोयाकंखइ धवलि पवित्थरि पसरियकरयलु लग्गा पत्थरि ।
चिंतइ बालउ विंभिउं णिब्भरु देवसहावें सलिलु वि णिट्ठुरु ।
ता तहिं अवसरि कामकिसोरी घडकडियल संपाइय गोरी ।
जलविवरंतरि सा पइसंती दिट्ठी तरुणें णीरु भरंती ।
तेण वि मग्गं जायवि कोमलु रसिउ तेण सुकुसुमरयपरिमलु ।
घत्ता—धवलेहिं चलंतिहिं लोयणिहिं सो महिवइ मयणुक्कोवणिहिं ॥
कलसंकियकडिइ णियच्छियउ पडिहाहयाइ णाउंछियउ ॥८॥

९

सरसमणुब्भवपणयसमिद्धइ आइय भवणहु भासिउं मुद्धइ ।
हरि जइ तो तहु चक्कु ण लंछणु वम्महु जइ तो तहु ण कोसुमधणु ।
ससि जइ तो तहु णत्थि कुरंगउ रवि जइ तो सो ण वि अत्थं गउ ।
सुरवइ तो जइ कुलिसु ण तहु करि तोयहु जंतिइ माइ महासरि ।
मइं अवलोइउ एक्कु जुवाणउ किं जाणहु तेल्लोकहु राणउ ।
किं जाणहुं जं जणवउ घोसइ सो सिरिवालु णराहिउ होसइ ।
लइ आयउ पिययमु तुम्हारउ घोलउ थणयलि णं मणिहारउ ।
ता संचलियउ पंच कुमारिउ गयहु पासि णावइ गणियारिउ ।
णं कंदप्पें भल्लिउ मुक्कउ ताउ तासु आसण्णउ ढुक्कउ ।
भासिउ मइं धवलियगयणहिं किं जोयहु अद्धद्धहिं णयणहिं ।
किं महु आसण्णाउ णिविट्ठउ आसि कालि किं कत्थइ दिट्ठउ ।
तं णिसुणेप्पिणु विहसिवि थिद्धइ दिण्णु पडुत्तरु जेट्ठकणिट्ठइ ।
घत्ता—पुक्खलवइमहिहि सुगोहणइ पयंडम्मि देसि दुज्जोहणइ ॥
सीहउरि सहइ णरवालणिवु लच्छीकंतइ णं लच्छिधवु ॥९॥

८. १. MB सुह° । २. MB रूउ । ३. MB देवें दलु लहु; T दलदहु पणंलहु । ४. MB °सिलायलि । ५. MB मण्णेविणु सुंदरु । ६. MB सविरथरि । ७. MB °करयलु । ८. MB विंभय° । ९. MB °संपाइय° । १०. MB °रयपरिमलु । ११. MB चवलचलंतहिं लोयणहिं; K वलंतहिं । १२. MB मयणुक्कोयणहिं । १३. MB पडिहाहय णायाउच्छियउ; T परिहाहय ।

९. १. MB °समिद्धइ । २. MB कुसुमधणु । ३. MB गणियारउ । ४. MB धवलियवयणहिं । ५. MB अद्धद्धहिं । ६. MB पायडवि । ७. MB °णिउ । ८. MB लच्छिधउ ।

८

उसने उसके होनेवाले शुभको स्वीकार किया। और वह अपना प्रच्छन्नरूप बनाकर स्थिर हो गया। विजयार्ध पर्वतके ऊपर स्थित होकर सौ योजन आकाशके आँगनमें आकर शत्रुके द्वारा फेंके गये आकाशसे गिरते हुए कुमारको देवेन्द्रने शीघ्र अपनी विद्यासे धारण किया। धीरे-धीरे श्रीपर्वतके शिखरपर उसे स्थित ( स्थापित ) कर दिया। वह राजकुमार वहाँ भूखसे व्याकुल होने लगा। स्फटिक मणिकी चट्टानोंसे ढँका हुआ सरोवर था, उसने उसे देखा और जल समझकर वह सुन्दर वहाँ गया। जलकी इच्छासे विशाल श्वेत पत्थरपर फैलाये गये उसके हाथ पत्थरसे जा लगे। बालक अत्यन्त विस्मित होकर सोचता है कि देशके स्वभावके सदृश यहाँ पानी भी कठोर है। इतनेमें उस अवसरपर एक कामकिशोरी गोरी कमरपर घड़ा रखे हुए वहाँ आयी। उस तरुणने जलके विवर्तमें प्रवेश करती हुई और पानी भरती हुई उसे देखा। उसने भी उस मार्गसे जाकर अच्छी कुसुम रजसे सुभाषित कोमल जलको पिया।

घत्ता—कलशको कमरमें लिये हुए कामकी उत्सुकतासे युक्त धवल चंचल नेत्रोंके द्वारा उस राजाको देखा और जिसकी प्रतिभा आहत है, ऐसी उस बालाने पूछा नहीं ॥८॥

९

जो सरस मनमें उत्पन्न प्रणयसे अत्यन्त स्निग्ध है, ऐसी उस भोली गोरीने भवनमें आकर पूछा—कि यदि वह विष्णु है तो उसके चक्र और चिह्न नहीं हैं, यदि वह कामदेव है तो उसके पास कुसुमधनु नहीं है, यदि वह चन्द्रमा है तो उसके हिरण चिह्न नहीं है। अगर वह सूर्य है तो उसका अस्त नहीं हुआ है। यदि वह इन्द्र है तो उसके हाथमें वज्र नहीं है। हे आदरणीय! महा-सरोवरमें पानीके लिए जाते हुए मैंने एक युवकको देखा है, क्या जानूँ कि वह त्रिलोकका राणा हो? क्या जानूँ कि जिसके बारेमें लोग कहते हैं वह वही श्रीपाल नामका राजा हो। लो, तुम्हारा प्रियतम आ गया और अपने स्तनों, मणिहारोंको घुमाओ। तब पाँचों कुमारियाँ चलीं, मानो हाथीके पास उसकी हथिनियाँ जा रही हों, मानो कामदेवने अपनी भल्लिकाएँ छोड़ी हों, वे उस कुमारके पास पहुँचीं। उस भद्रने कहा—आकाशको धवलित करनेवाले और आधे-आधे नेत्रोंसे आप क्यों देख रही हैं। मेरे पास आकर क्यों बैठीं? लगता है कि कहींपर आप लोगोंको मैंने देखा है। यह सुनकर ढीठ बड़ी कन्याने जवाब दिया।

घत्ता—पुष्कलावती भूमिपर अच्छे गोधनवाले दुर्योधन नामक प्रसिद्ध देशके सिन्धुपुर नगरमें लक्ष्मी नामकी अपनी पत्नीसे राजा नरपाल ऐसा शोभित था मानो विष्णु हो ॥९॥

१०

हूई सस रइकंतहि लहुयारी जयदत्ता एयहुं गरुयारी।
मयणकंत मयणवइ कुमारिहि जयवइ जेट्ठहुं जणमणहारिहि।
अवर वि विमल वयंसिय छट्ठी असणिवेयखयरिंदें दिट्ठी।
अम्हहिं सहुं उववणि कीलंती कामुयमइणेहेगुब्भंती।
मग्गिउ तें ताएण ण दिण्णउ पुच्छिउ जइ को परिणइ कण्णउ।
भणिउ जणणु रिसिणा पिहुबोहें एयहिं णरवइ काइं विवाहें।
गेहिणीउ होसंति पिसच्छिहु तुह पुत्तिउ सिरिवालहु वच्छिहु।
पुणु अम्हइं मग्गइ तडिवेयउ पिसुणवयणेण णिरुत्तउ जायउ।
चोरिवि आणियाउ णिक्करुणें जलयसिंगसंचोइयचरणें।
तेण दुरासएण दुइंतें णिहियउ णिज्जणि रोसु वहंतें।
घत्ता—णिवसहुं काणणि णियच्छवि जणिउ तालूरजुयलसंणिहथणिउ॥
अप्पउ हियवइ सोयंतियउ सिरिवालपंथु जोयंतियउ॥१०॥

११

तुहुं जि णाहु पइं तवियइं अंगइं अण्णु कि णाहहु मत्थइ सिंगइं।
लइ लइ घेरिणि कंत रिउचंडहिं अवरुंडहि दीहहिं भुयदंडहिं।
भासइ सूहउ जइ वि रवण्णउं कण्णारयणु होइ णादिण्णउं।
अण्णेक्क वि कुमारि संप्राइय रक्खसिरूवें कहिं वि ण माइय।
णियडी होंति अणंगें लेद्धी पंचहिं सरेहिं उरत्थलि विद्धी।
सवरें हय सारंगि व लोलइ सुहयहु केरउ वयणु णिहालइ।
तहिं अवसरि गइयउ छ वि तरुणिउ वग्घिहि गंधें णावइ हरिणिउ।
इयरइ पुणु पासाउ विरइयउ सयणमग्गु सोहइ अइसइयउ।
सरसालाव तासु सुइ पाविय णयणजुयल मीणा इव भाविय।
जं वच्छहु मईइ अवरुंडिउ जं कण्णावउ कण्णइ खंडिउ।
तं दोसेण विज्ज गय णासिवि थिय ससिमुहि अप्पाणउं दूसिवि।
हूई कामगहें वियरेरी पुच्छइ सूहउ तुहुं कहु केरी।
घत्ता—अचलत्तें णिज्जियमहिहरहु सा कहइ सवइयरु णरवरहु॥
सिरिसिहरहु चउजोयणसयहिं रयणउरु अत्थि मंडिउ धयहिं॥११॥

---

१०. १. MB मयणकंति। २. MB तेण ताउ णउ दिण्णउ। ३. M पहुबोहें। ४. B णियवयणेण। ५. M णिरुत्तउ। ६. MB मालूर°।

११. १. MB घरिणि। २. MB सुहउ जइ वि सुरवण्णउं। ३. MB संपाइय। ४. MB रक्खसरूविणि कह वि। ५. MB लुद्धी। ६. MB पंचसरेहिं। ७. M णयणजुवल मीणी इव; B णयणकूव मीणी इव। ८. MB मंडइ। ९. MB ससिविमुह।

१०

मैं उसकी रतिकान्तासे छोटी कन्या हूँ। इनमें बड़ी जयदत्ता है। मदनकान्ता और मदनावती, जनमनके लिए सुन्दर कुमारी जयावती जेठी है और भी छठी सखी विमला है। जिसे हमारे साथ उपवनमें क्रीड़ा करते हुए अशनिवेग विद्याधरने देख लिया। उसको कामुक वृत्ति स्नेहसे भंग हो गयी। उसने कन्याको माँगा, पिताने इनकार कर दिया। उसने मुनिसे पूछा कि कन्यासे विवाह कौन करेगा? पृथुबोध मुनिने पितासे कहा कि हे राजन्! इस समय विवाहसे क्या? तुम्हारी पुत्री बाणयुक्त श्रीपाल चक्रवर्तीकी गृहिणी हो गयी है। फिर अशनिवेगने हम लोगोंको माँगा, किन्तु पिताके वचनसे वह निरुत्तर हो गया। तब जलदके शिखरके समान अपने पैरको चलानेवाला वह निष्करुण हमें चुराकर ले आया और खोटे आशयवाले उस दुर्दान्तने मनमें क्रोध करते हुए हमें यहाँ रख दिया।

घत्ता—हम लोग राजकुमारियाँ होकर भी तालपत्रोंसे अपने स्तनको ढँकती हैं, और अपने मनमें सन्ताप करते हुए राजा श्रीपालका रास्ता देख रही हैं ॥१०॥

११

तुम्हीं मेरे स्वामी हो, क्योंकि तुमने हमारे अंगोंको सन्तप्त किया है। नहीं तो क्या? स्वामीके सिरपर सींग होगा। हे स्वामी! इस गृहिणीको लो और अपने शत्रुओंसे प्रचण्ड भुजाओंसे उसका आलिंगन करो। तब वह सुभग कहता है कि यद्यपि कन्यारत्न सुन्दर है—फिर भी बिना दिये हुए वह मेरा नहीं हो सकता। एक और कुमारी वहाँ आयी। राक्षसोंके रूपमें जो कहीं भी नहीं समा पा रही थी। कामदेवसे आक्रान्त उसके निकट आती हुई वह (कामदेव) के पाँचों बाणोंसे उरस्थलमें विद्ध हुई भीलसे आहत हरिणीकी तरह वह चंचल थी। और उस सुभगका मुख देख रही थी। उस अवसरपर वे छहों तरुणियाँ चली गयीं। जिस प्रकार बाघकी गन्ध पाकर हरिणियाँ चली जाती हैं। दूसरीने एक प्रासाद बनाया। उसमें सोनेका पलंग अत्यन्त शोभित था। श्रीपालके कानोंमें सरस आलाप आने लगा और श्रीपालके नेत्रयुगल मछलीकी भाँति घूमने लगे। जैसे ही उस कन्याने प्रियका आलिंगन किया वैसे ही उसका कन्याव्रत नष्ट हो गया। इस दोषके कारण विद्या नष्ट होकर चली गयी। और वह चन्द्रमुखी अपनेको दोष देती हुई कामग्रहसे विवर्ण हो गयी। सुन्दर कुमारने पूछा कि तुम कौन हो?

घत्ता—अचलतामें महीधरको जीतनेवाले नरश्रेष्ठ श्रीपालसे वह अपना वृत्तान्त कहती है—श्रीशिखरसे चार सौ योजन दूर और ध्वजोंसे मण्डित रत्नपुर नगर है ॥११॥

१२

थणियवेउ तहिं अत्थि णरेसरु जोईवेयदेविहि वल्लहु वरु ।
असणिवेउ तहु पुत्तु पमत्तउ तेणाणेप्पिणु ईह तुहुं चित्तउ ।
हउं तहु तणिय बहिणि पिय तडिरय लें पेसिय पइं णियहुं समागय ।
किं जीवहि किं मुउ सिंचियसिलि णिवडेप्पिणु खयलि गिरिवरयलि ।
दूरहु जोइओ सि मइं रोसें किर पइं हणमि णिसीयरिवेसें ।
णवर हउं जि हय वम्महकंडें इंदचंदणाइंदविहंडें ।
दें सोहग्गभिक्ख मइं मग्गिउ मच्छरु मेल्लिवि तुहुं ओलग्गिउ ।
एक्कवार जइ केरि करु ढोयहि एक्कवार जइ मुहुं अवलोयहि ।
तो जीवियफलु मइं जगि लद्धउं तं तहि भासिउ तेण णिसिद्धउ ।
महु विणए पारद्धु महुच्छउ जइ पइं देंति मिलेविणु बंधव ।
तो गिण्हमि णं तो धुउ वज्जमि कण्णासाहसेण हउं लज्जमि ।
ता सा गय जवेण रयणउरहु भासइ भाइहि मारियवइरहु ।
मुउ सो णरु मग्गियपलसयलइं मइं दिट्ठइं भमियइं गिद्धउलइं ।

घत्ता—णीसासजलणजालियदिसइ असहंतिइ असणिवेयससइ ॥
जहिं णिवसइ थिरु वरु जित्तमहि तहिं पेसिय मयणवडाय सहि ॥१२॥

१३

ताइ णंपि सुहउ अब्भत्थिउ जो रक्खेसइ जणवउ दुत्थिउ ।
विज्जाहरहरायहिं रइधुत्तिउ थणियवेयमरुवेयहं पुत्तिउ ।
सो परिणेसइ रुइहयरविरहु चक्कवट्टि सिरिपालु महापहु ।
रूवु[2] तुहारउ हियवइ भावइ विज्जुवेय पिय दुक्करु जीवइ ।
भणइ कुमारु काइं भासिज्जइ होंतउ केण कम्मु लंघिज्जइ ।
जाहि दूइ हउं पियपमु होसमि बालहि लीलालिंगणु देसमि ।
तं णिसुणिवि गय गेहहु दूई आलोइय कुमारि किस हूई ।
आइय पुणु विरहाउर तेत्तहि अच्छइ णरमयरद्धउ जेत्तहि ।
कुमारिउ रमणभावरसगिल्लउ संभासंतु ताउ पुच्छिल्लउ ।

घत्ता—अवलोइवि सुंदरि सुंदरिउ वणि णट्ठउ खणि छ वि कुंयरिउ ॥
णं मुणिवरचित्तिहि दुग्गइउ णं सुकइमइहि जडकइमइउ ॥१३॥

---

१२. १. B आइवेय° । २. MB तुहुं इह । ३. MB णिसायरवेसें । ४. M दिहि । ५. MB कर करि ।
६. MB बहुविणएं । ७. K मिलेप्पिणु । ८. MB मारीय° ।

१३. १. MB सिरिवालु । २. MB रूउ । ३. MBK विज्जवेय । ४. B सुंदरु । ५. MBT छउओयरिउ and gloss in T षामोदराः ।

१२

वहाँपर स्तनितवेग नामका राजा है, जो ज्योतिवेगा देवीका प्रिय पति है। अशनिवेग उसका उद्दण्ड प्रमादी पुत्र था। उसने यहाँ लाकर तुम्हें डाल दिया है। मैं उसकी प्रिय बहन विद्युद्वेगा हूँ। उसके द्वारा भेजी गयी मैं तुम्हें देखने आयी हूँ कि तुम जीवित हो या आकाशसे पहाड़में चट्टानपर गिरकर मर गये। वह कहती है कि मैंने रोषपूर्वक दूरसे तुम्हें देखा कि जबतक मैं तुम्हें निशाचर रूपमें मारूँ, तबतक मैं कामदेवके बाणोंसे आहत हो उठी। ( इन्द्र-चन्द्र-नागेन्द्र-को विखण्डित करनेवाले बाणसे ) मैं सौभाग्यकी भीख माँगती हूँ। वह मुझे दो। ईर्ष्या छोड़कर मैं आपकी शरणमें हूँ। एक बार यदि तुम मेरा हाथ अपने हाथमें ले लो, एक बार यदि मेरा मुँह देख लो, तो मैं अपने जीवनका फल संसारमें पा जाऊँगी। तब उस कुमारने उसके कहे हुएका निषेध किया और कहा—"यदि तुम्हारे भाई लोग एकत्रित होकर बड़ा उत्सव प्रारम्भ करके विनयपूर्वक तुम्हें देते हैं तो मैं विवाह ( ग्रहण ) करूँगा। यह मैं निश्चयपूर्वक कहता हूँ। तुम्हारे इस कन्या सुलभ स्वभावसे मैं लज्जित हूँ।" तब वह वेगसे रत्नपुर चली गयी। और शत्रुओंको मारनेवाले अपने भाईसे कहती है कि वह आदमी मर गया। मैंने मांस-खण्डोंको खोजते हुए गिद्धोंके झुण्डको वहाँ घूमते हुए देखा है।

घत्ता—निःश्वासकी ज्वालाओंसे दिशाओंको प्रज्वलित करनेवाली अशनिवेगकी बहन वियोगको नहीं सहती हुई, अपनी सखी मदनपताकाको वहाँ भेजती है कि जहाँ पृथ्वीको जीतने-वाला वह स्थिर वर निवास कर रहा था ॥१२॥

१३

उसने वहाँ जाकर उस सुभगसे प्रार्थना की कि—जो इस दुःस्थित जनपद और विद्याधर राजाओंकी रतिसे व्याप्त पुत्रियोंको स्तनितवेग और पवनवेगसे रक्षा करेगा, अपनी कान्तिसे सूर्यके रथको आहत करनेवाला वह महाप्रभु श्रीपाल चक्रवर्ती उनसे विवाह करेगा। तुम्हारा रूप मुझे हृदयमें अच्छा लगता है। "प्रिय विद्युद्वेगा कठिनाईसे जीवित है। कुमार कहता है कि तुम क्या कहती हो? होनेवाले कर्मका उल्लंघन कौन कर सकता है। हे दूती! तुम जाओ। मैं उस बालाका प्रियतम हूँगा। और उस बालाको लीलापूर्वक आलिंगन दूँगा। यह सुनकर दूती घर चली गयी, और एकदम दुबली हुई कुमारीको देखा। फिर वह विरहातुर वहाँ आयी कि जहाँ वह कामदेव था। रमण भावके रससे आर्द्र वह कुमारी अपने पहलेके तातसे सम्भाषण करती हुई।

घत्ता—उस सुन्दर सुन्दरीको देखकर वे छहों कुमारियाँ एक क्षणको वनमें भाग गयी हैं, मानो सुकविकी मतिसे जड़ मतियाँ भाग गयी हों ॥१३॥

१४

आय णिसण्णी णियडि खगेसरि णाइं समुद्दासण्ण महासरि ।
चवइ सवयणु पिहेप्पिणु हत्थें एत्थु जि घोरतवहु सामत्थें ।
सो कंगसियकओहिं विरत्थारा मरणु ण कासु वि होइ भडारा ।
हउं वि सणेहिं जंपिय पेक्खमि तं पइ पुण्णवंतु किर रक्खमि ।
तो वि देव वीसासु ण किज्जइ वणयरदुग्गउ भवणु रइज्जइ ।
एम चवेप्पिणु मरगयतोरणु खंभहु उप्परि कयउ णिहेलणु ।
तहिं कुबेरसिरितणुरुहु णिहियउ रत्तें कंबलेण संपिहियउ ।
अणुदिणु एंतिहिं रइरसतुरियहिं जिह णउ धिप्पइ भूगोयरियहिं ।
तिह तहिं दुद्धरि रमणु थवेप्पिणु गय पणइणि पेसणु भासेप्पिणु ।
अरुणावरणच्छण्णु खरतोंडें मण्णिवि मासपिंडु भेरुंडें ।
णिउ णिवचंदु रुंदगयगयलहु अंगुत्थलिय थुलिय करकमलहु ।

घत्ता—आएसपुरिसणामंकधरि दूसहविओयसिहितावहरि ।
तां रक्खणभिक्खहिं णिम्मलहु धरे आणिवि अप्पिय वप्पिलहु ॥१४॥

१५

णाणारयणफुरंतपईवइ सिद्धकूडजिणणिलयसमीवइ ।
जाव पक्खि धरणियलि परिट्ठिउ ता पहु अंगु वेलेप्पिणु उट्ठिउ ।
तासिउ खयरु उड्डिउ णहिं चंचलु वहुं पयणहलग्गउ गउ कंबलु ।
पडिउ धरहिं किंकरहिं णियच्छिउ जाणवि मयणयईहिं पयच्छिउ ।
एत्तहिं एण वि दिट्ठउ जिणहरु दुक्कियदुक्खलक्खणिक्खयकरु ।
थुइ विरयंतहु दुण्णयसाडइं विहडियाइं दढकुलिसकवाडइं ।
जें दिट्ठें णट्ठइ संचिउ मलु जें दिट्ठें उप्पज्जइ केवलु ।
जें दिट्ठें कुदिट्ठि ओहट्टइ जें दिट्ठें सम्मइ परिवट्टइ ।
जें दिट्ठें उवसमु संपज्जइ जें दिट्ठें अप्पउ पर णज्जइ ।
जें दिट्ठें दुग्गइगइ णासइ जें दिट्ठें जगु सयलु वि दीसइ ।
सो दिट्ठउ दुक्कम्मणिवारउ देवदेउ अरहंतु भडारउ ।
थोत्तवित्तु कइमग्गपसिद्धउ गुणवालंगरहें पारद्धउ ।

घत्ता—तुहुं मायबप्पु तुहुं संतियरु तुहुं णिरलंकारु वि हिययहरु ॥
जिण णिम्मय तेरी जेहिं तणु इह तिहुयणि तेत्तिय जि अणु ॥१५॥

---

१४. १. M अत्थु व घोर° । २. MB मणेप्पिणु । ३. MB भावेप्पिणु । ४. MB ता । ५. MB धरि ।
१५. १. MB °जिणभवण° । २. M लेविणु उ दिट्ठउ; B वलेविणु तुट्टिउ । ३. MB एंतएण तें दिट्ठउ ।
४. MB णिट्ठइ संचिय मलु । ५. M °णिवारिउ । ६. MB तिहुयणि फुडु तेत्तिय ।

१४

वह विद्याधरी पास आकर बैठ गयी। हाथसे अपने मुखको ढँककर वह कहती है कि यहाँ घोर तपकी सामर्थ्यसे हे कामदेवके बाण समूहका विस्तार करनेवाले, हे आदरणीय! किसीका भी स्मरण नहीं होता। मैं भी स्नेहसे कहीं गयी तुम्हें देखती हूँ। पुण्यात्मा तुम्हारी रक्षा करती हूँ। तब भी हे देव विश्वास नहीं करना चाहिए और वनचरोंके लिए दुर्गम भवन बनाना चाहिए। यह कहकर पन्नोंके तोरणवाला एक प्रासाद उसने खम्भेके ऊपर बनाया, उसमें 'कुबेर-श्री'के पुत्र 'श्रीपाल' को रख दिया और लाल कम्बलसे ढँक दिया। जिससे प्रतिदिन आनेवाली रतिरसरूपी घोड़ियाँ इन मनुष्यनियोंके द्वारा यह ग्रहण न कर लिया जाये इस प्रकार उस प्रियको उस दुर्ग्राह्य घरमें रखकर आज्ञा लेकर वह प्रणयिनी चली गयी। अरुण लाल कपड़ेसे ढँके हुए उसे मांसका पिण्ड समझकर तीखी चोंचवाला भेरुण्ड पक्षी राजाको ले गया। विशाल आकाशतलसे उसके करकमलसे अँगूठी गिर गयी।

घत्ता—आदर्श पुरुषके नामको अपनी गोदमें धारण करनेवाली, दुःसह वियोगकी आगके सन्तापको दूर करनेवाली, उसे रक्षा करनेवाले अनुचरोंने घर आकर निर्मल पवित्र बप्पिलाको सौंप दिया ॥१४॥

१५

नाना रत्नोंसे चमकते हुए सिद्धकूट जिनालयके समीप धरतीतलपर जैसे ही बैठा, वैसे ही अपने शरीरको हिलाकर राजा श्रीपाल उठा। वह चंचल पक्षी डरकर आकाशमें उड़ गया। कम्बल उसके पैरोंके नखसे लगा हुआ चला गया। धरतीपर पड़े हुए और मदनवतीका इच्छित समझकर अनुचरोंने उसे देखा। यहाँपर इस श्रीपालने भी दुष्कृत लाखों पापों और दुखोंका नाश करनेवाले जैन मन्दिरको देखा। स्तुति करते हुए, दुर्नयको नाश करनेवाले दृढ़वज्र-के किवाड़ खुल गये। जिसको देखनेसे संचित कुदृष्टि पाप नष्ट हो जाता है। जिसको देखनेसे केवल-ज्ञान उत्पन्न हो जाता है। जिसको देखनेसे सम्यक्-दर्शन प्राप्त हो जाता है। (त्रिरत्न) जिसको देखनेसे उपशम भाव प्राप्त होता है। स्व और परका विवेक होता है। जिसको देखनेसे दुर्गतिका नाश होता है। जिसको देखनेसे समग्र संसार दिखाई देता है। ऐसे उन दुष्कर्मोंका निवारण करनेवाले देवोंके देव आदरणीय अनन्त भगवान्को देखा और कवि मार्गमें प्रसिद्ध स्तोत्र व्रतको 'गुणपाल' के बेटे 'श्रीपाल' ने प्रारम्भ किया।

घत्ता—आप माँ-बाप हैं। आप शान्ति करनेवाले हैं, आप अलंकारोंसे रहित हृदयका धारण करनेवाले हैं। हे जिनेन्द्र! जिन परमाणुओंसे तुम्हारे शरीरकी रचना हुई है वे परमाणु तीनों लोकोंमें उतने ही थे ॥१५॥

१६

इय वंदिवि जिणु गुणहिँ विसिट्ठउ सुहमंडवि कुमारु उवविट्ठउ ।
ता तहिं संपत्तउ खेयरणरु आहासइ सिरसंजोइयकरु ।
इह भोगउरि समुण्णयमाणउ अणिलवेउ णामें खगराणउ ।
पिय कंतवइ णाम तहु गेहिणि सुय भोयवइ भोयजलवाहिणि ।
को होहि त्ति पणयतणयहिँ वरु पुच्छिउ तेण को वि जोईसरु ।
गाढधरियसंजमसुहलीसें तं जाणिवि जंपियउ जईसें ।
जेणाएं विहरंति मुणिविंदइं सिद्धकूडजिणभवणकवाडइं ।
होसइ सो वम्महसरमत्थहि वरु तुह सुयहि सुरूवपसत्थहि ।
हउं जोयहुं राएण णिवेइउ णरवइ तुहुं एवहिं संभोइउ ।
णेच्छंतु वि कुमारु उच्चाइउ णहयरु तुरिउ णहेगुद्धाइउ ।
चिक्कमंति पासायहु उप्परि पुरु संपत्तु दाविय सुंदरि ।
सा भोयवइ तेण सुईलीणें णिंदिय बंधवसोयविलीणें ।
एह णारि आसीविस णाइणि एह णारि असुभक्खिणि डाइणि ।
विणु आहारें एह विसूई विणु सिहिणा वि चुरुलि संभूई ।

घत्ता—[illegible]पुरिसिरिथंबिणिइ दुज्जणलीणइ भणंताविणिइ ॥
थणजुयलउ णिव्वणिरूवियउं णियमणथड्ढत्तणु दावियउं ॥१६॥

१७

कंदरेण विणु वग्घि महेली गरलेसरि णं मारणसीली ।
रयणि व मित्तहु पुरउ ण थक्कइ समलहु दोसायरहु पढुक्कइ ।
मईरा इव णिच्चु जि मयमत्ती सोणि व दाणमेत्तकयमेत्ती ।
हा हा उक्कंठिउ णिरु अच्छमि मायभाउ जइ वेण्णि वि पेच्छमि ।
तो हउं जीवमि दिट्ठें णाहें होउ पहुच्चइ मज्झु विवाहें ।
एम भणंतु रइयरिउभेयहु दरिसिउ सुंदरु मायवेयहु ।
अण्णु वि अक्खिउ जिह णउ इच्छिउ जिह तं णारीरयणु दुगुंछिउ ।
णियसुयणिंदावायविरुद्धें तं णिसुणिवि खयरेसें कुद्धें ।
उत्तरं उच्चा पप्पिणु णिज्झणि एहु गहिल्लउ घल्लउ पिउवणि ।
थेरीरूवुं रएवि रउद्दें घत्तिउ सो तहिं तेण जि भिच्चें ।

घत्ता—छुडु छुडु जि णिहित्तउ बालु तहिं हरिकेउ पवणजवपुत्तु जहिं ॥
झायंतु मंतु वलणिज्जियउ सव्वोसहिविज्जइ तज्जियउ ॥१७॥

---

१६. १. MB सुहमंडवि । २. MB उवइट्ठउ । ३. MB तो । ४. MB सरूव° । ५. MB संभासिउ । ६. GK record *a b* सुईलीणें इति पाठे सर्वेषां कर्णपरिचितेन; शास्त्रलीनेन वा । ७. MB परताविणिइ । ८. MB °थड्ढत्तणु ।

१७. १. MB गयसत्ति व णरमारण° । २. MB मयराइ व । ३. M साणि व दाणमत्तकय°; B साणिव-दाणकयमेत्ती । ४. MB दुगंछिउ । ५. MB °रूव धरेवि । ६. MB जहिं । ७. MB सा हरिपवणंजवपुत्तु तहिं ।

१६

इस प्रकार विशिष्ट गुणोंसे परम जिनेन्द्रकी वन्दना कर वह कुमार रंगमण्डपमें बैठ गया। तब एक विद्याधर पुरुष वहाँ आया। और अपने दोनों हाथ सिरसे लगाते हुए बोला—इस भोगपुरी नगरीमें उन्नत मानवाला 'अनिलवेग' नामका विद्याधर राजा है। उसकी कान्तिवती नामकी प्रिय गृहिणी है। उसकी भोगवती नामकी लड़की है। राजाने योगीश्वरसे पूछा कि इस प्रणय पुत्रीका वर कौन होगा ? जो प्रगाढ़ धारण किये गये संयममें धुरन्धर हैं ऐसे योगीश्वरने विचार-कर कहा कि—जिसके आनेपर अच्छी तरह लगे हुए सिद्धकूट 'जिन-भवन' के किवाड़ खुल जायेंगे वह कामदेवके बाणोंको धारण करनेवाले स्वरूपमें प्रसिद्ध तुम्हारी कन्याका वर होगा। राजाके द्वारा निवेदित मैं यहाँ देखते हुए—हे राजन् ! मैंने तुम्हें देखा। नहीं चाहते हुए भी उसने कुमारको उठा लिया और वह नभचर शीघ्र आकाशमार्गसे उड़ा। प्रासादके ऊपर खेलती हुई, नगर आनेपर कन्या उसे दिखायी। अपने बन्धुओंके शोकमें लीन तथा शास्त्रमें लीन उस 'श्रीपाल' ने 'भोगवती' की निन्दा की। यह नारी विषैले दाँतोंवाली नागिन है। यह नारी अशुभ कहनेवाली डाइन है। ये बिना आहारकी विषूची है, ये बिना ज्वालाओंकी आग है।

घत्ता—विद्याधर राजाकी वह लड़की उस दुर्जनमें लीन मनको सन्तप्त करनेवाली अपने नित्य सुन्दर अनुपम स्तनयुगलको तथा अपने मनमें ढीठपनेको उसे दिखाया ॥१६॥

१७

यह महिला बिना गुफाकी बाघिन है, ये मारनेवाली विषशक्ति है, रात्रिके समान यह मित्र ( सूर्य ) के सामने नहीं ठहरती, यह श्यामल दोषाकर ( चन्द्रमा ) के पास पहुँचती है। यह मदिराके समान नित्य मदमत्त रहनेवाली है, कुत्तीके समान दानमात्रसे मित्रता करनेवाली है, "अच्छा-अच्छा मैं उत्कण्ठित यहाँ स्थित रहता हूँ, जिससे दोनोंका मायाभाव देख सकूँ। स्वामीके देखनेपर ही मैं जीवित रह सकता हूँ। विवाहसे मुझे क्या लेना-देना ?" ऐसा सोचते हुए उस सुन्दरको जिसने शत्रुभेदन किया है, ऐसे मारुत वेगके लिए उसे दिखाया और उसने यह भी कहा कि जिस प्रकार उसने उसे नहीं चाहा, और उसने नारीजनकी निन्दा की। अपनी कन्याकी निन्दाकी बातसे विरुद्ध होकर उस क्रुद्ध विद्याधर राजाने वह सुनकर कहा कि—उठाकर इस पागलको प्रेतवनमें फेंक दो। तब 'दैत्य' ने श्रीपालको बुढ़ियाका रूप बनाया और उस अनुचरने उसे वहाँ फेंक दिया।

घत्ता—शीघ्र ही उस बालकको वहाँ फेंक दिया गया कि जहाँ 'पवनवेग' का पुत्र 'हरिकेतु' मन्त्रका ध्यान करता था। और बलसे जोते गये जिसे सर्वौषधि विद्याने डाँट दिया था ॥१७॥

१८

तंबिरणेत्तइ पिंगलकेसइ दाढाभीसणरक्खसवेसइं ।
विज्जइ वंतेउं जं जं जेहउं ढुक्किवि अंजलि तं तं लेहउं ।
पिय पिय ताहि भणंतिहि पीयउ सुहडत्तिलु ण वि किं पि वि भीयउ ।
पुच्छइ पहु तुहुं हिरि सिरि दिहि महि कहइ देवि हउं सा सव्वोसहि ।
सिद्धी तुज्झु वीर परमत्थें तं पविलोइय वुड्ढावत्थें ।
लद्धदिव्वविज्जासामत्थें णियतणु पुसिय तेण णियहत्थें ।
सो जायउ पुणरवि णवजोव्वणु ता पत्तउ खयराहिवणंदणु ।
पभणइ सीहकेउ तुहुं सामिउ हउं तुह किंकरु पेसणगामिउ ।
जो कहिओ सि आसि रिसिवयणहिं सो दिट्ठो सि देव णियणयणहिं ।
सुट्ठु दुसज्झइ णिरु[6] णिरवज्जइ जाणिओ सि मई सिद्धइ विज्जइ ।

घत्ता—बारह संवच्छर इह वसिउ फलकालि अज्ज विज्जहि तसिउ ॥
दइवेण लच्छि हुयासिसहं [illegible] अज्जु णिरसु कण्हारिसहं ॥१८॥

१९

एम भणिवि गउ णहयरु जावहिं पहर चयारि वि णिट्ठिय तावहिं ।
गलिय रयणि उग्गमिउ दिवायरु संचल्लिउ वसुवालसहोयरु ।
रण्णि भमंतें तेण णिविट्ठी जरसीसंतिणि तरुतलि दिट्ठी ।
उग्गामिवि करु भिउडिवि णयणइं देइ ताहि जणवउ दुव्वयणइं ।
चिंतइ णरवइ वैर होज्जउ तणु पाउ माणुसु विणिबंधु[5] विणिद्धणु ।
हा[6] किं णायरेहिं कलहिज्जइ थेरि भणेप्पिणु एह हसिज्जइ ।
ता चिरणारिइ णियतणु जेही विहिय कुमारहु तक्खणि तेही ।
तें हत्थें णियंगु परिमट्ठउ जिह पुव्विल्लउ तिह पुणु दिट्ठउ ।
पुरमहिलइ रायहु विण्णवियउ मइं वरइत्तचरिउ संचवियउ ।
जं जिह देहि देव णिव्वसिउ तं तिह जरसरूवु परियत्तिउ ।
तासु गवेसा पेसिय राएं वणि जंतें कुबेरसिरिजाएं ।
सीहसरहसरपूरियदिप्पहिं संठिय चउदिसु मिलिय चउप्पहिं ।
दिट्ठा सोलह सुहड महाबल सोलह परधर वट्टपवट्टुल ।

घत्ता—सो तेहिं[10] भणिउ सुमहुरगिरिहिं अग्गइ थाइवि पंजलियरिहिं ॥
भो भो कुमार किं[11] चिक्कमहि गोलयहु उवरि गोलउ थवहि ॥१९॥

---

१८. १. MB दाढी° । २. MB °भीसइ । ३. MB वमियउं । ४. MB ताए विलोइय । ५. MB विहि णयणहिं । ६. MB णिव । ७. M संसियइ ।

१९. १. MB भवंती । २. B जय । ३. MB भिउडिवि । ४. MB वरि होज्जइ । ५. MB णिब्बंधउ णिद्धणु; T विणिबंधउ । ६. MB हा किह । ७. MB पर मट्ठउ । ८. M जरसरूउ; B जरसरुउ । ९. MB चउदिसि । १०. B तेण । ११. G कं ।

१८

लाल लाल आँखों और पीले बालोंवाली और दाढ़ोंसे भयंकर राक्षसका वेष धारण किये हुए विद्याने जैसे-जैसे वमन किया, पियो-पियो कहनेपर कुमारने अंजलीमें भरकर उस-उसको उसी प्रकार पिया। वह वीरचित्त उससे जरा भी नहीं डरा। राजा उससे पूछता है कि तुम ह्री-श्री-धृति-कीर्ति या मही क्या हो। वह देवी कहती है कि मैं वह सर्वोषधि विद्या हूँ कि हे वीर! जो तुम्हें परमार्थ भावसे सिद्ध हुई हूँ। तब उस वृद्धावस्थावालेने उसे देखा। प्राप्त है दिव्यविद्याकी सामर्थ्य जिसमें ऐसे अपने हाथसे उस कुमारने अपने शरीरको छुआ। उसका फिरसे नवयौवन हो गया और तब विद्याधर राजाका बेटा आया। वह सिन्धुकेतु बोला कि आप मेरे स्वामी हैं। और मैं आपका आज्ञाकारी सेवक। मुनि-वचनोंके द्वारा जो कुछ कहा गया था, उसे मैंने आज अपनी आँखोंसे देख लिया। दुःसाध्य निरवद्य सिद्धविद्याके द्वारा मैंने आपको अच्छी तरह जान लिया।

घत्ता—बारह वर्ष तक मैं यहाँ रहा और फलकालके समय आज विद्याने मुझे पीड़ित किया। देवने तुम-जैसे लोगोंके लिए लक्ष्मी दी और हम लोगोंका उद्यम ( पुरुषार्थ ) व्यर्थ गया ॥१८॥

१९

इस प्रकार कहकर जैसे ही वह विद्याधर वहाँसे गया, वैसे ही चार पहर बीत गये। रात बीती, सूर्य उदय हुआ और वसुपालका भाई चला। जंगलमें चलते हुए उसने एक वृक्षके नीचे बैठी हुई एक बूढ़ी स्त्रीको देखा। हाथ उठाकर, नेत्रोंको टेढ़ाकर, लोग उसे दुर्वचन कह रहे थे। राजा 'श्रीपाल' ( उसे देखकर अपने मनमें सोचता है कि तिनका होना अच्छा लेकिन बन्धु-रहित गरीब होना अच्छा नहीं। अफसोस है कि नागरिकोंके द्वारा झगड़ा क्यों किया जाता है। बुढ़िया कहकर इसका उपहास क्यों किया जा रहा है ) उस बुढ़िया स्त्रीके छूनेपर कुमार बुढ़िया-जैसा हो गया। कुमारने अपने अंगको अपने हाथसे छुआ, उसका शरीर जैसा पहले था, वैसा ही अब दिखाई दिया। उस अतिवृद्धाने राजासे निवेदन किया कि मैंने वरके चरित्रको सत्यापित कर लिया। हे देव! उसके शरीरमें जो मैंने वृद्धरूप निर्वर्तित किया था, उसी प्रकार उसने उस रूपको छोड़ दिया। तब राजाने उसके खोजनेवाले भेजे। वनमें जाते हुए 'कुबेरश्री' के बेटे 'श्रीपाल' ने सिंहों, सर्पोंसे पूरित हैं दिशापथ जिसके तथा जिसमें चारों दिशाएँ मिल रही हैं, ऐसे चतुष्पथमें सोलह महाबलशाली सुभट देखे और अत्यन्त गोल सोलह पत्थर देखे।

घत्ता—उन लोगोंने हाथ जोड़कर, आगे बैठकर अत्यन्त मधुरवाणीमें कुमारसे कहा कि हे कुमार! आप क्यों जाते हैं, इन गोल पत्थरोंको रख दीजिए ॥१९॥

२०

इयरहं पंथिय जाहुं ण लब्भइ रायाणइ गोलिंगु ण दुब्भइ ।
इय विहसेप्पिणु पंथिउ वुच्चइ वट्टहु उप्परि वट्टु ण थक्कइ ।
जामि वप्प किं पण पलावें रायविणोएं मिच्छागावें ।
एम्ब भणंतु वि धरिउ णिरंभिवि देवाइद्धें सत्तिइ थंभिवि ।
वट्टत्तिविडि वि रइय लइज्जें पुच्छिय किंकर बुद्धिमेहिल्लें ।
कवणु देसु को णरवइ भुंजइ वट्टहि वट्टठवणु किं जुज्जइ ।
भिच्च कहंति महासिहरुद्धहु उत्तरसेढियाहि वेयड्ढहु ।
पवणवेउ णामें खयराहिउ एत्थ महीवइ अक्खयराहिउ ।
जो आवइ णरु वट्टपरिक्खहि सोलहखयरणरेसरसिक्खहि ।
उज्जलवण्णाउ णवलायण्णाउ सो परिणेसइ सोलह कण्णाउ ।
गंय अणुयर णियणियरायंतिउ कुवरें अग्गइ गमणु जि चिंतिउ ।
मेहविमाणसिहरि जोएप्पिणु भूयरमणु काणणु मेल्लेप्पिणु ।
थक्कु महाणयरहु बहि जाम्वहिं अवर वि वुड्ढ पराइय ताम्वहिं ।

घत्ता—जरकसरसिरइ लंबियथणिइ आवेप्पिणु थेरणियंबिणिइ ॥
[illegible]इं दीणी[illegible]इ किं पि[illegible]विउ कुवलउ[illegible]वडवल्लउ थविउ ॥२०॥

२१

पंसिढिलचम्मछिरोलविवण्णी तरुतलि तासु जि णियडि णिसण्णी ।
णिववालहु केरउ सिरिमाणणु दिट्ठउ ओहल्लिउं कमलाणणु ।
तुहतण्हापहसेएं खीणउं अंगु णिहालवि णिरु विद्दाणउं ।
तिण्णि तिसाछुहपहसमणासइं दिण्णइं थोरइं अमयाभासइं ।
भासियाइं सुहएं रसणिद्धइं वीयइं चीरंचलइं णिबद्धइं ।
वसुवालहु जाइवि वरिसेसमि णियपुरणंदणवणि पइसेसमि ।
इय चिंतंतु जाम सो अच्छइ णियथंभवसंजोउ णियच्छइ ।
ता वुड्ढइ कुंदुज्जलदंतिइ देहि मोल्लु भासिउ पहसंतिइ ।
महु फलाइं किं मुहियइ भक्खहि वयणु केम णिल्लज्ज णिरिक्खहि ।
चवइ णरिंदु असच्चु ण जंपमि जं मग्गहि तं सयलु समप्पमि ।
जइ आयहि तुहुं णयरु महारउ तो णिहणमि दालिद्दु तुहारउ ।
कवणु णयरु को तुहुं कें जायउ भणइ थेरि भो इहु किं आयउ ।

२०. १. MB वि । २. BK थुक्कइ । ३. MBT वेहाइद्धें; GK record *a p* वेहाइद्धें इति पाठेऽप्ययमेवार्थः; T देवाइद्धें इति पाठेऽप्ययमेवार्थः । ४. MBK °महल्लें । ५. MB महासिहरद्धहु; G महासिरुद्धहु । ६. MB परिणइ सोलह णिवकण्णउ । ७. MB गय णर णियणियरायहुं मंतिउ; T अणुयर । ८. MB °सिहर । ९. MB तेण थविउ ।

२१. १. MB पसढिल° । २. MB °विराल° । ३. MB ओहल्लउं; K ओहुल्लिउं । ४. MB पासियाइं । ५. MB रसविद्धइं । ६. MB वरिसेसमि । ७. MB किं इह ।

२०

अन्यथा हे पथिक ! तुम जा नहीं सकते । तब पथिकने हँसते हुए कहा कि राजाकी आज्ञासे गायके सींगको नहीं दुहा जा सकता । हे सुभट ! मैं जाता हूँ । इस प्रलाप, राजविनोद और मिथ्याधर्मसे क्या ? ऐसा कहते हुए भी उसे रोककर पकड़ लिया । उसने कुपित होकर शक्तिसे स्तम्भित कर गोल पत्थरोंकी पीठिका उस शैलमें बना दी और बुद्धिसे श्रेष्ठ उसने अनुचरोंसे पूछा कि ये कौन-सा देश है ? कौन राजा राज्य करता है ? रास्तेमें गोल पत्थरोंकी स्थापना क्या उपयुक्त है ? तब अनुचर कहते हैं कि बड़ी-बड़ी शिखरोंसे युक्त विजयार्द्ध पर्वतपर 'पवनवेग' नामका विद्याधर राजा जो कि 'अक्षय' शोभावाला है, यहाँका राजा है । सोलह विद्याधर राजाओंके द्वारा सीखी गयी, इस पत्थरोंकी परीक्षामें जो मनुष्य सफल होगा उसको एक लड़की मिलेगी । वह गोरे रंगवाली नवलावण्यसे युक्त सोलह कन्याओंसे विवाह करेगा । अनुचर अपने-अपने राजाके पास चले गये । कुमारने भी आगे चलनेका विचार किया, और चल दिया । मेघ विमान शिखरको देखकर तथा भूतरमण वनको छोड़कर जिस समय कुमार महानगरके बाहर ठहरा हुआ था । इतनेमें एक और वृद्धा वहाँ आयी—अत्यन्त बूढ़ी अत्यन्त जीर्ण ।

घत्ता—बुढ़ापेसे सफेद सिर और लम्बे स्तनोंवाली वृद्धा स्त्रीने आकर कहा कि हे आदरणीय ! मैं बहुत दुःखी हूँ । ऐसा कुछ भी कहा और बेरोंकी पिटारी रख दी ॥२०॥

२१

शिथिल चमड़ी और अत्यन्त विद्रूप, वह पेड़के नीचे निकट बैठी हुई थी । उसने राजकुमारका लक्ष्मीके द्वारा मान्य कमलरूपी मुख नीचे किया हुआ देखा । भूख-प्यास और पथके श्रमको शान्त करनेवाले अमृतका आभास देनेवाले उसने बेर दिये । उस सुभगने रससे स्निग्ध उनको खा लिया । और दूसरे बेरोंको अपने अंचलमें बाँध लिया । ( यह सोचकर कि इन्हें राजा वसुपालको दिखाऊँगा और अपने नगरके नन्दनवनमें इन्हें बोऊँगा ।) ऐसा सोचता हुआ जब वह बैठा था, तभी अपने भाईके संयोग की इच्छा करता है । तब जूहीके फूलके समान उज्ज्वल दाँतोंवाली उस वृद्धाने हँसते हुए कहा कि ( मेरे बेरोंकी कीमत दो ) मेरे फलोंको क्या तुम मुफ्त खाते हो ? निर्लज्जकी भाँति मेरा मुख क्यों देखते हो ? तब राजा कहता है कि मैं झूठ नहीं बोलता, जो तुम माँगती हो वो सब दूँगा । यदि तुम मेरे नगरमें आती हो तो मैं तुम्हारा दारिद्रय नष्ट कर दूँगा । तब वह वृद्धा कहती है कि तुम्हारा कौन-सा नगर है ? तुम कौन हो ? तुम्हें किसने जन्म दिया ? और यहाँ किस लिए आये हो ?

घत्ता—तं णिसुणिवि भासइ चक्कवइ पुरि पुंडरिंकिणि दिप्पणरइ ॥
गुणपालु राउ तहु तणउ सुउ वसुपालहु भायरु हउं लहुउ ॥२१॥

२२

जगि सिरिपालु णामु जाणिज्जमि सुरवीणातंतिहिं गाइज्जमि ।
मायाहरिवरेण पत्थाणिउ जोइसियहिं असेसहिं जाणिउ ।
गुरुविओयसंतावें णिड्डिउ अच्छमि सुट्ठु इट्ठउक्कंठिउ ।
जइ भायरहु मिलमि तो जीवमि णं तो णिच्छउ जमउरि पावमि ।
भणइ वुड्ढु भो तुहुं णर दीणउ पण सहावें होसि ण राणउ ।
चोरट्ठिलियउ बंधिवि लइयउं कवणें दइवें तुहुं न्नवु रइयउ ।
परदोगेसु तुहुं वि किं णासहि अप्पाणउं णरणाहु पयासहि ।
तेरउ पुरु महियरहं अगोयरु कहिं तुहुं कहिं सो तुज्झु सहोयरु ।
णत्थि दविणु अलियउं जि म भासहि महु वाहिल्लहि वाहि विणासहि ।
आरा सरु सइ भणिय महीसें णासिउ रोउ पाणिसंफासें ।
घत्ता—णवरुल्ललिवि पयणियपुलउ आलग्गी तहु गलकंदलउ ॥
जाणिय तेण वि मायाविणिय लइ एह खयरि मयणें वणिय ॥२२॥

२३

कहइ कुमारु म भंतहुउ चालहि हो हो केत्तिउ मइं खेरियालहिं ।
कइयवेण[2] किं पुत्तें[3] आढप्पइ सब्भावेण मुद्धि ध्रुवु घिप्पइ ।
ता अरक्खु विमुक्कउ कण्णइ उसउं कोमलसामलवण्णइ ।
भो भो णिसुणि णरेसर णिक्कल पुव्वविदेहइ वसुमइ पुक्खल ।
तेत्थु धोयकलहोयमहीहरु तहिं रायउरि वसइ करिकरकरु ।
राउ अकंपणु विज्जाहरवइ ससिपह गेहिणि धुव सुहावइ ।
णामें हउं सुवणयलि पसिद्धी सा ण विज्ज जा महु णउ सिद्धी ।
णहयरणाहहिं मिलिवि सणिद्धउ महु विज्जाजयपट्टु णिबद्धउ ।
को वरु ताए पुच्छिउ जइवरु तेण वि कहिउं तासु चक्केसरु ।
अवरु वि णिसुणि देव तुहुं सुहलु कच्छावइवसुहहिं रयणायलु ।
तहि मेहउरइ मयगलगामिणि कंपणु खगायइ घरिणि विमाणिणि ।
ताहं पुत्ति वप्पिल महु पियसहि णं गोमिणिरमणिहि वल्लह महि ।

८. MB सक्कवइ । ९. MB दिप्पणरइ । १०. MB गुणवालु । ११. MB वसुवालहु ।
२२. १. MB सिरिवालु । २. MB अणेयहि । ३. MB वुड्ढु तुहुं णरवर दीणउ । ४. MB णिउ । ५. MB °दोगत्तु । ६. B णासमि । ७. MB °संफरिसें ।
२३. १. MB खलियारहि; T खरियालहि । २. MB कइवएण । ३. MB पिउ । ४. MB धुउ । ५. MB गयउरि णिवसइ । ६. K मिलवि । ७. MB तुहुं जि । ८. MB रयणायलु । ९. B गोमिणिहि णवल्लवल्लहु महि ।

घत्ता—यह सुनकर चक्रवर्ती कहता है—कान्तिसे युक्त पुण्डरीकिणी नगरीमें गुणपाल नामक राजा है उसका पुत्र वसुपाल है मैं उसका छोटा भाई हूँ ॥२१॥

२२

जगमें श्रीपालके नामसे जाना जाता हूँ और देव-वणिओंमें 'मैं' गाया जाता हूँ। एक मायावी घोड़े द्वारा मैं यहाँ लाया गया हूँ। यह बात समस्त ज्योतिषियोंके द्वारा जानी गयी है। गुरुके वियोगके सन्तापसे दुःखी अपने प्रियजनोंके वियोगमें अत्यन्त उत्सुक दुःखी 'मैं' यहाँ रह रहा हूँ। यदि मैं अपने भाईसे मिलता हूँ तो जीवित रहता हूँ। नहीं तो निश्चय ही मैं यमपुरके लिए चला जाऊँगा। वृद्धा कहती है कि अरे तुम तो दीन व्यक्ति मालूम होते हो। इस स्वभावसे तुम राजा नहीं मालूम होते हो। तुम बेर बाँधकर लाये। किस विधाताने तुम्हें राजा बनाया। तुम दूसरोंके दारिद्र्यका क्या नाश करोगे। तुम्हारा नगर धरती निवासीके लिए अगोचर है। कहाँ तुम? और कहाँ तुम्हारा भाई? भग नहीं है यह, तुम झूठ कहते हो, तुम झूठ मत बोलो। तुम मेरे बाहरकी व्याधि नष्ट कर दो। राजाने कहा मेरे पास आओ और उसने अपने हाथके स्पर्शसे उसका रोग दूर कर दिया।

घत्ता—नव-सौन्दर्यसे उल्लसित होकर रोमांचको प्रकट करती हुई वह उसके गलेमें आकर लिपट गयी। उसने भी जान लिया कि यह मायाविनी कोई विद्याधरी है जो कामदेवसे आहत हो उठी है ॥२२॥

२३

कुमार कहता है कि हे देवि! अपनी भौंहें मत चलाओ। अरे-अरे तुम मुझे कितना अपमानित करती हो। तुम कपटसे प्रियको क्यों अर्जित करना चाहती हो। निश्चयसे सद्भाव-पूर्वक तुम इसे छोड़ दो। तब कन्याने अपना वृद्धरूप छोड़ दिया और कोमल श्याम रंगवाली उसने कहा—हे राज-नरेश्वर—निष्कपट बात सुनिए! पूर्व विदेहमें पुष्कलावती नामकी नगरी है। उसके राजपुर नगरमें जिसने स्वर्णके समान महीधरोंको धोया है ऐसा हाथीके सूँड़के समान हाथोंवाला अकम्पन नामका विद्याधरोंका स्वामी राजा है। उसकी 'शशिप्रभा' नामकी कन्या है। वहीं मैं भुवनतलमें इस नामसे प्रसिद्ध हूँ। ऐसी कोई विद्या नहीं है जो मुझे सिद्ध न हुई हो। समस्त विद्याधर राजाओंने मिलकर स्नेहके साथ मुझे विद्याओंको जीतनेका पट्ट बाँधा है। पिताने मुनिवरसे पूछा कि इसका कौन वर होगा? उसने कहा कि उसका वर चक्रवर्ती राजा होगा। हे देव! अब और भी सुनिए। तुम्हारे शुभ फलकी कच्छावती धरतीपर रत्नाचल है। उसके मेघपुर नगरमें कम्पन नामका राजा है और उसकी हाथीके समान चालवाली मानसे रहित गृहिणी है। उसकी लड़की वप्पिला मेरी प्रिय सखी है। जो मानो पृथ्वीरूपी (लक्ष्मीरूपी) रमणीकी प्रिय सखी है।

घत्ता—अवलोयवि तुज्झंगुत्थलिय सा तोएं तिम्मइ कंचुलिय ॥
झिज्झइ विरहें वेल्लहल किह दवदहणें अहिणववेल्लि जिह ॥२३॥

## २४

घरु गइयहि मुहणिग्गयवायइ महुं अक्खिउ तहि तणियइ मायइ ।
को वि आएसपुरिसु तहु मुद्धिय पेच्छिवि सुय मयणेण विमद्दिय ।
बालवयंसियाइ ण विकंपिउ मज्झु वि ताइ संहियउं समप्पिउ ।
मइं धीरिय सा ससिरयराहिं मेलावडु करमि सहु णाहिं ।
चामीयरपुरवारे हरिदमणहु मयणवेयसीमंतिणिरमणहु ।
तहिं जि देसि अण्णेक्क वि सुंदरि मयणवइ त्ति दुहिय विज्जाहरि ।
जणणहु पुच्छंतहु रयणुज्जलु जो जोइहिं भासिउ हयहिमदलु ।
आणिउ पेच्छेवि तेरउ कंबलु वियलिउ तहि तरुणिहि मणि दिहिबलु ।
सूहव तुज्झु विओएं पीडिय चिंताचक्कें सा वि भमाडिय ।
कंदइ कणइ विमुक्कुत्तंसी दुक्करु जीवइ मज्झु वयंसी ।
घत्ता—तं तेरउ पेम्मपरव्वसइ उद्दामकामकीलणरसइ ॥
सहिहत्थहु दीणइ मग्गियउ पंगुरणु मइं वि आलिंगियउ ॥२४॥

## २५

तुहुं पत्थाणिउ सडिजववयणें एव पजंपिउ णरवइरुणियरें ।
हउं णउ पत्तियंति गय तेत्तहि तेरी णयरि णराहिव जेत्तहि ।
पयंकुवलयसंबोहणचंदहु पयहिं पडिय गुणपालजिणिंदहु ।
सज्जणणयणाणंदजणेरउ पुच्छिउ सो आगमणु तुहारउ ।
तेण पउत्तउ सिसुभूसीसरु सत्तमि दिणि आवइ भाभासुरु ।
विज्जालाहें सहुं घरि पइसइ पुरयणु सयलु जिं एव जि भासइ ।
दिट्ठउ तुहुं भायरु अलिकुंतल दिट्ठी मायरि सोयविसंठुल ।
सुरमहिहरसमीवि विणसंतइं हा सिरिपाल देव भणंतइं ।
कंदंतइं विमुक्कसिरकेसइं दिट्ठइं परियणसयणसहासइं ।
पच्चेइ पइसिहिसि पुरि तइयहुं तुहुं मिलिहीसि णराहिव जइयहुं ।
घत्ता—णरतरु गय गय जि गयागयउ गणियाव णाइं वणदेवयउ ॥
भो वल्लह पइं एक्केण विणु जणसंकुलु पट्टणु णाइं वणु ॥२५॥

---

२४. १. MB घर । २. MB समु । ३. MB वियप्पिउ । ४. MB सहिउ । ५. MB ससिरयराहें । ६. M तेरउ पेच्छिवि; B तेरउ पुच्छिवि । ७. MB मण° । ८. MBT विमुक्कवयंसी; G*p* विमुक्का-त्तंसीति पाठेऽप्ययमेवार्थः; K*p* विमुक्कत्तसीति पाठेऽप्ययमेवार्थः; T विमुक्कत्तंसीति पाठेऽप्ययमेवार्थः ।
२५. १. BK णरवर° । २. MB पिय° । ३. MB गुणवाल° । ४. MB वि । ५. MB मायरु तुहुं । ६. MB °विसंथुल । ७. MB सिरिवाल देव पभणंतइं । ८. MB सिरि । ९. MBK सव्वइं । १०. M गयगज्जिगयागउ; B गय गय जि गयागयहो ।

घत्ता—तुम्हारी अँगूठी देखकर वह अश्रुजलसे अपनी चोली गीली कर रही है। वह कोमल विरहसे उसी प्रकार जल रही है, जिस प्रकार दावानलसे नयी लता जल जाती है ॥२३॥

२४

घर जानेपर मुझसे—जिसके मुखसे वाणी निकल रही है, ऐसी उसकी माँने कहा—कोई आदर्श पुरुष है उसकी 'मुद्रा' देखकर लड़की कामसे पीड़ित हो उठी है। उस बालसखीने कुछ भी विचार नहीं किया और उसने मुझे अपना हृदय बता दिया। मैंने उसे धीरज बँधाया कि चन्द्रकिरणोंके समान शोभावाले प्रियसे तुम्हारा मिलाप करा दूँगी। उसी देशमें चामीकर ( स्वर्णपुरमें ) 'मदनवेगा' स्त्रीसे रमण करनेवाले हरिदमनकी 'मदनावती' नामकी विद्याधरी सुन्दरी लड़की थी। पिताके पूछनेपर मुनियोंने कहा था कि जो रत्नोंसे उज्ज्वल हिमदलकी कान्तिको आहत करनेवालेको लाये गये तुम्हारे कम्बलको देखकर विगलित हो जायेगा उस युवतीके मनमें वही उसका धैर्यबल ( मन ) होगा। हे सुभग ! तुम्हारे वियोगमें वह पीड़ित है। और बेचारी तुम्हारी चिन्ता-वियोगमें पीड़ित है। उसने कर्णफूल छोड़ दिये हैं। और मेरी सखीका जीना कठिन है।

घत्ता—प्रेमके वशीभूत होकर तथा उत्कट कामक्रीड़ाके रससे भरी हुई उस दीनने वह तुम्हारा कम्बल माँगा और मैंने भी अपने हाथसे उस प्रावरणका आलिंगन किया ॥२४॥

२५

तुम यहाँपर अशनिवेग विद्याधर द्वारा लाये गये हो। नरपति समूहने ऐसा मुझसे कहा। उसपर विश्वास न करते हुए 'मैं' वहाँ गयी। हे राजन् ! प्रजारूपी कमलोंका सम्बोधन विकसित करनेके लिए चन्द्रमाके समान गुणपाल जिनोंके पैरोंपर 'मैं' पड़ी थी। तथा सज्जनके नेत्रोंको आनन्द देनेवाले तुम्हारे आगमनको उसने पूछा—उन्होंने कहा कि बाल राजा जो प्रकाशसे भास्वर है, सातवें दिन आयेगा। और विद्यालाभके साथ घरमें प्रवेश करेगा। समस्त पुरजन भी यही बात कहते हैं। मैंने भ्रमरके समान काले बालवाले तुम्हारे भाईसे भी बात की, शोकसे विह्वल मातासे भी मिली। सुमेरु पर्वतके निकट निवास करते हुए, हे देव ! वे हा-हा श्रीपाल कहते हुए, उन्हें तथा आक्रन्दन करते हुए, जिनके सिरके बाल मुक्त हैं ऐसे सैकड़ों परिजन और स्वजनोंको भी मैंने देखा। वे सब नगरमें तभी प्रवेश करेंगे कि जब हे राजन् ! तुम उन्हें मिल जाओगे।

घत्ता—नररूपी तरु चले गये, और गज भी गये और आ गये। जो गणिकाएँ हैं मानो वे वनदेवियाँ हैं। हे प्रिय ! तुम्हारे एकके बिना लोगोंसे व्याप्त वह नगर भी वनकी भाँति मालूम होता है ॥२५॥

२६

गिरिसरि[1]दरिवणसयइं णियंतिइ खयरावासहिं पइं जोयंतिइ ।
दिट्ठी मउलियच्छि लोलंती पंडुगंडथुलिघोलियवंता ।
खिज्जवेथ तुह विरहें सोसिय मरणमणोरह मइं संभीसिय[2] ।
जइ तुह पियसंजोउ ण संधमि तो विज्जाहरपट्टु ण बंधमि ।
णियभालयलि किसोयरि जाणहि अप्पउ मा ललियंगि विमाणहि ।
भोयवइहि केरी चिरलियमय रइयारिणि सहि तहिं जि समागय ।
वत्तउं ताइ वयंसिइ दिट्ठउ अज्जु चंदु णिसि भवणि पइट्ठउ ।
णिग्गउ पुणु जाणिउं दुस्सिविणउं जिणपुज्जुच्छउ परइ सण्हवणउं ।
संतिअत्थु सयलहिं मुअरेव्वउ सिद्धकूडजिणणिलइ करेव्वउ ।
घत्ता—अवरहुं कण्णहु अवरउ सहिउ अवरहुं वि लेहु सुदइ सहिउ ॥
भोयवइहि तुहुं सहि गवरविय हक्कारी तुह हउं पट्ठविय ॥२६॥

२७

एम कहेप्पिणु गय सा सुंदरि हउं आरूढी सिरिसिहरुप्परि ।
मणिमयकुंडलमंडियकण्णउ दिट्ठउ तहिं काणणि छण्णउ ।
सत्तावीसं जोयणवत्तउ भूगोयरियउ पिय तुह रत्तउ ।
असणिवेयखयरें वणि घित्तउ मइं कारुण्णएण मृगणेत्तउ[1] ।
उव्वाइवि णियपुरवरु णीयउ अप्पियाउ णरवालहु धीयउ ।
हउं पइं दोदियहइं जोयंती अच्छमि खगणयरेसु चरंती ।
जाम ताम तेरी वित्थारें कहिय वत्त हरिकेउकुमारें ।
एत्थायइ तुहुं मइं अवलोइउ मयणें पंचमु[2] सरु मणि ढोइउ ।
कंचुइरूउ देव मइं धरियउ विहडप्फडउ कुवलीहलभरियउ ।
जाणिओ सि [3]णेमित्तिकिबंधें कहिय पुंडरिंकिणिपुरचिंधें[4] ।
घत्ता—इय भरहणरेसरकिंकरहो जयरायहु तिजगभयंकरहो ॥
कह कहइ पुरंधि सुलोयणिय वरकुंदपुप्फदंताणणिय ॥२७॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे विज्जाहरकुमारीविरह[5]वण्णणं णाम बारहमो परिच्छेओ समत्तो ॥ १२ ॥

संधि ॥ १२ ॥

२६. १. MB °दरिपट्टणइं भमंतिइ । २. MB संभीसिय । ३. MB हउं तुह ।
२७. १. MB मिगणेत्तउ । २. MB पंचमसरु । ३. MBT णेमित्तिणिबंधें । ४. MB °पुरि° । ५. MB विरहवण्णणं ।

२६

सैकड़ों पहाड़ों, नदियों, घाटियों और वनोंको देखते हुए तब विद्याधर निवासोंमें तुम्हें देखते हुए मैंने आँखें बन्द किये हुए तथा जिसके सफेद गालोंपर अलकावली हिल रही है, ऐसी चंचल विद्युतवेगाको तुम्हारे वियोगमें शोषित देखा। मरणकी इच्छा रखनेवाली मैंने उसे अभय दान दिया कि मैंने यदि तुम्हारे प्रिय संयोगकी तलाश नहीं की तो 'मैं' विद्याधर पट्टको अपने भालस्तरपर नहीं बाँधूँगी। इस बातको तुम जान लो और हे ललितांगी! तुम अपनेको कष्ट मत दो। तब भोगवतीकी विगलित मदवाली तथा रति उत्पन्न करनेवाली सखी भी वहाँ आ गयी। उस सखीने कहा कि—आज मैंने रातमें चन्द्रमाको अपने गृहमें प्रवेश करते हुए देखा। और फिर वह निकल गया। सबने इसे दुःस्वप्न समझा और सोचा कि सवेरे सिद्धकूट जिनालयमें शान्तिके लिए 'जिनेन्द्र' की पूजाका अभिषेक करना चाहिए।

घत्ता—दूसरी सखियाँ जिनका मुद्रा सहित लेख है। भोगवतीकी तू सहेली अत्यन्त गौरवान्वित है, जो मुझे भेजकर तुझे बुलाया ॥२६॥

२७

ऐसा कहकर वह सुन्दरी चली गयी। 'मैं' श्रीपर्वतके ऊपर चढ़ गयी। उस काननमें मणिमय कुण्डलोंसे मण्डित कानोंवाली छह कन्याओंको देखा कि तुममें अनुरक्त जिन मनुष्योंको अशनिवेग विद्याधरने सत्ताईस योजनवाले उस वनमें बन्द कर रखा है। मैंने करुणापूर्वक उन मृग-नेत्रियोंको उठाकर अपने नगरमें ले आयी हूँ। और उन कन्याओंको राजाके लिए सौंप दिया है। मैं दो दिनों तक बाट जोहती हुई, विद्याधर नगरोंमें घूमती रही थी। तब हरिकेतु कुमारने तुम्हारी कथा विस्तारसे कही थी। यहाँ आये हुए मैंने तुम्हें देखा। कामने मेरे मनमें अपना तीर चला दिया। हे देव! मैंने वृद्धाका रूप धारण किया और बेरोंसे भरी हुई यह पोटली रख दी। पुण्डरीकिणी नगरमें ज्योतिषीने इस बातको जाना था और कहा था।

घत्ता—इस प्रकार श्रेष्ठ कुन्द-पुष्पोंके समान दाँतोंके मुखवाली सती सुलोचना यह कथा तीनों लोकोंके लिए भयंकर तथा भरत नरेश्वरके अनुचर राजा जयकुमारसे कहती है ॥२७॥

त्रेसठ महापुरुषोंके गुण और अलंकारोंवाले इस महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित और महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका विद्याधरकुमारी-विरह-वर्णन नामका बत्तीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥३२॥

# संधि ३३

सव्वोसहिसामत्थु तरुणें तेण पयासिउं ॥
कयउं सुहावइयाइ णियवुड्ढत्तु विणासिउं ॥ ध्रुवकं ॥

१

संसाहियविज्जासोसणेण कोमलकरयलसंफासणेण ।
उद्दामकामकामाणमईहिं विहुणियउं जरत्तु सुहावईइ ।
बेण्णि वि तारुण्णालंकियाइं खगकण्णइ वयणइं जंपियाइं ।
तुह देव महारउ प्राणइट्ठु तुहुं चक्कपाणि सयमेव दिट्ठु ।
विज्जाहर पिसुण हणंति जेम ण करेज्जउ पइं वि ण मइं वि तेम ।
मह कंचुइवेसुद्धारिणीहिं चडु खंधइ से सुहकारिणीहिं ।
धरि थेररूउ सुविचित्तकूडु आवेहि जाहुं तं सिद्धकूडु ।
तहिं वोट्टहीउ पीवरथणीउ मिलिहिंति अज्जु तुह पणइणीउ ।
कंकेल्लिबालपल्लवभुयाउ अवलोयहि खेयरवइसुयाउ ।
ता खंधारोहणु कियउ तेण सा विज्जुवेल चल्लिय णहेण ।
उल्लंघिवि तुरिउ णहंगणंतु संपत्तइं जिणहरपंगणंतु ।

घत्ता—वंदिउ तिहुयणणाहु थोत्तसयइं वग्घुट्ठइं ॥
बिण्णि वि वुड्ढइं ताइं मुहसालहि उवविट्ठइं ॥१॥

२

भोयवइ भडारी विज्जुवेय तहिं ढुक्की दप्पिल णिरुवमेय ।
मयणवइ समागय मयणलील रइरमणिहिं केरी णाइं कील ।
अण्णाउ मणोहरवण्णियाउ कण्णाउ अट्ठ अवइण्णियाउ ।
जरसरिधुयसिरकेसालियाइं कुंयरिहिं थेरइं संभासियाइं ।
अवलोयवि तरुणिहिं तणिय रिद्धि पुणु कंचुइ थिउ विब्भंतबुद्धि ।
छंडिवि जरत्तु आणियमईइ णियसिरि दक्खाविय सुहवईइ ।

---

MB give, at the commencement of this Samdhi, the following stanza :—

विनयाङ्कुरशालवाहनादौ नृपचक्रे दिवमीयुषि क्रमेण ।
भरत तव योग्यसज्जनानामुपकारो भवति प्रशक्त ( प्रसक्त ? ) एव ॥१॥

GK do not give it.

१. १. MB °साहणेण । २. MB पाणइट्ठु । ३. MB सुहयारिणीहिं । ४. MBT वोट्टहीउ । ५. MB संपत्तउ ।

२. १. MB मणोरम° । २. MB कुमरिहिं । ३. MB विसमंतबुद्धि । ४. MB छड्डिवि ।

# सन्धि ३३

१

उस तरुण श्रीपालने अपनी सर्वौषधिकी सामर्थ्य प्रकाशित की। सुखावतीने जो उसका बुढ़ापा किया था उसने उसे नष्ट कर दिया। जिसने विद्याओंके शासनको सिद्ध किया है ऐसे श्रीपालने अपने कोमल करतलके स्पर्शसे उद्दाम कामकी इच्छाकी मति ( बुद्धि ) रखनेवाली उस सुखावतीके बुढ़ापेको भी नष्ट कर दिया। वे दोनों यौवनसे अलंकृत हो गये। विद्याधर कुमारीने ये शब्द कहे—हे देव! तुम मेरे प्राण इष्ट हो, तुम साक्षात् चक्रधारी विष्णु भगवान् हो। दुष्ट विद्याधर जिस प्रकार दूसरोंको मारते हैं, कहीं वे तुम्हें और हमें न मार दें। इसलिए शुभ करनेवाली वृद्धाका वेश धारण करनेवाली मेरे कन्धेपर चढ़ जाइए। वृद्धरूप धारण कर आओ। विचित्र शिखरोंवाले उस सिद्धकूट पर्वतपर चलें। वहाँ शुभाहृदय-पीन-स्थूल स्तनोंवाली तुम्हारी प्रणयिनियाँ आज मिलेंगी। अशोक वृक्षके नव-पल्लवोंकी तरह बाहुवाली विद्याधर कुमारीको वहाँ देखोगे। तब उस कुमारके कन्धेपर आरोहण किया। बिजलीकी तरह चंचल वह आकाश मार्गसे चली। नभके आँगनको लाँघती हुई, वह तुरन्त जिनेन्द्र मन्दिरके प्रांगणमें पहुँची।

घत्ता—उच्चरित सैकड़ों स्तोत्रोंसे त्रिभुवनके स्वामी जिनेन्द्र भगवान्‌की उन्होंने वन्दना की, और वे दोनों बूढ़े मन्दिरकी मुख्यशालामें बैठ गये ॥१॥

२

विलासिनी नामकी एक रंगश्री ( नर्तकी ) थी जो कमलसे उत्पन्न न होते हुए भी स्वयं लक्ष्मी थी। सेठने उसे जाते हुए देखा। जिसे कामवासना बढ़ रही है ऐसे उस सेठने रास्तेमें जाते हुए उससे पूछा—"अपने मुखचन्द्रसे दिशाओंको आलोकित करनेवाली तुम रोमांचित होकर नाचती हुई क्यों जा रही हो ?" उसने सेठसे कहा—देवीके चरण-स्पर्शसे मेरी बारह वर्षकी खाँसी मिट गयी है, उसी प्रकार, जिस प्रकार जिनदेवके दर्शनसे लोगोंके पाप मिट जाते हैं। मेरा पृष्ठभाग मानो अमृतसे सिंचित हो। इसीसे मेरा शरीर रोमांचित है। यशस्वतीके पैरोंसे प्रगलित जलसे ज्वर और ग्रहभूत-पिशाचोंका नाश हो जाता है। वह धूमवेगा वैरिन विद्याधरी नष्ट हो गयी। और भी उस युवतीका पैर भारी हो गया। उसके उदरसे युवराजका जन्म होगा, इसलिए एक दूसरीने उसे युवराज-पट्ट बाँध दिया। तब माताने तीर्थंकरको जन्म दिया। भयसे कामदेव डर गया। उसने अपना धनुष उतार लिया और तीर छिपा लिये। जिनवरके जन्मके समय कामदेवके लिए रक्षा नहीं रह जाती। देवोंके द्वारा जिनेन्द्र श्रेष्ठ सुमेरु पर्वतपर ले जाये गये, मैं जानता हूँ कि वह शिवलक्ष्मीरूपी कन्याके भर्ता हैं।

घत्ता—देवेन्द्र स्वयं स्नान कराता है, मन्दराचल आसन है, समुद्र शरीरके लिए कुण्ड है ( जलपात्र है ), स्नानगृह वही है जहाँ जिन स्नान करते हैं ऐसा कोई चतुर मनुष्य-गणधर आदि कहते हैं ॥१०॥

११

शाश्वत् सुखकी इच्छा रखनेवाले भवनवासी, व्यन्तर और कल्पवासी देवोंने जिनपतिका नाम गुणपाल रखा और लाकर यशस्वतीके लिए सौंप दिया। महासती सुखावतीके भी नौ माहमें एक और पुत्र हुआ। भोगवतीके साथ तथा अपने भाईके साथ वह विद्याधर राजाओंमें अपनी आज्ञा स्थापित करनेके लिए अनुचरों, घोड़ों, गजों और रथोंके साथ गया, मानो शत्रुरूपी हाथियों-के झुण्डपर सिंह टूट पड़ा हो। वह विजयार्ध पर्वतपर परिभ्रमण करते हुए विद्याधर राजाओंको धरतीका अपहरण करता है। वह सिद्धों और किन्नरोंको सिद्ध कर लेता है। उसके भयसे सूर्य काँपता है, जिसके घरमें परमात्माका जन्म हुआ है, उसकी गोदमें लक्ष्मीका निवास अवश्य होगा। सैकड़ों कामभोगोंको भोगते हुए उसके तीस लाख वर्ष बीत गये। एक दिन जिन भगवान्‌को वैराग्य उत्पन्न हो गया। लौकान्तिक देवोंने आकर उसे सम्बोधित किया।

घत्ता—निर्धन और दुःखसे झुकी हुई कायावाले समस्त दीन-दुखियोंको धन दिया। फिर बादमें उसने क्षीणकषायवालोंका गुणोंसे परिपूर्ण समस्त चारित्र स्वीकार कर लिया ॥११॥

१२

चउतीसातिसयविसेसजुउ संजायउ केवलि तित्थयरु ।
गुणपालु भडारउ गुणमहिउ विहरइ महियलि देवहिं सहिउ ।
संबोहियबहुभवियंबुरुहु जिणसूर देउ महु मोक्खु लहु ।
दुयसीलकवइं पुव्वहं सयरें सिरिपालु वि भुंजिवि सयल धर ।
पप्फुल्लियबालकमलमुहहु सिरि पट्टु णिबंधिवि तणुरुहहु ।
परिभिंतिवि जम्मजरामरणु णियरणयजिणिंदहु गउ सरणु ।
सोलहसहासधरणीसरहं तं सहुं पव्वइय महीसरहं ।
संसारघोरभारें लइउ वसुवालु णरिंदु वि पावइउ ।
सहुं पुससहासें सो सहइ सं संजमु तं भण को वहइ ।
देविहिं परमत्थवियाणियहं पण्णाससहासइं राणियहं ।
कुच्छियधम्मइ वज्जियरइए तवि संठिउं समउं सुहावइए ।
घत्ता—सा चरिउ चरेप्पिणु तेत्थु मरेप्पिणु सइं अमरेंराहिउ हुई ॥
णासियदुक्कम्में जिणवरधम्में थावइ पुरउ णिहुई ॥१२॥

१३

जहिं भुक्ख ण तण्ह ण णिद्दडिय णउ देह सत्तधावहिं घडिय ।
जहिं सत्तु ण मित्तु ण घरिणि घरु जहिं लोहु ण कोउ ण कामजरु ।
णउ माणु ण माय ण मोहु मउ जहिं केवलु जीउ जि णाणमउ ।
मणु इंदिय पंच वि णत्थि जहिं सिरिपालु वि गउ कालेण तहिं ।
वसुवालु वि गुणपालु वि परमु अरहंतु करउ महु रइविरमु ।
इय सुणिवि कहंतरु अप्पणउं घणरवेण विण्णु आलिंगणउं ।
तूसेप्पिणु ताहिं सुलोयणहिं रायवसविरोल्लियलोयणहिं ।
पुणु भणिउं देवि हियवइ धरेवि हउं खगजम्मंतरु संभरमि ।
तहिं अवसरि हरिसुद्धाइयउ जम्मंतरविज्जउ आइयउ ।
गंधारिगोरिपण्णत्तियउ गयणयलविहारपवित्तियउ ।
णियसोहाणिज्जियकमलसिरि तं पेक्खिवि भणइ पियंगुसिरि ।
घत्ता—हउं आणंदें भाविणि अइमायाविणि कंतहु चाडुयकारिणि ॥
अलियउ जि कहंतरु भवणेरंतरु कहइ दुह दुच्चारिणि ॥१३॥

---

१२. १. M गुणवाल । २. GK °यंबुरुह but gloss कमलम् । ३. MB सोक्खु । ४. M सकेर । ५. MBK पट्टु । ६. B पर भिंतिवि । ७. MB महीसरहं । ८. MB पव्वइउ । ९. MB वउ । १०. MB देवहिं परमत्थु वियाणियहं । ११. MB °सहस रायाणियहं । १२. MB संठिय । १३. MB अमराहिउ ।

१३. १. MB सिरिवालु गयउ । २. MB °विरोलिय° । ३. MB धरमि । ४. B वज्जिउ । ५. MB आणमि । ६. MB भवणे णिरंतरु ।

१२

यह चौंतीस अतिशयोंको धारण करनेवाले केवलज्ञानी तीर्थंकर हो गये। गुणोंसे महान् आदरणीय गुणपाल देवोंके साथ धरतीपर विहार करते हैं। भव्यरूपी कमलोंको सम्बोधित करनेवाले हे जिनदेवरूपी सूर्य, आप मुझे शीघ्र मोक्ष प्रदान करें। बयासी लाख वर्ष पूर्व तक, पर्वतों सहित समस्त धरतीका उपभोग कर श्रीपाल भी खिले हुए बालकमलके समान मुखवाले बालकके सिरपर पट्ट बाँधकर जन्म, जरा और मृत्युका विचार कर अपने पुत्रोंके साथ तीर्थंकर गुणपालकी शरणमें चले गये। उसके साथ सोलह हजार गम्भीर घोषवाले राजा प्रव्रजित हो गये। संसारके घोरभारसे विरक्त होकर वसुपाल राजा भी प्रव्रजित हो गया। वह हजारों पुत्रोंके साथ शोभित है, वैसे संयम और व्रतको कौन धारण कर सकता है। परमार्थको जाननेवाली पचास हजार रानियाँ भी रतिको छोड़कर, धर्मको जानती हुई, सुखावतीके साथ तपमें लीन हो गयीं।

घत्ता—वह भी तपश्चरण कर, और मरकर वहाँसे स्वर्गमें इन्द्र हुई। कर्मोंको नाश करनेवाले जिनवरके धर्मके प्रभावसे ऐश्वर्य आगे-आगे दौड़ता है ॥१२॥

१३

जहाँ न भूख है, न प्यास है और न नींद है, जहाँ शरीर सात धातुओंसे रचित नहीं है, न शत्रु है, न मित्र है, न गृहिणी है, न घर है, जहाँ न लोभ है और न कोप है, जहाँ न काम है, न ज्वर है, न मान है, न माया है, न मोह है, न मद है, जहाँ जीव केवल ज्ञानमय है, जहाँ पाँचों इन्द्रियाँ और मन भी नहीं हैं, समय आनेपर श्रीपाल भी वहाँ पहुँचा। वसुपाल, गुणपाल तथा परम अरहन्त भी मेरी रतिका विराम करें। इस प्रकार अपना कथान्तर सुनकर प्रेमके वशसे अपनी आँखोंको घुमानेवाली उस सुलोचनाको सन्तोष देनेके लिए जयकुमारने उसे आलिंगन दिया। उसने कहा कि हे देवी, मैं तुम्हें हृदयमें धारण करता हूँ। मैं विद्याधरके जन्मान्तरकी याद करता हूँ। उसी अवसरपर हर्षसे उछलती हुई पूर्व जन्मकी विद्याएँ आयीं, गान्धारी, गौरी और प्रज्ञप्ति जो आकाशतलमें विहार करनेकी प्रवृत्तिवाली थीं। अपनी शोभासे कमलश्रीको जीतनेवाली प्रियंगुश्री उसे देखकर कहती है—

घत्ता—मैं समझती हूँ यह भामिनी अत्यन्त मायाविनी और प्रियकी चापलूसी करनेवाली है। यह दुष्ट दुराचारिणी झूठमूठ कथान्तर और भवजन्म-परम्परा कहती है ॥१३॥

१४

तुहुं देवि सुलोयणि अवयरिय इच्छं पोंमसवत्ति सारइं भरिय ।
पइं कहिउ कहंगु ण सहंहंवि लइ दिट्ठउ एवहिं किं रुहंवि ।
रमणीयणसिरचूडामणिहिं णीसल्लु कयउ दोहि वि जणिहिं ।
लहुभाइहि रज्जु समप्पियउं घणघोसें सहरिसु जंपियउं ।
तुहुं [illegible] जहिं जिणु वंसु सयंभु सइं वसइ जहिं ।
रयणालंकारहिं विप्फुरिउ विज्जाहरवेसु तेण धरिउ ।
जं होंतउ आसि पहावइहि तं रूवुं धरेप्पिणु णियवइहि ।
थिय पासि सुलोयण जलयवहि विण्णि वि उल्ललियइं झत्ति णहि ।
जणु जोयइ उद्धदिट्ठि मुयइ असहंतु विओउ कलुणु रुयइ ।
अंतेउरु परियणु णीससइ बंधवयणु संभरंतु सुसइ ।

घत्ता—उल्लंघियजलहरि सुरवरमहिहरि भद्दसालवणंतरि ॥
तं पइसइ वहुवरु चलकिसलयकरु जिणवरभवणब्भंतरि ॥१४॥

१५

विण्णि वि वंदेप्पिणु जिणधवलु तं भद्दसालु सोलसरलु ।
परिहरिवि ताइं उप्परि गयइं तेत्थाउ पंचजोयणसयइं ।
तहिं णंदणि पुज्जिवि चेइयइं वणि चउदिसु अकयणिकेइयइं ।
पुणरवि तिसट्ठिसहसइं उवरि जोयणहं चडेप्पिणु सुरसिहरि ।
वणु दिट्ठउ णामें सउमणसु करिदसणाहयतरुगलियरसु ।
पणवेवि तहिं मि जयतिजगुत्तमउ जिणवरपडिमाउ अकित्तिमउ ।
पुणु पंचतीससहसइं वणहं पंचसयालंकियजोयणहं ।
लंघिवि पंडुयवणि पइसरिवि अहिसेउ अरुहबिंबहं करिवि ।
जोइवि चूलिय मेरुहि तणिय चालीस जि जोयण परिगणिय ।
जोइय उत्तरकुरु देवकुरु अवलोइय दहविह कप्पतरु ।
छ वि कुलपव्वय जोइह णइउ दिट्ठउ बहुभूमिभेयगइउ ।

घत्ता—जेहिं वसइ सगुणगणु णिरु णिरुवमतणु जंबुदेउ रंजियजणु ॥
जंबूतरु जोइउ रयणुज्जोइउ जंबूदीवहु लंछणु ॥१५॥

---

१४, १. MB पावसत्ति । २. T कहंगु । ३. MB सहहमि । ४. MB कहमि । ५. MB °सिरि । ६. MB संभु । ७. MB रूउ णिएप्पिणु ।

१५, १. B सालहिं सरलु । २. MB णंदणवणि पुज्जिवि । ३. MB चेइयइं । ४. MB °णिकेइयइं । ५. M पणवि तहिं मि अयजगुत्तमउ; B पणवेवि तेहिं वि तिजगुत्तमउ । ६. B वणहं । ७. MBK परिगणिय । ८. MB °भूमिभोय° । ९. MB जहिं णिवसइ गुणगणु ।

१४

"हे देवी सुलोचने ! तुम अवतरित हुई और मैं पापी सौत खारसे भर गयी। तुमने जो कथांग कहा, उसमें मैं श्रद्धा नहीं करती। लो मैंने सब देख लिया, अब क्या छिपाऊँ।" तब रमणी-जनोंके लिए चूड़ामणिके समान उन दोनोंने उसे शल्यरहित बना दिया। जयकुमारने अपने छोटे भाईके लिए राज्य सौंप दिया और मेघके स्वरमें घोषणा की कि आज मैं आकाशमें वहाँ-वहाँ जाता हूँ जहाँ जिन, ब्रह्मा और स्वयम्भू स्वयं निवास करते हैं। उसने रत्नालंकारोंसे विच्छुरित विद्याधरका स्वरूप बनाया। जो प्रभावतीका रूप था, अपने पतिके लिए उस रूपको धारण कर सुलोचना आकाशपथमें प्रियके पास स्थित हो गयी। दोनों शीघ्र आकाशपथमें उछल गये। जन उन्हें देखता है और अपनी ऊपरकी दृष्टि छोड़ देता है। वियोगको सहन नहीं करता हुआ रोता है। अन्तःपुर और परिजन निःश्वास लेता है, बान्धव जन याद करता हुआ शुष्क होता है।

घत्ता—जिसने मेघोंका अतिक्रमण किया है ऐसे सुमेरु पर्वत और भद्रशाल वनके भीतर जिन-मन्दिरोंमें चंचल कोंपलोंके समान हाथवाले वधूवर प्रवेश करते हैं ॥१४॥

१५

दोनों जिनश्रेष्ठकी वन्दना कर, सालवृक्षोंसे सरल उस भद्रशाल वनका परित्याग कर उनके ऊपर पाँच योजन गये। वहाँ नन्दनवनमें चारों दिशाओंमें अकृत्रिम चैत्यालयों और चैत्योंकी पूजा कर, फिर त्रेसठ हजार योजन ऊपर चढ़कर सुमेरु पर्वतके शिखरपर उन्होंने सौमनस नामका वन देखा, जिसमें हाथियोंकी सूँड़ोंसे आहत वृक्षोंसे रस रिस रहा है। वहाँपर भी जयसे भुवनत्रयमें उत्तम अकृत्रिम जिनवर प्रतिमाओंको प्रणाम कर फिर पैंतीस हजार पाँच सौ योजन ऊपर मेघोंको लाँघकर पाण्डुक वनमें प्रवेश कर, अर्हन्त बिम्बोंका अभिषेक कर, मेरुपर्वतकी चूलिका देखकर, चालीस योजन और जाकर उत्तरकुरु और दक्षिणकुरुके दर्शन किये और दस प्रकारके कल्प-वृक्षोंको देखा। छहों कुलपर्वत, चौदह नदियाँ और भेदगतिवाली अनेक नदियाँ देखीं।

घत्ता—जहाँ अपने गुणों और गणोंसे युक्त लोगोंको रंजित करनेवाला अनुपम शरीर जम्बू स्वामी रहता है, ऐसा रत्नोंसे उद्योतित जम्बूद्वीपका चिह्न जम्बू वृक्ष देखा ॥१५॥

१६

तं जोयवि आयइं तुहिणइरि जहिं हुई सहि सिरिविंबसिरि ।
तणुणवलइय मणिमयभूसणिय सोहम्मसुरिंदविलासिणिय ।
जहिं जोयणमेत्तु अत्थि कमलु जंबुणयणिम्मियविमलदलु ।
जहिं सुरहं वि चोज्जुप्पायणइं णालु वि इवेइ दहजोयणइं ।
तवणीयविणिम्मिय णं णविय कण्णिय गब्भूइपरिट्ठविय ।
जहिं कोसपमाणु विमाणु तहे लच्छीदेविहि अरविंदवहे ।
तं पेच्छिवि णहयलि चल्लियइं विण्णि वि णियमणि गंजोल्लियइं ।
गंगासिंधूसिहरइं णिहवि तेहिं तणउ सलिलु परिमलु पिइवि ।
सव्वेरवलणिसेवियमेहलहो पुणु आयइं वेयड्ढायलहो ।
जयरूवणलिणलंपेडि भमरि थिय पंथु णिरोहिवि तहिं खयरि ।
सा भणइ वसइ इह तुलियजगु गंधारिपिंगु णामेण खगु ।
घत्ता—हउं तहु केरी सुय णवकुवलयमुय पइं णियंति जणरामें ॥
गुंणि मग्गणु संधिवि ठाणु णिबंधिवि विद्धी हियवइ कामें ॥१६॥

१७

णमिणहयरणाहहु गेहिणिय हउं जगि पसिद्ध सडिमालिणिय ।
विज्जासहाससंपयधरहं रणि दुज्जेय हउं विज्जाहरहं ।
मइं इच्छहि सुहय अज्जु जइ तुह दुल्लहु काइं वि णत्थि तइ ।
तं णिसुणिवि भरहसेणाहिवइ भासइ तुहुं सुंदरि मूढमइ ।
ओसरु सरु पंथहु सइरिणिए किं जंपहि वोमविहारिणिए ।
महु जणणिसमाणी परचरिणि जो पेइसिवि सवइ वइतरिणि ।
सो पइं सेवेउ णिरु णिग्घिणउ हउं पुणु तुह होमि माइ तणउ ।
ता रूसिवि पिंगलकेसियउ असइइ रयणियरिउ पेसियउ ।
सिसुससिसंणिहदाढालियउ णवघणणीलंजणकालियउ ।
चलजीहापल्लववयणियउ गुंजापुंजारुणणयणियउ ।
लंबियघोणसफणिमेहलउ किलिकिलिसद्दें कयकलयलउ ।
घत्ता—सुरधणुवण्णासहिं विज्जुविलासहिं थिरसरधारामेहहिं ॥
आढत्तु अणेयहिं पहरणभेयहिं भिण्णमहाभडदेहहिं ॥१७॥

---

१६. १. MB जंबूणय° । २. MB वि पविमउ । ३. M तहिं तणउ सुपविमलु जलु पिइवि; B तह तणउ जि पविमलु जलु णिहवि । ४. M सुरवरवलसेविय°; B सुरणरवलसेविय° । ५. MB °लंपड । ६. B पियपंथु । ७. MB गंधारपिंगु । ८. MB गुणमग्गणु ।

१७. १. M दुज्जिय । २. MB पइसइं । ३. MB गेण्हउ । ४. M असइमइ रयणिइ रिउ पेसिउ; B असईए रयणियरउ पेसियउ । ५. K विज्जुसहासहिं ।

१६

उसे देखकर वे हिमगिरि पर्वतपर आये, जहाँ सखी विन्ध्यश्री देवी हुई थी, शरीर वलित, मणिमय भूषणोंवाली और सौधर्म स्वर्गकी विलासिनी। जहाँ एक योजनका कमल है, जिसके विमल कमलदल स्वर्णसे निर्मित हैं, जिसमें देवोंमें भी आश्चर्य उत्पन्न करनेवाला दस योजनका कमल नाल है तथा सोनेसे निर्मित एक गव्यूति प्रमाण नयी कर्णिका है, अरविन्द सरोवरमें उस लक्ष्मीदेवीका एक कोश प्रमाण विमान है। उसे देखकर वे लोग आकाशतलपर चले। दोनों ही अपने मनमें पुलकित थे। गंगा और सिन्धु नदीके शिखरोंको देखकर, उनका सुगन्धित जल पीकर वे लोग शबरकुलसे सेवित मेखलावाले विजयार्ध पर्वतपर आये। वहाँपर जयकुमारके रूपरूपी कमलकी लम्पट एक विद्याधरी रास्ता रोककर बैठ गयी। वह कहती है कि यहाँपर तीनों विश्वोंको तोलनेवाला गान्धार पिंग नामका विद्याधर रहता है।

घत्ता—मैं उसकी कन्या हूँ। नवकमलके समान भुजाओंवाली तुम्हें देखते हुए जग-सुन्दर कामदेवने प्रत्यंचापर तीर चढ़ाकर तथा अपने स्थानको लक्ष्य बनाकर मुझे विद्ध कर दिया है ॥१६॥

१७

नमि विद्याधरकी गृहिणी मैं विश्वमें तडित्मालिनीके नामसे प्रसिद्ध हूँ। हजारों विद्याओंको सम्पत्ति धारण करनेवाले विद्याधरोंके युद्धमें अजेय हूँ। हे सुन्दर, यदि तुम आज चाहते हो तो तुम्हारे लिए कुछ भी दुर्लभ नहीं होगा? यह सुनकर भरतके सेनापति जयकुमारने कहा—"हे सुन्दरी, तुम मूढ़मति हो। हे स्वैरचारिणि, मार्गसे हट। हे व्योमविहारिणी! तू क्या कहती है? परस्त्री मेरे लिए माताके समान है। जो वैतरिणी नदीमें प्रवेश कर सकता है वह अत्यन्त निर्धन तुम्हारा सेवन करे। हे माता, मैं तुम्हारा पुत्र होता हूँ।" तब उस असतीने क्रुद्ध होकर पीले बालोंवाले निशाचरको भेजा, जो बालचन्द्रके समान दाढ़ोंवाला, नवमेघ और अंजनके समान काला, चंचल ओठरूपी पल्लवके मुखवाला, गुंजा समूहके समान आँखोंवाला, लम्बे घोणस साँपकी मेखलावाला, किल-किल शब्दसे कलकल करता हुआ।

घत्ता—इन्द्रधनुषके विन्यासों, बिजलियोंके विलासों, स्थिर जलधारावाले मेघों तथा बड़े-बड़े सुभटोंके शरीरोंका भेदन करनेवाले नाना प्रकारके अनेक शस्त्रोंके द्वारा उसने उसे घेर लिया ॥१७॥

१८

जयसीलविसुद्धि ण तेहिं हयो[1] हियवं[2] जएण गुरुखंति कया[3] ।
थिय णियमियचित्त सुलोयण वि जाणंति तो वि खललोय ण वि ।
तो सं झंदुलियइ बुज्झियउ हा कि मइं णिप्फलु जुज्झियउ ।
जइ मंपइं थियठाणहु चलइ तो तुज्झु वि चिंताथत्ति खलइ ।
भं रूसेजसु जं मइं दूमियइ विजउ पेसिवि आयामियउ ।
गय एम भणेप्पिणु गयणयरि अमरहिं पुज्जिउ अरिहरिणहरि ।
दुंदुहिसरु महुरु समुच्छलिउ रइपहु णामें सुरवरु मिलिउ ।
तेणुत्तउ इंदें पेसियउ मइं तुह सुहभाउ[4] गवेसियउ ।
जा पइं रोहिवि[5] थिय घणथणिय सा ण हवइ खेयरि सुरगणिय ।
तुह सीलु णिहालहुँ पट्टविय पइं णियजणणी विव चिंतविय[6] ।

घत्ता—कुरुकुलणहयलससि णाणुब्भववसि कंपावियदससंदिवइ[7] ।।
चारित्तु तुहारउ भवभयहारउ भणु किर केण ण थुव्वइ ।।१८।।

१९

जो रुच्चइ सो तुहुं मग्गि वरु तं णिसुणिवि पभणइ णरपवरु[1] ।
वरु मग्गमि णाणपवित्तियरु वरु मग्गमि हउं संसारहरु ।
अवरें[2] वरेण महुं कज्जु ण वि पुणु णिवडइ सुरवइ चंदु रवि ।
जहिं सोक्खु कयाइ[3] ण संचलइ जहिं कामहुयासु[4] ण पज्जलइ ।
सो मोक्खु णिहेलणु जिणवरहो हउं तत्ति करेमि[5] सुर तहु वरहो ।
ता वंदिवि जयरायहु चरिउ गउ अमरु अमरलोयहु तुरिउ ।
तं देवपसंसइ राइयउ बहुवरु केलासु पराइयउ ।
दीणउ गइ विरइवि णहयलइ आसीणउ[6] रयणसिलायलइ ।
कणयमयकोणताडणखमहं ता णिसुउ सद्दु सुरडिंडिमहं ।
सहंण तेण आयड्ढियइं बिण्णि[7] वि गयाइं महियड्ढियइं ।
सुरसरितरंगससियरसियइं जहिं भरहणराहिवणिम्मियइं ।

घत्ता—चामीयरघडियइं मणिगणजडियइं दिट्ठइं घरइं जिणेसरहं[8] ।।
पयपणवियसीसहं तहिं चउवीसहं दिक्खादमियदुरासहं ।।१९।।

१८. १. MB हय । २. MB हियवइ । ३. MB कय । ४. MB जयभाउ । ५. B रोहिय ।
६. MB चिंतविय । ७. MB दह° ।

१९. १. MB पवरणरु । २. M सहुं । ३. MB ण काइं वि । ४. MB हुयासणु पज्जलइ । ५. B करउं । ६. MB सुणिउ । ७. MB बिण्णि वि विगयाइं महइड्ढियइं । ८. M जिणेसहं । ९. MB °पणमिय° ।

१८

उनसे भी जयकुमारके शीलकी पवित्रता नष्ट नहीं हुई। अपने हृदयमें उसने महान् शान्ति धारण की। सुलोचना भी अपना मन नियमित करके स्थित हो गयी। तब भी दुष्ट लोक नहीं समझ सका। तब उस पुंश्चलीकी समझमें आया कि मैंने व्यर्थ युद्ध क्यों किया। यदि मन्दराचल अपने स्थानसे चलित होता है, तो तुम्हारी ( जयकुमारकी ) चित्तवृत्ति चलित हो सकती है। मैंने तुम्हें जो पीड़ा पहुँचायी है, और विद्या भेजकर कष्ट दिया है, उससे क्रुद्ध मत होना। यह कहकर वह विद्याधरी चली गयी। शत्रुरूपी हरिणोंके सिंह उसकी देवोंने पूजा की। मधुर दुन्दुभि स्वर उछल पड़ा। रतिप्रभ नामका सुरश्रेष्ठ उससे आकर मिला। उसने कहा कि इन्द्रके द्वारा प्रेषित मैंने तुम्हारे पवित्रभावका अनुसन्धान कर लिया। सघन स्तनोंवाली जो तुम्हें रोककर स्थित थी वह विद्याधरी नहीं, अप्सरा थी, जो तुम्हारे शीलकी परीक्षा करनेके लिए भेजी गयी थी। लेकिन तुमने अपने मनमें उसे अपनी माताके समान माना।

घत्ता—हे कुरुकुलरूपी आकाशके चन्द्र, इन्द्रियोंको वशमें करनेवाले दसों दिग्गजोंको कँपानेवाले हे जयकुमार, संसारके भयका हरण करनेवाले तुम्हारे चारित्र्यकी प्रशंसा किसके द्वारा नहीं की जाती ॥१८॥

१९

जो अच्छा लगे वह वर माँग लो। यह सुनकर वह श्रेष्ठ मनुष्य कहता है, "मैं ज्ञानकी पवित्रता करनेवाला वर माँगता हूँ। मैं संसारका हरण करनेवाला वर माँगता हूँ। किसी दूसरे वरसे मुझे काम नहीं है। इन्द्र, चन्द्रमा और सूर्यका पतन होता है। जहाँ सुख कभी भी विचलित नहीं होता, जहाँ कामकी ज्वाला प्रज्वलित नहीं होती, जिनवरका घर वह मोक्ष मुझे चाहिए। मैं उसी वरसे सन्तुष्टि पा सकता हूँ।" इस प्रकार जयकुमार राजाके चरितकी वन्दना कर वह देव तुरन्त देवलोक चला गया। देवप्रशंसासे शोभित वधू और वर कैलास पर्वत पहुँचे। आकाशतलमें अपनी गति क्षीण कर वे रत्नोंसे निर्मित शिलातलपर स्थित हो गये। तब उन्होंने, स्वर्णदण्डोंके ताड़नसे सक्षम देव-दुन्दुभियोंका शब्द सुना। उस शब्दसे आकर्षित होकर, वे दोनों वहाँ गये जहाँ महाऋद्धियोंसे सम्पन्न, देव गंगाकी जल लहरोंसे शीतल, भरत राजाके द्वारा निर्मित,

घत्ता—स्वर्णरचित मणिसमूहसे विजड़ित, जिनके पैरोंपर इन्द्रादि प्रणत हैं, जो दीक्षाके द्वारा संसारकी दुराशाओंका दमन करनेवाले हैं ऐसे चौबीस जिनेश्वरोंके मन्दिरोंको देखा ॥१९॥

२०

रिसहं रिसिमग्गपयासयरं अजियं जियवम्महसुक्कसरं ।
संभवदेवं संभवमहणं अहिणंदणमहिणंदियभुवणं ।
अदुगुंछियइच्छियमोक्खगइं सुमइं सुमइं वज्जियकुमइं ।
पोमप्पहमवि पोमाहरणं गयपासं णमह सुपासजिणं ।
चंदप्पहमहिहियचंदविहं सुविहिं सुविहिं जसपुंजणिहं ।
सीयलवयणभइयंगरुहं सीयलणाहं वंदे अरुहं ।
सेयंसं सेयपवित्तियरं वासवपुज्जं तिहुयणपियरं ।
सिरिवासुपुज्जणामं णिरहं विमलं विमलं तवतावसहं ।
वंदे भयवंतमणंतमहं मणभमिरभूरिभीसणतमहं ।
धम्मं दहधम्मसुवएसयरं पणमामि जिणं जाणियसवरं ।
संतं[1] संतिं जगसंतियरं सोलहमं परमं तित्थयरं ।
कुंथुं कुंथुसु वि दयाविरयं बहुगंथियगंथपंथविरयं[12] ।
पणमामि अरं संणिहियसमं [13]अरमयलं मूलियमोहदुमं ।
मल्लिं मल्लियदामंचियं मुणिसुव्वयमुणिरायं सुवयं ।
णिणमिय णमिणाहं जगसामिं गुणरहणेमिं वंदे णेमिं ।
पासं पासासिकरेण हियं सत्तूण वि वरिसियधम्मसूयं ।
वंदे वयवड्ढमाणणियमं सिरिवड्ढमाणवीरं चरिमं ।

घत्ता—जिह भरहणरिंदें कुवलयचंदें वंदिय सयल जिणेसर ॥
तिह तें जयराएं समियकसाएं पुप्फयंत जोईसर ॥२०॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे जयसुलोयणातित्थयरवंदणं णाम छत्तीसमो परिच्छेओ समत्तो ॥ ३६ ॥

संधि ॥ ३६ ॥

---

२०. १. MB मोक्खरयं । २. M सुमयं । ३. M कुमयं । ४. MB पोमप्पहं पवि । ५. K सुविहं । ६. MB °पवित्तयरं । ७. MB °धम्मपयासयरं । ८. MB कम्मट्ठगंठिणिण्णासयरं; T °सवरं °स्वपरम् । ९. M संतं । १०. MB कुंथेसु दया° । ११. MB दयावहरं; K दयावरयं । १२. MB °विहरं; T °विरयं । १३. MB अरमयलुम्मूलिय°; T °उम्मूलिय° । १४. B °करण° । १५. MB वरसियधम्मसिय । १६. MB चरिमं ।

२०

मुनिमार्गका प्रकाशन करनेवाले ऋषभको, कामदेवके द्वारा मुक्त बाणोंके विजेता अजितनाथको, संसारका नाश करनेवाले सम्भवनाथको, संसार और धरतीको आनन्द प्रदान करनेवाले अभिनन्दनको, अनिन्दित मोक्षगतिको चाहनेवाले तथा कुमतिको छोड़नेवाले सुमतिको, केवलज्ञानरूपी लक्ष्मीको धारण करनेवाले पद्मप्रभ भगवान्‌को, बन्धनसे रहित सुपार्श्वको नमस्कार करो। चन्द्रमाकी विशिष्ट कान्तिको नष्ट करनेवाले चन्द्रप्रभको, यशःसमूहके समान बुद्धिवाले सुविधिको, अपने शीतल वचनोंसे संसारके रोगोंको दूर करनेवाले शीतलनाथकी मैं वन्दना करता हूँ। कल्याण-प्रवृत्तिके विधाता श्रेयांसको, त्रिभुवनके पिता इन्द्रके द्वारा पूज्य, पूजनीय श्रीवासुपूज्यको, तपके तापके सहनकर्ता पवित्र विमलनाथको, मनको घुमानेवाले प्रचुर और भयंकर अज्ञान अन्धकारके नष्ट करनेवाले ऐश्वर्य सम्पन्न अनन्तनाथको मैं नमस्कार करता हूँ। दस धर्मोके उपदेशक और स्व-परको जाननेवाले धर्मनाथको मैं प्रणाम करता हूँ। स्वयं शान्त और विश्वमें शान्तिके विधाता सोलहवें तीर्थंकर शान्तिनाथको, अत्यन्त सूक्ष्म जीवोंके प्रति दया करनेवाले, तरह-तरह-की (अन्तः-बाह्य) ग्रन्थियोंसे परिपूर्ण पन्थोंको दूर करनेवाले कुन्थुनाथको, शमभावके धारक, अचल मोहवृक्षको उखाड़नेवाले अरहनाथको, मालती पुष्पकी मालाओंसे अंचित मल्लिनाथको, सुव्रती मुनि सुव्रतको, चक्रवर्तियोंके द्वारा प्रणम्य विश्वस्वामी नमिनाथको, गुणरूपी रथकी नेमि नेमिनाथको, पाशोंके लिए हाथमें तलवार लेनेवाले पार्श्वनाथको तथा शत्रुओंके लिए भी धर्मको श्री दिखानेवाले, व्रतोंसे नियमोंकी उत्तरोत्तर वृद्धि करनेवाले, अन्तिम तीर्थंकर वर्धमानको मैं प्रणाम करता हूँ।

घत्ता—जिस प्रकार पृथ्वीमण्डलके चन्द्र भरतराजाने समस्त जिनेश्वरोंको वन्दना की, उसी प्रकार शान्त कषाय जयकुमार राजाने पुष्पदन्त योगीश्वरों (तीर्थंकरों) की वन्दना की ॥२०॥

त्रेसठ महापुरुषोंके गुणालंकारोंसे युक्त इस महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित और महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका जयसुलोचना तीर्थवन्दन नामका छत्तीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥३६॥

# संधि ३७

जयराएं रयणविणिम्मियइं पसरियकरणिद्दंकंबइं[1] ॥
तेवीसहं[2] जिणहं अणागयइं[3] वंदियाइं पडिबिंबइं ॥ ध्रुवकं ॥

१

वंदइ सुंदरि[4] चेइयइं जाम तहिं अच्छिय मुणिवर बिण्णि ताम ।
ते तियसहिं गय सहुं समवसरणु जहिं णिवसइ रिसहु तिलोयसरणु ।
बहुवरइं णवेप्पिणु गुरुपयाइं मग्गेण तेण ताइं वि गयाइं ।
पत्तेहिं तेहिं दोहिं वि जणेहिं जिणदंसणवंदणकयमणेहिं ।
वरविजयवइजयंताइयाइं दारइं चत्तारि पलोइयाइं ।
तोरणइं माणमंदरणिसुंभ माणिक्ककरुज्जल[6]माणखंभ[7] ।
सरवरपविमलजलखाइयाउ पप्फुल्लियवेल्लिउ वेइयाउ ।
पायारु फलिहदणिहेलणाइं मुणिणाहघरइं सुरतरुवणाइं ।
जोयंतहिं जोयणमेत्तु दिट्ठु मणिमंडउ जहिं जगजणु णिविट्ठु ।
बत्तीस सुरिंद णरिंदु[8] एक्कु भरहेसरु बीयउ णाइ सक्कु ।
जोइसवइ आणिय चंदसूर सप्पुरिसमहापुरिसारिजूर ।
किण्णरवइ दोण्णि महोरईस ते कायमहाकायंकभीस ।

घत्ता—किंपुरिसहं राणा बिण्णि जण कहिय पुरिस किंपुरिस[9] वि ॥
घरिणिहिं सोमप्पहतणुरुहेण अवलोयवि णवरविच्छवि[10] ॥१॥

२

गंधव्वहं पहु समविसमणाम रक्खसहं भीम अवंतभीम ।
जक्खिंद पुण्ण मणिभद्द भणिय भूयाहिव रूव विरूव भणिय[1] ।
तहिं काल महाकाल वि पिसाय दाविय गेहिणिहि पिसायराय ।

---

MB give, at the commencement of this Samdhi, the following stanza :—

गुरुधर्मोद्भवपावनमभिनन्दितकृष्णमर्जुनोपेतम् ।
भीमपराक्रमसारं भारतमिव भरत तव चरितम् ॥ १ ॥

GK do not give it.

१. १. MB °णिद्दंकंबइं । २. MB तेवीसइं । ३. M अणागयइं । ४. B सुंदर । ५. B omits this foot । ६. G करुज्जलु । ७ MB °थंभ । ८. MB णरिंद । ९. MB किंपुरिसा । १०. M णवरच्छवि; B अवरविच्छवि ।

२. १. MB मुणिय ।

# सन्धि ३७

राजा जयकुमारने अनागत ( आगामी ) तेईस तीर्थंकरोंके, जिनसे किरणोंका समूह प्रसारित हो रहा है, ऐसी रत्ननिर्मित प्रतिमाओंकी वन्दना की।

१

जबतक सुन्दरी चैत्योंकी वन्दना करती है कि वहाँ दो मुनिवर विद्यमान थे। वे दोनों देवोंके साथ उस समवसरणके लिए गये, जहाँ त्रिलोकशरण ऋषभ निवास करते थे। वधूवर भी गुरु चरणोंको नमस्कार कर उसी मार्गसे वहाँ गये। जिन भगवान्‌के दर्शनोंकी इच्छा रखनेवाले उन दोनोंने भी वहाँ पहुँचकर वर विजय वैजयन्तादि चारों दरवाजों और तोरणोंको देखा। मानरूपी मन्दराचलका नाश करनेवाले तथा माणिक्यकी किरणोंसे उज्ज्वल मानस्तम्भ, सरोवरों-की स्वच्छ खाइयों, खिली हुई लताओंवाली वेदिकाओं, प्राकारों, नटराजोंके घरों, मुनिनाथोंके निवासों, कल्पवृक्षोंके वन और एक योजनका बना हुआ मण्डप देखा, जिसमें विश्वजन समूह बैठा हुआ था। बत्तीस इन्द्र, ( कल्पवासी १२, भवनवासी १०, व्यन्तर ८ और चन्द्र तथा सूर्य ) एक भरतेश्वर चक्रवर्ती, जो मानो दूसरा इन्द्र था, ज्योतिषपति और चन्द्रसूर्य कि जो सत्पुरुषों और महापुरुषोंको पीड़ा उत्पन्न करनेवाले हैं, किन्नरपति दोनों महानागराज, कि जो काय और महाकायांकसे अत्यन्त भयानक थे।

घत्ता—किंपुरुषोंके दो इन्द्र थे जो पुरुष और किंपुरुष कहे जाते हैं। सोमप्रभके पुत्रने अपनी गृहिणीकी नये सूर्यके समान छवि देखकर ॥१॥

२

गन्धर्वोंका समविषम नामका राजा। राक्षसोंके भीम और अत्यन्त भीम, यक्षेन्द्र पुनः पुण्यभद्र और मणिभद्र कहे जाते हैं। भूतोंके राजा रूप और विरूप हैं। पिशाचोंमें वहाँ काल और

बल वइरोयण दणुइंद कहिय णाइंद[२] धरण फणिवइ ण रहिय ।
पहु वेणुणालि पुणु वेणुदेउ सोवण्णकुमारहं सोक्खहेउ ।
दीवहिं दीवंगउ दीवचक्खु वयहिहिं जलकंतु जैलप्पहक्खु[३] ।
अमियगइ अमियवाहण विसेस हरि हरिकंत वि सोवामणीस ।
गर्ज्जंत एंति[४] अलिणीलदेह थणियाहिव मेह महंतमेह ।
अग्गिव[५] अग्गि हुयवहसिहाइं वेलंब पहंजण पवणणाहं ।
इय पेक्खवि वीस वि भावणिंद धम्माहिणंद वंदिय मुणिंद ।

घत्ता—विंभयपूरियहियवल्लएण हरिसुप्फुल्लियवयणें ॥
अरुं जय पभणंतें जयणिवेण भवदिसु पेसियणयणें ॥२॥

३

णाहेयपायणियडइ णइंदु[१] पुणु वसहसेणु गणणाहु दिट्ठु ।
पुणु वीयउ गणहरु जंइवरिंदु[२] अवलोयउ कुंभु महारिसिंदु ।
दढरहु विहियपरियरु सत्तुदमणु गणि देवसम्मु धणदेउ समणु ।
धम्माणंदणु इसिणंदणक्खु अइ सोमयंत्तु[३] सुरदत्तु भिक्खु ।
मुणि वाउसम्मु झाणोवविट्ठु[४] देवग्गि अग्गिदेउ वि वरिट्ठु ।
रिसि[५] अग्गिगुत्तु अण्णेक्कु गोत्तु सेयंसिउ सत्तुं[६]यासगुत्तु ।
हलहरु महिहरु माहिंदु धीरु वसुएउ वसुंधरु अचलु[७] मेरु ।
विण्णाणवंतु विण्णाणमेरु मुणि मयरकेउ हयमयरकेउ[८] ।
थिरचित्तु पवित्तु धरिसिगुत्तु सयलोसहिगुत्तु वि विजयगुत्तु ।
पुणु जण्णगुत्तु[९] पुणु सव्वगुत्तु पुणु[१०] सव्वरिथ आयमि पवत्तु ।
पुणु विजयभडारउ विजयमित्तु विजइल सिरिअवराइउ णिरुत्तु ।
अवर वि परमेसर परमजोइ चउरासी गणहर एवमाइ ।

घत्ता—विहिणा लिहिया[११] इव भित्तियले झाणलीण मणधीरा ॥
जोइय जएण[१२] जियजमकरेण[१३] सव्व वि साहु भडारा ॥३॥

४

उग्गतवमहादवतत्ततवहं दित्ततव तवंतहं घोरतवहं ।
तवसिद्धपुव्वविज्जाहराहं अणिमाइगुणड्ढहं गुणहराहं ।
आहारयतणुलयधारयाहं मयरहियहं मोक्खासारयाहं ।

---

२. MB णागिंद । ३. B हलपहक्खु । ४. MB एंत । ५. MB अग्गिवइ ।

३. १. MB णिविट्ठु । २. MB जसयरिंदु । ३. MB सोमयत्त । ४. M मुणि वाउसम्मु; B मुणि वाउ समुज्झाणो° । ५. MB सिरि अग्गिगोत्तु । ६. MB सत्त° । ७. MB अचल । ८. M मय; B मय° । ९. MB अणयगुत्तु । १०. MB सव्वउत्तु कायम° । ११. MB लिहियाइ वि । १२. MB जएण । १३. B °करणा ।

महाकाल राजा हैं। बल और वैरोचन दानवेन्द्र कहे जाते हैं। नागराज धरणेन्द्र और फणीन्द्र भी बाकी नहीं बचे। स्वर्णकुमारोंके सुखके कारण उनके राजा वेणुवालि और वेणुदेव हैं। द्वीपकुमारके दीपांग और दीपचक्षु हैं, समुद्रोंमें अलकान्त और जलप्रभ। दिक्कुमारोंके अमितगति और अमितवाहन। विद्युत्कुमारोंके हरि और हरिकान्त। भ्रमरके समान कृष्णशरीर स्तनितोंके देव मेघ और महन्तमेघ थे। अग्निज्वालाओंके अग्नि और अग्निदेव, पवनोंके स्वामी वेलम्ब और प्रभंजन इस प्रकार बीस भवनवासी इन्द्रोंको देखकर उन्होंने धर्मसे अभिनन्दनीय मुनियोंकी वन्दना की।

घत्ता—आश्चर्यसे भरे हुए हृदय और हर्षसे खिले हुए जय राजाने जय-जय कहते हुए तथा चारों ओर दृष्टि घुमाते हुए—॥२॥

३

वह नाभेय ( ऋषभ ) के चरणोंके निकट बैठ गया। फिर उसने प्रमुख गणधर वृषभनाथके दर्शन किये। फिर दूसरे गणधर यतिवरेन्द्र और महाऋषीन्द्र कुम्भको देखा। फिर धैर्यके समूह शत्रुदमन गणधर देवशर्मा, श्रमण, धनदेव, धर्मनन्दन, ऋषिनन्दन, यति सोमदत्त, भिक्षु सुरदत्त, ध्यानमें स्थित मुनि वायुशर्मा, देवाग्नि और वरिष्ठ अग्निदेव, मुनि अग्निगुप्त एक और दूसरे गोत्रके तेज अंशवाले अग्निगुप्त। हलधर, महीधर, धीर माहेन्द्र, वसुदेव, वसुन्धर, अचल मेरु, विज्ञानवान, विज्ञाननेय, कामदेवको नष्ट करनेवाले मुनि मकरकेतु, स्थिर चित्त, पवित्र, धरित्रीगुप्त, सकल औषधिगुप्त और विजयगुप्त भी, फिर यज्ञगुप्त और फिर सर्वगुप्त, फिर सर्वार्थगुप्त जैसा कि आगममें कहा गया है; फिर भट्टारक विजय, विजयमित्र, विजइल ( विजयदत्त ) और श्री अपराजित और श्री परमेश्वर परमज्योति इत्यादि चौरासी गणधर थे।

घत्ता—विधाताके द्वारा भित्तितलपर लिखे हुएके समान, ध्यानमें लीन और मनसे धीर, सभी यमको जीतनेवाले आदरणीय गणधरोंको जयने देखा ॥३॥

४

उग्र तप और महातप तपनेवाले, दीप्त तप तपनेवाले, घोर तपवाले, तपसे सिद्ध पूज्य विद्याओंको धारण करनेवाले, अणिमादि गुणोंसे सम्पन्न गणधरों, आहारक शरीरको धारण

अविचलसुयसायरपारयाहं णग्गहं णीसंगहं णीरयाहं ।
पयबीयकोट्ठबुद्धीसराहं तेजंइयरिद्धिसिद्धिभासुराहं ।
पंचविहणाणउप्पायणाहं बुज्झियपयत्थपज्जायणाहं ।
छम्मासवरिसउववासयाहं तरुकोडरकंदरवासियाहं ।
कंदप्पदप्पविणिवारणाहं जल्लोसहितंसुणहचारणाहं ।
समसत्तुमित्तकंचणतणाहं पासायवीवणिवसणाहं ।
दुज्जयपरवाइगिराहराहं पलियंकत्थहं लंबियकराहं ।
खंचियक्खपक्खभिक्खारयाहं चउरासीसहसइं जईवराहं ।

घत्ता—इहु सो सोमप्पहु दिव्वु मुणि इहु सेयंसु वि समियमणु ॥
इहु पेक्खु सुलोयणि तुज्झु पिउ रायरिसिंदु अकंपणु ॥४॥

५

इहु जोयहि भायसहासु तुज्झु थिउ जाणिवि धम्महु तणउं गुज्झु ।
जेणासि सयंवरि सूरदित्ति रूसाविय महरणि अक्ककित्ति ।
इहु सो दुम्मरिसणु णरवरिंदु समभावि परिट्ठिउ हुउ मुणिंदु ।
सम्मत्तसुद्धिसोहियमईहिं णाणुग्गमणिज्झरियरईहिं ।
एक्कंवरछइयथणत्थलीहिं दलवट्टियकलिमलकंदलीहिं ।
जम्ममलविचिंतंगोयरीहिं विज्जाहरीहिं भूगोयरीहिं ।
सुइसीलसलिलसंगहसरीहिं सेवियकाणणमहिहरदरीहिं ।
आसंचियबंभीसुंदरीहिं लक्खाइं तिण्णि संजमधरीहिं ।
अज्जियसंखहि कहियाइं जाइं पण्णाससहसअहियाइं ताइं ।
तेत्तियइं जि लक्खइं सावयाहं परिपालियबारहविहवयाइं ।
जीवहं अदिण्णहिंसावईहिं तहिं पंचेव य लक्खइं सावईहिं ।

घत्ता—कागणिकेरु सुरगुरु फणिवइ वि परिगणन्तु मणि मुज्झइ ॥
पणवंतहं देवहं दाणवहं मृगहं संख को बुज्झइ ॥५॥

६

अवंततत्तवणीयवण्णु कंकेल्लिकुरुहछाहीणिसण्णु ।
पेच्छिवि सहसंबवि जगजणेरु णं जंबूदीवहु मज्झि मेरु ।
इच्छियभवभमणविणिग्गमेण सकलत्त विलसियरूवसमेण ।

---

४. १. MB अविलय° । २. MB तै जाय° । ३. MB °उप्पायणाहं । ४. M तवकोडर° । ५. M °सेविय-संसु° । ६. M reads this foot as 11 a । ७. M reads theis foot as 10 b । ८. B जईसराहं । ९. M सयंसु । १०. MB पेक्खि ।

५. १. MB भाइसहासु; K मायसहासु but corrects it to भायरसहासु । २. MB एकंबर° । ३. MB °विलित्तं° । ४. MB पंच जि लक्खइं; K चउपण्ण जि लक्खइं । ५. MB °कर । ६. MB मिगहं ।

६. १. MB भवभवण° ।

करनेवाले मदसे रहित, मोक्षकी आशामें लीन रहनेवाले, अविचल श्रुतरूपी सागरको पार करनेवाले, नग्न-अनासंग-निष्पाप, कोष्ठ बुद्धीश्वरोंको पदोंमें प्रणत करानेवाले, तेजमें ऋद्धियों और आगसे भास्वर, पाँच प्रकारके ज्ञानको प्राप्त करनेवाले, पदार्थ और उनके पर्यायोंको जाननेवाले, छह माह और एक वर्षमें उपवास करनेवाले वृक्षोंकी कोटरों और पहाड़ी कन्दराओंमें निवास करनेवाले, कामदेवके दर्पको चूर-चूर करनेवाले, जलश्रेणी-तन्तु और आकाशमें विचरण करनेवाले, शत्रु-मित्र, काँच और कंचनमें समताभाव धारण करनेवाले, प्रासादमें रखे हुए दीपक समान निश्चल मनवाले, अजेय पर-सिद्धान्तवादियोंकी वाणीका अपहरण करनेवाले, पर्यंकासनपर हाथ लम्बे कर बैठे हुए इन्द्रियोंके पक्षका नाश करनेवाले, भिक्षामें रत चौरासी मुनिवरोंको देखा।

घत्ता—यह वह दिव्य मुनि सोमप्रभ हैं। यह वह मनको शान्त करनेवाले राजा श्रेयांस हैं। यह देखो सुलोचने, तुम्हारे पिता राजर्षि अकम्पन हैं ॥४॥

५

यह देखो तुम्हारे एक हजार भाई हैं जो धर्मका रहस्य जानकर स्थित हैं। जिसने स्वयंवरमें सूर्यके समान दीप्तिवाले अर्ककीर्तिको महायुद्धमें रुष्ट किया था, यह वह दुर्मर्षण नरवरेन्द्र समभावमें स्थित मुनीन्द्र हो गया है। सम्यक्त्व और शुद्धिसे शोभित बुद्धिवाली ज्ञानके उद्गमसे रतिको नष्ट करनेवाली, अपनी स्तनरूपी स्थलीको एक वस्त्रसे आच्छादित करनेवाली, पापमलके अंकुरोंको नष्ट करनेवाली, प्रस्वेदमलसे विचित्र अंगसे गोचरी करनेवाली, पवित्र शीलरूपी जलके संग्रहकी नदी, कानन और महीधरोंकी घाटियोंमें निवास करनेवाली, ब्राह्मी और सुन्दरीकी शरण लेनेवाली, संयम धारण करनेवाली, विद्याधरियों और मनुष्यनियोंकी संख्या तीन लाख थी। जितनी आर्यिकाओंकी संख्या कही गयी है, उसमें पचास हजार अधिक और उतने ही लाख—अर्थात् साढ़े तीन लाख बारह प्रकारके व्रतोंको धारण करनेवाले श्रावक थे। जीवमात्रको हिंसाकी आपत्ति नहीं देनेवाली वहाँ पाँच लाख श्राविकाएँ थीं।

घत्ता—कार्गाणिकर, बृहस्पति, नागराज भी संख्या गिनते हुए मनमें मूच्छित हो जाते हैं। उन्हें प्रणाम करते हुए देवों, दानवों और पशुओंकी संख्या कौन समझ सकता है ॥५॥

६

अत्यन्त तपे हुए सोनेके रंगके समान, अशोकवृक्षकी छायामें विराजमान सभामण्डपमें जगत्पिताको देखकर, मानो जम्बूद्वीपके बीचमें सुमेरुपर्वत हो, भवभ्रमणसे निवृत्तिकी इच्छा रखने-

इह चक्कवट्टिसेणाहिवेण पारद्धु थुणहुं जयपरिवेण।
जय देव विण्णपविमलमणीस जय जिण तिहुयण[1]चूडामणीस।
जय जीवलोयबंधव दयाल जय पुरुतित्थंकर सामिसाल।
जय कप्परुक्ख जय कामधेणु जय चिंतामणि भयतरुकरेणु।
जय सयरायरलोयावलोय संसारमहण्णवतरणपोय।
घत्ता—पइं पयाणेयवियप्पणयजाएं वारियँ[2] परमपय ॥
पइं जीवहं थावरजंगमहं भयभीयहं भासिय जीवदय ॥६॥

७

मउलाविय[1]मिच्छामोहरयइं समयइं तेसट्ठइं तिण्णि सयइं।
पइं जिणिवि णाह जं तच्चु सिट्ठु[2] तं मुणइ ण बंभु ण रुद्दु दिट्ठु।
सयलहं मणि णिवसइ सामलंगि विउ संभरंति किं सत्तभंगि।
तुहुं जाणहि तिजगु वि वीयराउ तुहुं इंदमउडमणिघडियपाउ।
तुहुं परमप्पउ देवाहिदेव हउं करेवी[3] तुहारी चरणसेव।
इय वंदिवि जिणु जियतरुणिविरहु पणविवि संभासिउ तेण भरहु।
पहु मेल्लहि गच्छमि करि पसाउ तवचरणु लेमि भंजमि विसाउ।
तं सुणिवि चवइ[4] रायाहिराउ लइ रज्जु तुहुं जि जय होहि राउ।
ण पहुच्चइ जइ तुह गयउरेण तो पूरइ किं ण धरायलेण।
एएं सयलेण वि सरयणेण आयड्ढियणवणिहिहडधणेण।
हउं अच्छमि अंतेउरि पइट्ठु तुहुं भुंजहि महि आसणि णिविट्ठ[5]।
घत्ता—मा जाहि तवोवणु चमुपमुह वेढाविउ रिउ रायहिं ॥
पइं जेहउ वीरु[6] महाभडु वि जिप्पइ विसयकसायहिं ॥७॥

८

जिणण्हवणवारिधुयमंदरेण[1] सा विहसिवि चविउ पुरंदरेण।
मेल्लिहि[2] भरहाहिव जाउ एहु होसइ गणहरु तवलच्छिगेहु।
तियसिंदहु तं पडिवण्णु तेण णियपणइणि आउच्छिय जएण।
जं चिरु पिउ[3]णिलयहु णिग्गयाइं जं णासिवि सरवासहु[4] गयाइं।
जं सत्तिसेणपरिपालियाइं अरिणा घरि सिहिणा जालियाइं।
जं भंगुरणहरहिं दारियाइं तिण्णि वि मज्जारें मारियाइं।
मुणिवरइं खलेण णिहालियाइं जं पिक्खणजलणें पज्जलियाइं।
वेवल्लियतणुसोहाहराइं जायाइं सग्गि जं बहुवराइं।
जं वणि पचारिउ भीमसाहु जं हूयउ सो तेलोक्कणाहु।
तं सुयरमि सुंदरि जामि अज्ज साहेवउं मइं परलोयकज्ज।

२. T तिहुयण° । ३. MB चारिय; T निवारिता निराकृता ।
७. १. K मउडाविय° । २. MB भणिचिट्ठय° ( चिट्ठ ? ) । ३. MB करमि । ४. B भणइ । ५. MB णिवट्ठु । ६. MB वीर ।
८. १. G मंदिरेण । २. MB मेल्लहि । ३. MB पिय° । ४. MK सरवाहहु ।

वाले उपशमभावसे शोभित अपनी पत्नीके साथ चक्रवर्ती भरतके सेनापति राजा जयकुमारने स्तुति प्रारम्भ की—"विमल बुद्धि देनेवाले हे देव, आपकी जय हो, त्रिभुवन श्रेष्ठ आपकी जय हो, जीवलोकके बन्धु और दयालु आपकी जय हो, पुरुतीर्थंकर स्वामिश्रेष्ठ आपकी जय हो, हे कल्पवृक्ष, हे कामधेनु, जय हो। हे चिन्तामणि और मदरूपी वृक्षके लिए गज, आपकी जय हो। सचराचर लोकका अवलोकन करनेवाले आपकी जय हो, संसाररूपी समुद्रके सन्तरण पोत ( जहाज ) आपकी जय हो।

घत्ता—हे परमपद, आपने एकानेक ( अद्वैत-क्षणिक आदि विकल्प ) के विकल्पवाले नयके न्यायसे परमतका निवारण किया है, आपने क्षमसे भयभीत स्थावर-जंगम जीवोंके लिए जीवदयाका कथन किया है ॥६॥

७

मिथ्यामोह और रतिको बढ़ानेवाले तीन सौ त्रेसठ मतोंको जीतकर, हे स्वामी, आपने जिस तत्त्वकी रचना की है, उसे ब्रह्मा, विष्णु और शिव नहीं जानते। सभीके मनमें श्यामलांगी ( सुन्दरी ) निवास करती है, वे विट, सप्तभंगीकी क्या याद कर सकते हैं। हे वीतराग, आप तीनों लोकोंको जानते हैं। तुम परमात्मा और देवाधिदेव हो। मैं तुम्हारी चरणसेवा करूँगा। इस प्रकार जिनकी वन्दना कर, रमणीके विरहको जीतनेवाले अरहंतको प्रणाम कर उसने उनके साथ सम्भाषण किया—"हे प्रभु, छोड़ दीजिए, मैं जाता हूँ। प्रसाद करिए, मैं तपश्चरण लूँगा और दुःखका नाश करूँगा?" यह सुनकर राजाधिराज भरत कहता है—"हे जय, लो तुम्हीं राज्य ले लो, तुम्हीं राजा हो जाओ। यदि तुम्हें गजपुर पर्याप्त नहीं है, तो धरतीतल तथा रत्नों सहित इस समस्त नवनिधिरूपी घड़ोंमें संचित धनसे भी क्या पूरा न पड़ेगा। मैं अन्तःपुरमें प्रवेश करके रहता हूँ। तुम सिंहासनपर बैठकर धरतीका भोग करो।

घत्ता—हे सेना प्रमुख, तुम तपोवनके लिए मत जाओ, शत्रुराजाओंसे विजय वृद्धिको प्राप्त तुम-जैसा वीर महासुभट भी ( क्या? ) विषय कषायोंसे जीता जा सकता है? ॥७॥

८

तब जिन भगवान्‌के अभिषेक-जलसे मन्दराचलको धोनेवाले इन्द्रने हँसकर कहा—हे भरताधिप, आप इसे छोड़ दें, यह जाये। तपलक्ष्मीका घर यह गणधर होगा। तब भरतने देवेन्द्रके लिए इसकी स्वीकृति दे दी। जयकुमारने अपनी पत्नीसे पूछा—"जो पहले हम पिताके घरसे निकले थे, और जब सरोवरवासपर भागकर गये थे और (सामन्त) शक्तिषेणने हमारा पालन किया था, और घरमें शत्रुके द्वारा आगसे जलाये गये थे, जो भंगुर नखोंसे हम विदीर्ण किये गये थे, और दोनों मार्जारके द्वारा मारे गये थे, हम मुनिवर उस दुष्टके द्वारा देखे गये थे, और जो मरघटमें जलाये गये थे, और जो वैक्रियिक शरीरकी शोभा धारण करनेवाले स्वर्गमें वधूवर हुए थे, और जो हमने वनमें भीमसाधुको पुकारा था, और जो वह त्रिलोकनाथ हुआ, हे सुन्दरी, मैं उस

घत्ता—आयण्णिवि चल संसारगइ विहुणियसव्वसरीरए ॥
आमेल्लिउ पियथमु पणइणिए रज्जु वि गिरिधीरए ॥८॥

९

लहुयहिं विजयाइहिं भायरेहिं विज्जंतु वि धम्मकयायरेहिं ।
अवगण्णिवि तणु जिह पुहइरज्जु मयभावजणणु णं पीयमज्जु ।
हक्कारिउ पुत्तु अणंतवीरु गुरुविणयवंतु परलोयभीरु ।
तहु पट्टु णिबंधिवि जयरवेण जिणवरु जयकारिवि घणरवेण ।
आउच्छिवि जीवाजीवभेय परियाणिवि णाणाणाणणेय ।
अरिमित्ति पढंजिवि सरिस दिट्ठि सिरि लोउ विइण्णउ पंचमुट्ठि ।
दव्वें भावेण वि मुक्कगंथु णिग्गंथु णियच्छियमोक्खपंथु ।
जउ दिक्खंकिउ पणविउ जईहिं अट्ठहिं सएहिं सहु णरवईहिं ।
तेणंगाइं बारह सिक्खियाइं चोद्दह पुव्वइं उवलक्खियाइं ।
सो मुणिवरु मेल्लिवि मोहपासु जायउ गणहरु रिसहेसरासु ।
घत्ता—संभरमि पुव्वभवसंचरिउ वम्महपसरणिवारा ॥
अणुगामिणि तुम्हहु होमि हउं संजमु धरमि भडारा ॥९॥

१०

जइयहुं वणियरकुलि वणिवराइं रिउभइयइं छड्डियमंदिराइं ।
कयकम्मपहावें विणडियाइं णासंतइं काणणि णिवडियाइं ।
णियकंतइ सहुं सुहिहियथेणु जइयहुं सरि मिलियउ सत्तिसेणु ।
जइयहुं मुणिवेज्जावच्चु कियउ हियउल्लउं काइं वि धम्मि थियउ ।
जइयहुं आयइं पारावयाइं लइयइं दोहिं वि सावयवयाइं ।
जइयहुं उप्पण्णइं खेयराइं लीलालंघियविउलंबराइं ।
रिसिदंसणेण विंभियमणाइं जइयहुं सुराइं विण्णि वि जणाइं ।
तइयहुं लग्गिवि वट्टेपइ णिरुत्तु भो तुज्झु चरित्तु जि सहुं चरित्तु ।
णीसेसजीवसंतीयरेण तं वयणु समिच्छिउ मुणिवरेण ।
सज्जणगुणगहणाणंदियाइ अप्पिय सुंदरिइ सुहद्दियाइ ।
घल्लिउ सकेसु लुंचिवि सणेहु वयसीलगुणहिं भूसियउ देहु ।
उम्मुक्कवियारपलोयणाइ लइयउ तवचरणु सुलोयणाइ ।
घत्ता—घुसिणारुण जे थणहारमणि मंडिय ते मलमइलिय ॥
णं वम्महपहुअहिसेयघड रयपंगुत्त णिहालिय ॥१०॥

---

९. १. MB तिणु । २. MB हक्कारिवि पुणु । ३. MB जयवरेण । ४. MB जयकारेण । ५. M दिव्वें ।
६. M तुम्हहं होमि; K तुम्हहुं होमि ।

१०. १. MB णिवडियाइं । २. MB तुहुं पइं । ३. M भज्जु । ४. MB °गहणें णंदियाइ । ५. MB सकेस । ६. MB वय° । ७. MB उम्मुक्कवियारयलोयणाइ ।

सबको याद करता हूँ, आज मैं अब जाता हूँ। मैं अब अपना परलोक कर्म सिद्ध करूँगा।'

घत्ता—संसारकी चंचल गति सुनकर, अपने समस्त शरीरको कँपाते हुए, पर्वतकी तरह धीर उस प्रणयिनीने चाहते हुए भी प्रियतमको मुक्त कर दिया ॥८॥

९

धर्मका आदर करनेवाले विजय आदि छोटे भाइयोंने भी दिये जाते हुए पृथ्वीराज्यको तृणके समान समझा और पिये गये मद्यके समान मदभावको उत्पन्न करनेवाला समझा। उसने अनन्तवीर्य पुत्रको बुलाया, जो गुण और विनयसे युक्त परलोक-भीरु था। जयकुमारने उसे राज-पट्ट बाँधकर, मेघस्वरवाले उसने जिनकी जय-जयकार कर, जीव-अजीवके भेदको जानकर, नाना ज्ञानोंसे ज्ञेय जानकर, शत्रु और मित्रमें समान दृष्टि कर, पाँच मुट्ठियोंसे सिरके बाल उखाड़ लिये, और द्रव्य तथा भावकी दृष्टिसे परिग्रहमुक्त हो गया। निर्ग्रन्थ और मोक्षपथको देखनेवाले दीक्षासे अंकित जयको आठ सौ राजाओंके साथ मुनियोंने प्रणाम किया। उसने बारह अंगोंको सीखा और चौदह पूर्वोंको उपलक्षित किया। वह मुनिवर मोहपाश छोड़कर, ऋषभेश्वरका गणधर हो गया।

घत्ता—हे कामदेवके प्रसारका निवारण करनेवाले आदरणीय, मैं पूर्वभवकी गतियोंको स्मरण करती हूँ, मैं तुम्हारी अनुगामिनी बनूँगी, मैं संयम धारण करूँगी ॥९॥

१०

जब वणिग्वरके कुलमें हम वणिक् थे और शत्रुसे भयभीत होकर हमने अपना घर छोड़ा था, अपने किये गये कर्मके प्रभावसे प्रतारित हम भागते हुए जंगलमें गये। उस समय सुधीजनोंके हृदयका चोर ( सामन्त ) शक्तिषेण अपनी कान्ताके साथ सरोवरपर मिला। जब हम लोगोंने मुनिकी वैयावृत्य की और किसी प्रकार हृदय धर्ममें स्थित हुआ। जब हम कबूतर हुए, हम दोनोंने श्रावक व्रत ग्रहण किये। जब हम लीलासे विशाल आकाशका उल्लंघन करनेवाले विद्याधर हुए, जब मुनिदर्शनसे विस्मितमन हम दोनों सुर हुए। तबसे लेकर हम वधू और पति रहे। अरे, तुम्हारा चरित्र ही हमारा चरित्र है। ( सुलोचनाके ) ये वचन, निःशेष जीवोंको शान्ति प्रदान करनेवाले मुनिवरने पसन्द किये। सज्जनोंके गुणोंको ग्रहण करनेमें आनन्दित होनेवाली आर्यिका सुभद्राके लिए अर्पित उस सुन्दरी सुलोचनाने स्नेहके साथ अपने केश उखाड़कर फेंक दिये और व्रत तथा शीलगुणोंसे अपने शरीरको भूषित कर लिया। उन्मुक्त विचारसे देखनेवाली सुलोचना-ने तपश्चरण ले लिया।

घत्ता—केशरसे अरुण तथा स्तनहार-मणियोंसे मण्डित जो स्तन मानो कामदेवरूपी राजाके अभिषेकके घट थे, धूल-धूसरित वे अब मलसे मैले दिखाई दिये ॥१०॥

## ११

गंधारिगोरिपण्णत्तियाउ चिरभवविज्जउ परिचत्तियाउ[1] ।
विच्छड्डियघरवावारतत्ति अपरिग्गह थिय जयरायपत्ति ।
ता पियविओयसिहितवियकाय जूरइ अणंतवरवीरमाय ।
हा पुत्त पडिच्छिउ काइं पट्टु विणु पिउणा रज्जें को मरट्टु ।
इंदियइं पंच णेव पीलियाइं[2] झाणेण ण णयणइं मीलियाइं ।
मइं पावइ काइं जियंतियाइ पइविच्छोएं तप्पंतियाइ ।
इय सा जंपंति मुयंति रिद्धि णियसुयहु देंति परलोयबुद्धि ।
मंतिहिं विणिवारिय दिण्णकामि थिय रायसासणाणंदधामि ।
घणरवघरिणिउ चयपयणईउ अवरउ[3] संजायउ संजईउ ।
एयारसंगसुयधारिणीउ णाणापुरगामविहारिणीउ ।
देवाइं अकंपणु सगुरुहाइ रयणहिं[4] सफईतरु कहिउ ताइ ।

घत्ता—गुरु पुच्छिउ बंभीसुंदरिहिं देव तिलोयालोयण ॥
अग्गइ कहिं संभउ जयरिसिहि होसइ केत्थु सुलोयण ॥११॥

## १२

भुवणत्तयलोयसुहंकरेण ता भणिउं पढमतित्थंकरेण ।
उप्पाइवि केवलु विमलु णाणु जाएसइ जउ णिव्वाणठाणु ।
होइवि अहमिंदु सुलोयणा वि सुइभावें भावाभावभावि ।
माणियणिव्वाणरईरमाइ सुहुं भुंजिवि बहुसायरसमाइ ।
होही कणयद्धउ[1] णाम राउ तउ चरिवि पणासिवि रोसु[2] राउ ।
लहिही सुहुं[3] अमरणु अकरणालु जेवड्डु सलिलु तेवड्डु णालु ।
णिप्पज्जइ णलिणहु णत्थि भंति जिणधम्मि पेसु वि[4] सुरिंद होंति ।
जिणधम्मि छिज्जइ मोहमूलु[5] जिणधम्मु सव्वकल्लाणमूलु ।

घत्ता—जिणधम्मु पमाइवि[6] मूढमइ जो परधम्महु लग्गइ ॥
चउरासीजोणिलक्खविहुरि णिवडिउ सो कहिं णिग्गइ ॥१२॥

## १३

मागहमंडलपरमेसरासु चेल्लिणिकमलिणिणवणेसरासु ।
खाइयसम्मत्तणिहीसरासु आगामि[1]तइयभवजिणवरासु ।
सेणियहु कहइ रिसि पुंसियसंकु[2] गोत्तमु दियगोत्तंबर[3]मियंकु ।
गणहरु रिसिसंघहु तिलयभूउ जयराउ एक्कहत्तरिमु हूउ ।

---

११. १. MB पत्तत्तियाउ । २. MB ण णिवीलियाइं । ३. MB अवर वि । ४. MB रयणिहिं ।

१२. १. B कणयद्धउ । २. MB सो सुराउ । ३. MB सुहुं अमणु अकरणालु । ४. MB पुण वि ।
५. MB मोहजालु । ६. B मुएवि ।

१३. १. MB आगम्मि । २. MB असियसंकु । ३. MB दियगोत्तें वर° ।

११

चिरभवमें अर्जित गन्धारी, गौरी और प्रज्ञप्ति विद्याएँ उसने छोड़ दीं। गृह व्यापारकी तृप्तिको छोड़नेवाली जयकी पत्नी परिग्रहसे हीन होकर स्थित हो गयी। तब प्रियके वियोगकी ज्वालासे सन्तप्तकाय अनन्तवीरकी माता पीड़ित हो उठती है—'हे पुत्र, तुमने राजपट्ट क्यों स्वीकार किया? पिताके बिना राज्यमें क्या अहंकार? तुमने अन्य इन्द्रियोंको पीड़ित नहीं किया। ध्यानके द्वारा अपने नेत्रोंको निमीलित नहीं किया। पति-वियोगमें तड़पती हुई और जीती हुई मुझसे क्या पाया जायेगा?' इस प्रकार कहती हुई और अपने पुत्रको परलोककी बुद्धि देती हुई समस्त ऋद्धि छोड़ देती है। परन्तु मन्त्रियोंके मना करनेपर, कामनाओंकी पूर्ति करनेवाले राज्य-शासनके केन्द्र हस्तिनापुरमें वह स्थित हो गयी। व्रतरूपी जलकी नदी, जयकुमारकी वह पत्नी एक दूसरी आर्यिका हो गयी। ग्यारह अंगश्रुतोंको धारण करनेवाली तथा नाना पुरों और ग्रामोंमें विहार करनेवाली राजा अकम्पनकी पुत्री उस देवीने रत्ना श्राविकाको अपना कथान्तर बताया।

घत्ता—ब्राह्मी और सुन्दरी देवियोंने गुरुसे पूछा—"त्रिलोकको देखनेवाले हे देव, जयमुनिका अगला जन्म कहाँ होगा, और सुलोचना कहाँ होगी?" ॥११॥

१२

तब भुवनत्रयलोकके लिए कल्याणकर प्रथम तीर्थंकरने कहा—"जय केवल विमलज्ञान उत्पन्न कर निर्वाणस्थानको प्राप्त करेगा। यह सुलोचना भी, भावाभावका विचार करनेवाला अच्युतेन्द्र देव होगी। माना है देवोंकी रति और लक्ष्मीको जिनमें ऐसे अनेक वर्षों तक सुखका भोगकर, यह कनकध्वज राजा होगी, और तपकर तथा रागद्वेषका नाश कर, इन्द्रियशून्य और मृत्यु रहित सुख प्राप्त करेगी। जितना बड़ा पानी, उतना बड़ा नाल कमलके उत्पन्न होता है, इसमें भ्रान्ति नहीं है। जिनधर्मसे पशु भी देवेन्द्र होते हैं। जिनधर्मसे मोह की जड़ नष्ट होती है। जिनधर्म सबके कल्याणका मूल है।

घत्ता—जो मूढ़मति जिनधर्मको छोड़कर परधर्ममें लगता है, चौरासी लाख योनियोंके संकटमें पड़ा हुआ वह कहाँ निकल पाता है? ॥१२॥

१३

मागध मण्डलके परमेश्वर चेलनारूपी कमलिनीके लिए नये सूर्यके समान क्षायिक सम्यक्त्वरूपी निधिका ईश्वर, आगामी तीसरे भवमें तीर्थंकर होनेवाले राजा श्रेणिकसे, शंकाको पोंछ देनेवाले, ब्राह्मणरूपी आकाशके चन्द्र गौतम ऋषि कहते हैं—"मुनिसंघमें श्रेष्ठ जयराजा

सईसिद्धु भडारउ दुहविणासु संपत्तउ सो तिजगग्गवासु ।
गेहिणि हूई अच्चुइ सुरिंदु कालें महि विहरइ जिणवरिंदु ।
णिरंसणभूसणभूसिउ अणंतु दीसइ सुरयणु तें सहुं चलंतु ।
आयासहु णिवडइ पुप्फविट्ठि चउअहियइं चमरइं चारु सट्ठि ।
जहिं पाउ देइ तहिं तहिं जि कमलु सुरवइ जुंजइ गुरुभत्तिविमलु ।
जहिं वसइ तहिं कासु वि ण दुक्खु जहिं वसइ तहिं जि कंकेल्लिरुक्खु ।
सीहासणु छत्तइं तिण्णि थंति तिहुयणपहुत्तु णाहहु कहंति ।
घत्ता—जाणिज्जइ सूयरसंवरहिं मृगमायंगतुरंगहिं ॥
जिणणाहहु भासिउ परिणवइ सयलजीवभासंगहिं ॥१३॥

१४

सुव्वइ[1] दुंदुहि णहि वज्जमाणु पणवइ जणवउ पुलइज्जमाणु ।
दैसोहिय[2] उम्भायंति चरु[3]उ बहुकुसुमगंधपरिमलिउ[4] मरुउ ।
भामंडलु पवरविसंडलाहु गच्छंति समउं बहुभेय साहु ।
पुव्वंगधारि संयदमुसरीर मणपज्जवणाणि संहावधीर[5] ।
देसावहिपरमावहिसमेय केवलिकेवलणाणेक्कतेय[10] ।
णवादिक्खिय सिक्खुयं[12] संत दंत[13] वेउव्वियाइं बहुरिद्धिवंत ।
णिहयक्खयअक्खयपयसमीह[14] कइगमयवाइ वाईहं सीह ।
जहिं गच्छइ तहिं गच्छंति भव्व[15] जहिं अच्छइ तहिं अच्छंति सव्व ।
माणव तिरिक्ख सुरवर असंख हू हू हुयंति चउदिसिहिं संख ।
झं झं करंति झुणि झल्लरीउ णच्चंति णरामरसुंदरीउ ।
तुंबुरु णारय गायंति मिट्ठु भरहें दिट्ठउ जिणु[16] सुहुं[17] णिविट्ठु ।
घत्ता—आउच्छिउ धम्मु महीसरेण जं जिह जेहउ पेक्खइ ॥
केवलि परमप्पउ णिक्कलुसु तं तिह तेहउ अक्खइ ॥१४॥

---

४. MB णिवसण°; K णिवसण but corrects it to णिरसण°। ५. MB सीहासण । ६. MB सिंग°।
१४. १. M सुम्मइ; B सव्वइ । २. B दोसाहिव । ३. B चारु । ४. M °मलियमरुउ; B °मलिउ गारु । ५. M adds after this in second hand and in the margin : चउसहसदलभयसय-विहीर । ६. B °णाण । ७. M दुसदहसहास । ८. M adds after this in second hand and in the margin : रिसि सयपण्णास विमुक्कु वास । ९. M adds after this in second hand and in the margin : तेरंचसहस पवडियविवेय; B adds : मुणिरंचसहस पयडियविवेय । १०. M °केवलणाणक्क°; B °केवलिणाणक्क° । ११. M adds after this in second hand and in the margin : णयणग्गाई चउसुण्णहिं समेय; B adds : णयणग्गाई चउसुण्णसमेय । १२. MB °सिक्खिय° । १३. M adds after this in second hand and in the margin : दहविउणसहसरिउसयमहंत; B adds : दहविउणसहस रिउसयसहंत, ण हु नयभयदोएक्कु वि णिरीह । १४. B णिहियमक्खमसुअक्खय° । १५. MB सव्व । १६. MB जिणु । १७. B सुहणिविट्ठु ।

इकहत्तरवें गणधर हुए। स्वयंसिद्ध आदरणीय, दुःखका नाश करनेवाले वह तीनों लोकोंके अग्रवास ( मोक्ष ) में स्थित हुए। उनकी गृहिणी सुलोचना अच्युत स्वर्गमें देवेन्द्र हुई। समयके साथ जिनवरेन्द्र धरतीपर विहार करते हैं, वह अनन्त अनाहारके आभूषणसे भूषित हैं। उनके साथ चलता हुआ सुरजन दिखाई देता है। आकाशसे फूलोंकी वर्षा होती है, चौसठ चमर ढुराये जाते हैं, वह जहाँ भी पैर रखते हैं वहाँ-वहाँ कमल होते हैं, गुरुभक्तिसे विमल देवेन्द्र उन्हें जोड़ता है। वह जहाँ चलते हैं, वहाँ किसीको दुःख नहीं होता। वह जहाँ ठहरते हैं, वहाँ अशोक वृक्ष होता है, सिंहासन और तीन छत्र होते हैं और वे नायकी त्रिभुवनप्रभुता घोषित करते हैं।

घत्ता—जिनवरका कहा हुआ समस्त जीवोंकी भाषाके अंगस्वरूप परिणमित हो जाता है। सुअर, साँभरों, मृग, मातंग और अश्वोंके द्वारा वह जान लिया जाता है" ॥१३॥

१४

आकाशमें बजती हुई दुन्दुभि सुनाई देती है; पुलकित होकर लोक प्रणाम करता है। उनके अर्घ-पात्रको देश-देशके राजा उठाते हैं, प्रचुर कुसुम गन्धसे मिली हुई हवा बहती है। नवसूर्य मण्डलके समान आभावाला भामण्डल तथा अनेक प्रकार साधु साथ चलते हैं। पूर्वांगको धारण करनेवाला, तपसे कृश शरीर, मनःपर्यय ज्ञानवाला, स्वभावसे धीर, देशावधि और परमावधि-ज्ञानसे युक्त केवली, केवलज्ञानरूपी सूर्यसे तेजस्वी, नवदीक्षित, शिक्षक, शान्त और दांत। विक्रियाऋद्धिसे बहु-ऋद्धियोंसे सम्पन्न। इन्द्रियोंके नाशक अक्षयपदमें इच्छा रखनेवाला और कैतव आगमवादियोंमें सिंह। वे जहाँ जाते हैं, वहाँ भव्य चलते हैं, वे जहाँ हैं, वहाँ सब रहते हैं। मानव, तिर्यंच, असंख्य सुरवर तथा चारों दिशाओंमें शंखोंकी हूँ-हूँ ध्वनि होने लगी। झालरें झं-झं ध्वनि करती हैं, नर और अमरोंकी सुन्दरियाँ नृत्य करती हैं। तुम्बुर और नारद मीठा गान करते हैं। भरतने पिता जिनको वहाँ बैठे हुए देखा।

महीश्वर भरतने धर्म पूछा। निष्कलुष परम केवली परमपदमें स्थित वह, जो जैसा देखते हैं उसको उसी प्रकारसे वह कहते हैं ॥१४॥

१५

गुणु मोक्खु तउ वि पोग्गलु वि दुविहु णिज्जरु¹ वि दुविह बज्जरइ अरुहु ।
भुवणाइं तिण्णि रयणाइं तिण्णि सल्लाइं तिण्णि गुत्तीउ तिण्णि ।
जीवहं गईउ कहियाउ² तिण्णि जगवेढणमरु गारव वि तिण्णि ।
गुणवयइं तिण्णि जगि जोय तिण्णि हयकालें भासिय काल तिण्णि ।
चउविहु चउगइ संसारसरणु³ बालाइउ चउविहु भणिउं मरणु ।
चउविहु पमाणु चउविहु जि दाणु चउविहु दव्वाइउ दीसमाणु ।
चउ झाणइं चउ भेयइं णिक्ख [illegible] चउविह कसाय ।
चउविहु जि बंधु चउविहु जि णासु विणउ वि चउविहु गुणगणणिवासु ।
चत्तारि वि बंधविणासहेउ भासइ णिज्जियजलजायकेउ ।

घत्ता—सज्झाय पंच आयारविहि णाणइं पंच वरिट्ठइं ॥
णिग्गंथ पंच जोईसकुलइं पंचेंदियइं वि सिट्ठइं ॥१५॥

१६

अणगारागोरिवयाइं पंच पंचत्थिकाय समिदीउ पंच ।
आसवणिबंधहेऊ उ पंच लद्धीउ महाणरया वि पंच ।
संसार सरीरइं होंति पंच गुरु पंच मेरु गिरिवर वि पंच ।
छज्जीवकाय छक्काल समय छल्लेसाभाव वि समय वि मय ।
छद्दव्वइं छावासयविहीउ सत्त वि भय सत्ताहोमहीउ ।
पयईउ अट्ठ पुहईउ अट्ठ ( वणदेव जीवगुण ते वि अट्ठ । )
णव णारायण णव सीरधारि पडिसत्तु वि णव णिहि दुक्खहारि ।
णवविह पयत्थ दहभेउ धम्मु वेज्जावच्चु वि दहविहु सुकम्मु ।
दह भावणसुर भवणंतवासि फणिससिसह वह दिसिगय सुहासि ।
एयारह रुद्द रउद्दभाव एयारहविह सावय विगाव ।
पच्छिल्लइं अणुवेक्खावयाइं बारह जिणवयणविणिग्गयाइं ।
बारह णरिंद पालियरहंग बारह तव बारहविह सुयंग ।

घत्ता—तेरह चरियंगइं अक्खियइं तेरह किरियाठाणइं ॥
चउदह गुणठाणारोहणइं चउदह मग्गणठाणइं ॥१६॥

---

१५. १. MB पोग्गलु दुविहु । २. MB णिज्जर । ३. MB कहियाइं । ४. MB संसारगमणु । ५. MB चउक्कउभिण्णा चउविह कसाय । ६. MB विसिट्ठइं । ७. MB जोयस° ।

१६. १. MB °गारवयाइं । २. MB दहभेय । ३. B अणुवेहावयाइं । ४. MB बारह तव बारहविह सुयंग । ५. MB रक्खियइं ।

आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

१५

गुण, मोक्ष, तप और पुद्गल भी दो प्रकारका है। अरहन्त निर्जराको भी दो प्रकारका बताते हैं। भुवन तीन हैं, रत्न तीन हैं, शल्य तीन हैं, गुप्तियाँ भी तीन हैं, जीवकी गतियाँ भी तीन कही गयी हैं। जगको घेरनेवाले गर्व भी तीन हैं, गुरुव्रत तीन हैं, जगमें भोग भी तीन हैं, समयको नष्ट करनेवालोंने काल भी तीन प्रकारका कहा है। चार गतियाँ, चार प्रकारका संसारका संचरण; बालादि चार प्रकारका मरण भी कहा गया है। प्रमाण चार प्रकारका है, दान चार प्रकारका है; दिखाई देनेवाले द्रव्य भी चार हैं, चार ध्यान हैं, देवोंके निकाय चार हैं, चार-चार प्रकार की, चार-चार कषायें हैं। बन्ध चार प्रकारका है, उनका नाश चार प्रकारका है, गुणगणकी निवास विनय भी चार प्रकारकी है? बन्ध और विनाशके कारण चार हैं। इस प्रकार कामदेवका नाश करनेवाले जिन कहते हैं।

घत्ता—सत् ध्यान पाँच हैं, आचार विधि और श्रेष्ठ ज्ञान भी पाँच हैं, निर्ग्रन्थ मुनि पाँच प्रकारके हैं, ज्योतिषकुल पाँच हैं, इन्द्रियाँ भी पाँच कही गयी हैं ॥१५॥

१६

मुनि और श्रावकके व्रत पाँच-पाँच हैं। पाँच अस्तिकाय हैं, समितियाँ पाँच हैं, आस्रव और बन्धके हेतु पाँच हैं। लब्धियाँ और महानरक पाँच हैं। सांसारिक शरीर पाँच होते हैं; गुरु पाँच होते हैं, सुमेरुपर्वत भी पाँच होते हैं। जीवकाय छह होते हैं। समयकाल छह होते हैं। लेश्याभाव छह होते हैं, सिद्धान्त और मद भी छह होते हैं। द्रव्य छह हैं, आवश्यक विधियाँ छह होती हैं। भय भी सात,...प्रकृतियाँ आठ हैं, पृथिवियाँ आठ हैं, व्यन्तर देव और जीवगुण भी आठ हैं। नौ नारायण, नौ बलभद्र, प्रतिनारायण भी नौ, दुःखका हरण करनेवाली निधियाँ भी नौ। पदार्थ नौ प्रकारके। दस प्रकारका धर्म। सुकर्मा वैयावृत्य भी दस प्रकारका। भवनान्तवासी भावनसुर दस प्रकारके होते हैं, धरणेन्द्र और चन्द्रमाके साथ दस दिग्गज शोभित होते हैं। रुद्र ग्यारह हैं, रुद्रभाव भी ग्यारह हैं। गर्वरहित श्रावक भी ग्यारह प्रकारके हैं। जिन-वचनोंसे उत्पन्न पश्चात्ताप और अनुप्रेक्षाएँ बारह। चक्रका पालन करनेवाले चक्रवर्ती बारह। बारह प्रकारके तप। और श्रुतांग भी बारह प्रकार का।

घत्ता—चारित्र्यके प्रकार तेरह और क्रियाके स्थान भी तेरह कहे गये हैं। गुणस्थानोंका आरोहण चौदह प्रकारका है, और मार्गणाके स्थान भी चौदह हैं ॥१६॥

१७

अरहंतें सिद्धंतें भासियाइं चउदह पुव्वाइं पयासियाइं ।
चउदह मल चउदह चित्तगंथ चउदह कुलयर कयमणुयसंथ ।
चउदह रयणइं मुणिगणिहियणाम चउदह दक्खालिय भूयगाम ।
पण्णारह कम्मधराविहाय पण्णारह उवएसिय पमाय ।
सोलह वयणइं दुहदारणाइं सोलह जिणजम्महु कारणाइं ।
संजम दहसत्त दहट्ठ दोस णाहज्झाणइं एकूणवीस ।
असमाहिणिलय वज्जरिय वीस कयमणमल सयल वि एक्कवीस ।
बावीस परीसह कुमुणिभीस सुद्दयडज्झयणाइं वि तिवीस ।
तित्थयर भणिय चउवीस ईस मुणिवयमायउ पुणु पंचवीस ।
छव्वीस समासिय वसुहभेय गुण सत्तवीस जइवरविहेय ।
आयारकप्प पवरट्ठवीस अघसुत्ताइं वि एऊणतीस ।
भणियाइं मोहमंदिरइं तीस ।

घत्ता—एयाहिय तीस विवायरस कम्महं कहिय जिणेसें ॥
बत्तीसुवएस मुणीसरहं कुडिलालंचियकेसें ॥१७॥

१८

जं जलि थलि णहि पायालमूलि जं थूलु सुहुमु तिजगंतरालि ।
तं पुच्छंतहु पणवियसिरासु भासिउं जिणेण भरहेसरासु ।
गुरु वंदिवि णिंदिवि दुरिउ दुट्ठु गउ णिउ णियपुरु णिलयणि पइट्ठु ।
परणाहें रयणिहि सुत्तएण सिविणंतरि गुरुपयभत्तएण ।
सूयरदाढाखंडियकसेरु हल्लुलिउ णिहालिउ तेण मेरु ।
अक्खिउ पहाइ सुयणहु हिएण सिविणयवियरणउं पुरोहिएण ।
किउ णयणगलियजलबिंदुएहिं वच्छत्थलहारोवरि चुएहिं ।
तिहुयणणियरिवलुक्कमाणु कालाहिमहामुहि णिवडमाणु ।
उद्धरिवि लोउ अण्णाणु दीणु चउदह दिण वरिससहाससहीणु ।
महि विहरिवि पुव्वहं एकु लक्खु केलासु पराइउ णाणचक्खु ।
पावणवणकुसुमामोयमहुरु आरुहिवि पसिद्धउ सिद्धसिहरु ।

घत्ता—दससहसहिं समउ महारिसिहिं कामकोहणिण्णासणु ॥
थिउ पुण्णिमदियहि जिणाहिवइ बंधिवि पलियंकासणु ॥१८॥

---

१७. १. MB सिद्धंताइयाइं । २. MB मुणिगणियणाम । ३. MB णाहाझाणइं । ४. MBK सवल । ५. MB सुद्दयज्झडयणाइं । ६. B तिण्णि वीस । ७. M adds after this : वयसमिदिपमुह जंपइ जईस । ८. MB एयाहितीसि ।

१८. १. MB सुविणय° । २. MB वच्छयलु । ३. MB °णाणु । ४. MB णिविडमाणु । ५. MB अण्णाण । ६. MB °दिणु । ७. G विवरिवि । ८. MB सिद्धिसिहरु : ९. K दह° ।

१७

अरहन्तके द्वारा सिद्धान्तपर आश्रित चौदह पूर्व प्रकाशित किये गये हैं। चौदह मल हैं, चित्तग्रन्थ भी चौदह हैं, चौदह कुलकर, जो मानव संस्थाका निर्माण करनेवाले हैं। गुणियोंके द्वारा जिनका नाम लिया जाता है, ऐसे चौदह रत्न बताये गये हैं; भूतग्राम भी चौदह बताये गये हैं। कर्मभूमिका विभाग पन्द्रह है, पन्द्रह प्रमादोंका भी उपदेश किया गया है। दुःखका नाश करनेवाले सोलह वचन होते हैं, जिनके जन्मके कारण भी सोलह होते हैं। संयम सत्तरह होते हैं, दोष अठारह हैं, नाथ—ध्यान उन्नीस होते हैं, कुमुनियोंको डरानेवाले बाईस परिग्रह होते हैं…नाथ—ध्यान तेईस होते हैं। तीर्थंकर ईश चौबीस होते हैं, मुनिपदको प्राप्त पच्चीस होते हैं; वसुधाके भेद छब्बीस हैं, यतिवरके भेद करनेवाले गुण सत्ताईस हैं। आचार कल्पके अट्ठाईस भेद हैं, और अर्थसूत्रोंके उनतीस। मोहरूपी मन्दिरके तीस भेद कहे गये हैं।

घत्ता—कुटिल और आकुंचित केशवाले जिनेश्वरने कर्मोंके इकतीस विकार-रस कहे हैं, और मुनीश्वरोंके लिए बत्तीस उपदेश ॥१७॥

१८

जो जल, थल, नभ, पातालमूल और त्रिजगके भीतर स्थूल और सूक्ष्म है, प्रणतसिर उसे पूछते हुए भरतेश्वरके लिए आदि जिनने सब बताया। गुरुकी वन्दना कर, और दुष्ट पापकी निन्दा कर भरत अपने नगरके लिए गया, और उसने अपने घरमें प्रवेश किया। रात्रिमें सोते हुए जिनवरके चरण-कमलोंके भक्त भरतने स्वप्न देखा कि जिसका शिखर सुअरकी दाढ़से खण्डित है, ऐसा सुमेरुपर्वत धरतीपर लुढ़क रहा है। सवेरे भरतने यह स्वजनोंसे कहा। हितकारी पुरोहितने, वक्षःस्थलके हारपर गिरती हुई, नयनोंसे झरती हुई अश्रुबिन्दुओंकी धारा द्वारा स्वप्नका विवरण बता दिया। तृष्णारूपी निशाचरीके द्वारा विलुप्त, कालरूपी महासर्पके मुखमें पड़ते हुए, दीन-अज्ञानी लोकका उद्धार कर, जब एक हजार वर्षसे कम चौदह दिन शेष बचे, तब एक लाख पूर्व धरतीपर विहार कर ज्ञाननयन ऋषभनाथ कैलास पर्वतपर पहुँचे। पवित्र वनके पुष्पोंके आमोद-से मधुर प्रसिद्ध सिद्ध शिखरपर आरोहण कर—

घत्ता—काम और क्रोधका नाश करनेवाले जिनाधिप ऋषभ दस हजार महामुनियोंके साथ पूर्णिमाके दिन पर्यंकासन बाँधकर बैठ गये ॥१८॥

१९

जाणिवि जणणहु जणणवयणु लहुँयउ ओहुँल्लिउ करिवि वयणु ।
सुविसुद्धबुद्धिसीलावयासु आयउ भरहु वि अट्ठावयासु ।
गिरि सोहइ चुयमहुआसवेहिं जिणु सोहइ रुद्धहिं आसवेहिं ।
गिरि सोहइ वियलियणिज्झरेहिं जिणु सोहइ कम्महुं णिज्जरेहिं ।
गिरि सोहइ णाणाविहमएहिं जिणु सोहइ रिसिहिं सुणिम्मएहिं ।
गिरि सोहइ णच्चियमोरएहिं जिणु सोहइ सुरसंरमोरएहिं ।
गिरि सोहइ धम्मणएण जेम जिणु सोहइ धम्मणएण तेम ।
गिरि परियंचिउ सबराहिवेण जिणु पणवंतें भरहाहिवेण ।

घत्ता—ता णाहु समुग्घायंतरहिं दीहसमयसंताणइं ॥
वेयणियणामगोत्तइं करइ तिण्णि वि आउपमाणइं ॥१९॥

२०

मुणिपवरें किउ किरियाविहाणु दंडत्तणेण ससरीरमाणु ।
णीसारिउ दंडायारु जीउ तिजगग्गचरमणरयंतु णीउ ।
अइइपसारिउ पुणु सुरीरु णं तिहुयणघरि दिण्णउं कवाडु ।
अप्पाणउ देवें देवणविउ रुंआयारें सहस त्ति थविउ ।
णीसेसलोयपूरणु करेवि विवरीएं चारें संवरेवि ।
तेजइयकम्मओरालियाइं तिण्णि वि अंगइं णिव्वालियाइं ।
मुणि मेल्लिवि तिज्जउ सुहुमकिरिउ संपत्तु चउत्थु छिण्णकिरिउ ।
तहिं सुक्कझाणि आयउ अजोइ मणवयणकायमुक्कउ विहाइ ।
थिउ देहब्भंतरि सासिसालु क ख ग घ ङ समक्खरभणणकालु ।
अच्छंतु वि अंगु ण छिवइ देउ फललंछि व जंरदेरंडबीउ ।

घत्ता—दंसणणाणाइहिं वसुसमहि सिद्धगुणहिं संपण्णउ ॥
ससहावें जोइवि परमपए परमेसरु संपण्णउ ॥२०॥

२१

ता सक्कें कय माणवसणोज्ज अरुहहु पंचमकल्लाणपुज्ज ।
सियसिवियहि णिहियउ णाहदेहु कइलाससिहरि णं अरुणमेहु ।
भंभाभेरीझल्लरिसयाइं सुरतूरिएहिं तूरइं हयाइं ।
गायंतिहिं किंणरकामिणीहिं णच्चंतिहिं फणिसीमंतिणीहिं ।

१९. १. MB जाणिवि जणजणणहु । २. M लहयउ । ३. MB ओहल्लिउ । ४. T $p$ ससमोरएहिं इति पाठे उपशमयुक्ताश्च ते उरगाश्च । ५. B गोत्तहु ।

२०. १. G सरीरु । २. M फयरायारें; B कयआयारें; T पयरायारें । ३. MB विवरीरें; T विवरीएं । ४. MBT णिव्वालियाइं, ५. B छण्ण° । ६. MB भरण° । ७. MB जरठेरंड° । ८. MB वसुसमिहिं । ९. MB जाइवि उड्ढगइ तिहुयणसिहरि णिसण्णउ ।

२१. १. MB सुरतूरएहिं ।

पिताके संसार-त्यागका समय जानकर शीघ्र अपना मुख नीचा कर, पवित्र बुद्धि और शीलका आश्रय भरत अष्टापद शिखरपर आया। उसने देखा—गिरि मधुवृक्षोंके च्युत आसवसे शोभित है, जिन रुद्ध आस्रवोंके कारण शोभित हैं, गिरि बहते हुए झरनोंसे शोभित है, जिन कर्मोंकी निर्जराओंसे शोभित हैं, गिरि नाना प्रकारके मृगोंसे शोभित है, जिन नाना प्रकारके मदरहित मुनियोंसे शोभित हैं। गिरि नाचते हुए मयूरोंसे शोभित है, शोभा सहित उरगोंसे शोभित हैं, गिरि धर्म नामक ( अर्जुन ) वृक्षसे शोभित है, जिन धर्म और न्यायसे शोभित हैं, जिस प्रकार गिरि शबरराजसे सहित है, उसी प्रकार जिन प्रणाम करते हुए भरतराज से।

घत्ता—तब स्वामी आदिनाथ समुद्घात विशेषसे लम्बे समयकी सन्तानवाले वेदनीय नाम और गोत्र तीनों कर्मोंका आयुप्रमाण कर दिया ॥१९॥

२०

मुनिप्रवरने, विशालतामें अपने शरीरके मानका क्रियाविधान किया ( अर्थात् शरीरसे आत्माके प्रदेशोंको बाहर निकालना शुरू किया ), दण्डाकारके रूपमें जीवको बाहर निकाला और उसे तीनों लोकोंके अग्रभागमें, नित्यनिगोद नरकके निकट तक ले गये। फिर उन्होंने सुरीदका श्रृङ्ग प्रसारित किया (..............) मानो तीनों लोकोंके लिए किवाड़ दे दिया हो। देवने देवोंसे प्रणम्य अपनेको प्रवर आकारमें स्थापित किया। समस्त लोकका आपूरण कर, फिर विपरीत भावसे संवरण कर ( अर्थात् लोकपूरण, संवरण, रुजककार संवरण और दण्डाकार संवरण कर ) उन्होंने तैजस्, कार्मिक और औदारिक तीनों शरीरोंको निश्चल बना लिया। फिर तीनों सूक्ष्म तीन क्रियाओंको छोड़कर चौथे सूक्ष्म क्रिया शुक्लध्यानमें स्थित हुए। वहाँ वह आयोग शुक्ल-ध्यानमें अवतरित हुए; वह मन, वचन और कायसे मुक्त होकर शोभित हुए। स्वामी श्रेष्ठ, इस प्रकार अपनी देहके भीतर स्थित होकर जितना समय 'क ख ग घ ङ' समाक्षरोंके कथनका समय है, उसमें विद्यमान होते हुए भी देव शरीरको नहीं छूते। जिस प्रकार छिलका निकल जानेपर पके हुए एरण्डका बीज ( ऊपर जाता है )।

घत्ता—उसी प्रकार वह दर्शनज्ञानादि और आठ सिद्धगुणोंसे सम्पूर्ण हो गये। वह अपने स्वभावसे, जाकर परमपदमें स्थित हो गये ॥२०॥

२१

तब देवेन्द्रने अरहन्तकी मानवमनोज्ञ पाँचवें कल्याणकी पूजा की। स्वामीके देहको श्वेत शिविकामें रखा गया, मानो कैलास शिखरपर अरुण मेघ हो। सैकड़ों भंभा-भेरी, झल्लरि और तूर्य वाद्य देववादकों द्वारा बजा दिये गये। गाती हुई किन्नर स्त्रियों, नाचती हुई नाग स्त्रियों,

घिप्पंतिहिं णवकुसुमंजलीहिं उब्भियउल्लोयधयावलीहिं ।
सहलक्खयधूवविलेवणेहिं भिंगारहिं कलसहिं दप्पणेहिं ।
आढत्तचित्तधुइकलयलेहिं अवरेहिं वि णाणामंगलेहिं ।
कप्पूरचंदणागुरु[३]तुरुक्ख सल[४] विरइय खंडिवि विविह रुक्ख ।
अंतेविसु दरिसियकेसरासु णाहँ[५] णिहियउ अंगु अणंगणासु ।
पय पणवंतहिं तं विरतिडिक्कु अग्गिंदहिं मउडाणलु विमुक्कु ।
घत्ता—अलहंतु णरत्तणु थरहरिउ भवपरिभवणहु भग्गउ ॥
सिहि णं संसारें तासियउ जिणकमकमलहुं लग्गउ ॥२१॥

२२

उल्ललिउ धूमु घणजो[१]णियसंकु णं सिहिणा मुक्कउ मलकलंकु ।
पुणु मिलिउ गयणि जालाकलाउ तणु पसु खणद्धं[२] भप्पभाउ ।
तहु कुंडहु गणहरजमदिसाइ मुणिवर सक्कारिय पच्छिमाइ ।
तिण्णि वि सिहि पुज्जिय सोत्तिएहिं घय जव[३] तिल घल्लिवि खत्तिएहिं ।
तं भणिवि पुण्णजणु पवित्तु अण्णेक्कहिं लइयउ अग्गिहोत्तु ।
भाले[४]यलि कंठि भु[५]अजुयलसिहरि हिप्पंकइ णिहियउ णाहिविवरि ।
अणु मुद्धे[६]पसि मउडग्गभाइ असमंजसु जिह तं सहइ काइ ।
घत्ता—जं सुरहहं जायउ मोक्खु[७] सुहुं तं महु होउ पियारउ ॥
इय भणिवि तियाउसु वंदियउ इंदें रिसहहु केरउ ॥२२॥

२३

जेही तुह तेही होउ बोहि अम्हहं वि भडारा मणि[१] समाहि ।
इय चोसंतहिं कप्पामरेहिं वंदियउ तियाउसु खेयरेहिं ।
विंतरदेवहिं जोइसगणेहिं वंदियउ तियाउसु भावणेहिं ।
णंदादेवीइ महासईइ वंदियउ तियाउसु जसवईइ ।
भरहेण दुक्खदूसियमणेण वंदियउ तियाउसु परियणेण ।
केसरिकिसोरसरि सिहरिवासि घणतुहिणकणावलि माहमासि ।
सूरं[२]गमि कि[३]सणचउद्दसीहि णिव्वुइ तित्थंकरि पुरिससीहि ।
रोवइ सोयाउरु सयणविंदु सइं सोयइ भरहु महाणरिंदु ।
तेलोक्कमंदिराधारखंभु कहिं पेच्छमि देउ जुगाइबंभु ।
घत्ता—पई विणु जिण अंधइं लोयणइं दिसउ असेसउ सुंणि[४]यउ ॥
उब्भिवि हत्थ ओम्मौ[५]हियउ पयउ वरायउ रुं[६]णियउ ॥२३॥

---

२. MB धूम° । ३. B गुरुक्ख । ४. M सयल विरइय खंडिवि; B सलु विय रयवि खंडिवि । ५. BM ठावियउ ।

२२. १. B जलिय° । २. K भप्प° । ३. MB घय तिल जव । ४. G भायलि । ५. MBK भुयजुयल° । ६. MB मुद्धएस । ७. MB मोक्खसुहुं ।

२३. १. MB मणसमाहिं । २. MB सूरुग्गमि । ३. B किसण° । ४. B सुण्णउ । ५. MB ओमाहियउ । ६. MB रुल्लियउ ।

गिरती हुई कुसुमांजलियों, ऊपर उड़ती हुई ध्वजावलियों, फल-अक्षत-धूप और विलेपनोंसे युक्त भिंगारों, कलशों और दर्पणों, प्रारम्भ की गयी विचित्र स्तुतियोंके कलकल शब्दों और दूसरे नाना मंगलोंके साथ कपूर-चन्दन-अगुरुसे मिश्रित विभिन्न वृक्षोंको काटकर चिता बनायी गयी; फिर ऋषि परमेश्वरकी पूजा कर, कामदेवका नाश करनेवाले उनके शरीरको उसपर रख दिया गया। चरणोंमें प्रणाम करते हुए, अग्नीन्द्रने मुकुटरूपी अनलसे लाल स्फुलिंग छोड़ा।

घत्ता—मनुष्यत्व नहीं पानेके कारण थरथर काँपता हुआ, संसारके परिभ्रमणसे भग्न एवं संसारसे त्रस्त होकर मानो अग्नि जिनवरके चरण-कमलोंसे जा लगी ॥२१॥

## २२

मेघकी आशंका उत्पन्न करनेवाला धुआँ उठा, मानो आगने अपना मल कलंक छोड़ दिया हो। फिर उसका ज्वालासमूह आकाशसे जा मिला और उसका शरीर आधे क्षणमें वाष्परूपमें बदल गया। उस कुण्डका ( चितास्थान ) गणधरोंने यमकी दिशा ( पूर्व दिशा ) से सत्कार किया, मुनिवरोंने पश्चिम दिशासे, और ब्राह्मणों और क्षत्रियोंने घी, जौ तथा तिल डालकर तीन दिशाओंसे आगकी पूजा की। उसे पवित्र पुण्यार्जन मानकर, दूसरे कई लोगोंने अग्निहोत्र यज्ञ स्वीकार कर लिया। ललाट, कण्ठ, दोनों बाहुओंके मूलों, हृदयकमल और नाभिविवरपर, बादमें मस्तक प्रदेश और मुकुटके अग्रभागपर विहित वह भस्म ऐसा मालूम देता है, जैसे शरीर यशसे मण्डित हो।

घत्ता—जिस प्रकार तुम्हें मोक्ष-सुख प्राप्त हुआ है, वह प्यारा सुख मुझे भी हो, यह विचारकर इन्द्रने ऋषभके उस भस्मको वन्दना की ॥२२॥

## २३

"हे आदरणीय, जिस प्रकार तुम्हें बोधि प्राप्त हुई, वैसी हमारे मनमें भी समाधि हो।" यह कहते हुए कल्पवासी देवों और विद्याधरोंने भस्मको वन्दना की। व्यन्तरदेवों, ज्योतिषगणों और भवनवासियोंने भी भस्मकी वन्दना की। महासती नन्दादेवी और यशोवतीने भस्मकी वन्दना की। दुःखसे पीड़ित मन भरतने और परिजनोंने भी भस्मकी वन्दना की। जिसमें सिंहके शावकोंका शब्द है ऐसे पर्वतपर निवास करनेवाले माह माघमें कृष्ण चतुर्दशीके दिन सूर्योदयकालमें पुरुष-श्रेष्ठ तीर्थंकर ऋषभके निर्वाण प्राप्त करनेपर शोकसे व्याकुल स्वजन समूह रोने लगता है, महा-नरेन्द्र भरत स्वयं शोकमें डूब जाता है कि त्रैलोक्यरूपी मन्दिरके आधार-स्तम्भ और युगके आदि ब्रह्मादेवको मैं कहाँ देखूँगा।"

घत्ता—हे जिन, आपके बिना नेत्र अन्धे हैं, अशेष दिशाएँ सूनी हैं। बेचारी उत्कण्ठित प्रजा अपने दोनों हाथ ऊपर कर रो पड़ी ॥२३॥

२४

तुहुं मज्झ बप्पु जगडिंभबप्पु पइं विणु को कहइ कलावियप्पु ।
पइं विणु को पालइ इट्ठु सिट्ठु को विसहइ गुरुतवचरणणिट्ठु ।
पइं विणु को जाणइ तच्चभेउ को होइ देव देवहिं वि देउ ।
पइं विणु अणाहु सामिय तिलोउ ता गणहरु भणइ म करहि सोउ ।
इह सो सुउ जो सुउ गब्भि वसइ छिज्जइ भिज्जइ दुहदलिउ रसइ ।
तुह ताउ देउ तित्थयरु पवरु परमप्पउ हूयउ अजरु अमरु ।
लक्खेण जि तं जि पवुत्तु तासु जो मयरंतहं णासइ किलेसु ।
सो तुहुं किं सोयहि जणणु भणिवि जो जायउ सिद्धु तमोहु धुणिवि ।
अरहंतु सरंतहं होइ धम्मु मा मोहें तुहुं संघहि दुकम्मु ।
तं णिसुणिवि राएं दुण्णिरिक्खु मउलइ साहारिउ तायदुक्खु ।
घत्ता—गउ सुरवइ सग्गहु ससुरयणु वंदिवि परमजिणेसरु ॥
मंडलियमहामंडलियवइ साकेयहु भरहेसरु ॥२४॥

२५

सोमप्पहु हयसुहदुक्खहेउ सेयंसराउ बाहुबलि देउ ।
गय णिव्वाणहु तिजगुत्तिमंगि थिय तिण्णि वि अट्ठमधरणिरंगि ।
सहुं गणणाहहिं उव्वारुएहिं णासियमयमोहमहारुएहिं ।
णिद्धाडियसंचियकम्मरेणु कालेण गलंतें बसहसेणु ।
गउ मोक्खहु उववणरसियखयरि एत्तहि वि तेत्थु साकेयणयरि ।
कुंकुमविलेउ ढोयंतएण दप्पणयलि मुहुं जोयंतएण ।
अवलोइवि पंडुरु एक्कु केसु णिंदिवि णरजम्मु मुणिव्विसेसु ।
णयरायरपुरवरपउरदेस णियसुयहु समप्पिवि महि असेस ।
भूएसु भूरिपसरियकिवेण तवचरणु लइउ भरहाहिवेण ।
परिवडइ ण चिहुरुप्पाडु जाम उप्पण्णउं केवलु तासु ताम ।
हूयउ परमेट्ठि परमप्पताणु चउदेवणिकायहिं थुव्वमाणु ।
केहिवि भव्वहं मणमोहयालु महिमंडलि विहरिवि दीहकालु ।
घत्ता—गउ भरहु वि मोक्खु विसुद्धमइ विविहकम्मबंधणचुउ ॥
फणिविसहररकिंणरपवरणरपुप्फयंतगणसंथुउ ॥२५॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए महाभव्वभरहाणु-
मण्णिए महाकव्वे सगणहररिसहणाहभरहणिव्वाणगमणं णाम सत्ततीसमो
परिच्छेओ समत्तो ॥ ३७ ॥
संधि ॥ ३७ ॥
॥ समाप्तमादिपुराणम् ॥

२४. १. M दुहमलिउ । २. MB संहइ । ३. MB हियमदुक्खु ।

२५. १. MB तिजगुत्तमंगि । २. MB उव्वाडएहिं । ३. MB °महाभएहिं । ४. MB °सारिय°; T साडिय । ५. MB गयंतें । ६. MB उववणि । ७. B एत्तहि तेत्थु । ८. M परस्स ताणु; B परप्पताणु । ९. M °कम्मसेसेहिं चुउ; B कम्मबंधेहिं चुउ । १०. MB फणिखेयर° ।

२४

"विश्वरूपी बालकके पिता, तुम मेरे पिता हो। तुम्हारे बिना कलाविकल्प कौन बतायेगा? तुम्हारे बिना इष्ट प्रजाका पालन कौन करेगा? महान् तपश्चरणकी निष्ठा कौन सहन करेगा? तुम्हारे बिना तत्त्वका रहस्य कौन जानेगा? हे देव, देवोंका देव कौन होगा? हे स्वामी, तुम्हारे बिना यह त्रिलोक अनाथ हो गया।" तब गणधर कहते हैं—"तुम मत शोक करो। यह जो मर गया, वह मरकर गर्भमें बसता है, छीजता है, भेदको प्राप्त होता है और दुःखसे पीड़ित होकर चिल्लाता है। तुम्हारा पिता, हे देव, महान् तीर्थंकर, अजर-अमर परमात्मा हो गये हैं। इन्द्रने भी उससे यही कहा कि जो स्मरण करनेवालोंके क्लेशका नाश करते हैं, तुम पिता कहकर, उनके लिए शोक क्यों करते हो? जो तमःसमूहका नाश कर सिद्ध हो गये हैं। अरहन्तको स्मरण करनेवालोंका धर्म होता है, तुम मोहके द्वारा दुष्कर्मका संचय मत करो।" यह सुनकर राजा भरतने बलपूर्वक पिताके दुःखको सहन किया।

घत्ता—परमजिनेश्वरकी वन्दना कर इन्द्र देवों सहित स्वर्ग चला गया, तथा माण्डलीक और महामाण्डलीकपति भरतेश्वर साकेत चला गया ॥२४॥

२५

सुख-दुःखके कारणको नष्ट करनेवाले सोमप्रभ, राजा श्रेयांस और देव बाहुबलि भी निर्वाणको प्राप्त हुए, और त्रिलोकके उत्तमांग आठवीं धरतीकी भूमिपर तीनों स्थित हो गये। मदमोहरूपी महारोगका नाश करनेवाले, उद्धार करनेवाले, गणधरोंके साथ, पूर्वार्जित कर्मरजको नाश करनेवाले गण वृषभसेन, समय बीतनेपर मोक्ष गये। यहाँ, जहाँ उपवनमें विद्याधरियाँ रमण करती हैं, ऐसे साकेत नगरमें भी केशरविलेप लगाते हुए, दर्पणतलमें मुख देखते हुए भरतने एक सफेद बाल देखकर निरवशेष मनुष्य जन्मकी निन्दा कर, नगर आकर पुरवर प्रचुर देश और अशेष धरती अपने पुत्रको समर्पित कर प्राणिमात्रमें कृपाका प्रसार करनेवाले उसने तपश्चरण स्वीकार कर लिया। उखाड़े हुए बाल जबतक धरतीपर गिरें, इतनेमें उसे केवलज्ञान प्राप्त हो गया। वह स्वपरका रक्षक परमेष्ठी हो गया। चारों निकायोंके देवोंके द्वारा स्तूयमान वह भव्यजनोंके मनके मोहजालको नष्ट कर और लम्बे समय तक धरतीपर विहार कर—

घत्ता—विशुद्धमति विविध कर्मबन्धनोंसे रहित, नागों, किन्नरों, प्रवर नरों और ज्योतिष-गणोंके द्वारा संस्तुत भरत भी मोक्ष चले गये ॥२५॥

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषोंके गुण-अलंकारोंसे युक्त महापुराणमें महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित एवं महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्यका सगणधर ऋषभनाथ भरत निर्वाण गमननामका सैंतीसवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ ॥३७॥

# अँगरेजी टिप्पणियों का हिन्दी अनुवाद

इन टिप्पणियोंमें सन्धियोंके सन्दर्भ रोमन अंकोंमें हैं, जब कि कड़वकों और पंक्तियोंके अरबिक अंकोंमें। 'टी' प्रभाचन्द्रके टिप्पणों की संकेतक है।

## XIX.

भरतने, तब, सोचा कि मैंने जो धन अर्जित किया है, उसका कोई उपयोग नहीं है, यदि मैं इसे योग्य व्यक्तियोंको नहीं देता, जो कि विशुद्धरूपसे ब्राह्मणके नामसे ज्ञात हैं। भरतके अनुसार ये ब्राह्मण वे हैं, जो जिनेन्द्र भगवान् द्वारा बताये गये व्रतोंका पालन करते हैं। ऐसे व्यक्तियोंको उसने उदारतापूर्वक बड़ी मात्रामें सम्पत्ति और उपहार दिये।

एक दिन भरतने रातके अन्तिम प्रहरमें बुरा सपना देखा। वह बहुत अधिक चिन्तित हो गया। और दूसरे दिन सवेरे ऋषभ जिनसे मिलने गया। प्रार्थना और भक्ति करनेके बाद, उसने ऋषभनाथसे पूछा कि वह बतायें कि किस पुण्यकर्मसे आप ऋषभ तीर्थंकर हुए, और भरत चक्रवर्ती, बाहुबलि वीर व्यक्ति, श्रेयांस दानवीर, और सोमप्रभ योग्य शासक हुए। ऋषभस्वामी ने उन्हें बताया कि किस प्रकार दुष्षमा काल आयेगा कि जब नैतिकताके सब मूल्य पूरी तरह बदल जाएँगे।

8. बुरा स्वप्न।

10. 12-13 वे व्यास जैसे लोगोंको पूरे अधिकार दे देंगे। जो कि धीवर स्त्रीका पुत्र है, और दुर्वासाको, जो कि एक गधीका पुत्र है। व्यास, पराशरसे सत्यवतीके पुत्र बताये जाते हैं। परन्तु मैं इस बातके स्रोतका पता नहीं लगा सका, कि दुर्वासाको गर्दभीका पुत्र क्यों कहा गया।

12. पंचमजुगि=दुष्षमा

## XX.

सबसे पहले भरत सृष्टिकी रचनाके विभिन्न सिद्धान्तोंका खण्डन करते हैं और बताते हैं—धरती पवन और पानी वे तत्त्व हैं जिनसे विश्वकी रचना हुई और यह कि ये आरम्भ और अन्तसे रहित हैं। विश्वकी रचना न तो ब्रह्माने की है, और न विष्णु या महेश ने। इस सृष्टिके बीचमें मानवलोक स्थित है जो 'तिरिय लोक' कहलाता है, जिसमें कई द्वीप और समुद्र हैं"। सुमेरुपर्वतकी पश्चिम दिशामें गन्धिल देश है। उसकी राजधानी अलका है। वहाँ राजा अतिबल शासन करता था। उसकी रानी मनोहरा थी। उनका महाबल नामका पुत्र हुआ। जैसे ही वह यौवनको प्राप्त हुआ, अतिबलने उसे गद्दी पर बैठाकर संन्यास लेनेका निश्चय कर लिया। उसके बाद राजा महाबल शासन करने लगा। उसके चार मन्त्री थे महामति, संभिन्नमति, सत्यमति और स्वयंबुद्ध। एक दिन स्वयंबुद्धने राजासे सांसारिक आनन्दकी व्यर्थताके बारेमें कहा और उससे जैनधर्मके अनुसार पवित्र जीवन बितानेके लिए अनुरोध किया। तब महामतिने चार्वाकमतका समर्थन करते हुए; शरीर और आत्माके एक होनेके सिद्धान्तका प्रतिपादन किया। स्वयंबुद्धने महामतिके सिद्धान्तका खण्डन किया। संभिन्नमतिने बौद्धोंके क्षणिकवादके सिद्धान्तका समर्थन किया। स्वयंबुद्धने इस मतका भी खण्डन किया। तब सत्यमतिने अपने माया सिद्धान्तका प्रतिपादन किया, स्वयंबुद्धने इस सिद्धान्तका भी खण्डन किया।

स्वयंबुद्धने तब राजा महाबलको उसके पूर्वज अरविन्दकी कथा सुनायी। उसके हरिश्चन्द्र और कुरुविन्द नामके दो पुत्र थे। एक दिन अरविन्दके शरीरमें भयानक जलन हुई। और उसने पाया कि यह किसी भी दवाईसे ठीक नहीं हो सकती; तो उसने अपने पुत्र कुरुविन्दसे पशुओंके रक्तका तालाब बनानेके लिए कहा कि जिसमें नहानेसे उसका रोग शान्त हो जायेगा। कुरुविन्दने अपने पिताकी आज्ञाका पालन किया, परन्तु उसने कृत्रिम रक्त ( लाक्षारस ) के तालाबका निर्माण कराया। अरविन्दने जब तालाबमें प्रवेश किया और रक्तका स्वाद लिया तो उसने पाया कि उसके पुत्र ने उसे धोखा दिया। वह उसे मारनेके लिए दौड़ा परन्तु रास्तेमें गिर पड़ा और अपनी ही तलवारसे मारा गया।

महाबलका एक और पूर्वज था दण्डक नामका राजा। उसके पुत्रका नाम मणिमाली था। दण्डकने बहुत-सा धन इकट्ठा किया और मरकर अजगर हुआ। वह धनकी रखवाली करता था। एक दिन मणिमाली घर आया और उसने द्वार पर साँपको देखा। साँपको भी पूर्वभवका स्मरण हो आया और मणिमालीको अपना पुत्र समझते हुए उसने उसे नहीं काटा। यह देखकर मणिमालीको आश्चर्य हुआ। वह मुनिके पास गया और उसने पूछा कि साँप कौन है? यह जानकर कि यह उसके पिता हैं, वह घर आया और साँपको जैनधर्मका उपदेश दिया। उसने इसका अभ्यास किया और अगले जन्ममें देवके रूपमें उत्पन्न हुआ। देव, मणिमालीके पास आया और उसे एक हार दिया कि जो महाबल पहनते थे।

17. 2-5 चार तत्त्व (धरती, पवन, अग्नि और जल) का न कोई आदि है और न अन्त, इन्हें किसीने उत्पन्न नहीं किया। जब ये चार तत्त्व आपसमें मिलते हैं तब चेतनाका चिह्न प्रगट होता है। इन तत्त्वोंमें चेतना उसी प्रकार आती है जिस प्रकार गुड़, जल और मिट्टीसे मदशक्ति उत्पन्न होती है, इसलिए शरीर और आत्मामें कोई अन्तर नहीं है यह चार्वाक सम्प्रदायका सिद्धान्त है।

18. 9 *b* पौरन्दरका सिद्धान्त अर्थात् इन्द्रका सिद्धान्त, जो बृहस्पतिके साथ, चार्वाक सिद्धान्तके संस्थापक माने जाते हैं। 10-11 यदि ये तत्त्व बिना जीव और आत्माके अपने आप चेतनाका निर्माण करते हैं और एक जारमें शरीरकी रचना कर लेते हैं। तब उस जारमें शरीर उत्पन्न होना चाहिये कि जिसमें उक्त चीजोंका मिश्रण है। दूसरे शब्दोंमें जीवित शरीर ट्यूबमें उत्पन्न हो सकते हैं।

19. वह जो ऋषभ मुनिके सिद्धान्तका भक्त है। अर्थात् जिन। 12 बिना निरन्तरताके।

21. टिट्टिभ पक्षी यह कहते हुए कि आकाश गिर पड़ेगा, डर जाता है और अपनी टाँगें उठाकर स्थित हो जाता है गिरते हुए आकाशको सहारा देनेके लिए।

## XXI.

स्वयंप्रबुद्धने आगे महाबलको बताया कि उसके पिता पितामह बड़े महापितामहने अपने पवित्र जीवनसे विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है। यह सुनकर वह भी मन्दराचलपर जिनकी वन्दना करनेके लिए गया। ठीक इसी अवसरपर, दो चारणमुनि आये। स्वयंबुद्धिने उन्हें प्रणाम किया। और उसने अपने स्वामी महाबलके विषयमें पूछा। इसपर उन लोगोंने कहा, कि दसवें भवमें वह निश्चित रूपसे तीर्थंकर होनेवाले हैं। लेकिन अपने अतीत कालमें वह राजा श्रीषेण और रानी सुन्दरीका जयवर्मा नामका पुत्र था। चूँकि राजाने अपने छोटे पुत्र श्रीवर्माको राज्य दे दिया, इसलिए जयवर्माने मुनि दीक्षा ग्रहण कर ली। इसी अवसर-पर एक विद्याधर खूब ठाटबाटसे आया। नव मुनि जयवर्मा उससे अत्यधिक प्रभावित हुआ, और उसने यह संकल्प किया कि तपस्याके फल स्वरूप वह भी उसी राजाकी तरह सम्पन्न हो। यही कारण है कि आगामी जन्ममें वह महाबलके रूपमें उत्पन्न हुआ। स्वयंबुद्ध तब महाबलके पास गया, और उसकी दूसरे मन्त्रियोंसे सुरक्षा की कि जो उसे गलत रास्तेपर ले जा रहे थे। महाबलके पास केवल एक वर्ष की आयु बची थी।

उसने संन्यासमरणसे मरनेका निश्चय किया। मृत्युके बाद, वह ईशान स्वर्गमें उत्पन्न हुआ, ललितांगनाम देवके रूपमें। उसकी प्रेयसियाँ स्वयंप्रभा और कनकप्रभा भी थीं।

2. 12 जिनघरको जो कमल चढ़ाये जा रहे थे, उसने उनमें से एकको लेनेके लिए अपना हाथ बढ़ाया।

4. 40 मुझे बताइए कि क्या महाबल भव्य है? क्या वह संन्यासग्रहण करने लायक है! या नहीं।

8. उसने यह इच्छा की कि उसे संन्यासी [illegible]

## XXII.

एक दिन ललितांग ने अपने शरीरपर पड़ी हुई मालाके फूल कुम्हलाये हुए देखे जो इस बातका संकेत था कि उसके जीवनका अन्त निकट आ पहुँचा है। वह बहुत भयभीत हुआ; उसे यह सलाह दी गयी कि उसे अपना अधिकसे अधिक जीवन पवित्र कार्योंमें बिताना चाहिए। तब वह जिनकी वन्दना करनेके लिए गया। समय बीतनेपर वह मरकर, वज्रबाहु राजाका वज्रजंघ नामका पुत्र हुआ। जब वज्रजंघ धरतीपर बड़ा हो रहा था, उसकी प्रियतमा स्वयंप्रभा अपने पतिके निधनपर खूब रोयी, अपनी मृत्युके बाद वह वज्रदन्त राजाकी श्रीमती नामकी पुत्री हुई। उसकी माँ पुण्डरीकिणीकी रानी लक्ष्मीमती थी। एक दिन वह श्रीमती आधी नींदमें थी, उसने स्वप्नमें देखा कि वह जिनदर्शनको आ रही है कि जिसमें कई देवता उपस्थित हो रहे हैं। उसे शीघ्र ही अपने पूर्वभव और पूर्वपतिकी याद हो आयी और वह धरतीपर बेहोश गिर पड़ी। उसे शीघ्र होशमें लाया गया और उसके अभिभावकोंको बुलाया गया। पिता शीघ्र समझ गये कि कन्या प्रेमासक्त है। इसलिए उसने एक चतुर धायकी देख-रेखमें उसे रख दिया, यह पता लगानेके लिए कि वह किससे प्रेम करती है। इसी अवसरपर राजाको यह खबर मिली कि यशोधरको केवलज्ञान प्राप्त हुआ है। उसे आयुधशालामें चक्ररत्नकी प्राप्ति हुई है। राजा शीघ्र ही जिनकी वन्दना करनेके लिए गया और इस कार्यके परिणामस्वरूप उसे अवधिज्ञान प्राप्त हो गया। वह घर आया और उसने कन्याको उसके पूर्वभव (स्वर्ग) की कहानी सुनायी। उसे यह कहकर आश्वासन दिया कि वह अपने पूर्वभवके प्रेमी से शीघ्र मिलेगी। इसके बाद, वह विश्व यात्राके लिए निकल पड़ा। एक दिन धायने, जो उसकी देख-रेख कर रही थी, उससे अपने मनकी बात बतानेके लिए कहा। इसपर श्रीमती-ने उसे बताया कि वह तीसरे पूर्वभवमें एक गरीब व्यापारीकी निर्नामिका नामकी सबसे छोटी कन्या थी। उसकी बड़े परिवारमें कुल 10 सन्तानें थीं। एक दिन जब निर्नामिका जंगलसे लौट रही थी तो उसने कुछ फल तोड़े। उसने बहुत बड़ी भीड़को देखा, जो जिनकी वन्दना करनेके लिए जा रही थी। वह भी वहाँ गयी, और उसने जिनकी वन्दना की और पूछा कि वह गरीब क्यों हुई? इसपर जिनमुनिने बताया कि उसने पूर्वजन्ममें एक मुनिपर कुत्तेका शव रखा था, परन्तु वह इससे अप्रभावित रहे, तीसरे दिन दयाके कारण उन्होंने उस शवको हटा दिया।

इस कृत्यके फलस्वरूप वह गरीब हुई है। इसके बाद जिनने उसे धर्मका सही स्वरूप बताया और उससे 150 उपवास करनेके लिए कहा कि जिससे वह इस पापसे मुक्त हो सके। उसने ऐसा ही किया। मृत्युके बाद वह, ईशान स्वर्गमें ललितांगकी पत्नी हुई। उसकी मृत्युके छह माह बाद, वह भी धरतीपर आयी और श्रीमतीके रूपमें उत्पन्न हुई। ललितांगके प्रति अपने प्रेमकी याद करते हुए वह बेहोश हो गयी। अपने अतीत जीवनकी कहानीका वर्णन करनेके अनन्तर उसने ललितांगका चित्रपट बनाया और धायको देकर उसका पता लगानेके लिए कहा।

XXIII.

तब श्रीमतीकी धायने ललितांगका चित्रपट ले लिया और वह जिनमन्दिर गयी। वहाँ उसने लोगों से कहा कि जो इस चित्रपटपर अंकित घटनाओंको सही-सही पढ़ देगा वह श्रीमतीसे विवाह करेगा। विभिन्न देशोंके राजकुमारोंकी भीड़ वहाँ इकट्ठी हुई, उन्होंने अपना-अपना भाग्य आजमाया, पर व्यर्थ। इस बीच श्रीमतीके पिता विजययात्रासे लौट आये। उसने उसे पूर्वजन्मकी कहानी बतायी। वज्रदन्तने कहा—मेरे पाँचवें पूर्वजन्ममें मैं अर्ध-चक्रवर्तीका चन्द्रकीर्ति नामका पुत्र था। जयकीर्ति मेरा एक मित्र था। लम्बे समय तक हमने राज्यका उपभोग किया, उसके बाद तपस्या की। मृत्युके बाद अगले भवमें स्वर्गमें देवेन्द्र हुए। उसके बाद हम दोनों बलदेव और वासुदेव हुए; क्रमशः श्रीवर्मन्, विभीषण, श्रीधर और मनोहरा हमारे माता-पिता थे। जब हम युवक हुए हमारे पिताने हमें राज्य सौंप दिया। उन्होंने तपकर केवलज्ञान प्राप्त किया। माँ घरपर रहीं। परन्तु वे पवित्र धार्मिक कार्य करती रहीं। वह मरकर ललितांग देव हुई। कुछ समयके भीतर, हमारे छोटे भाई, 'विभीषण' की मृत्यु हो गयी। मैं उसके शवको कन्धेपर लादकर एक स्थानसे दूसरे स्थानपर भटकता रहा। ललितांग देव ( हमारी पूर्वमाता ) ने यह देखा और मुझे समझानेके लिए वह सामने खड़ा होकर रेतमें-से तेल निकालने लगा। मैंने पूछा—तुम क्या कर रहे हो ? और उससे उसका उद्देश्य जानकर मैंने कहा, "तुम रेतसे तेल नहीं निकाल सकते ?" देवने पूछा—"तुम शवको लेकर क्यों घूम रहे हो ? क्योंकि यह मुर्दा जीवित नहीं हो सकता ?" तब मैंने अनुभव किया कि मेरा भाई मर गया है। मैंने उसका दाह-संस्कार किया। मैंने राज-पाट पुत्रको देकर संन्यास ग्रहण कर लिया। और मरकर अच्युत स्वर्गमें उत्पन्न हुआ। वज्रदन्त फिर ललितांगके पूर्व-जन्म बताता है, अन्तमें वह उत्पलखेडमें वज्रजंघ नामसे जन्म लेता है।

XXIV

इस बीच श्रीमतीकी बुद्धिमती धाय चित्रपट लेकर बाहर गयी और कई देशोंका परिभ्रमण करनेके बाद उत्पलखेड आयी। वहाँ उसने मन्दिरमें चित्रपट रखा। वज्रजंघने उसे देखा और वह बेहोश हो गया। जब वह होशमें आया तो उससे पूछा गया कि क्या मामला है ? उसने अपने मित्रोंसे कहा कि चित्रपटमें उसके पिछले जन्मकी घटनाओंका अंकन है जिसमें स्वयंप्रभासे उसके प्रेमका भी चित्रण है। वह प्रेम-वेदनाके दुःखको सहनेमें असमर्थ है। उसने धायसे पूछा कि उसकी पूर्वजन्मकी प्रेयसी कहाँ उत्पन्न हुई है ? वज्रजंघके पिता वज्रभानुको यह समाचार दिया गया। उसने आश्वासन दिया कि वह उसके लिए उक्त कन्याका प्रबन्ध करेगा। वह पुण्डरीकिणी नगरी गया। वज्रदन्तने उसका स्वागत किया और आनेका कारण पूछा। चित्रपटकी घटना सुननेके बाद उसने अपनी कन्या श्रीमती वज्रजंघके लिए दे दी। इस प्रकार दोनों प्रेमी-प्रेमिकाओंका संगम हो गया।

XXV.

विवाहके बाद वज्रजंघ और श्रीमती उत्पलखेड लौट आये। उनके 51 युगल बच्चे उत्पन्न हुए। एक बार शरद् ऋतुमें वज्रभानुने एक बादलको एक क्षणमें लुप्त होते देखा। उसने अनुभव किया कि संसार में प्रत्येक वस्तु क्षणिक है। उसने दीक्षा लेनेका निश्चय किया। वज्रदन्तने भी एक कमल देखा जिसमें एक भ्रमरी मरी हुई थी। वह कमलकी शौकीन थी, वह कमलको नहीं छोड़ सकी हालाँकि सन्ध्या समय वह संकुचित हो रहा था। यह देखकर वह उस आनन्दके प्रति उदास हो गया कि जो जीवनमें मृत्युका कारण होता है। उसका पुत्र अमिततेजने भी धरतीपर शासन नहीं करना चाहा और उसने अपने पिताका अनुकरण किया। तब वज्रदन्तका पोता पुण्डरीक गद्दीपर बैठा। चूँकि वह छोटा था इसलिए उसकी

मौने चाहा कि वज्रजंघ-जैसे मित्र उसकी सहायता करें और इसलिए उसने पत्र भेजा। वह उसके स्थान-पर आया। जब वह जंगलमें पड़ाव डाले हुए था उसे युवक साधुओंका जोड़ा मिला जो उसके ही लड़के थे? उसने उनको अपने पूर्व जन्मोंको बतानेके लिए कहा, ( जैसे जयवर्मन, महाबल, ललितांग और वज्र-जंघ )। तब उन्होंने श्रीमतीके चार पूर्वभव बताये—धनश्री, निर्नामिका, स्वयंप्रभा और श्रीमती। उन्होंने उसके पूर्वभवके मन्त्री, पुरोहित, मित्रों और भृत्योंके भी पूर्वभवोंका वर्णन किया। उन्होंने यह भी कहा कि आठवें भवमें वह तीर्थंकर होगा। श्रीमती श्रेयांस राजकुमार होगी। यह सुननेके बाद वह पुण्डरीकिणी नगर गया। वहाँ उसने अपनी बहन अनुन्धरीको और युवराज पुण्डरीकको देखा। राज्यकी उचित प्रशासन-की व्यवस्थाके बाद वह घर लौट आया।

## XXVI.

वज्रजंघ और श्रीमती उत्तर कुरुमें अनिन्द और अज्जवा नामसे युगल सन्तानके रूपमें उत्पन्न हुए। वहाँ उन्हें अपने पूर्वभवका स्मरण हो आया, जबकि चारणमुनियोंका जोड़ा वहाँ आया था। उनमें-से एक, और कोई नहीं, महाबलका मन्त्री स्वयंबुद्ध था। इन चारणमुनियोंने भी महाबलके तीन मन्त्रियोंकी परवर्ती भवपरम्परा बतायी। श्रीधर देव अगले भवमें राजा सुभदर्शी और नन्दासे सुविधि नामका राजकुमार हुआ। उसने मनोरमासे विवाह किया जो राजा अभयघोषकी कन्या थी। देव स्वयंप्रभा सुविधिका केशव नामक पुत्र हुआ। सुविधि फिर अच्युत स्वर्गमें इन्द्र उत्पन्न हुआ, और केशव प्रतीन्द्र हुआ उसी स्वर्गमें।

7. विद् धातु ( प्राकृत विड ) का अर्थ जानना है, अतः वेदका अर्थ ज्ञान है; अतः वेदोंको जीवों-के प्रति दयाकी शिक्षा देनी चाहिए। और इसलिए जो ग्रन्थ जीवहिंसाका उपदेश देते हैं, उन्हें वेदके बजाय तलवार कहना चाहिए।

## XXVII.

अच्युतेन्द्र और प्रतीन्द्र दोनों ही क्रमशः राजकुमार वज्रनाभि और वणिक् धनदेवके नामसे उत्पन्न हुए। वज्रनाभि अपने पुत्र वज्रदन्तको राज्य देकर संन्यासी हो गया, धनदेव उसका शिष्य हो गया। कठोर तपश्चरण-द्वारा वज्रनाभिने तीर्थंकर नाम और गोत्रका बन्ध कर लिया, और उचित समयमें सर्वार्थसिद्धिमें अहमेन्द्र उत्पन्न हुआ। उसके बादके जन्ममें वज्रनाभि ऋषभ तीर्थंकर हुए और धनदेव श्रेयांसके रूपमें। इसी प्रकार ऋषभके बहुत-से अनुयायियों, ( जिनमें उनके पुत्र भी सम्मिलित थे ) के पूर्वजन्मोंका वर्णन किया। तब भरतने पूछा कि अभी भविष्यमें कितने तीर्थंकर, बलभद्र, वासुदेव, प्रतिवासुदेव तथा चक्रवर्ती होंगे। ऋषभने उनकी संख्या बतायी। भरतने ऋषभकी विनय की।

12. 5-8 यह अवतरण बताता है कि मरीचि ( भरतका पुत्र ) चौबीसवाँ तीर्थंकर होगा। यह सुनकर वह आनन्दके मारे नाच उठा। उसके आनन्द और घमण्डका प्रदर्शन ही लम्बे समय तक संसारमें घूमनेका कारण था। उन्हें कपिलका गुरु होना पड़ा कि जिसने सांख्य शास्त्रकी रचना की।

## XXVIII.

भरत तब अयोध्या लौट आये। और स्वप्नोंके लिए पौरोहित्य अनुष्ठान किया। उसने पवित्र जीवन बिताया और जरूरतमन्द तथा गरीब लोगोंको दान दिया। उसने उदार और अच्छे राजाके रूपमें शासन किया। महावीरके शिष्य गौतमने आगे भी वर्णन जारी रखते हुए श्रेणिकसे इस प्रकार कहा, राजा सोमप्रभके चौदह पुत्र थे। उनमें सबसे बड़े का नाम जय था। उसे मुकुट बाँधकर, राजगद्दीपर बैठा दिया गया। एक दिन राजा जय जब नन्दन वनमें गया तो उसने एक मुनिको उपदेश देते और नाग-

नागिनको उसे सुनते हुए देखा। अगले वर्ष भी राजा उसी स्थानपर आया तो उसने पाया कि नाग उसे छोड़कर चला गया और यह कि उसकी पत्नीने एक निम्न जातिके साँप ( कयडुह ) से मित्रता कर ली। राजाने अपने हाथके कमलके पुष्पसे उन दोनोंको छुआ। राजाने रातमें पत्नीसे इस घटनाका उल्लेख किया। इसी बीच एक देव आया और उसने राजासे कहा वह साँप, और उसकी पत्नी नागन राजा के द्वारा छुई जाने और उसके नौकरोंके द्वारा मारी जानेपर स्वर्गमें देवी हुई। इसलिए देव राजाको स्वर्गीय अलंकार देकर चला गया।

जयका मन्त्री आया और उसने कहा, सुलोचना एक सुन्दर राजकुमारी है जो राजा अकम्पन और रानी सुप्रभा की कन्या है। उसके पिताने कन्याको यौवनमें देखकर सोचा कि इसके लिए सुन्दर युवा वर ढूंढ़ना चाहिए। तदनुसार उसने स्वयंवरका आयोजन किया। जयकुमार भी उसमें उपस्थित हुआ और सुलोचनाने उसका वरण कर लिया। राजा अर्ककीर्ति बहुत क्रुद्ध हुआ क्योंकि उसे नापसन्द कर दिया गया था। उसने जयसे युद्ध करना चाहा। इस अवसरपर सुलोचना जिनके पास गयी और उसने प्रतिज्ञा की कि यदि उसके कारण जय और अर्ककीर्ति, दोनोंमें-से एक भी मरता है तो वह अनशन द्वारा मर जायेगी। युद्धमें, किसी तरह जयने अर्ककीर्तिको हरा दिया और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसलिए सुलोचना घर चली आयी। इस बीच जय अर्ककीर्तिके पास गया उसे समझाया कि वह उसके प्रति क्रोधको भूल जाये।

## XXIX.

राजा जय घर लौट आया और उसने अपने पिताको नमन किया। लौटते हुए वह गंगानदीके तटपर ठहरा। एक हाथीने सुलोचनापर आक्रमण किया परन्तु वनदेवीने उसकी रक्षा की। सुलोचनाने उस देवीका परिचय पूछा। उसने बताया कि उसे विन्ध्यश्री कहते हैं, वह विन्ध्यकेतु और प्रियंगुश्रीकी कन्या है और वह अपनी वर्तमान स्थितिको इसलिए प्राप्त कर सकी क्योंकि सुलोचनाने उसे पाँच णमोकार मन्त्र सिखाया था। जयने जिस नागनको छुआ था, और उसके बाद उसके नौकरोंने जिसे मार डाला था, वह गंगामें मगर हुई, और शत्रुताके कारण उसने सुलोचनाको मारनेके लिए हाथी भेजा था। एक दिन जय दरबारमें बैठा हुआ था उसने देवी जोड़ेको देखा। उसे अपने पूर्वजन्मका स्मरण हो आया। वह यह कहते हुए बेहोश हो गया 'रतिवेगा, तुम कहाँ हो।" बेहोशी दूर होनेपर, सुलोचनाने कहा कि वह मादा कबूतर है और जय उसका स्वामी है। पूर्वभव में।

शोभापुर नगरमें प्रजापाल नामका राजा था। देवश्री उसकी रानी थी। शक्तिषेण उसका मन्त्री था। उसकी पत्नी अटवीश्री थी। एक दिन एक अनाथ बालक आया। उसने पूछा कि वह बचपनमें क्यों घूम रहा है। लड़केने मन्त्रीसे कहा कि उसकी सौतेली माँने उसे घरसे निकाल दिया है। मन्त्रीने उसे पुत्रके रूपमें गोदमें ले लिया, और उसका नाम सत्यदेव रखा।

11–12. सुलोचना कहती है कि पूर्वभवमें वह रतिसेना नामकी कबूतरी थी जब राजा जय पुरुष कबूतर था रतिवर नामका। लोग कपटके द्वारा ठगे जाते हैं। सुलोचनाने पूर्वभवकी जो कहानी सुनायी, उसकी सौतोंने उसपर विश्वास नहीं किया और कहा कि यह उसकी चाल है जिसके द्वारा वह पतिके प्रेमपर विजय प्राप्त करना चाहती है।

12. जय और सुलोचनाके पूर्वजन्मोंकी कहानी यहाँसे आरम्भ होती है।

16. चारण मुनियोंकी एक श्रेणी है। इसके दो प्रकार हैं—जंघाचारण और विद्याचारण। दोनों प्रकारके मुनि आकाशमें विचरण कर सकते हैं। जंघाचारणको उड़नेकी विद्या चार दिनोंके उपवासोंके परिणामस्वरूप प्राप्त होती है। जबकि विद्याचारण अपनी विद्या से तीन दिनके उपवाससे उड़ सकते हैं।

XXX.

सुलोचना पूर्वभवोंकी कहानी जारी रखती है खासकर उस भवकी जब वह प्रभावतीके नामसे उत्पन्न हुई और जय हिरण्यवर्मा। वहाँ उन्होंने साधु-जीवनकी तपस्या की और संसार तथा स्वर्गमें कई जन्मोंको धारण किया। इन जन्मोंमें-से वे एक जन्म माली और उसकी पत्नी बने। वे वहाँ जिनको फूल चढ़ाते थे। एक दिन दोनोंको साँपने काट खाया। वे मर गये। पर उनमें भोगकी अतृप्त कामना बनी रही। अगले जन्ममें वे सुकान्त और रतिवेगाके रूपमें उत्पन्न हुए।

XXXI.

सुकान्त और रतिवेगा को अपने पूर्वभवका स्मरण हो आया। उस भवमें वे एक मुनिसे मिले थे कि जिन्होंने हाल ही में सांसारिक जीवनका परित्याग किया था और कहा था कि पवित्र नियमोंके विषयमें वे अधिक नहीं जानते। फिर भी उन्होंने उन्हें जैनधर्मकी कुछ मुख्य बातें बतायी थीं। सुकान्तने तब मुनिसे पूछा, कि यौवनावस्थामें उन्होंने दीक्षा क्यों ली। इसपर मुनिने अपनी जीवनकथा उसे बतायी। प्रसंगवश उसमें सुकेतु व्यापारी और उसके प्रतिद्वन्द्वी नागदत्तकी कहानी आती है। नागदत्तकी सुदत्ता नामकी पत्नी थी। एक बार सुकेतुकी पत्नी अपने पतिको भोजन ले जा रही थी उसे एक मुनि मिले, उसने उन्हें भोजन दे दिया। उसने नागगृहके पास भोजन दिया जो उसके पतिके शत्रुका घर था। इस दानके परिणाम-स्वरूप वहाँ पाँच आश्चर्य हुए। विशेष रूपसे स्वर्ण और हीरोंकी वर्षा हुई। नागदत्तने कहा कि यह धन मेरा है क्योंकि यह नागगृहमें बरसा है। तब सुकेतुने नागदत्तसे कहा कि धन वस्तुतः उसकी पत्नीका है क्योंकि यह उसके दानका फल है। नागदत्तने सारा धन इकट्ठा किया और वह राजाके पास ले गया। वह वहाँ नागदत्तके हाथमें राख हो गया, उसके अनुचर डर गये। नागदत्तने तब वह धन सुकेतुको दे दिया। दूसरे दिन नागदत्तको मन्दिरमें एक और रत्न मिला। क्रोधमें उसने उसके टुकड़े करने चाहे, परन्तु रत्नने उल्टा उसपर आघात कर दिया। नागदत्तने मन्दिरमें नागदेवताकी पूजा की, और उससे सेनाका वरदान माँगा जिससे वह सुकेतुको पराजित कर सके। नागने कहा कि सुकेतुको मारना असम्भव है। इसके फलस्वरूप सुकेतुने संन्यास ग्रहण कर लिया। मृत्युके बाद वह देवता बना। उसकी पत्नी वसुन्धरा साध्वी बन गयी और मरकर लिंग परिवर्तनके साथ स्वर्गमें देव हुई।

XXXII.

जयने सुलोचनासे उनके पूर्वभवोंकी घटनाओंको पूछा, खासकर उन घटनाओंको, कि जिनका कथन गुणपालने किया था। तब उसने श्रीपाल और उसके साहसिक कार्योंका वर्णन किया। श्रीपाल और वसुपाल राजा गुणपालके पुत्र थे, कुबेरश्री गुणपालकी रानी थी। गुणपालने सांसारिक जीवन छोड़कर संन्यास ले लिया। एक दिन कुबेरश्रीको यह खबर दी गयी कि गुणपाल नामक मुनि उद्यानमें ठहरे हुए हैं। रानी उनके दर्शन करनेके लिए गयी। वटवृक्षके नीचे उद्यानमें एक यक्षका मन्दिर था, जहाँ लोग उत्सवके कार्योंमें व्यस्त थे। वहाँ दो स्त्रियोंका जोड़ा, जिनमें एकको वेशभूषा मनुष्यकी थी, नाच रहा था। राजा वसुपालने आदमी और औरतके नृत्यको पसन्द नहीं किया जब कि उसके भाई श्रीपालने कहा कि वे दोनों स्त्रियाँ हैं। यह भविष्यवाणी की गयी थी कि जो दोनोंमें-से पुरुषकी वेशभूषावाली महिलाको पहचान लेगा, वह उसका निश्चित रूपसे पति होगा। श्रीपालने जो बहुतसे साहसिक कार्य किये यह उसका प्रारम्भिक बिन्दु था। वह एक घोड़ेपर बैठा जो आकाशमें गायब हो गया। यह भविष्यवाणी की गयी कि श्रीपाल सात दिनमें सुरक्षित लौट आएगा। वस्तुतः श्रीपाल अश्वके रूपमें एक देवीके द्वारा ले जाया गया था। जब श्रीपालसे देवीने संघर्ष शुरू किया तो उसकी सहायताके लिए जयपाल नामका एक विद्याधर आया। उस देवसे

बचकर श्रीपालने छह विद्याधर कन्याओंसे भेंट की, जिनसे उसने अन्तमें विवाह कर लिया। इसी प्रकार उसने विद्युद्वेगा, विद्याधरी सुखावती और विप्पलासे विवाह कर लिया।

## XXXIII.

सुखावती, पहली सन्धिमें जिसका वर्णन है, एक विद्याधर कन्या थी। उसके पास चामत्कारिक शक्तियाँ थीं। पहले उसने अपनेको एक वृद्ध महिलाके रूपमें प्रदर्शित किया। लेकिन श्रीपालने जब यह कहा कि उसके पास ऐसी विद्या है जिससे वह किसी भी बीमारीका उपचार कर सकता है, तब उसने वृद्ध महिलाका रूप छोड़ दिया। वे दोनों सिद्धकूट गये और वहाँ जिनकी वन्दना की। सभी नयी कन्याएँ जो श्रीपालको प्यार करती थीं, वहाँ आयीं। उनके सामने सुखावतीने फिर अपनी विद्याका प्रदर्शन किया। उसने श्रीपालको वृद्ध बना दिया और उससे प्रेम करती रही। इससे उसकी मित्र कन्याएँ उसका उपहास करने लगीं। उसने राजकुमारके गलेके मोड़का उपचार किया और अपनी बहन प्रभावतीका विवाह कर दिया। इसी बीचमें अशनिवेग ( विद्युद्वेगाका भाई ) वहाँ आया। उसने श्रीपालको पहचान लिया। उसपर आक्रमण किया और विद्युद्वेगाकी सहायतासे वह वहाँसे गायब हो गया।

## XXXIV.

सुखावती वापस घर आयी, उसके पिताने श्रीपालसे उसका विवाह करनेकी बात सोची, परन्तु श्रीपालने इसके पूर्व अपने बड़े भाईको देखनेकी इच्छा प्रगट की। इसलिए उसे पुण्डरीकिणी ले जाया गया। रास्तेमें उसने कई साहसिक कार्य किये। उसे जंगलमें एक बढ़िया हाथी मिला। हाथीने पहले श्रीपालपर आक्रमण करना चाहा परन्तु श्रीपालने अन्तमें उसे जीत लिया।

## XXXV.

सुखावती श्रीपालको साथ लेकर भीड़के सामनेसे पुण्डरीकिणी नगरकी ओर ले गयी, आकाशमार्ग से। वह उसे उस क्षेत्रमें ले आयी जहाँसे दुष्ट घोड़ा उसे छोड़ गया था। नागबलने अपनी कन्या धशिलेखाका विवाह श्रीपालसे कर दिया। उससे विवाह करनेके बाद श्रीपालको सुखावती आगे ले गयी। इस बीचमें दो विद्याधर उसे मिले और उन्होंने पत्थरके खम्भेपर आघात करनेके लिए अनुरोध किया यह कहते हुए कि यदि वह तलवारसे खम्भेके दो टुकड़े कर देगा, तो वह चक्रवर्ती होगा। श्रीपालने दो टुकड़े कर दिये। अपने मार्गपर जाते हुए उसे कई राजाओंने अपनी कन्याएँ दीं। समय बीतनेपर उसने वे सब रत्न प्राप्त कर लिये जो एक चक्रवर्तीके पास होना चाहिए। धूम्रवेग नामक एक दुष्ट विद्याधरसे लड़नेके लिए जाते हुए—श्रीपालने पूर्वभवकी अपनी एक माँ ( सत्यवती ) से भेंट की जो इस समय यक्षिणी हो गयी थी। इस प्रकार कई साहसिक कार्योंको सम्पादित करनेके बाद, श्रीपाल सातवें दिन अपनी राजधानीमें पहुँचा। उसने अपनी माता कुबेरश्री और भाई वसुपालसे भेंट की। श्रीपालने उन्हें बताया कि जो शक्तियाँ उसे प्राप्त हुई हैं, वे सुखावतीके सुचारु कार्य सम्पादनके कारण, और वह उसकी पत्नी है।

## XXXVI.

इसपर श्रीपालसे सभी कन्याओंका विवाह कर दिया गया। परन्तु विप्पलाने यह पसन्द नहीं किया कि उसका पति इतनी सारी कन्याओंसे विवाह करे इसलिए वह अपने पिताके घर आ गयी। श्रीपाल, फिर भी, उसके घर गया और उसने वापस चलनेके लिए उसे मना लिया। इसी प्रकार सुखावतीको भी उसने अपने पास रहनेके लिए राजी कर लिया। इसके बाद उसे चक्रवर्तीके सात रत्न प्राप्त हुए। उचित

समयमें उसके यहाँ आयुधशालामें चक्र भी प्रकट हुआ। उसे जो कुछ सम्पत्ति मिली, वह असवंहकी देखरेखमें थी। परन्तु सुखावतीने उसे कंजूस समझा। परन्तु मन्त्रीने कहा कि असवह, जिनकी माँ होनेवाली है, उनका नाम गुणपाल है। समय आनेपर असवहने गुणपालको जन्म दिया। समयकी अवधिमें श्रीपालने सुखावतीके पुत्रको गद्दीपर बैठाया, और अपने पुत्र जिन गुणपालके आश्रयमें तप किया।

सुलोचनाने यह कथा जयको सुनायी। उसने तब पूर्वभवोंके जीवनका अच्छी तरह अनुभव किया, और उसे समस्त विद्याएँ प्राप्त हो गयीं कि जो उसे तब प्राप्त थीं। श्रितंगुओंने यह सोचा कि सुलोचनाने जो कहानी कही है वह सच नहीं है। उसे विश्वास दिलानेके लिए, जय राजा और सुलोचना ऋषभ जिनकी वन्दना-भक्ति करनेके लिए गये। उनके रास्तेमें इन्द्रने जयको भ्रमित करनेका प्रलोभन दिया, परन्तु वह उसमें खरा उतरा। इन्द्रने प्रसन्न होकर उसे वरदान दिया। जय कैलास पर्वतपर आया। उसने चौबीसों जिनोंकी वन्दना की जिनके मन्दिरोंका निर्माण भरतने कराया था।

## XXXVII

राजा जयने सुलोचनाके साथ होनेवाले जिनोंकी प्रतिमाओंको नमस्कार किया, और तब ऋषभ जिनके समवशरणमें गया। ऋषभ देवों, साधु-साध्वियों, मनुष्यों और मनुष्यनियोंके बीचमें बैठे हुए थे। उसने वहाँ अपने पिता और चाचाको देखा कि जो साधु बनकर वहाँ बैठे हुए थे। सुलोचनाने अपने पिता अकम्पनके दर्शन किये, जो और उनके साथ दूसरे कई सम्बन्धी मुनि हो गये थे। जयने ऋषभकी प्रशंसामें एक गीत कहा जिसके बाद उसने भरतसे मुनि बननेके लिए अनुमति माँगी। भरतने पहले तो इसे स्वीकार नहीं किया, परन्तु इन्द्रके हस्तक्षेप करनेपर उसने अनुमति दे दी। सुलोचनाने भी साध्वी बननेकी अनुमति दे दी। उसे मुनिकी दीक्षा दी गयी। उसने पवित्र ग्रन्थोंका अध्ययन किया। उसके बाद सुलोचना भी साध्वी बन गयी।

अब, ऋषभ जिनने भरतके लिए जैनधर्मके सभी सिद्धान्तोंकी व्याख्या की। भरत घर लौट आया और उसने उसी रात एक सपना देखा जिसमें मेरु कम्पायमान हो रहा था। अगले दिन सवेरे उसने पुरोहितसे स्वप्नका आशय पूछा। पुरोहित ने कहा—ऋषभ मोक्ष प्राप्त करनेवाले हैं। भरत शीघ्र कैलास पर्वतपर गया। इन्द्र भी वहाँ निर्वाण कल्याणका उत्सव मनानेके लिए आया। इन्द्र और दूसरे देवोंने अग्निवृक्षोंकी चिनगारियाँ ले लीं। अग्निकुमार देवोंने सुलगानेके लिए आग जलायी। उनका शरीर जलकर राख हो गया। देवोंने उसकी वन्दना की। माघ माहके शुक्ल चतुर्दशीको उनका निर्वाण हो गया। भरत अयोध्या वापस आ गये। एक दिन अपने सिरके एक बालको सफेद देखकर भरतने अपने पुत्रको राज्यभार सौंप कर संसारका परित्याग कर दिया। उसे केवलज्ञान प्राप्त हुआ और उसने मोक्ष प्राप्त कर लिया।

□